छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

रायपुर, रविवार, 29 जून 2025

वर्ष - 67 | अंक - 74 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

प्रेस पंजीयन- 06072/59

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

▸ मड़ई
शाल-सिरीफल-मोमेंटो पृष्ठ 6

▸ अंडर-19 वनडे में जीती टीम इंडिया
▸ नीरज भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पृष्ठ 11

देश विदेश

▸ आईडीएफ कभी भी नागरिकों को निशाना नहीं बनाता : इजराइल
▸ गाजा में अगले हफ्ते तक हो सकता है सीजफायर : ट्रंप
▸ आत्मघाती विस्फोट में 13 सैनिकों की मौत, 29 लोग घायल पृष्ठ 7

### होसबोले के बाद अब उपराष्ट्रपति ने आगे बढ़ाई बहस

# संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए शब्द नासूर

**नई दिल्ली**, 28 जून (देशबन्धु)। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने संविधान की प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' शब्द जोड़ने को लेकर जो बहस शुरू की अब देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उसको और आगे बढ़ा दिया है। उपराष्ट्रपति भवन में एक कार्यक्रम के दौरान उपराष्ट्रपति ने कहा कि आपातकाल के दौरान प्रास्तावना में जो शब्द जोड़े गए, वे नासूर हैं। सनातन की आत्मा के साथ किया गया एक पवित्र अपमान है।



- भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ
- ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे
- सनातन की आत्मा के पवित्र अपमान बताया

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा किसी भी संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना अद्वितीय है। भारत को छोड़कर दुनिया के किसी भी देश की संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं हुआ है, और क्यों? प्रस्तावना अपरिवर्तनीय है. प्रस्तावना आधार है जिस पर पूरा संविधान टिका है. यह उसकी बीज-रूप है. यह संविधान की आत्मा है। लेकिन भारत की इस प्रस्तावना को 1976 में 42वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत बदल दिया गया 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' जैसे शब्द जोड़ दिए गए।

**डॉ.अंबेडकर ने अत्यंत परिश्रम से यह कार्य किया**

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें आत्मचिंतन करना चाहिए डॉ.अंबेडकर ने अत्यंत परिश्रम से यह कार्य किया। उन्होंने अवश्य ही इस पर गहराई से विचार किया होगा। हमारे संविधान निर्माताओं ने प्रस्तावना को सही और उचित समझ कर जोड़ा था। लेकिन इस आत्मा को ऐसे समय बदला गया जब लोग बंधन में थे। भारत के लोग, जो सर्वोच्च शक्ति का स्त्रोत हैं वे जेलों में थे, न्याय प्रणाली तक पहुंच से वंचित थे। मैं 25 जून 1975 को लागू किए गए 22 महीनों के आपातकाल की बात कर रहा हूं। तो यह कितना बड़ा न्याय का उपहास है! पहले हम उस चीज़ को बदलते हैं जो 'अपरिवर्तनीय' है जो 'हम भारत के लोग' से उत्पन्न होती है और फिर उसे आपातकाल के दौरान बदल देते हैं। जब हम भारत के लोग पीड़ा में थे हृदय से, आत्मा से वे अंधकार में जी रहे थे।

**संघ महासचिव होसबोले ने की थी टिप्पणी**

उपराष्ट्रपति की टिप्पणी दत्तात्रेय होसबोले की टिप्पणियों के बाद आई है, जिन्होंने प्रस्तावना में 'धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी' शब्दों को शामिल करने की वैधता पर सवाल उठाया था। इस बात की विपक्ष ने तीखी आलोचना की।

होसबोले ने आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' शब्दों को सत्तावादी शासन के दौर में संविधान में डाला गया था और अब इसकी समीक्षा की जानी चाहिए।

### छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं, भाजपा-कांग्रेस अंदर से एक : मायावती



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आपातकाल के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने देश में संविधान के मूल स्वरूप में बदलाव की कोशिशों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बसपा ऐसे किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध करेगी और जरूरत पड़ी तो सड़कों पर आंदोलन भी किया जाएगा। मायावती ने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दिखावे में एक-दूसरे के विरोधी हो सकते हैं, लेकिन असलियत में दोनों संविधान संशोधन के मामलों में एकजुट हैं। आज कांग्रेस और बीजेपी अंदर ही अंदर एक हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' जैसे शब्दों को हटाने की कोशिशें हो रही हैं, जो देश के लोकतांत्रिक ढांचे और बहुलतावादी समाज के लिए खतरनाक संकेत हैं। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

# बिलासपुर में 100 करोड़ की लागत से बनेगी आधुनिक एजुकेशन सिटी

### छत्तीसगढ़ में शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता : साय

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में बिलासपुर शहर को एक आधुनिक एजुकेशनल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दिशानिर्देश पर बिलासपुर में एजुकेशनल सिटी की अवधारणा विकसित की गई है। इस परियोजना के लिए बिलासपुर नगर पालिक निगम की लगभग 13 एकड़ भूमि का उपयोग प्रस्तावित है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि बिलासपुर एजुकेशनल सिटी में नालंदा परिसर की स्थापना की जाएगी, जहां 500 छात्र-छात्राएं एक साथ बैठकर फिजिकल एवं डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले सकेंगे। इसके साथ ही तीन बहुमंजिला इमारतों का निर्माण किया जाएगा, जिनमें कुल 48 हॉल सेटअप ( 1 सेटअप में 1 हॉल, 2 कक्ष और 1 टॉयलेट) तैयार किए जाएंगे। इस व्यवस्था में एक साथ 4,800 विद्यार्थियों के कोचिंग क्लास अटेंड करने की सुविधा रहेगी।

छात्रों के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए 700 सीटों वाले आधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण भी किया जाएगा। वहीं, बाहर से आने वाले लगभग 1000 विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल फैसिलिटी भी निर्मित की जाएगी। खेलकूद और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए एजुकेशनल सिटी में एस्ट्रोटर्फ खेल मैदान तथा सुंदर गार्डन भी विकसित किए जाएंगे। साथ ही, वाहनों के लिए मल्टी लेवल पार्किंग की व्यवस्था होगी ताकि आने-जाने में कोई असुविधा न हो। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना की अनुमानित लागत करीब 100 करोड़ रुपये होगी और इसके निर्माण कार्य की कार्य योजना नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा तैयार कर ली गई है। शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा, जिससे बिलासपुर एजुकेशनल सिटी प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगी।

उल्लेखनीय है कि राज्य गठन के पश्चात बिलासपुर शहर ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। बिलासपुर में एसईसीएल का मुख्यालय और रेलवे का डीआरएम कार्यालय भी स्थित है, जिससे यह शहर न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। यहां एक केंद्रीय विश्वविद्यालय, दो विश्वविद्यालय, आठ महाविद्यालय, लोक सेवा आयोग, व्यापम और आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले करीब 100 से अधिक कोचिंग संस्थान संचालित हो रहे हैं, जिनमें प्रदेश के 50,000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान देती है। हमारी यह अटल प्रतिबद्धता है कि प्रदेश का प्रत्येक विद्यार्थी आधुनिक संसाधनों, उन्नत अधोसंरचना और प्रेरक वातावरण में अपनी क्षमताओं को संवार सके और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सके।

बिलासपुर एजुकेशन सिटी का निर्माण इसी दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह न सिर्फ बिलासपुर को छत्तीसगढ़ का एजुकेशनल हब बनाएगा, बल्कि प्रदेश के हजारों युवाओं को उच्चस्तरीय सुविधाओं में अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर देगा।

सीएम साय ने कहा कि नालंदा परिसर, बहुमंजिला कोचिंग भवन, डिजिटल और फिजिकल लाइब्रेरी, हॉस्टल, ऑडिटोरियम, खेल मैदान और ग्रीन जोन - ये सभी सुविधाएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को समर्पित होंगी। मुझे विश्वास है कि यह परियोजना आने वाले वर्षों में छत्तीसगढ़ के शैक्षणिक परिदृश्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी और हमारे युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करेगी।

## सार संक्षेप

### ठाकरे ब्रदर्स को मिला शरद पवार का समर्थन

नागपुर। 'हिंदी' के खिलाफ महाराष्ट्र में उद्धव और राज ठाकरे को अब शरद पवार की पार्टी का समर्थन मिल गया है। एनसीपी-एससीपी (राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी - शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने स्पष्ट किया कि 5 जुलाई को मार्च में उनकी पार्टी शामिल होने वाली है। सुप्रिया ने कहा कि भाषा और शिक्षा का विषय सिर्फ राजनीति नहीं है, बल्कि ये एक बहुत ही महत्वपूर्ण सामाजिक और शैक्षणिक मुद्दा है।

### इंदिरा गांधी ने बदला था, संविधान का मूल ढांचा: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आपातकाल के दौरान एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि इससे साबित होता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान के मूल ढांचे से छेड़छाड़ की थी और यह कांग्रेस के मुंह पर एक तमाचा है। भाजपा के प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबाधित किया। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, आज जो हमारे ऊपर आरोप लगाते हैं कि हम संविधान बदलना चाहते हैं। उनके मुंह पर यह 'एक तमाचा' है।'

### आईपीएस अधिकारी पराग जैन रॉ प्रमुख नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी पराग जैन को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह मौजूदा रॉ प्रमुख रवि सिन्हा का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। कार्मिक,जन शिकायत और पेंशन मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पंजाब कैडर के 1989 बैच के अधिकारी श्री जैन को केबिनेट सचिवालय के अंतर्गत आने वाले रॉ का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

### तीन श्रीलंकाई नागरिक गिरफ्तार

**रामेश्वरम।** भारतीय तटरक्षक बल ने शनिवार को तमिलनाडु के धनुषकोडी के पास तीन श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार किया। इन पर आरोप है कि ये अवैध रूप से भारत में घुसपैठ करने का प्रयास कर रहे थे।

# अंतरिक्ष से भारत भव्य दिखता है : शुभांशु

**नई दिल्ली**, 28 जून (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक्सियम मिशन 4 पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से वीडियो कॉल पर बातचीत की। प्राइम मिनिस्टर ऑफिस ने शनिवार शाम 5.49 बजे इस बातचीत का वीडियो जारी किया। दोनों के बीच 18 मिनट 25 सेकेंड बातचीत हुई। शुभांशु ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- अंतरिक्ष से भारत बहुत भव्य दिखता है। हम दिन में 16 सूर्योदय और 16 सूर्यास्त देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने शुभांशु शुक्ला से पूछा कि आप गाजर का हलवा लेकर इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए हैं। क्या आपने अपने साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु ने कहा कि हां साथियों के साथ बैठकर खाया।



- प्रधानमंत्री मोदी ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए शुभांशु से की बात

भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु दो दिन पहले 26 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे हैं। वे 41 साल बाद स्पेस में जाने वाले भारतीय हैं। वे एक्सियम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे सभी एस्ट्रोनॉट के साथ आईएसएस के लिए रवाना हुए थे।

**आईएसएस पर 7 प्रयोग करेंगे**

शुभांशु इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में 14 दिनों तक रहेंगे और 7 प्रयोग करेंगे, जो भारतीय शिक्षण संस्थानों ने तैयार किए हैं। इनमें ज्यादातर बायोलॉजिकल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# वाणिज्यिक कर विभाग में पारदर्शिता और सुधार के लिए वर्षों बाद व्यापक तबादले

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार की गुड गवर्नेंस नीति के अनुरूप सभी विभागों में शासकीय कार्यप्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और जनहितकारी बनाने की दिशा में अनेक पहल की जा रही है। इसी क्रम में वाणिज्यिक कर (जीएसटी) विभाग में वर्षों बाद बड़े पैमाने पर तबादले किये गये हैं। इससे पहले विगत दो-तीन वर्षों में विभाग में एकाध बार ही सीमित संख्या में (केवल 10-15 अधिकारियों के) ही तबादले हुए थे। जीएसटी विभाग के अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी एक ही पदस्थापना स्थल पर लंबे समय से कार्यरत थे। कुछ अधिकारी तो लगातार 18 वर्षों तक एक ही स्थान पर पदस्थ थे। यह स्थिति विभाग के कार्य निष्पादन और कर संग्रहण में पारदर्शिता तथा निष्पक्षता की भावना को बाधित करती है।

विभाग में स्वीकृत 35 राज्य कर उपायुक्त पदों में से 17 अधिकारियों को पदोन्नति उपरांत नवीन पदस्थापना प्रदान की गई। शेष 8 उपायुक्तों में 3 अधिकारी पिछले 10 वर्षों से, 2 अधिकारी 8 वर्षों से तथा 3 अधिकारी 4-5 वर्षों से रायपुर में पदस्थ थे। इसके अतिरिक्त 8 उपायुक्त तथा 4 सहायक आयुक्त 5 वर्षों से अपने गृह जिले में ही कार्यरत थे।

178 राज्य कर अधिकारी/राज्य कर निरीक्षक भी पिछले 4-5 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ थे, जिनमें से 34 राज्य कर अधिकारी एवं 45 राज्य कर निरीक्षक लगातार 5 वर्षों से अपने गृह जिले में ही नियुक्त थे। टैक्स कलेक्शन विभाग होने के कारण इतनी लंबी अवधि तक एक ही क्षेत्र में पदस्थ रहने से व्यापारिक संस्थाओं से व्यक्तिगत संबंध विकसित होने की संभावना बढ़ती है, जिससे कामकाज पर असर पड़ता है।

वाणिज्यिक कर मंत्री ओ पी चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस स्थिति में आवश्यक सुधार करते हुए राज्य में कर प्रशासन के विकेन्द्रीकरण और सुदृढ़ीकरण की दिशा में प्रभावी कदम उठाये गये हैं। पूर्व में विभाग के वृत्तों की संख्या 30 होते हुए भी विभागीय कार्यालय महज 15 जिलों में ही सीमित थे, जबकि राज्य सरकार के सभी प्रमुख विभागों के कार्यालय सभी जिलों में है। इसे कमी को दूर करते हुए पहली बार दंतेवाड़ा, कोंडागांव, जशपुर और नवगठित जिले सक्ती एवं सारंगढ़ में वृत्त स्थापित कर वहां ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## बिहार चुनाव

# चुनाव आयोग ने विशेष मतदाता सत्यापन अभियान शुरू किया

**नई दिल्ली**, 28 जून (एजेंसियां)। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने ने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू किया है, जिसका उद्देश्य राज्य में प्रत्येक मतदाता की पात्रता की पुष्टि करना है।

यह अभियान राजनीतिक दलों और जिला प्रशासन के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके लिए चुनाव आयोग ने बूथ स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई है। एसआईआर के तहत, ईसीआई ने पहले से मौजूद 77,895 बूथ लेवल अफसरों (बीएलओ) के अलावा 20,603 और बीएलओ तैनात किए हैं। इसके अलावा एक लाख से ज्यादा स्वयंसेवक भी लगाए गए हैं, जो बुजुर्गों, दिव्यांगों, बीमार, गरीब और कमजोर वर्ग के मतदाताओं की मदद करेंगे।

सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों ने पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहायता के लिए 1,54,977 बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त किए हैं, साथ ही काम आगे बढ़ने पर और एजेंट नियुक्त करने का विकल्प भी दिया गया है। बिहार के 243 विधानसभा क्षेत्रों में पंजीकृत 7.89 करोड़ मतदाताओं के लिए गणना प्रपत्र (ईएफ) घर-घर जाकर वितरित किए जा रहे हैं और ऑनलाइन भी उपलब्ध हैं। इनमें करीब 4.96 करोड़ मतदाता ऐसे हैं जो 1 जनवरी 2003 तक पंजीकृत हो चुके थे। उन्हें सिर्फ अपनी जानकारी की पुष्टि करके फॉर्म जमा करना है। जिला मजिस्ट्रेट और संभागीय आयुक्त बीएलओ की तैनाती की देखरेख कर रहे हैं। साथ ही, चुनाव आयोग बिहार में 5.74 करोड़ रजिस्टर्ड मोबाइल नंबरों पर एसएमएस भेजकर भी मतदाताओं से संपर्क कर रहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि सभी काम तय समय पर चल रहे हैं और यह भी भरोसा दिलाया कि सिर्फ 18 साल से ऊपर के भारतीय नागरिक, जो संबंधित क्षेत्र में रहते हैं, वही वोट देने के योग्य होंगे। यह अभियान बिहार में अब तक का सबसे बड़ा मतदाता सत्यापन अभियान माना जा रहा है, जो अधिकतम नागरिक और राजनीतिक भागीदारी के माध्यम से एक स्वच्छ और सटीक मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए ईसीआई के प्रयास को दर्शाता है।

**विपक्षी दल मतदाता सूची संशोधन पर सवाल उठा रहे**

चुनाव नजदीक आने पर राजनीतिक दल भी सक्रिय हो गए हैं। वे जनता से मिल रहे हैं, रैलियां कर रहे हैं और कुछ कल्याणकारी योजनाओं की घोषणाएं भी कर चुके हैं। इसके अलावा, कांग्रेस और सीपीआई सहित विपक्षी दल मतदाता सूची संशोधन पर सवाल उठा रहे हैं और चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने के आरोप लगा रहे हैं।

# कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला का निधन



**मुंबई**, 28 जून (एजेंसियां)। कांटा लगा गाने से मशहूर हुईं एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का 42 साल की उम्र में निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 27 जून की रात उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया, जिससे उनकी मौत हो गई। अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। शेफाली जरीवाला के घर पर फोरेंसिक टीम पहुंची और सबूत जुटाए गए। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने पति पराग त्यागी का बयान घर पर लिया। अब तक चार लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। शेफाली के घर के कुक और मेड से भी पूछताछ हुई है। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है। वहीं, पोस्टमॉर्टम की रिपोर्ट अभी तक आई नहीं, लेकिन पोस्टमॉर्टम हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक 2 बार पोस्टमॉर्टम किया गया है। पुलिस फूंक फूंक के कदम रख रही क्योंकि सुशांत सिंह राजपूत के बाद से पुलिस कोई रिस्क नहीं लेना चाहती। देर शाम को उनका अंतिम संस्कार हुआ। शेफाली का अंतिम संस्कार ओशिवारा के विद्युत शवदाह पर हुआ।

# तमनार क्षेत्र में जंगलों की कटाई तत्काल रोके राज्य सरकार : बैज

### तमनार क्षेत्र में पुलिस बर्बरता के शिकार घायल आदिवासियों से मिले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज रायगढ़ के तमनार पहुंच कर पुलिस बर्बरता के शिकार घायल आदिवासियों से मुलाकात किया। आदिवासी वर्ग और आम जनता यहां जंगलों की कटाई का विरोध कर रहे। सरकार उनको जबरिया गिरफ्तार कर रही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार अपने मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने के लिए बंदूक की नोक पर जंगलों की कटाई करवा रही है और कटाई का विरोध कर रहे आदिवासियों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जब प्रदेश अध्यक्ष थे तब वह जंगलों की कटाई के विरोध में आंदोलन कर रहे थे और आज मुख्यमंत्री है तब जंगल की कटाई का विरोध कर रहे लोगों को पुलिस से पिटवा रहे हैं।



श्री बैज ने कहा कि ग्रामीण पेड़ कटाई का विरोध कर रहे, ग्राम सभा की मांग कर रहे, सरकार के इशारे पर हजारों पुलिस बल तैनात कर पेड़ कटाई करवाया जा रहा। विरोध कर रहे आदिवासियों का कहना है उनके ऊपर अत्याचार किया जा रहा। यह सरकार आदिवासियों के अधिकारों को दबा कर एक निजी उद्योगपति अडानी को कोल माइंस सौंपना चाहती है। आदिवासी मुख्यमंत्री के राज में आदिवासियों का खून बहाया जा रहा। सरकार आदिवासियों की हत्या करना चाहती है। आदिवासियों को दबा कर कोयला उत्खनन करना चाह रही है। यह सरकार आदिवासी विरोधी है। सरकार माँ के नाम पेड़ लगाओ का नारा देती और बाप के नाम हजारो पेड़ कटवा रही है। मुख्यमंत्री जवाब दे आदिवासियों का जल-जंगल-जमीन किसको सौंपना चाहते है। सरकार किसके इशारे में काम कर रही है।

➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# जनता की जेब काटने में लगी सरकार : खरगे

**नई दिल्ली**, 28 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार पर हमला करते हुए शनिवार को कहा कि महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार आवश्यक वस्तुओं के आकाश छूते दामों को रोकने के उपाय करने की बजाय जनता की जेब काटने में लगी है। श्री खरगे ने आज यहां एक बयान में कहा कि महंगाई बढ़ने के कारण घरेलू बचत लगातार घट रही है और पिछले तीन साल से यह क्रम रुकने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार भले ही 'अमृत काल' मना रही है लेकिन सच यह है कि लोगों की बचत बंद हो गई है और उसके घरेलू खर्चों पर लगाम लग गई है। उन्होंने कहा, बचत बंद, घरेलू खर्चों पर लगाम, ये है 'अमृत काल' के परिणाम। बचत बैंक खाते पर ब्याज दर 25 वर्षों में सबसे निचले पायदान पर आ गई।

## प्रतिबंध

### *स्थानीय किसानों और मिलों को हो रहा था नुकसान*

# भारत ने बांग्लादेश से जूट आयात पर रोक लगाई

**नई दिल्ली, 28 जून (एजेंसियां) भारत ने शनिवार को बांग्लादेश से जूट और उससे जुड़े फाइबर उत्पादों के आयात पर तत्काल प्रभाव से बंदरगाह प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है, जिससे पड़ोसी देश से सस्ते और सब्सिडी वाले आयातों को रोका जा सके।**

*बांग्लादेश से सस्ते आयात के चलते जूट की कीमतें कम हो गई हैं, जिससे किसानों की आय प्रभावित हुई है और भारतीय जूट मिलों की क्षमता का उपयोग कम हुआ है। इस कारण मिल बंद हो रही हैं और बेरोजगारी भी बढ़ रही है।*

*सरकार के आधिकारिक बयान के अनुसार, ये प्रतिबंध न्हावा शेवा बंदरगाह को छोड़कर सभी भूमि और बंदरगाहों से भारत में बांग्लादेशी जूट और उससे जुड़े फाइबर उत्पादों के आयात पर लागू होंगे। प्रतिबंधों का उद्देश्य अनुचित व्यापार प्रथाओं का मुकाबला करना, आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना और भारत की घरेलू जूट अर्थव्यवस्था से जुड़ी ग्रामीण आजीविका की रक्षा करना है।*

*साथ ही कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठा रही है कि प्रतिबंधों को दरकिनार करते हुए बांग्लादेश से आयात तीसरे देशों के माध्यम से न भेजा जाए। दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र के प्रावधानों के तहत, बांग्लादेश से जूट को भारत में शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त है। लेकिन, पड़ोसी देश ने भारत द्वारा अपने बाजार तक विस्तारित पहुंच देने का दुरुपयोग किया गया और देश के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया। बयान में बताया गया है कि भारतीय जूट उद्योग को लंबे समय से बांग्लादेश के सब्सिडी वाले जूट उत्पादों के आयात से नुकसान उठाना पड़ा है।*

**सस्ते आयात के चलते जूट की कीमतें कम हो गई**

*इस बात के विश्वसनीय सबूत हैं कि बांग्लादेशी जूट निर्यात बांग्लादेश सरकार द्वारा विस्तारित राज्य सब्सिडी से लाभान्वित हो रहे हैं। इन चिंताओं के जवाब में, एंटी-डंपिंग और संबद्ध शुल्क महानिदेशालय (डीजीएडी) ने विस्तृत जांच की और बांग्लादेश से आने वाले जूट के सामान पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी (एडीडी) लगाई।*



CMYK

# देश

**उवाच**



मैं पिछले तीन सालों से बिहार के गांव-गांव घूम रहा हूं। बच्चों के शरीर पर सूती कपड़ा या पैरों में चप्पल नहीं है। इसीलिए आपको अपने बच्चों की चिंता करनी है, कोई नेता आपके बच्चों की चिंता नहीं करेगा। बिहार के लोगों को लालू से सीखना चाहिए कि बच्चों की चिंता क्या होती है।

–प्रशांत किशोर

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 29.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 36.0 | 29.0 |

# आरक्षण व संविधान विरोधी भाजपा को समानता पसंद नहीं : भूपेश बघेल

■ मप्र में ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं देने पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी मूलत: पिछड़ा वर्ग, आरक्षण तथा संविधान विरोधी है इसलिए मध्य प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं दे रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रमुख डॉ.अनिल जयहिंद ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश की आधा आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है और सारे फैसले इस वर्ग को आरक्षण देने के पक्ष में है इसके बावजूद भाजपा सरकार इस वर्ग के लोगों को उनका अधिकार नहीं दे रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का यह रुख दिखाता है कि वह न सिर्फ ओबीसी, आरक्षण और संविधान विरोधी है बल्कि उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता भी पसंद ही नहीं है। भाजपा का यही असली चेहरा है। वह पिछड़ा विरोधी है, किसानों के खिलाफ है और संविधान को भी नहीं मानती। विधानसभा में पारित विधेयक पर न्यायालय का फैसला भी आ चुका है इसके बावजूद भाजपा सरकार उसे लागू ही नहीं कर रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मध्य प्रदेश में ओबीसी की 50 प्रतिशत आबादी है। पहली बार दिग्विजय सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने 1994 में 14 प्रतिशत आरक्षण दिया था और फिर 2003 में उन्होंने 27 प्रतिशत आरक्षण की पहल की गई है। उसके बाद लगातार भाजपा की सरकार रही है लेकिन उसने आरक्षण देने का प्रयास नहीं किया। अब भाजपा का चाल, चरित्र और चेहरा सबके सामने है और एक बार फिर साबित हो गया है कि भाजपा ओबीसी के ही हितों की ठगी करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने ओबीसी को आरक्षण देने का काम किया है और इसी का परिणाम है कि 1994 में इस समुदाय को 14 प्रतिशत आरक्षण दिया गया और 2003 में कांग्रेस सरकार ने इसे बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि ओबीसी समुदाय से संबद्ध तीन मुख्यमंत्री उमा भारती, शिवराज सिंह चौहान और मोहन यादव ने इसे लागू नहीं किया।

सवाल है कि जब विधानसभा ने इसे पारित कर दिया है, न्यायालय का आदेश भी आ गया है, राज्यपाल के भी इस पर हस्ताक्षर हो गये हैं तो इसे लागू करने में अब क्या परेशानी है। कांग्रेस ने सरकार ने तत्काल 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग करते हुए कहा कि जिन छात्रों को छह साल से प्रताड़ित किया गया उन्हें नियुक्तियां देकर छह साल का वेतन दिया जाए और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव सार्वजनिक तौर पर माफी मांगें। कांग्रेस नेताओं ने समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को संविधान की प्रस्तावना से हटाने की भाजपा नेताओं की मांग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बात करने भाजपा की अपनी वेबसाइट पर समाजवाद है लेकिन ये कहते हैं संविधान में समाजवाद शब्द नहीं होना चाहिए।



मध्य प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत आबादी वाले ओबीसी समुदाय को आरक्षण नहीं दे रही : भूपेश बघेल

## संविधान को बदलने की मंशा हो रही सच साबित : सोनाल शांति



**रांची।** धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी संविधान की प्रस्तावना के सिर्फ दो शब्द नहीं बल्कि भारत की आत्मा को विश्व जगत में दशकों से प्रतिबिंबित करने का मूल है जिस पर देश की जनता को अभिमान है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा इन शब्दों को प्रस्तावना से हटाने और इसका समर्थन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं दिलीप सिंह द्वारा किए जाने पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी द्वारा भाजपा के मूल उद्देश्य संविधान को बदलने की मंशा सच साबित हो रही है लेकिन संविधान बचाने की लड़ाई राहुल गांधी के नेतृत्व में लगातार जारी है। धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द में पूरे भारत की 140 करोड़ जनता समाहित होती है। धर्मनिरपेक्ष शब्द जहां देश की धार्मिक एकता एवं अखंडता प्रदर्शित करता है।

## सेना ने 25 नागरिकों को किया सम्मानित

**जम्मू,** 28 जून (एजेंसियां)। भारतीय सेना ने आज जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती राजौरी जिले में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 'अनुकरणीय' योगदान के लिए 25 नागरिकों को सम्मानित किया। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने यहां बताया कि भारतीय सेना के 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन ने राजौरी में एक सम्मान समारोह के दौरान इन बहादुर नागरिकों को सम्मानित किया। इन सभी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामान्य स्थिति बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

उन्होंने कहा कि राजौरी, पुंछ, मेंढर, कृष्णा घाटी, मंजाकोट और नौशेरा के स्थानीय लोगों ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हताहतों को निकालने के अलावा मानवीय और बचाव कार्यों में मदद की। कार्यक्रम की अध्यक्षता 'ऐस ऑफ स्पेड्स' डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) मेजर जनरल कौशिक मुखर्जी ने की। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में सशस्त्र बलों और स्थानीय लोगों के संयुक्त प्रयास और योगदान को प्रदर्शित करता एक वीडियो दिखाया गया जिसके बाद एडीडीसी राजौरी राज कुमार थापा सहित अपने प्राणों की आहुति देने वालों के लिये दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। अपने संबोधन में जनरल मुखर्जी ने कहा कि आपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं था बल्कि यह एक 'राष्ट्रीय' दावा था।

## सहकारिता मंत्रालय की योजनाओं की समीक्षा करेंगे अमित शाह



■ बैठक में की जाएगी भविष्य की कार्य योजना तैयार

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को यहां राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों की बैठक में नयी पहलों और योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित इस बैठक में सहकारिता मंत्रियों के साथ-साथ सहकारिता विभागों के सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव और प्रधान सचिव भाग लेंगे।

बैठक में सहकारी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए योजनाओं की समीक्षा के साथ-साथ विचारों के आदान-प्रदान और भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य सहकारिता मंत्रालय की अब तक की पहलों और योजनाओं की समग्र समीक्षा, प्रगति का मूल्यांकन और राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों से अनुभवों, श्रेष्ठ प्रक्रियाओं और रचनात्मक सुझावों का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना है। यह मंथन बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के दृष्टिकोण को सामूहिक प्रयासों के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए साझा समझ और समन्वित रणनीति विकसित करने की दिशा में कार्य करेगी। बैठक में दो लाख नई बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स), डेयरी और मत्स्य सहकारी समितियों की स्थापना जैसे प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सहकारी क्षेत्र में 'विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना' पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना और किसानों को सशक्त बनाना है।

इसके साथ ही 'सहकारिता में सहकार' अभियान और 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025' के अंतर्गत राज्यों की प्रगति और सहभागिता पर चर्चा होगी। तीन नई बहु-राज्यीय राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड और भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड में राज्यों की भागीदारी की भी समीक्षा की जाएगी।

श्वेत क्रांति 2.0 और भारत के डेयरी क्षेत्र में 'सर्कुलरिटी एवं सस्टेनेबिलिटी' की अवधारणाओं को अपनाने तथा आत्मनिर्भरता अभियान के अंतर्गत दलहन तथा मक्का उत्पादक किसानों के लिए समर्थन मूल्य पर चर्चा होगी।

## कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के खिलाफ एफआईआर



**भोपाल/अशोकनगर,** 28 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में एक व्यक्ति के साथ कथित तौर पर अमानवीयता का बर्ताव किए जाने संबंधित वीडियो वायरल करने के मामले में अशोकनगर जिला पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ वैमनस्यता फैलाने संबंधित मामला दर्ज किया है। मुंगावली थाने में दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पीड़ित गजराज लोधी स्वयं को मानव मल खिलाने की बात कह रहा है। गजराज लोधी ने बाद में कलेक्टर के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत किया है कि उसके साथ सिर्फ मारपीट हुई है। गजराज लोधी ने ये भी कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने उसे मोटरसाइकिल का लालच दिया और इसके ऐवज में उसका इस प्रकार का वीडियो बनवाया और उसे वायरल कर दिया। पीड़ित गजराज लोधी ने शपथ पत्र में कहा कि उसके साथ कोई अमानवीय बर्ताव नहीं हुआ है। इसी शपथ पत्र के बाद पटवारी के खिलाफ मुंगावली थाना पुलिस ने शुक्रवार रात एफआईआर दर्ज की है। पटवारी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इससे जुड़ा एक वीडियो कुछ दिन पहले वायरल किया था, जिसमें गजराज लोधी के साथ कथित तौर पर अमानवीयता होने संबंधित बातें थीं। इस वीडियो को वायरल करते हुए पटवारी ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर जम कर हमला बोला था। इसी बीच इस मामले को लेकर राज्य में जम कर राजनीति हो रही है। पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रदेश कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर कहा गया कि ये एफआईआर सत्ता के दुरुपयोग का जीवंत प्रमाण है। पीड़ित द्वारा अपने साथ हुई मारपीट और अमानवीय व्यवहार की बात सार्वजनिक रूप से कहने के बाद, अब उस पर दबाव डालकर बयान बदलवाया गया है। कांग्रेस पूछना चाहती है कि जिस व्यक्ति ने पहले वीडियो में अपने साथ हुई क्रूरता को साझा किया था, उसी के हाथ में अब शपथ पत्र थमा दिया गया, यह किसी न्यायिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि सत्ता के संरक्षण में चल रहा भय का तंत्र है।

## नंदीघोष रथ खींचने में हुई अधिक देरी चिंताजनक : नवीन पटनायक



**भुवनेश्वर,** 28 जून (एजेंसियां)। ओडिशा विधानसभा के विपक्षी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पुरी में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ के नंदीघोष रथ खींचने में हुई अधिक देरी पर गहरी चिंता और दुख व्यक्त किया। पटनायक का मुंबई के अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, हम प्रशासन को दोष नहीं देना चाहते, लेकिन हमें पुरी में नंदीघोष रथ खींचने में हुई अत्यधिक देरी पर खुद है। पटनायक ने कहा कि 'अडपा बिजे पहंडी' में भगवान बलभद्र की मूर्ति फिसल गई थी, जिससे भक्त हतप्रभ रह गए थे। इस साल नंदीघोष रथ शाम 07:45 बजे तक सिंहद्वार पर रुका रहा और फिर दिन खत्म होने से पहले कुछ ही मीटर चला। इससे लाखों भक्त हताश हो गए। खासकर, वो जो दुनिया भर से इस अनूठे आयोजन को देखने आए थे। पूर्व मुख्यमंत्री ने भीड़ प्रबंधन में खामी के कारण सैकड़ों भक्तों के घायल होने की बात कही। उन्होंने महाप्रभु जगन्नाथ से सभी दोषियों को माफ करने की प्रार्थना की और सरकार से गहराई से आत्मचिंतन करने को कहा। उन्होंने कहा कि चाका अखि सबु देखुची (भगवान की नजर सब कुछ देख रही है)। फिलहाल, शनिवार सुबह आवश्यक अनुष्ठान के बाद यात्रा फिर शुरू की गई। देशभर से लाखों श्रद्धालुओं ने दूसरे दिन भी रथ खींचने में भाग लिया और जय जगन्नाथ व हरिबोल के जयकारे गूंजे।

बलभद्र के तलध्वज रथ ने गुरुवार को ग्रैंड रोड के बलागांडी से अपनी यात्रा शुरू की। इसके बाद, देवी सुभद्रा का दर्पदालन रथ और अंत में भगवान जगन्नाथ का नंदीघोष रथ, जो मंदिर के मुख्य द्वार से कुछ ही दूरी पर रुका था, चल पड़ा।


# हिंसा से उबर कर अब बदलाव की राह पर बस्तर



"लाल आतंक के खात्मे के लिए नक्सलियों के खिलाफ हमारी निर्णायक लड़ाई जोर-शोर से जारी है, जिसका परिणाम है कि नक्सलियों की कमर अब टूट गई है। प्रदेश से जब तक नक्सली हिंसा और उग्रवाद का अंत नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैठेंगे।"

-श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

## तीन दशकों के आतंक और दहशत का खत्म हो रहा दौर, छत्तीसगढ़ में तेजी से सिमट रहा नक्सली हिंसा का दायरा

आदिवासी बाहुल्य आबादी, अनुपम नैसर्गिक सुंदरता और प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर बस्तर में आज विकास का सबसे बड़ा अवरोधक है नक्सली हिंसा। पिछले 3 दशकों में नक्सलियों ने यहां अपने पैर पसारे। बंदूक के दम पर हिंसा के साथ विकास कार्यों में बाधा पहुंचाई। नक्सलियों ने अपने झूठे और खोखले सिद्धांतों के जरिए लंबे समय तक भोले- भाले आदिवासियों को भ्रम में डाला। हिंसा का सहारा लेकर उन्हें डराने की कोशिश की। बच्चों से उनके स्कूल छीने, उनका बचपन छीना, उन्हें हिंसा की राह पर धकेला। कई परिवारों को बर्बाद किया, सुहागनों के सिंदूर उजाड़े। बेटियों को अगवा किया और उन्हें भी हिंसा के रास्ते पर ले गए। इसी वजह से संसाधनों से परिपूर्ण बस्तर पर देश के सबसे पिछड़े इलाकों में एक होने का धब्बा लगा। लेकिन अब छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ विकास के इस अवरोध को पूरी तरह से समाप्त करने पर डटी हुई है। अब वह दिन दूर नहीं जब नक्सलवाद की काली छाया छत्तीसगढ़ से पूरी तरह मिट जाएगी। बस्तर में विकास का नया सवेरा अब होने ही वाला है। यहां नक्सलियों की कमर टूट चुकी है, अब बस इसका समूल खात्मा बाकी है, जिसकी डेड लाइन भी तय हो चुकी है। मजबूर आदिवासी ग्रामीणों पर हुए इन अत्याचारों का अब हिसाब होने वाला है। उन्हें अब न्याय मिलेगा। उन्हें अब अपना खुशहाल बस्तर मिलेगा, जो इन हिंसा वादियों के चंगुल से पूरी तरह मुक्त होगा और विकास के रास्ते पर पूरी गति से आगे बढ़ेगा। छत्तीसगढ़ में सिमटते हुए नक्सलवाद के अतीत पर अगर गौर करें तो यह बेहद दर्दनाक रहा है। नक्सली हिंसा की वजह से बस्तर के स्थानीय लोगों ने करीब तीन दशकों तक बहुत कुछ सहा है। बहुत सी ऐसी कड़वी यादें हैं जो कभी भी भुलाई नहीं जा सकतीं, और इन्हें जब भी याद करें तो नक्सलियों को परास्त करने का हौसला और भी मजबूत हो जाता है। पुलिस और सुरक्षा बलों के जवान पूरे हौसले के साथ नक्सल मोर्चे पर डटे हैं और अब जल्द ही नक्सलियों का समूल अंत होगा।



### खुल रहे स्कूलों के द्वार

झूठे सिद्धांतों की दुहाई देने वाले नक्सली, बच्चों की शिक्षा के भी घोर विरोधी रहे हैं। उन्हें हमेशा यह डर रहा है कि यदि बस्तर की नई पीढ़ी पढ़ लिखकर जागरूक हो जाएगी, तो उनके बहकावे में नहीं आएगी। इसी भय के चलते नक्सली शिक्षा के मंदिरों पर हमले करते, उन्हें तोड़ते और बच्चों को स्कूल जाने से रोकते थे। विगत 20 वर्षों में नक्सलियों ने 200 से अधिक स्कूल भवनों को क्षतिग्रस्त किया। अब बस्तर संभाग में करीब साढ़े तीन सौ बंद पड़े स्कूलों को दोबारा शुरू किया गया है।

### नक्सल मोर्चे पर मिली सफलता
(दिसंबर 2023 से अब तक)

| | |
|---|---|
| न्यूट्रलाइज किए गए नक्सली | 436 |
| गिरफ्तार | 1457 |
| आत्मसमर्पण | 1432 |
| जप्ती माइंस | 673 |
| जप्ती हथियार | 555 |
| स्थापित कैंप | 64 |

### बारूदी सुरंगें बिछाकर फैलाई तबाही

विकास के विरोधी रहे नक्सली नहीं चाहते कि बस्तर में किसी भी तरह का अधोसंरचना विकास हो, इसलिए वह विस्फोटकों का सहारा लेकर पुल- पुलिया, सड़कों और सड़क निर्माण में लगे वाहनों- मशीनरी को तबाह करते। इसके साथ ही बस्तर में जगह-जगह बारूदी सुरंगें बिछाकर मानवता को भी तबाह करने की कोशिश की। उनके बिछाए बारूदी सुरंगों की चपेट में आने से सुरक्षा बलों के जवानों सहित कई निर्दोष ग्रामीणों व बेजुबान मवेशियों को भी अपनी जान गंवानी पड़ी। इन बारूदी सुरंगों को निष्क्रिय कर नष्ट करना बड़े-बड़े चुनौती भी रही। इस प्रक्रम में बड़ी कुर्बानी भी हमारे पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों को देनी पड़ी है। वर्ष 2003 से अब तक आईईडी के चपेट में आने से कुल 147 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 306 लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। वहीं अब तक कुल 4,173 लैंड माइंस रिकवर की गई हैं।

### नक्सल घटनाओं में हुई क्षति

| | (वर्ष 2003 से दिसंबर 2023 तक) | (दिसंबर 2023 से अब तक) |
|---|---|---|
| नक्सली और जवानों के बीच मुठभेड़ | 3,458 | 209 |
| शहीद जवानों की संख्या | 1,473 | 44 |
| नक्सल घटना में मारे गए सिविलियन | 1,941 | 89 |
| घायल सिविलियन की संख्या | 759 | 24 |
| आईईडी के कारण मारे गए लोगों की संख्या | 135 | 12 |
| आईईडी के कारण घायल लोगों की संख्या | 287 | 19 |
| आगजनी की घटना | 767 | 20 |
| सड़क निर्माण में लगे पोकलेन जलाए | 149 | |
| सड़क निर्माण मे लगे वाहन जलाए | 2,057 | 27 |
| पुल-पुलिया तोड़े | 220 | 8 |
| स्कूल, अस्पताल व अन्य शासकीय भवन तोड़े | 208 | |
| मोबाईल टावर उड़ाए | 34 | 11 |

सुशासन से समृद्धि की ओर...
मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जुड़ने के लिए Q.R. Code स्कैन करें

### बस्तर के इतिहास में लाल रंग में दर्ज हैं यह तारीखें

**28 फरवरी 2006 — दरभागुड़ा, जिला- सुकमा**
ग्राम दोरनापाल में आयोजित सलवा जुडूम जन जागरण अभियान से 4 ट्रकों में कोंटा के ग्रामीण अपने अपने गांव वापस हो रहे थे, कि एर्राबोर थाना क्षेत्र के ग्राम दरभागुड़ा के समीप नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट किया गया, जिसमें 28 ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में अन्य 27 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हुए थे। 3 ट्रकों को आग के हवाले कर दिया गया था।

**24 मार्च 2006 — संगम, जिला- सुकमा**
थाना पखांजूर क्षेत्र के ग्राम संगम में साप्ताहिक बाजार से ग्रामीण बाजार कर जीप से पखांजूर लौट रहे थे। इसी दौरान घोडागांव एवं संगम गांव के मध्य नक्सलियों द्वारा बम विस्फोट कर जीप को उड़ा दिया गया। इस घटना में 13 ग्रामीणों की मौत हो गई और 4 ग्रामीण घायल हुए थे।

**25 अप्रैल 2006 — मनीकोंटा, जिला- सुकमा**
थाना दोरनापाल के राहत शिविर में रह रहे ग्राम मनीकोंटा के 50-60 ग्रामीण सामान लेकर वापस आ रहे थे, कि नक्सली उन्हें अगुआ कर पकड़ ले गए। नक्सलियों ने इनमें से 15 ग्रामीणों की हत्या कर दी थी।

**16 जुलाई 2006 — एर्राबोर, जिला- सुकमा**
थाना एर्राबोर राहत शिविर कैंप में अज्ञात लगभग डेढ़ हजार नक्सली व संघम सदस्यों द्वारा गोलीबारी के साथ हमला कर दिया। नक्सलियों द्वारा 220 घरों को आग के हवाले कर दिया था, जिससे राहत शिविर में रह रहे 6 एसपीओ, 1 स्वास्थ्य कार्यकर्ता व 17 ग्रामीण मारे गए थे। इनके अलावा 47 अपहृत ग्रामीणों में से 6 की हत्या कर दी गई और 20 घायल ग्रामीणों में से 3 ने ईलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**15 मार्च 2007 — रानीबोदली, जिला- बीजापुर**
नेशनल पार्क दलम के नक्सली कमाण्डर व करीब 500 अन्य नक्सलियों ने हथियार लूटने की नीयत से रानीबोदरी में सुरक्षा बलों के कैम्प पर सशस्त्र हमला किया। स्वचलित अत्याधुनिक हथियारों से अंधाधुंध गोली-बारी की गई, जिससे कैम्प तबाह हो गया और वहां तैनात छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 9वीं वाहिनी सी कम्पनी कैम्प के 55 जवान शहीद हो गए थे।

**16 मई 2010 — चिंगावरम, जिला- सुकमा**
सुकमा से जिला पुलिस बल एवं एसपीओ की संयुक्त पुलिस पार्टी गादीरास थाना क्षेत्र में भूसारास से मुकमा की ओर लौट रही थी। इसी दौरान चिंगावरम के पास नक्सलियों द्वारा उस बस को निशाना बनाया गया जिसमें पुलिस जवान सवार थे। घटना में 11 आरक्षक, 1 एसएसबी वेटनरी फिल्ड असिस्टेंट व 4 एसपीओ शहीद हो गए थे। इस घटना में 15 निर्दोष ग्रामीण भी मारे गए।

**6 अप्रैल 2010 — ताड़मेटला, जिला- सुकमा**
चिंतलनार में तैनात 62 वीं वाहिनी सीआरपीएफ के बी कंपनी द्वारा एरिया डॉमिनेशन व नक्सली गश्त सर्चिंग अभियान के दौरान ताड़मेटला पहाड़ी जंगल क्षेत्र में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। फोर्स की सहायता हेतु चित्तलनार कैम्प से अन्य पार्टी रवाना हुई थी, कि रास्ते में ही नक्सलियों द्वारा फायरिंग शुरू कर दी और बुलेट प्रुफ वाहन को विस्फोट कर क्षतिगस्त कर दिया। उक्त घटना में सीआरपीएफ के 75 जवान व जिला पुलिस बल के 1 प्रधान आरक्षक शहीद हुए थे।

**29 जून 2010 — राकस नाला, जिला- नारायणपुर**
कैम्प थौड़ाई से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की पार्टी रोड ओपनिंग हेतु ग्राम झारा की ओर से वापस आ रही थी। इसी समय राकस नाला के पास पूर्व से घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने हथियार लूटने की नियत से अंधाधुन्ध फायरिंग की। पुलिस पार्टी द्वारा भी तत्काल पोजिशन लेते हुए फायर का जवाब दिया गया। इस घटना में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 27 जवान शहीद हो गए थे।

**9 जुलाई 2007 — रेगड़गट्टा, जिला- सुकमा**
थाना एर्राबोर से जिला बल, सीआरपीएफ एवं एसपीओ के साथ दो पार्टी नक्सली गश्त- सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी कि, एरांचोर से लगभग 12-15 किलोमीटर दूरी पर उत्पलमेटा पहाड़ी के पास नक्सली व पुलिस पार्टी के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान जिला बल के 2 जवान, 6 एसपीओ व सीआरपीएफ के 15 कुल 23 जवान शहीद हुए और 2 सीआरपीएफ जवान व 5 एसपीओ घायल हुए।

**24 अप्रैल 2017 — चिंतागुफा, जिला- सुकमा**
बुरकापाल कैम्प से सीआरपीएफ के 71 जवान और जिला बल का 1 जवान संयुक्त बल रोड निर्माण पार्टी की सुरक्षा हेतु चिंतागुफा की ओर रवाना हुए थे। इसी बीच करीब 200-250 हथियार बंद नक्सलियों ने सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया। सुरक्षा बलों द्वारा जवाबी कार्यवाही की गई, लेकिन दुर्भाग्यवश घटना में सीआरपीएफ 74 वाहिनी के 25 जवान शहीद हो गए। इस घटना में नक्सली बड़ी तादाद में सुरक्षा बलों के हथियार भी लूट कर ले गए थे।

संवाद- 44369




CMYK

उल्टा पुल्टा

पति- मैं अखबार में ईश्तहार दूंगा।
पत्नी- तुम कितने अच्छे हो। क्या लिखोगे?

# प्राइवेट स्कूलों को झटका, रायपुर में निजी प्रकाशकों की किताबों पर प्रतिबंध

## यूनिफॉर्म से जुड़े जूते, मोजे, बेल्ट की बिक्री भी प्रतिबंधित




**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने एक सख्त आदेश जारी करते हुए जिले के सभी निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबों के उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। आदेश के मुताबिक, अब सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों को केवल एन सी आर सी टी की किताबों से ही पढ़ाई करानी होगी। वहीं छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा निर्धारित किताबें पढ़ानी होंगी। इस आदेश का उल्लंघन करने पर शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आदेश में यह भी साफ किया गया है कि निजी स्कूल यूनिफॉर्म से जुड़े किसी भी वस्तु जैसे जूते, मोजे, टाई, बेल्ट, बैग, नोटबुक आदि की बिक्री परिसर में नहीं कर सकेंगे और न ही किसी खास दुकान से खरीदने के लिए पालकों को बाध्य किया जाएगा। बीते कुछ समय से इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई निजी स्कूल इन सामानों को खुद बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। अब इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे सत्र के शुरुआत में सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करें और नोडल प्राचार्य के माध्यम से डी ई ओ को प्रमाण पत्र सौंपें।

**प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की आपत्ति**

इस आदेश के जारी होते ही छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इसका विरोध किया है। एसोसिएशन ने डीईओ कार्यालय को पत्र लिखते हुए आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि कई स्कूलों में एन सी ई आर टी की किताबें समय पर उपलब्ध नहीं हो पातीं। जिस कारण वैकल्पिक रूप में प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबों का सहारा लिया गया था। लेकिन इस आदेश से निजी स्कूलों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी निजी विद्यालय उस बोर्ड की किताबें ही पढ़ाएं जिससे उन्हें मान्यता प्राप्त है।

सी बी एस ई और आईसीएसई स्कूलों के लिए एन सी ई आर टी पुस्तकें और छत्तीसगढ़ बोर्ड स्कूलों के लिए पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें ही मान्य हैं। इन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, छात्रों के हित में केंद्रीयकृत परीक्षाओं में सम्मिलित होना भी अनिवार्य किया गया है।

# पटवारी आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए

## मानसून सत्र में कानून व्यवस्था, रेत खनन पर सरकार को घेरेंगे



**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला मामले में निलंबित पटवारी के आत्महत्या मामने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, इस मामले की सीबीआई या ई डी से जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार बड़ी मछलियों को बचाने छोटी मछलियों का शिकार कर रही है। मौत है या आत्महत्या ये जांच का विषय है, लेकिन उनके सुसाइड नोट से पता चलता है कि बड़े-बड़े अधिकारी और भाजपा के नेता इस घटना में शामिल हैं। मामले की जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में होनी चाहिए।

**राशन कार्ड सत्यापन समयावधि बढ़ाने मांग**

श्री बैज ने राशन कार्डों का के वाय सी से लिंक करने का समय बढ़ाने की मांग सरकार से की है। बैज ने कहा, 30 लाख से अधिक राशन कार्ड धारियों का सत्यापन नहीं हो सका है। इस महीने में अंतिम 3 दिन में सभी कार्डधारियों का सत्यापन संभव नहीं है। राशन कार्ड सत्यापन की समयावधि बढ़ाया जाए, ताकि प्रदेश में कोई गरीब हितग्राही राशन से वंचित न हो।

**मानसून सत्र में कानून व्यवस्था, रेत खनन पर सरकार को घेरेंगे**-विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से शुरू होगा। इस पर दीपक बैज ने कहा, कानून व्यवस्था, पेड़ों की कटाई, रेत खनन जैसे मुद्दों को सदन में उठाएंगे। इस मामलों को लेकर कांग्रेस फिर से सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

पंकज झा के हाल ही में किए पोस्ट का जिक्र करते हुए दीपक बैज ने कहा कि क्या इंसान को भगवान कहना सनातनियों का अपमान नहीं।

क्या गृह मंत्री सीएम साय को भगवान मानते हैं या उन पर फूल चढ़ाते हैं। वाराणसी के दौरे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम योगी आदित्यनाथ और यूपी बीजेपी अध्यक्ष से मुलाकात की और वहां की तस्वीर साझा की थी, जिसे री-पोस्ट कर पंकज झा ने तीनों नेताओं को च्ब्रह्म विष्णु महेश च्बताया था। इसे लेकर दीपक बैज ने भाजपा पर धर्म का सबसे ज्यादा अपमान करने का आरोप लगाया है।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल व रेलवे जीएम की बैठक कल

## यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों पर होगी चर्चा



**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। रायपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल 30 जून को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। यह बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसमें रेल विकास और यात्री सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी।

**बीते साल कई मांगों पर हुई कार्रवाई**

पिछले वर्ष हुई बैठक में सांसद द्वारा उठाए गए विषयों पर रेलवे प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कई कार्य पूरे किए हैं। रायपुर मंडल में कुंभ स्पेशल, होली स्पेशल, छठ स्पेशल और दीपावली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशनों का कायाकल्प कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनका वर्चुअल उद्घाटन किया गया। अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। डब्ल्यूआरएस रेलवे कॉलोनी में सोलर प्लांट लगाने, राजिम गुड्स शेड का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करने, बंद ट्रेनों को नियमित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ठोस कार्रवाई हुई है।

**रायपुर स्टेशन पर डॉक्टर की सुविधा पर भी चर्चा**

सांसद अग्रवाल ने रायपुर स्टेशन पर आपातकाल में डॉक्टर उपलब्ध कराने की मांग की थी। रेलवे प्रशासन ने बताया कि अब तक 8 बार निविदा प्रकाशित की गई, लेकिन किसी अस्पताल ने रुचि नहीं दिखाई। अब 9वीं बार निविदा प्रकाशित की गई है, जो 4 जुलाई को खोली जाएगी.।

**सरोना को सब अर्बन स्टेशन बनाने पर जोर**

सरोना स्टेशन को सब-अर्बन स्टेशन के रूप में विकसित करने, पार्किंग ठेकेदारों के पुलिस वेरिफिकेशन, खारुन रेल विहार में उद्यान निर्माण और वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल बढ़ाने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी.।

**आज की बैठक में होंगी कई अहम चर्चाएं**

आज आयोजित बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल यात्री सुविधाओं में सुधार और रायपुर संसदीय क्षेत्र के रेल विकास से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि लंबित मांगों के शीघ्र समाधान के लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

# राजधानी में ट्रैफिक दबाव से निपटने नए फ्लाईओवर, सड़क पर मंथन

■ कलेक्टर और एसएसपी ने किया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण



**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बढ़ती आबादी और भविष्य के ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का दौरा कर संभावित विकास स्थलों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मठपुरैना, भाटागांव, उरकुरा, एक्सप्रेस-वे सहित अन्य महत्वपूर्ण इलाकों में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण, नए एक्सप्रेस वे, फ्लाईओवर और रेलवे अंडरब्रिज/ओवरब्रिज की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि, च्आने वाले 4 से 5 वर्षों में रायपुर की जनसंख्या और ट्रैफिक में वृद्धि होगी। इस चुनौती का सामना करने के लिए अभी से रणनीतिक तैयारी की जा रही है।

कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि शहर में यातायात सुगमता हेतु नई सड़कों का निर्माण, एक्सप्रेस वे और फ्लाईओवर की योजना बनाना आवश्यक है। इस दौरान पहले से प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, एडीएम देवेंद्र पटेल, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित पुलिस, रेलवे और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# डॉक्टरों को कोर्ट जाने की झंझट से मिली मुक्ति



■ वीडियो कॉल से दे सकेंगे गवाही

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में अब डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को अदालत में पेश होकर गवाही देने की जरूरत नहीं होगी। राज्य के सभी 33 जिला अदालतें और जिला अस्पताल अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आपस में जुड़ गए हैं। अब मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्टरों के बयान वर्चुअली लिए जा सकेंगे। इस नई सुविधा की शुरुआत हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने वर्चुअल तरीके से की।

**कार्यवाही में तेजी और बढ़ेगी पारदर्शिता**

इस कदम से अदालत की कार्यवाही न सिर्फ तेज होगी, बल्कि पेपरलेस और पारदर्शी भी बनेगी। अब डॉक्टरों को दूर-दराज से कोर्ट आने की जरूरत नहीं होगी, वे अपने अस्पताल से ही वीडियो कॉल के जरिए अदालत की प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। इसके साथ ही रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा और बेमेतरा जिला अदालतों में डिजिटाइजेशन और स्कैनिंग सेंटर भी शुरू कर दिए गए हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि इन सेंटरों के शुरू होने से अब पूरे छत्तीसगढ़ में अदालतों का डिजिटलीकरण पूरा हो गया है, जो न्याय व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

चीफ जस्टिस ने खुशी जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अब ई-कोर्ट मिशन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। खास बात ये है कि अब अदालतों से जारी समन भी ई-समंस के जरिए भेजे जाएंगे। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि केस की सुनवाई में बार-बार तारीख टलने की परेशानी भी कम होगी। अब मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर कोर्ट से सीधे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़कर गवाही दे सकेंगे। इससे मेडिकल स्टाफ की सुविधा बढ़ेगी और अदालत की प्रक्रिया भी पहले से ज्यादा आसान और तेज होगी।

# डीकेएस अस्पताल के 2 करोड़ टर्नओवर और 5 करोड़ नेटवर्थ वाले टेंडर पर बवाल

**धोबी समाज और लांड्री संगठन ने उठाई आपत्ति**

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर स्थित डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लांड्री सेवा के लिए निकाले गए टेंडर ने विवाद खड़ा कर दिया है। टेंडर में रखी गई 2 करोड़ रुपये के वार्षिक टर्नओवर और 5 करोड़ रुपये की नेटवर्थ की अनिवार्यता को लेकर स्थानीय व्यवसायियों, धोबी समाज और लांड्री कर्मचारी संगठन ने गहरी नाराजगी जताई है। इन संगठनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने जानबूझकर ऐसी शर्तें रखी हैं, जिससे स्थानीय और मध्यम स्तर के व्यवसायी इस प्रक्रिया से बाहर हो जाएं और लाभ बड़ी फर्मों को मिले। इसी के विरोध में प्रदेश धोबी समाज के महामंत्री हेमंत निर्मलकर ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र भेजकर टेंडर निरस्त करने की मांग की है। महामंत्री हेमंत निर्मलकर ने कहा — सेवा की वास्तविक आवश्यकता की तुलना में यह शर्तें अत्यधिक और असंगत हैं। रायपुर में कार्यालय अनिवार्यता भारतीय प्रतिस्पर्धा नियमों के खिलाफ है। यदि टेंडर वापस नहीं लिया गया तो समाज न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को बाध्य होगा।

इधर, शहर धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर टेंडर रद्द करने की मांग की है। उनका कहना है कि यह पूरी साजिश लघु व्यवसायियों और स्व सहायता समूहों को बाहर करने के लिए रची गई है। विवादित शर्तों में 2 करोड़ वार्षिक टर्नओवर, 5 करोड़ नेटवर्थ, 18 लाख रुपये परफॉर्मेंस गारंटी, 15 दिन में उपकरण स्थापना की अनिवार्यता के साथ रायपुर में कार्यालय को अनिवार्य बताया गया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन टेंडर निरस्त नहीं करता तो कोर्ट में मामला ले जाया जाएगा।

# रायपुर विमानतल में शुरू हुई ऑटोमेटेड पार्किंग



■ अपने आप कटेगी पर्ची
■ फास्ट टैग से होगा भुगतान

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, रायपुर पर ऑटोमेटेड पार्किंग की शुरुआत हो चुकी है। इस सिस्टम से अब पार्किंग एंट्री पर स्वचालित सिस्टम से पर्ची निकलेगी, जिसमें वाहन का नंबर और प्रवेश का समय स्वत: अंकित रहेगा। पर्ची लेने के साथ ही बैरियर अपने आप खुल जाएगा और वाहन पार्किंग क्षेत्र में प्रवेश कर सकेगा।

एयरपोर्ट पर पार्किंग की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑटोमेटेड हो गई है, जिसमें किसी भी तरह का मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा। इस व्यवस्था से उन विवादों पर भी लगाम लगेगी, जो पहले पार्किंग शुल्क को लेकर अक्सर सामने आते थे। ड्रॉप या पिकअप के बाद जब वाहन चालक बाहर निकलेंगे तो एग्जिट प्वाइंट पर फास्टैग के जरिए ऑटोमेटिक भुगतान हो जाएगा।

विमानपत्तन निदेशक रायपुर ने शुक्रवार रात में इस सिस्टम की शुरूआत की। अब यात्रियों के वाहन से ड्रॉप और पिक अप समय के तयशुदा दर के अनुसार पैसा कटेगा, लेकिन पार्किंग के दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

# मृत कर्मचारी का अन्य विभाग में तबादला

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। सरकारी विभाग के कामकाज में भर्राशाही के मामले तो देखते सुनते ही है लेकिन जिस काम में विभाग के मंत्री से लेकर सीएम तक का नाम रहे उस काम में भी किरकिरी करा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। हद तो तब हो गई जब एक मृतक कर्मचारी और एक दूसरे विभाग में कार्यरत अधिकारी तक का ट्रांसफर आदेश जारी कर दिया गया।

मामला छत्तीसगढ़ के वाणिज्य कर विभाग के ट्रांसफर ऑर्डर से जुड़ा है। कल यहां से कई ट्रांसफर ऑर्डर जारी हुए लेकिन लापरवाही का ऐसा आलम था कि विभाग के उस कर्मचारी का भी ट्रांसफर कर दिया गया जिसका 6 महीने पहले निधन हो चुका है। इतना ही नहींए एक ऐसी महिला अधिकारी का भी ट्रांसफर किया गया जो वाणिज्य कर विभाग को छोड़ अब महिला बाल विकास विभाग में नौकरी कर रही हैं। भर्राशाही की ऐसी मिसाल शायद ही मिले। अब जब जमकर किरकिरी हुई तो विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी और फिर संशोधन आदेश जारी करना पड़ा लेकिन अधिकारियों ने अपनी कारगुजारियों से विभाग के मंत्री से लेकर प्रदेश के सीएम तक का नाम भी धूमिल कर दिया।

**ट्रांसफर में कई गड़बड़ी उजागर**

दरअसल इन दिनों प्रदेश में जो ट्रांसफर हो रहे हैंए वो ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार हो रहे हैं। इस ट्रांसफर पॉलिसी में वाणिज्यकर विभाग का नाम नहीं है। ऐसे वाणिज्यकर का जो ट्रांसफर हुआ हैए उसे सीएम समन्वय से ओके कराया गया था। बताते हैं कि इस ट्रांसफर में कई और गड़बड़ी की गई हैं। जहां विभाग का कार्यालय नहीं खुला हैए वहां भी ट्रांसफर कर दिया गया है। 10 फीसदी की सीमा को भी इसमें पार कर दिया गया है। खबर है कि नाराज कर्मचारी इसके खिलाफकोर्ट जाने की भी तैयारी में हैं। बहरहाल जो भी हो सरकारी कामकाज के इस तरीके से सवाल तो उठा ही दिया है।

# प्रदेश में झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत



■ किसानों के चेहरे में आई खुशी

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के सारागांव जिले के आसपास अंचल में बीती रात्रि झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। जहां एक ओर भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है वहीं लंबे समय से वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। बीती रात्रि वर्षा ने जहां आम जनजीवन को राहत दी है वहीं कृषि गतिविधियों में भी नई जान फूंक दी है। बुधवार रात्रि और सुबह रिमझिम बारिश के बाद से तापमान में करीब 5.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई हैए जिससे लोगों को गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। साथ ही सारागांव और आसपास अंचल में भी अच्छी बारिश हुई है।

बारिश का सबसे बड़ा फायदा किसानों को हुआ है। खरीफ सीजन की बुआई लगभग पूर्ण हो गई थीए किसानों को बारिश का इंतजार था। बोआई के बाद लंबे समय से पानी नहीं गिरने से बीज खराब होने की चिंता सता रही थी। लेकिन बीती रात्रि हुई बारिश से किसानों को काफी राहत मिली है। किसानों ने कहा कि रुक रुक कर ऐसी ही बारिश होने की जरूरत है।

# पैकरा हत्याकांड : मृतक की प्रापर्टी पर थी अंकित की नजर



**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में किशोर पैंकरा हत्याकांड मामले में आरोपी वकील अंकित उपाध्याय से पूछताछ में कई जानकारियां सामने आई है। बताया गया कि रिटायर्ड एएसआई के बेटे अंकित की नजर मृतक की प्रापर्टी पर थी। पुलिस के मुताबिक अंकित उपाध्याय भी पहले हांडीपारा में निवासरत था। उस समय अंकित के पिता आरएन उपाध्याय आजाद चौक थाने में ही पदस्थ थे। तब से अंकित की किशोर पैकरा से पुरानी जान-पहचान थी।

सूत्रों के मुताबिक मृतक किशोर पैकरा एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता था। उनके पिता एनपी पैकरा अविभाजित मध्यप्रदेश में विद्युत मंडल में सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर के पद से रिटायर हुए थे। उनका काफी समय पहले निधन हो गया था। किशोर की शादी सफल भी नहीं रही। परिवार में दो बहनें भी है जिनका विवाह हो चुका है। लेकिन किशोर का किसी से वास्ता नहीं रह गया था। पैंकरा परिवार की धरसीवां विधानसभा के सिलयारी के पास गांव में काफी जमीन है।

सूत्रों के मुताबिक आरोपी, मतृक किशोर पैंकरा की पारिवारिक पृष्ठभूमि से वाकिफ था। और उसकी प्रापर्टी पर नजर थी। किशोर अकेले रहता था, और खाने-पीने का न्योता देकर उसका विश्वास हासिल कर लिया था। मृतक की एक प्रापर्टी बिकवाकर आरोपी वकील अंकित उपाध्याय ने दो लाख रुपए कमीशन के रूप किशोर से लिए थे। यही नहीं, 30 लाख रुपए उधारी भी लिए थे। उधारी की रकम वापस करने के लिए किशोर दबाव भी बना रहा था। अंकित को किशोर की पूरी प्रापर्टी की जानकारी है, और कहा जा रहा है कि हत्या कर प्रापर्टी हड़पने की कोशिश में था। फिलहाल पुलिस इसको लेकर जानकारी जुटा रही है।

आरोपियों ने अपने परिचित सूर्यकांत यदु, और विनय यदु को लाश को ठिकाने लगाने में सहयोग लिया। बाद में ये सभी सूटकेस लेकर रायपुरा वाटरवर्ल्ड के पीछे छोड़कर भाग गए। आरोपी दंपत्ति अंकित उपाध्याय, और शिवानी शर्मा फ्लाइट से दिल्ली गए थे, और वहां उतरते रनवे पर गिरफ्तार किया गया। रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा, दिल्ली पुलिस और एयरपोर्ट अथॉरिटी के संपर्क में रहे। उन्हें रायपुर लाया गया, और फिर आरोपी दंपत्ति से पूछताछ के बाद सूर्यकांत, और विनय यदु भी पकड़े गए। हत्या के लिए प्रयुक्त औजार की बरामदगी नहीं हो पाई है।

प्रवेश प्रारंभ
पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध
प्रवेश प्रारंभ
शांतिनिकेतन महाविद्यालय
M.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T.,
B.Sc. Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. Plain & Computer Application
प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट
ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृत्ति की सुविधा
BCA, DCA, PGDCA
-: प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418

# रासायनिक खादों की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं : केदार



## सहकारी समितियों में खाद का हो पर्याप्त भण्डारण

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए प्रदेश में डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है तो डीएपी के वैकल्पिक खादों के प्रति किसानों को जागरूक करें और जो वैकल्पिक खाद उपलब्ध है किसानों को दिया जाए। उन्होंने बैठक में कहा कि किसानों को सहुलियतें प्रदान करना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। मंत्री केदार कश्यप आज अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सहकारिता और उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों की बैठक में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखने के संबंध में समीक्षा कर रहे थे।

सहकारिता मंत्री कश्यप ने कहा कि रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण हो और किसानों की मांग के अनुरूप खाद मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनी डीएपी के छिड़काव के प्रति भी किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**किसानों को मांग के अनुरूप मिले रासायनिक खाद**

बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से समन्वय कर खाद सप्लाई के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में डीएपी खाद सप्लाई की संभावना है। अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025 के लिए किसानों के मांग के अनुरूप विभाग 10.73 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य के विरूद्ध 5.85 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण किया जा चुका है तथा किसानों को 4.37 लाख मीट्रिक टन खाद वितरित किए जा चुके हैं। वर्तमान में समितियों में 1.18 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि डीएपी का लक्ष्य 78 हजार 331 मीट्रिक टन है। इसके विरूद्ध अब तक 75 हजार 428 मीट्रिक टन डीएपी का भण्डारण किया जाकर किसानों को 61 हजार 137 मीट्रिक टन खाद वितरण किया जा चुका है। समितियों में 14 हजार 291 मीट्रिक टन डीएपी खाद शेष है। डीएपी खाद की कमी के कारण एनपीके का लक्ष्य बढ़कर 3 लाख 16 हजार मीट्रिक टन हो गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 93 हजार 467 मीट्रिक टन एनपीके का भण्डारण किया जाकर किसानों को 74 हजार 545 मीट्रिक टन एनपीके खाद का वितरण किया जा चुका है। समितियों में 18 हजार 922 मीट्रिक टन एनपीके शेष है। ज्यादा से ज्यादा एनपीके के सप्लाई के लिए कंपनियों के साथ निरंतर समन्वय किया जा रहा है।

# शिक्षाविद व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा का प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने किया अभिनन्दन

## अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा 30 वर्षों तक शिक्षा की अलख जगाने का सम्मान है




**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने समारोह पूर्वक शिक्षाविद व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर श्री विजय चोपड़ा का अभिनन्दन किया । जे डी डागा स्कूल में आयोजित समारोह में विगत 30 वर्षों से अनवरत शिक्षा के क्षेत्र में किये गए योगदान के मद्देनजर श्री चोपड़ा का सम्मान किया गया । ज्ञात हो कि विगत 30 वर्षों से विजय चोपड़ा जैन समाज द्वारा निर्धन तबके के लिए संचालित श्री आदिश्वर जैन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं । साथ ही विजय चोपड़ा वर्द्धमान इंग्लिश मीडियम स्कूल सदर बाजार व वर्द्धमान दी स्कूल के संस्थापक हैं व सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं । श्री चोपड़ा ने अनेक वर्षों तक सर्वोदय विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ापारा एवं सन्तोषीनगर में भी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं । अभिनन्दन समारोह में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के कहा कि एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में एक विजय चोपड़ा का जीवन बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने में समर्पित रहा है । चोपड़ा ने विगत 30 वर्षों में प्रारंभ से ही विपरीत परिस्थितियों में वंचित बच्चों को शिक्षा देने उल्लेखनीय योगदान दिया है । चोपड़ा का अभिनन्दन शिक्षा के क्षेत्र में व मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में उनके योगदान का सम्मान है । समारोह में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता , महासचिव मोती जैन , उपाध्यक्ष मनीष डागा , संस्थापक सदस्य अशोक शिवहरे सहित सदस्यगण , शिक्षक व छात्रगण उपस्थित थे ।

# खौली में शराब दूकान विरोधी धरना चौथे दिन महिलाओं ने संभाला मोर्चा



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। ग्राम खौली में खुलने जा रहे शराब दूकान के विरुद्ध जारी धरना चौथे दिन शनिवार को महिलाओं ने मोर्चा संभाला। ग्राम खौली के महिलाओं सहित आसपास के ग्रामों के महिलाओं ने इसमें शिरकत की और शासन - प्रशासन को समय रहते चेत जाने का आग्रह किया । इधर ग्राम पलौद में भी ग्रामीण सभा व पंचायत की आहूत बैठक में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया गया है व? इस संबंध में वे कल क्षेत्रीय सांसद व विधायक से मुलाकात करेंगे ।

**राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने का निर्णय**

ज रायपुर जिले में शासन ने 7 शराब दूकान खोलने का निर्णय ले चयनित ग्रामों के इच्छुक ग्रामीणों से जगह मुहैया कराने आसन्न 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित की है । इन 7 में से 5 दूकान आरंग विधानसभा क्षेत्र में ?खुलने जा रहा है जिसमें खौली व? पलौद भी शामिल है । शराब दूकान खुलने के सुगबुगाहट के समय से ?ही खौली वासी इसके विरोध में उतर आये थे और एकदिनी धरना - प्रदर्शन करने के साथ - साथ शासन - प्रशासन सहित क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह सहित पूर्व में विधानसभा व संसद में इस ग्राम को भी प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को ज्ञापन सौंप ध्यानाकर्षण कराया था। कथित आश्वासन मिलने के बाद धरना - प्रदर्शन को स्थगित कर दिया था। पर प्रशासन की खौली में शराब दूकान खोलने की हठधर्मिता व इस हेतु जगह मुहैया कराने निविदा आमंत्रित किये जाने से खौली के ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर उभर आया है और वे बीते 25 जून से धरना - प्रदर्शन कर रहे हैं जिसे की भट्ठी से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है । आज शुक्रवार को खौली में आहूत ग्रामीणों की बैठक में एक बार फिर किसी भी कीमत में शराब दूकान न ?खुलने देने का संकल्प दुहराया गया व जगह मुहैया न कराने ताकीद करने के साथ - साथ ?ग्रामीण फरमान का अवहेलना करने वाले पर ?ग्रामीण व्यवस्था के तहत कार्यवाही झेलने तैयार रहने के प्रति आगाह किया गया व निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 2 जुलाई के ठीक एक दिन पूर्व ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ?ज्ञापन सौंपने

# आपातकाल कांग्रेस के कुकृत्यों की निशानी - बृजमोहन



*अपातकाल की 50वीं स्मृति दिवस पर रायपुर जिला में संगोष्ठी एवं लोकतंत्र प्रहरियों का सम्मान समारोह का आयोजन*

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। भाजपा रायपुर जिला द्वारा शनिवार को जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी एवं लोकतंत्र के प्रहरियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत माता और महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम् गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रमुख सच्चिदानंद उपासने के रूप में शामिल हुए

मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उस दौर की याद दिलाता है जब 1975 में देश की लोकतांत्रिक आत्मा को कुचलने की साजिश रची गई थी। जनता की आवाज़ दबा दी गई, संविधान को ताक पर रखकर सत्ता ने तानाशाही का रूप ले लिया। प्रेस की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकार और न्यायपालिका की गरिमा - सब कुछ खतरे में पड़ गया था।

लेकिन यह देश झुका नहीं। लोकतंत्र के रक्षकों ने संघर्ष किया, जेलें भरीं, और अंततः जनशक्ति ने सत्ता के अहंकार को पराजित किया। मुख्य वक्ता सच्चिदानंद उपासने ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र पर काला धब्बा बताते हुए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नागरिक अधिकारों का हनन कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला 1975 में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल को देश पर थोपा गया। उन्होंने इसे कुशासन करार दिया और कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा था।जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार डॉ. मुखर्जी को कांग्रेस सरकार ने नजरबंद किया और यातनाएं दीं। उन्होंने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों पर भी प्रकाश डाला।

## निधन

### नरसिंह ताम्रकार

नवापारा राजिम ,28 जून देशबंधु । ग्राम मन्दलोर के नरसिंह



ताम्रकार 89 वर्षीय का निधन दिनांक 27 जुन को हो गया है। उनका हाल निवास लीली चौंक पुरानी बस्ती रायपुर में था । वे संजय अजय राजेश व हितेंद्र ताम्रकार के पिता थे। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरसिंह दाऊ एक सफल और सम्पन्न कृषक के साथ एक निष्ठावान जनसंघी कार्यकर्ता थे। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके साथ लम्बे समय तक कार्य करने का मुझे अवसर मिला है जिसे भुलाए नहीं भूला जा सकता । उनका जाना हम सबके लिए अपुर्णीय क्षति है। ईश्वर सद्गति प्रदान करें।

### अमित बैद*



हनुमान नगर रायपुर निवासी अमित बैद सुपुत्र छगन लाल बैद का दुखद निधन शुक्रवार 27/06/2025 को प्रातः 3.30 बजे हो गया है. वे छगन लाल बैद के पुत्र, खेमराज का भतीजा, नीरज, रोहित, राहुल, ऋषभ बैद के भाई थे उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार साय 4 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट मे किया गया.

### भवानी प्रसाद शर्मा

**भिलाई,** 28जून( देशबन्धु)। कल्याण



महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो भवानी प्रसाद शर्मा (संडी वाले) का आज 89 वर्ष आयु में निधन हो गया है द्य वे उर्वशी शर्मा के पति, आशीष शर्मा, स्मृति गौरहा व प्रीति शर्मा के पिता तथा पुत्रवधु स्वर्निता शर्मा एवम् ब्रजेश गौरहा व प्रदीप शर्मा के ससुर थे द्य उनकी अंतिम यात्रा हरनाबांधा (दुर्ग) मुक्तिधाम के लिए उनके प्रोफ़ेसर कॉलोनी (नेहरूनगर) प्लॉट नंबर-15 स्थित निवास से रविवार, 29 जून को प्रातः 10 बजे निकलेगी ।

## गजानन मंदिर में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। संत श्री गजानन महाराज मंदिर तात्यापारा रायपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र तथा समर्पण हॉस्पिटल एवं मेडिकेयर नी जॉइंट हॉस्पिटल एवं गजानन महाराज मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दिनांक 29 जून को प्रात 10 बजे से मंदिर परिसर में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में डॉ. गंभीर सिंह (शल्य चिकित्सक), डॉ. मंजू सिंह (स्तन कैंसर विशेषज्ञ), डॉ. सुमी अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. संजय नाहर (हड्डी रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. नवीन गुप्ता (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. संतोष कुमार. एमएस (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. सी. रेड्डी. एमएस (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ प्रभात पांडे (हड्डी रोग विशेषज्ञ), शैलेश खंडेलवाल (जनरल फिजिशियन) तथा डॉ. प्रतीक शर्मा. (जनरल फिजिशियन) पंजीकृत मरीजों को परामर्श देने उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक परामर्श व फिजियोथैरेपिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में ब्लड शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर, ग्लाइकोसीलेटेड हीमोग्लोबिन (।ह्ल1ष्), घुटने का एक्सरे जैसी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी।

## कांग्रेस सभा के लिए तैयारी तेज

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 7 जुलाई को कांग्रेस की बड़ी सभा होगी। जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे। किसान-जवान-संविधान जनसभा को सफल बनाने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायकों और पूर्व विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी है। सभी जिलों के लिए जिलेवार कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिलेवार कार्यक्रम प्रभारियों को जल्द अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर, ब्लॉक, नगर और जिला कांग्रेस कमेटी सहित सभी मोर्चा संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं।

## महिला मरीज के ब्लाउज से पर्स चोरी, गार्ड गिरफ्तार

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी के बड़े अंबेडकर अस्पताल में चोरी करने वाले सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित नेहा सेन ने मौदहापारा थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। नेहा श्याम नगर निंगियाडीह सरकड़ा बिलासपुर की रहने वाली है। वह अपनी मां के इलाज के लिए रायपुर आई है। उसने मां को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती करवाया है। वह 26 जून की रात अंबेडकर अस्पताल परिसर के कार्डियोलाजी आईसीयू रूम के बाहर बरामदे में पर्स एवं मोबाइल रखकर सोई थीं। रात करीब 11.30 बजे नेहा को महसूस हुआ कि कोई मोबाइल और पर्स निकाल रहा है। उसने देखा कि एक सिक्योरिटी गार्ड मोबाइल व पर्स लेकर भाग रहा है। उसने अपने पति और पिता को बताया तब तक आरोपी भाग गया।

# ग्रीन आर्मी ने पॉलीथिन मुक्त के लिए शीतला बाजार में जन जागरूकता रैली निकाली




**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने आज शीतला बाजार, पुरानी बस्ती में एक व्यापक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली बूढ़ा गार्डन गेट से शुरू होकर, बुद्धेश्वर मंदिर और पूरे बाजार से होते हुए, महामाया मंदिर से वापस बूढ़ा गार्डन गेट पर समाप्त हुई। जिसका उद्देश्य क्षेत्र को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए स्थानीय समुदाय को प्रेरित करना था। प्रकृति के लिए हानिकारक पॉलीथिन के खिलाफ मुखर होते हुए, रैली में च्प्रकृति दुश्मन तीन - पाउच, पन्नी, पॉलीथिनज्, च्पॉलीथिन जहर है, पृथ्वी पर कहर हैज्, और च्गौ माता करे पुकार, पॉलीथिन मुक्त हो संसारज् जैसे नारों ने राहगीरों, व्यापारियों और आसपास के निवासियों का ध्यान आकर्षित किया। संस्था द्वारा मार्मिक अपील वाले पैम्फलेट भी वितरित किए गए, और साथ ही दुकानदारों एवं खरीदारों को 200 से अधिक पेपर के थैले भी वितरित किए गए।

इस महत्वपूर्ण पहल में छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो पॉलीथिन मुक्ति के संदेश को फैलाने में ग्रीन आर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले। बच्चों की उपस्थिति ने अभियान को और भी सशक्त बना दिया।

ज्ञात हो कि ग्रीन आर्मी संस्था कुछ वर्षों पहले भी रायपुर के प्रत्येक बाजार में ऐसे सफल अभियान चला चुकी है। अपने अनुभव और समर्पण के साथ, संस्था ने अब शीतला बाजार को पॉलीथिन मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, संस्था के दो जोन - ब्राह्मण पारा जोन और पुरानी बस्ती जोन - को विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने इस अवसर पर कहा, च्शीतला बाजार सिर्फ एक शुरुआत है। हमारा लक्ष्य है कि ग्रीन आर्मी शासन-प्रशासन के साथ मिलकर रायपुर के सभी बाजारों को पॉलीथिन मुक्त बनाएगी।ज् रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के विरोध पर जोर देते हुए कहा, च्आज शीतला बाजार में पॉलीथिन मुक्त अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का पुरजोर विरोध किया गया।

# गर्मी में पहले आता था 8 हजार रुपए का भारी भरकम बिल, इस बार एक भी रुपए नहीं चुकाना पड़ा अतुल को

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सोलर पैनल लगवा लिया और अब गर्मी में बिजली बिल हुआ जीरो

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित च्प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाज् आज आम नागरिकों की जिंदगी में उजाला ही नहीं, सुकून भी भर रही है। यह योजना सिर्फ बिजली संकट का समाधान नहीं, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की और बढ़ाया ठोस कदम है। इस योजना के एक सफल लाभार्थी में से एक रायपुर के डॉ. दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी अतुल तिवारी भी है। तिवारी ने बीते वर्ष अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया। उन्हें सरकार की ओर से 78,000 रुपए की सब्सिडी मिली,



जिससे लागत बेहद कम हो गई और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो गई। पहले हर गर्मी में बिजली का बिल 7,000 से 8,000 रुपए तक आता था। लेकिन इस बार मेरा पूरा बिल 'शून्य' आया है,ज् तिवारी ने उत्साह से बताया। अब उनके घर में बिजली निरंतर और मुफ्त मिल रही है। सिर्फ उनका बिजली खर्च ही नहीं घटा है, बल्कि अब उन्होंने ग्रीन एनर्जी की ओर कदम भी बढ़ाया है। वे कहते हैं, च्यह योजना गर्मी के मौसम में किसी वरदान से कम नहीं है।ज् बिजली की निर्बाध आपूर्ति से उनका परिवार न केवल आरामदायक जीवन जी रहा है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा बचत में भी भागीदार बन चुका है। अब अन्य लोग भी अपने छतों में सोलर पैनल लगा रहे है और योजना का लाभ उठा रहे हैं।तिवारी ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा

च्यह योजना केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत आधार है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है। इस योजना में 30 हजार रूपये से लेकर 78 हजार रूपये तक अनुदान भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी कैबिनेट की बैठक में हितग्राहियों को 30 हजार तक की सब्सिडी दिए जाने का निर्णय लिया है। इसमें 1 किलो वॉट पर केंद्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार कुल 45 हजार, 2 किलो वॉट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 90 हजार, 3 किलो वॉट पर केंद्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 1 लाख 08 हजार की सब्सिडी दी जा रही है। 3 किलो वॉट उससे अधिक क्षमता पर 1 लाख 08 हजार की सब्सिडी स्थिर रहेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता पीएम सूर्यघर डॉट जीओव्ही डॉट इन वेब पोर्टल अथवा पीएम सूर्यघर एप्प में पंजीयन करा सकता है।

# टी गोल्ड जिम का उदघाटन विधायक सुनील सोनी ने किया



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। 27 जून को टी गोल्ड जिम अश्वनी नगर में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सुनील सोनी ने उदघाटन किया साथ में महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड के पार्षद अम्बर शुक्ला और सुंदर नगर वार्ड के सरिता आकाश दुबे भी उदघाटन मे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जिम के उदघाटन के उपरांत सुनील सोनी को जिम के कोच मानिक ताम्रकार ने बताया कि जिम में वेट लिफ्टिंग सीखने के लिए महिलाओं को निशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा साथ ही महिला स्टेट और नेशनल बॉडी बिल्डर के लिए जिम निशुल्क रहेगा। विकलांग महिला पुरुष भी नि:शुल्क जिम कर सकते है।

# साहित्य

कहानी

# एक दिन अचानक

■ ममता कालिया

बसन्त को इस बार सिर्फ तीन हफ्ते का मौका मिला लेकिन उसने रस, रंग और गंध का तीन तरफा आंदोलन छेड़ दिया। मेडिकल कॉलेज के विस्तृत और विशाल कैम्पस का कोई कोना नहीं छूटा, उसके स्पर्श से। सामने बना बड़ा सा अस्पताल भी एक बार अपनी समस्त गंध, दुर्गन्ध और विरूपता के साथ पराजित हो गया। ये बड़े-बड़े झबरे डेलिया, साथ में नन्हें-नन्हें नैस्टर्शियम, कैलेन्ड्यूला और सिनेरेरिया दिन भर धूम मचाए रहते और शाम होते ही रातरानी, राजरानी की तरह बौरा जाती। रंगों की बारात में सफेद रंग सिर्फ डॉक्टरों के कोट और दीवारों पर नज़र आता।

तीन हफ्ते खत्म होते न होते खुश्क हवाएँ चल निकलीं। ठंड एक बारगी कम हो गई। अखिल इसी टर्म में हाउस फिजिशयन बना था। वह पूरे जोश में था। उसे यह भी पता था कि अगला एक साल उसका ग्रामीण क्षेत्र में बीतेगा, पर वह जानता था हर सफल डॉक्टर के पीछे इस तरह की मशक्कत का लम्बा इतिहास रहता है। जब कभी माँ उसके घर आने के समय-असमय पर टोकती, वह कहता, 'माँ तुम भगवान से यही मनाओ कि मैं इतना कामयाब होऊँ कि मुझे खाने-पीने से ज्यादा मरीजों की फिक्र रहे।'

माँ बड़े गर्व से अखिल को देखती है। जब बड़ा बेटा अमल इंजीनियर बना था वह कितनी बेचैन रहती थी कि अखिल पढ़ाई में न जाने कैसा निकलेगा। अखिल तब कहता, 'माँ तुम फिक्र क्यों करती हो। मैं भैया से भी ज्यादा नाम कमाऊँगा।'

पहली ही बार में अखिल ने सी.पी.एम.टी. की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। माँ-बाप निश्चिंत हुए। अब चार साल में अखिल डॉक्टर बन जाएगा और छह-सात साल में ऐसी प्रैक्टिस जम जाएगी कि वे दो कमाऊ बेटों के माँ-बाप के रूप में बेफिक्र जीवन जियेंगे।

सब कुछ सोचे हुए नक्शे के मुताबिक चल रहा था। लेकिन उस दिन घर के गमलों में अचानक पतझड़ नज़र आया। यकायक कॉक्सकॉम्ब के पौधे मुरझा कर लटक गए और शाम तक ऐसे सूख गए जैसे उन पर कभी बहार आयी ही नहीं। उसी दोपहर की घटना है।

अखिल चौबीस घंटे की ड्यूटी कर अस्पताल से आ रहा था कि आनंद भवन के सामने सड़क क्रॉस करते एक बच्चे को बचाने की खातिर उसने अपने स्कूटर को ब्रेक लगाया। तभी पीछे से आ रही जीप ने स्कूटर में ठोकर मारी बच्चा तो बच निकला पर अखिल धक्का खाकर आगे को गिरा।

अगल-बगल कुछ पोस्टरों की दुकानें थीं। अब दुकानदारों ने उसे गिरता देखा पर यही समझा कि कुछ देर में स्वयं उठकर कपड़े झाड़ेगा और चला जाएगा। यह तो जब उसे पड़े हुए दो-चार मिनट हो गए, वहाँ मौजूद लोगों ने शोर मचाया, 'स्कूटरवाला मर गया, कोई है, इसे उठाए।'

दुकानदार इतना तो पहचानते थे कि यह नौजवान डॉक्टर रोज़ सुबह-शाम यहाँ से गुज़रता है पर उन्हें उसका नाम-पता-ठिकाने का कोई इल्म नहीं था।

कुछ मिनटों के ऊहापोह के बाद ये उसे सामने के एक नर्सिंग होम में डाल आए। जेब की तलाशी लेने पर जो कागज़ बरामद हुए उनके आधार पर उसके घर खबर भेजी गई।

पहले दो दिन माता-पिता ने डॉक्टरों के आश्वासनों पर बिताए, उसके बाद शहर के इलाज से उनका जी उखड़ गया। बेहोश अखिल की लखनऊ और दिल्ली में जाँच करायी गयी। हर जगह एक ही जवाब मिला, 'नर्व सेल दबने से डीप कोमा का केस है। ठीक होने में दस दिन से दस साल भी लग सकते हैं। मरीज़ को अकेला न छोड़ें, उससे बातचीत करें। चेतना कब वापस लौट आए, कहा नहीं जा सकता।

उस दिन तो पिता और माँ कुछ संतुष्ट हुए। उन्हें लगा वे अपने इस सोए हुए बेटे को जगाने में बहुत जल्द कामयाब हो जाएँगे। वापसी के दिन प्रभावती ने मन्दिर में प्रसाद भी चढ़ाया, 'हे रामजी मेरे हाथ से कोई भी पुण्य कभी हुआ हो तो इसे लगे। यह अपने हाथ-पैर से उठ खड़ा होय, भले ही मैं पड़ जाऊँ।'

अभी पड़ने की कौन कहे, बैठने की भी फुर्सत नहीं थी प्रभावती को। बब्बू की हालत में इतना सुधार होता था कि वह दिन में आँख खुली रखता, रात में नींद आने पर मूँद लेता। भूख लगती तो छोटे बच्चे की तरह आँ-आँ कर मचलता। खिचड़ी या दलिये का चम्मच मुँह से छुआने पर होंठ थोड़े खोल देता। चबाने और निगलने का जतन भी कर लेता, पर बहुत धीमे। अक्सर प्रभावती को एक कटोरी खिचड़ी खिलाने में एक घंटा लग जाता। कभी उसे लगता बब्बू एक बार फिर डेढ़ साल का बच्चा बन गया है जिसका हर काम उसे करना है। लेकिन सुबह जब वह उसके चेहरे पर बेतरतीब उगी शेव देखती, उसका स्वप्न टूट जाता। बेटे को बेडपैन देने, शेव करने और स्वच्छ करने का काम जयकृष्णजी ने संभाल लिया था। उसका बिस्तर बदलना, उसे करवट दिलाना और पीठ-कमर में पाउडर मलना, सब पिता के हिस्से के काम थे। ये सब वे बड़े नियम और एकाग्रता से करते। लेकिन पच्चीस साल के बेटे की देह का वज़न, सत्तावन साल के पिता से कई बार संभल न पाता। ऐसे में माँ-बाप दोनों मिलकर हाँफते हुए उसके नीचे से मैली चादर निकालते और साफ चादर बिछाते।



पहले दो दिन माता-पिता ने डॉक्टरों के आश्वासनों पर बिताए, उसके बाद शहर के इलाज से उनका जी उखड़ गया। बेहोश अखिल की लखनऊ और दिल्ली में जाँच करायी गयी। हर जगह एक ही जवाब मिला, 'नर्व सेल दबने से डीप कोमा का केस है। ठीक होने में दस दिन से दस साल भी लग सकते हैं। मरीज़ को अकेला न छोड़ें, उससे बातचीत करें। चेतना कब वापस लौट आए, कहा नहीं जा सकता। उस दिन तो पिता और माँ कुछ संतुष्ट हुए। उन्हें लगा वे अपने इस सोए हुए बेटे को जगाने में बहुत जल्द कामयाब हो जाएँगे। वापसी के दिन प्रभावती ने मन्दिर में प्रसाद भी चढ़ाया,'हे रामजी मेरे हाथ से कोई भी पुण्य कभी हुआ हो तो इसे लगे। यह अपने हाथ-पैर से उठ खड़ा होय, भले ही मैं पड़ जाऊँ।'

परिवार के लोग शुरू-शुरू में नियमिल आकर बेटे का हाल पूछते लेकिन जब यथास्थिति को एक साल गुज़र गया तो सबका आना कम हो गया। जयकृष्ण और प्रभावती कहीं निकल न पाते।

अखिल के साथी डॉक्टर कभी-कभी वक्त मिलने पर आते। वह दिन घर में चहल-पहल का होता। प्रभावती उमंग से रसोई में लगी रहती। उसे पता था अखिल को अपने दोस्तों से कितना लगाव था। वह ढेरों मठरियाँ और लड्डू बनाती। कई बार डाक्टर संदीप, डॉ. विजय और आरती कहते 'आज तो अखिल के चेहरे पर बड़ी रौनक है, लगता है बस अभी खड़ा हो जाएगा।'

माँ-बाप को लगता इन दोस्तों का मुँह मोतीचूर से भर दें। खास-तौर पर आरती का आना तो उन्हें नवजीवन दे जाता। पढ़ाई के दिनों से ही अखिल और आरती की दोस्ती का उन्हें अन्दाज़ था। लेकिन साल बीतते न बीतते, दोस्तों का आना कम हो गया। अब वे ग्रुप में न आकर अकेले-अकेले आते और थोड़ी देर में ही उठ जाते।

एक दिन आरती की शादी का कार्ड डॉ. संदीप ने उन्हें थमाया तो वे ठगे से रह गए। उस दिन उनसे खाना नहीं खाया गया। अन्ततः जयकृष्ण बोले 'शायद यह ठीक ही हुआ। कोई कब तक राह देख सकता है किसी की। बब्बू तो लम्बी नींद में है।'

'सावित्री को अपनी तपस्या का फल साल भर बाद मिल गया था, 'प्रभावती ने गहरी साँस लेकर कहा, नहीं तो जाने सतवान की कौन गत होती।'

'सबसे लम्बी तपस्या तो हमारी-तुम्हारी है प्रभा', जयकृष्ण ने कहा।

बेटे की लाचारी और अपनी जिन्दगी के कठिन कर्त्तव्य के प्रति जयकृष्ण में अपार कातरता और आत्मदया पैदा हो जाती। वे कह उठते, 'भगवान उठा ले मुझे अब और नहीं झेला जाता।'

प्रभावती कहती, 'सोच-समझ कर बोला करो। तुम्हें या मुझे कुछ हो गया तो बब्बू किसके सहारे जियेगा ? क्या पता यह कल उठ बैठे, साँस से आस है, आस से साँस।' अखिल के कमरे को देखकर कोई कह नहीं सकता था कि यह रोगी-कक्ष है। अन्दर के कमरों में चीजें बेतरतीब पड़ी रहतीं, रसोई में बर्तन लुढ़के रहते लेकिन अखिल का कमरा चमचमाता रहता।

इस साल दिसम्बर के आखिरी हफ्ते में जयकृष्ण रिटायर होने वाले थे। 31 दिसम्बर को एक सादे समारोह में उन्हें दफ्तर के साथियों ने भावभीनी विदाई दी और स्मृति चिह्न के रूप में एक व्हील चेयर। तिवारी ने उपहार देते हुए कहा, 'यह व्हील चेयर आपके लिए नहीं है। ईश्वर करे आप बहुत दिनों तक अपने पैरों पर खड़े रहें। पर शायद यह सामान आपको परिवार का बोझ ढोने लायक बनाए।'

जयकृष्ण का चेहरा आँसू-आँसू हो आया। साथियों से कहा, 'आपकी सहृदयता मेरी संचित निधि रहेगी। यह उपहार आप फुर्सत से कभी भिजवा दें। परिवार का बोझ सहने का मैं अभ्यस्त हो चला हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि मेरे जैसा कठिन भविष्य किसी को न मिले।'

घर पहुँचते-पहुँचते जयकृष्ण थककर चूर हो गए। प्रभावती ने उनके हाथ से ऑफिस का थैला लिया, अपने आँचल से उनका ललाट पोंछा और कहा, 'आप थोड़ी देर आराम कर लो। बहुत काम कर लिया जीवन भर।'

'बब्बू कैसा है ?'

'सो रहा है। तुम्हारे लिए हलवा बनाया था। उसे थोड़ा सा खिलाया। खुशी से खाया। सच, मेरी धोती खींचकर और भी माँगा।'

जयकृष्ण के मन में उम्मीद जगी कि बब्बू ठीक हो रहा है। अखिल को खिलाने के बाद प्रभावती उठीं तो उनकी धोती का एक सिरा बब्बू के हाथ के नीचे दब गया। इसी से उन्हें लगा वह उनका आँचल खींच रहा है। ऐसीं छोटी-छोटी उम्मीदों से वे दोनों जीवन पाते थे।

अमल ने घर पर फोन किया; पापा अब दफ्तर का चक्कर नहीं रहा। अखिल को किसी अस्पताल में भरती कर आप और मम्मी मेरे पास आकर रहो। दो-चार महीने में फ्रेश हो जाओ, तो वापस चले जाना। इतने वर्षों में आप एक बार भी मेरे घर नहीं आए।'

जयकृष्ण ने कहा, यह तू क्या कह रहा है अमल। अस्पताल में जीते-जागते मरीजों की दुर्गति हो जाती है, अखिल की कौन कहे। मैंने सुना है कोमा के मरीजों का तो यहाँ बहुत बुरा हाल होता है डॉक्टर अपने सारे एक्सपेरिमेंट उन पर करते है।'

'पर आप अपनी भी तो सोचिये, अमल ने कहा 'यह ड्यूटी कितनी साल चलेगी, बताना मुश्किल है। मुझे तो लगता है ये सब बब्बू के शरीर की हरकतों से उसके मरूदंड से होने वाली चेष्टाएँ हैं। इनमें दिमाग के जागने का कोई रास्ता नहीं है।'

जयकृष्ण बिगड़ गए, 'तू इतनी दूर बैठे-बैठे कैसे कह सकता है। अरे, वह खाना देखकर मुँह खोलता है, नींद आने पर आँख बन्द करता है, तकलीफ होने पर कराहता है।'

'ठीक है पापा जैसा आप चाहें। वैसे अस्पताल का आइडिया भी बुरा नहीं है। आपको कुछ आराम मिल जाएगा।' आराम तो उसी दिन मिलेगा जब वह उठ खड़ा होगा।' जयकृष्ण ने फोन रख दिया।

जल्द ही घर का नया रूटीन बन गया। सबेरे उठकर टहलने जाना, बाद में दूध लेते हुए लौटना, अखबार पढ़ना, चाय-पीना फिर अखिल की देखभाल में जुट जाना। अखिल उन दिनों के जीवन में सन्तान से ज्यादा भगवान होता जा रहा था। वह अपने बिस्तर पर निश्चल निद्रा में निमग्न रहता पर माता-पिता घर के हर काम में उसकी राय और इजाज़त लेते रहते। वे अपनी हर गतिविधि से उसे सूचित रखते।

इस बार डॉक्टर ने अखिल की जाँच कर हताशा में सिर हिला दिया, 'इनकी हालत में कोई बदलाव नजर नहीं आता। आँख के, हाथ के रिफलेक्स मूवमेंट्स हैं। यह बताइए, ये आप दोनों में से किसी को पहचानते है?'

'हम कैसे बताएँ डॉक्टर साब जब हम कमरे में आते हैं, यह बिटर-बिटर देखता रहता है।

'कभी माँ या पा जैसा कोई शब्द ?'

प्रभावती को रोना आ गया। आँसू के बाद निकला आक्रोश 'इत्ते दिनों से आप इंजेक्शन लगा रहे हो, दवा खिलाते हो, आप बताएँ यह कब बोलेगा। हमसे न पूछो, बब्बू का रोयाँ-रोयाँ हमसे बतियाता है।' अचानक एक दिन बब्बू की आँखों का भाव बदल गया, उसने खाने के लिए मुँह खोलना बन्द कर दिया। प्रभावती बौखला गई, 'सुनोजी आज बब्बू का जी अच्छा नहीं।'

उस दिन पति-पत्नी से भी कुछ खाया नहीं गया। दूसरे दिन बेटे की हलक में पानी भी अटकने लगा। डॉक्टर ने आकर ग्लूकोज़ सेलाइन लगा तीसरे दिन भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अचानक अखिल की बाँह में ग्लुकोज़ जाना बन्द हो गया। वह मुंदी आँखों से ही, तीसरे दिन इस दुनिया से निःशब्द विदा हो गया।

माता-पिता का क्रन्दन आस-पास की दीवारें हिला गया। लोग इकट्ठा हुए। सभी ने कहा, 'बड़ा कष्ट भोगा बेटे ने, समझो उसकी मुक्ति हुई।'

माता-पिता ऐसी सांत्वना से तड़प उठे। यथार्थवादियों ने कहा, 'दो साल से तो हम देख रहे हैं ये बब्बू न मरे में न जिये में। आप दोनों को भी बड़ा बन्धन रहा। सबको आजाद कर गया वह।'

जयकृष्ण और प्रभावती ने आग्नेय दृष्टि से लोगों को देखा। यह मौका नहीं था जवाब-तलब का।

शाम तक अमल भी आ गया। शास्त्रानुसार सूर्यास्त के पश्चात दाह संस्कार नहीं होता पर अमल समेत सभी सम्बन्धियों ने कहा 'विशेष परिस्थितियों में हर नियम का अपवाद भी होता है। बब्बू पहले ही बहुत झेल चुका है। अब उसे सद्गति मिल जाए।'

समस्त तैयारी के साथ घाट तक जाते-जाते अँधेरा गहरा गया। अँधेरे का लाभ उठाकर कई लोग बीच में ही वापस चले गए। जयकृष्ण सब कुछ खत्म होने के बाद भी वहीं बालू में सिर झुकाए बैठे रहे। अमल ने पास आकर कहा, 'पापा मुझे चक्कर आ रहा है, मैं घर जाऊँ या आप चलोगे ?'

जयकृष्ण जैसे नींद से जागे। घर पहुँचने पर वह बेटे के लम्बे-चौड़े कद के पीछे ऐसे दुबक गए जैसे कोई जघन्य अपराध करके लौटे हैं।

प्रभावती विलाप कर उठी, 'हाय घर कैसा खाली-खाली लग रहा है। अब हम कैसे जियेंगे।'

अमल के मुँह से निकला, 'वह था तब भी तो चैन नहीं था आपको।'

'यह तूने कैसे कही'? प्रभावती ने कहा।

'एक बार फोन पर आप नहीं रो रहीं थीं कि भान्जी के विवाह में आप नहीं जा पाईं और पापा आप भी तो कहते थे बेटा मुझझे उसका बोझ नहीं सँभलता।'

जयकृष्ण ने कहा, 'कभी कह दिया होगा पर अपनी जान में तो हमने उसे ठाकुरजी की तरह सेवा की।

अमल बोला, 'क्या फायदा हुआ ? आप एक जिन्दा लाश को ढोते रहे ढाई साल। न वह आपको देख सकता था न आप उसकी पीड़ा जान सकते थे। ही वाज़ जस्ट ए कैबेज।'

जयकृष्ण ने कानों पर हाथ रख लिए, 'राम राम अपने प्यारे भाई के लिए कैसी अधम भाषा बोल रहा है तू। तूने कैसे उसे कैबेज कह दिया। पता है एम.बी.बी.एस; में उसकी छठी पोजिशन थी। एम.डी. के लिए वजीफा यों ही नहीं मिला था।

अमल ने अटक कर कहा, 'मेरा मतलब यह नहीं था। मैं तो कह रहा था कि चोट खाने के बाद ढाई साल से वह आपके ऊपर बोझ ही था।'

'कोई बोझ नहीं था' प्रभावती ने प्रतिवाद किया।

'वैसे अच्छा होता, उसके जीवन काल में ही आप किसी जरूरतमंद को उसकी किडनी, दिल और आँखें दान में देते। इस तरह आपको चार-पाँच बेटे मिल जाते।'

प्रभावती तड़प गई 'तूने खूब निभाया हिसाब। एक-दो बार डॉक्टर लोग भी हमारे पास यही सब समझाने आए थे। मैंने उन्हें धक्के देकर निकाल दिया। चंडाल भी अपने पेट का जाया नहीं बेचते।'

'हमेशा उल्टा बोलती हो। इसे बेचना नहीं दान देना कहते हैं।'

'यानी जीते में ही उसे मरा मान लेते। अरे उसके साँस लेने से यह घर भरा-भरा लगता था। कैसी रौनक थी उसकी। लेटा हुआ लगता था अब बोला, तब बोला। सच्ची कहूँ तो तेरे से ज्यादा उसका आसरा था हमें। तू इतनी दूर बैठा है। हमारी तो वह सन्तान भी था भगवान भी। कैसा बिटर-बिटर ताकता रहता था। जरा सा मुँह पोंछ दो तो फूल की तरह खिल जाता।'

'इन बातों का अब कोई लाभ नहीं है। माँ मुझे जल्दी वापस भी जाना है।'

'सो तो हम जानते हैं। तेरा लछमन जैसा भैया चला गया, तेरी आँख तक गीली नहीं हुई। यही बताने हमें आया था तो जा, हम समझेंगे हम निपूते ही रहे। प्रभावती ने आँचल में मुँह छुपा लिया।

---

संदर्भ : 27 जून, हास्य और व्यंग्य लेखक कन्हैया लाल कपूर का जन्मदिवस

# कन्हैया लाल कपूर : उर्दू व्यंग्य लेखन के कुतुबमीनार

■ ज़ाहिद ख़ान

उर्दू अदब में कन्हैया लाल कपूर की शिनाख़्त हास्य और व्यंग्य के बेजोड़ लेखक के तौर पर है। जिन्होंने उर्दू हास्य और व्यंग्य लेखन को नई दिशा प्रदान की। अपने व्यंग्य लेखन से उर्दू अदब को आबाद किया। उर्दू ही उनका ओढ़ना-बिछौना थी। इस ज़बान से उन्हें दीवानों की तरह मुहब्बत थी। अंग्रेज़ी ज़बान के प्रोफ़ेसर होने के बाद भी उन्होंने अपना सारा लेखन उर्दू में ही किया। और उर्दू अदब में अपनी एक अलग पहचान बनाई। 27 जून, 1910 को अविभाजित भारत के लायलपुर जिले के एक छोटे-से गाँव में हुई। कन्हैया लाल कपूर की आला तालीम लाहौर में हुई। गवर्नमेंट कॉलेज, लाहौर से उन्होंने इंग्लिश लिटरेचर में एम.ए का इम्तिहान पास किया। गवर्नमेंट कॉलेज में उर्दू अदब के एक और बड़े तंज-ओ-मिज़ाह निगार सैयद अहमद शाह उर्फ़ पतरस बुख़ारी कपूर के उस्ताद थे। न सिर्फ़ वे तालीम में कन्हैया लाल कपूर के उस्ताद थे, बल्कि अदब के मैदान में भी उन्होंने हमेशा उनकी रहनुमाई की। पतरस बुख़ारी ने कपूर की हौसला—अफ़ज़ाई करते हुए, उन्हें हास्य और व्यंग्य लेखन करने की सलाह दी। अपने एक लेख 'पीर-ओ-मुर्शिद' में कन्हैया लाल कपूर ने ख़ुद यह बात तस्लीम की है कि "मैंने अपने उस्ताद प्रोफ़ेसर पतरस बुख़ारी से हर रिवायती चीज़ और हर बेढंगे शख़्स का मज़ाक़ उड़ाना सीखा।" अपनी तालीम मुकम्मल करने के बाद कन्हैया लाल कपूर लाहौर के डीएवी कॉलेज में ही पढ़ाने लगे। मिर्ज़ा अदीब, पतरस बुख़ारी, कृश्न चंदर, उपेन्द्रनाथ अश्क, गोपाल मित्तल, फ़िक्र तौंसवी और राजा मेहदी अली ख़ाँ उनके ख़ास दोस्त थे। इनके साथ आए दिन उनकी महफ़िलें जमती थीं। जहाँ सियासत से लेकर अदब पर बहसें होतीं। इंग्लिश लिटरेचर पढ़ने-पढ़ाने के दौरान कन्हैया लाल कपूर अंग्रेज़ी के हास्य और व्यंग्य साहित्य से अच्छी तरह वाक़िफ़ हो गए। उनका रुजहान भी हास्य और व्यंग्य लेखन की ओर हो गया।

कन्हैया लाल कपूर का पहला व्यंग्य लेख 'ख़फ़क़ान' मशहूर अफ़साना निगार कृश्न चंदर के अफ़साने 'यरक़ान' की पैरोडी था। कृश्न चंदर ने जब इसे पढ़ा, तो उन्होंने भी इस लेख की तारीफ़ की। वे कपूर की चुटीली लाइनों और उनकी लेखन शैली से बेहद मुतास्सिर हुए। और उन्होंने भी कपूर को हास्य-व्यंग्य लेखन जारी रखने की सलाह दी। ज़ाहिर है पतरस बुख़ारी और कृश्न चंदर जैसे आला अदीबों की हौसला—अफ़ज़ाई से कन्हैया लाल कपूर ने अपने लेखन को और सँवारा। उनका अगला व्यंग्य लेख 'अख़बार बीनी' और उसके बाद 'चीनी शायरी' था, जो उस दौर में लाहौर से निकलने वाली मशहूर मैग़ज़ीन 'अदब-ए-लतीफ़' के साल-नामे (साल-1938) में छपा। साहित्यिक आलोचकों पर यह एक मज़ेदार व्यंग्य था। जिसकी चारों और ख़ूब तारीफ़ हुई। इस व्यंग्य लेख में कन्हैया लाल कपूर ने साहित्यिक आलोचकों को अपना निशाना बनाया था। ख़ास तौर पर उन आलोचकों को जो साहित्य और उसके सिद्धांतों के बारे में बहुत कम जानते हैं, लेकिन सब कुछ जानने-समझने का दिखावा और दावा करते हैं। 'ग़ालिब तरक़्क़ी-पसंद शुअरा की मजलिस में' यह वह व्यंग्य था, जिसने कन्हैया लाल कपूर को पूरे मुल्क में शोहरत दिलाई। यह व्यंग्य साल 1942 में 'अदबी दुनिया' के एक शुमारे में छपा। तब से लेकर अब तक यह कई मर्तबा अलग-अलग अख़बार, मैगज़ीन और हास्य-व्यंग्य संकलनों में प्रकाशित हो चुका है। जब भी यह छपता है, पाठक इसे पसंद करते हैं।



बंटवारे के बाद, कन्हैया लाल कपूर पंजाब के भारतीय हिस्से में चले आए और मोगा में बस गए। यहाँ उन्हें डीएम कॉलेज में प्रोफ़ेसर की नौकरी मिल गई और यहीं से वे प्रिंसिपल के ओहदे से रिटायर हुए। कन्हैया लाल कपूर अपनी ज़िंदगी के आख़िरी समय जालंधर और महाराष्ट्र के पुणे में रहे। कन्हैया लाल कपूर को पैरोडी लिखने में महारत हासिल थी। उनकी मशहूर पैरोडी में 'सलीम और अनारकली', 'जाना हातिमताई का', 'मीर की शायरी का नफ़्सियाती तज्जिया', 'तरक़्क़ी-पसंद ग़ालिब', 'ग़ालिब के दो सवाल', 'ग़ालिब के उड़ेंगे पुर्ज़े' शामिल हैं। इन पैरोडी में उन्होंने उर्दू के अदीबों, साहित्यिक विषयों और प्रवृत्तियों पर व्यंग्य किया है। 'उर्दू अदब का आख़िरी दौर' मुहम्मद हुसैन आज़ाद की मशहूर रचना 'आब-ए-हयात' की पैरोडी है। अपने ज़माने में कन्हैया लाल कपूर किसी को भी ख़ातिर में नहीं लाते थे। कृश्न चंदर ने कन्हैया लाल कपूर की इसी आदत के बारे में एक जगह लिखा है, "कन्हैया लाल कपूर हर उस चीज़ का मज़ाक़ उड़ाता है, जो ज़मीन के ऊपर और आसमान के नीचे है।" लेखन के अलावा कन्हैया लाल कपूर का क़द हमेशा चर्चा का मौज़ूअ रहा और इस पर कई लतीफ़े गढ़े गए। वे साढ़े छह फ़ुट लंबे थे। उनसे मुताल्लिक़ एक क़िस्सा बहुत मशहूर है। गवर्नमेंट कॉलेज, लाहौर में जब वे एमए (अंग्रेजी) पाठ्यक्रम में दाख़िले के लिए इंटरव्यू देने पहुँचे, तो इंटरव्यू पैनल के मेम्बर पतरस बुख़ारी ने कपूर से मज़ाक़ में पूछा, "आप हमेशा इतने लम्बे नज़र आते हैं या आज ख़ास बंदोबस्त करके आए हैं ?" कन्हैया लाल कपूर की शुरुआत में जो भी किताबें आयीं, उनमें एक स्व-परिचयात्मक नोट होता था, जिसमें वे अपना ही मज़ाक़ उड़ाते थे। "नाम-कन्हैया लाल कपूर। मगर बहुत कम साथी मुझे नाम की वजह से जानते हैं ! क़द = छः फ़ीट....। अहल-ए-ज़बान सा दिल-ओ-दिमाग़ तो नहीं, अलबत्ता जिस्म ज़रूर रखता हूँ।'

बंटवारे ने कन्हैया लाल कपूर और उनके लेखन को बेहद मुतास्सिर किया। उनके लेखन में व्यंग्य की धार और भी ज़्यादा बढ़ गई। अपने व्यंग्य से ख़ास तौर पर उन्होंने सियासत को निशाना बनाया। समाज में जो आर्थिक, सामाजिक विसंगतियाँ हैं उन पर वार किया। कन्हैया लाल कपूर का यह अंदाज़ पाठकों को ख़ूब पसंद आया। वे उनके व्यंग्य और किताबों का इंतज़ार करते थे। 'बंदा परवर ! कब तलक', 'चौपट राजा', 'नया शिकंजा', 'कामरेड शेख़ चिल्ली', 'इन्कम टैक्स वाले', 'गरीबी का अंत', 'पाँच प्रकार के बेहूदा पति', 'देसी फिरंगी का दरबार', 'विद्वानों से मुलाकात', 'चंद मक़बूल आम फ़िल्मी सीन' और 'हमने अपना भारतीयकरण किया' उनके मक़बूल व्यंग्य हैं। कन्हैया लाल कपूर ने अख़बारों और मैगज़ीनों में कॉलम भी लिखे और इन कॉलम में आम अवाम की समस्याओं को पुर-ज़ोर तरीक़े से उठाया। 'हिन्द समाचार' में प्रकाशित उनका कॉलम 'मैं देखता चला गया' ख़ूब चर्चा में रहा। इस कॉलम में वे आम इंसानी मसलों को हल्के-फुल्के अंदाज़ में उठाकर, लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचते थे। कन्हैया लाल कपूर के व्यंग्य बड़े दिलचस्प और मज़ेदार होते थे। पहले ही जुमले से वे पाठकों को अपने लेखन से बांध लेते थे। यक़ीन न हो, तो उनके व्यंग्य 'आज़ादी की कसम' की इब्तिदा पर एक नज़र डालिये, "मैं तिरंगे की कसम खाता हूँ कि बापू के बलिदान को कभी नहीं भूलूँगा, लेकिन बापू के बताए हुए उसूलों पर कभी अमल नहीं करूँगा।"

धार्मिक अंधविश्वास एवं कर्मकांड, सामाजिक रूढ़ियों और मज़हबी कट्टरता पर भी कन्हैया लाल कपूर ने तीखे़ वार किए। अपने एक व्यंग्य 'तआरुफ़' में वे लिखते हैं, "मज़हब बेवकूफ़ों के लिए है। क्योंकि किसी भी मज़हब में कोई ऐसी बात नहीं बतायी जाती, जिसे एक बुद्धिमान आदमी पहले से नहीं जानता हो। इसलिए बुद्धिमानी मज़हब की मोहताज कभी नहीं रही है। हाँ, बेवकूफ़ों को मज़हब के माध्यम से बड़ी कामयाबी से फाँसा जा सकता है।" कन्हैया लाल कपूर उर्दू ज़बान के दिल-दादा थे। उर्दू की जब भी बात आती, वे जज़्बाती हो जाते। अपने व्यंग्य 'बृज बानो' में उन्होंने उर्दू ज़बान की पुर—ज़ोर हिमायत की है। यह व्यंग्य इतना शानदार है कि आख़िर तक आते-आते पाठकों को मुतास्सिर कर लेता है। कन्हैया लाल कपूर अपनी दलीलों से सभी को क़ायल कर लेते हैं। साल 1942 में कन्हैया लाल कपूर की पहली किताब 'संग-ओ-ख़श्ति' प्रकाशित हुई, जो बेहद पसंद की गई। 'चंग-ओ-रुबाब' (साल-1944), 'शीशा-ओ-तीशा' (साल-1944), 'नोक-ओ-नश्तर' (साल-1949), 'बाल-ओ-पर' (साल-1953), 'गर्द-ए-कारवाँ' (साल-1960), 'दलील-ए-सहर' (साल-1966) और 'कॉमरेड शेख़ चिल्ली' कन्हैया लाल कपूर की अहम किताबें हैं। इसके अलावा उनकी सभी रचनाएँ 'कुल्लियात-ए-कपूर' में एक जगह संकलित हैं। मशहूर नक़्क़ाद और इतिहासकार नूरुल हसन नक़वी ने कन्हैया लाल कपूर के बारे में लिखा है, "उनमें एक मजबूत कलात्मक चेतना थी और वे अच्छी तरह जानते थे कि उच्च स्तरीय साहित्य का सृजन कैसे होता है।" ज़ाहिर है कि यही वह कलात्मक चेतना थी, जिससे कन्हैया लाल कपूर ने उर्दू अदब में हास्य और व्यंग्य की कई शाहकार रचनाएँ दीं। अपनी व्यंग्य रचनाओं से उन्होंने न सिर्फ़ पाठकों का मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें अप्रत्यक्ष तौर पर शिक्षित भी किया। राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक समस्याओं के प्रति जागरूक किया। उन्हें चेतना संपन्न बनाया। उर्दू अदब में कन्हैया लाल कपूर के योगदान का विश्लेषण करते हुए मशहूर हास्य और व्यंग्य लेखक मुज्तबा हुसैन ने लिखा है, "कपूर साहिब ने उर्दू तंज़-ओ-मिज़ाह को क्या दिया है, इसका हिसाब-किताब तो आलोचक करते रहेंगे। यहाँ में सिर्फ़ इतना कहूँगा कि जब हिन्दुस्तान की बहुत-सी ज़बानों में आधुनिक राजनीतिक व्यंग्य की नींव भी नहीं पड़ी थी, तब कपूर साहिब ने उर्दू में आधुनिक राजनीतिक व्यंग्य के बेमिसाल नमूने पेश किये थे। कन्हैया लाल कपूर सचमुच उर्दू व्यंग्य लेखन के कुतुबमीनार हैं।"

---

## ग़ज़ल

■ वसीम बरेलवी

कौन-सी बात कहाँ, कैसे कही जाती है
ये सलीक़ा हो, तो हर बात सुनी जाती है

जैसा चाहा था तुझे, देख न पाये दुनिया
दिल में बस एक ये हसरत ही रही जाती है

एक बिगड़ी हुई औलाद भला क्या जाने
कैसे माँ-बाप के होंठों से हँसी जाती है

कर्ज़ का बोझ उठाये हुए चलने का अज़ाब
जैसे सर पर कोई दीवार गिरी जाती है

अपनी पहचान मिटा देना हो जैसे सब कुछ
जो नदी है वो समंदर से मिली जाती है

पूछना है तो ग़ज़ल वालों से पूछो जाकर
कैसे हर बात सलीक़े से कही जाती है

---

उसूलों पे जहाँ आँच आये टकराना ज़रूरी है
जो ज़िन्दा हों तो फिर ज़िन्दा नज़र आना ज़रूरी है

नई उम्रों की ख़ुदमुख़्तारियों को कौन समझाये
कहाँ से बच के चलना है कहाँ जाना ज़रूरी है

थके हारे परिन्दे जब बसेरे के लिये लौटें
सलीक़ामन्द शाख़ों का लचक जाना ज़रूरी है

बहुत बेबाक आँखों में तअल्लुक़ टिक नहीं पाता
मुहब्बत में कशिश रखने को शर्माना ज़रूरी है

सलीक़ा ही नहीं शायद उसे महसूस करने का
जो कहता है ख़ुदा है तो नज़र आना ज़रूरी है

मेरे होंठों पे अपनी प्यास रख दो और फिर सोचो
कि इस के बाद भी दुनिया में कुछ पाना ज़रूरी है

## हाना

दुधारू गाय के लात मीठ।
दुधारू गाय ह दूध देथे त ओकर लात ह घलो सहा जाथे।वइसने मनखे ह जेन ह बने बेवहार करथे मदद करथे त ओहा कड़ु बोली बोलही एक थपरा मार देही तभो सहा जोथ। तेकर सेती ए हाना ल केहे जाथे।

## शब्द अरथ

1. छंदझ्या–छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई – छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी– छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना– छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी–छदना
6. छंदल– छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी– छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा– छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

# हास्य के डाक्टर नंदागे



डा. सुरेंद्र दुबे जी 26 जून के अंतिम सांस लिन। उंखर हास्य ल देख के यमदूत मन घलो हांसत रहिन हें तब कइसे चल दिन सोचे के बात आये। ये ह तो तकनीकी खराबी ह ओमन ल लेगगे वरना भगवान ल भी सोचे बर परतिस। आज तनावपूर्ण और व्यस्त जिनगी म लोगन हांसे बर भुलागे हावंय तब दुबे जी पूरा विश्व ल हंसावत हावय। ओखर कविता ल सुन के एक समय म उंखर कविता सुने बर रायपुर म रद्दा जाम हो जाये तब तो दिल का चीज आये, खून ह दउड़े बर भुलागे, दिल ह धड़के बर भुलागे।

हांसी के राजा के जन्म 8 जनवरी 1953 म छत्तीसगढ़ के बेमेतरा ग्राम म होय रहिस हे। बी ए एम एस डाक्टर रहिन हें। संगे संग कवि घलो रहिन हें। उंखर पहिचान अन्तरराष्ट्रीय कवि के रुप म रहिस हे। मरीज ल दवाई देवय त बाकी मन ल कविता म जड़ी बूटी घोर के पिलावय। ओमन ल व्यंग्य के डाक्टर काहत रहिन हे। कई चैनल म कवि सम्मेलन म भाग लेवत रहिन हे। व्यंग्य म घलो शालीनता बने राहय। इही उंखर बहुत बड़े पहिचान रहिस हे। 2010 म भारत के चौथा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री ले भी सम्मानित करे गे रहिस हे।

छतीसगढ़ी भाषा ल विश्व म पहुंचइया सुरेन्द्र दुबे जी सुनावंय–

मैं छत्तीसगढ़ ले आये हंव,
धान कटोरा लाये हंव
विश्व गुरु हमी अन,
इही बताये बर आये हंव।

ये संदेश सब जगह देवय। कविता सुनावय त हर चार पंक्ति के बाद 'सांस लेना हे ताली बजाओं या ताली बजाना हे' काहय त बड़े–बड़े मंत्री मन भी हांस देवंय। 'टाइगर अभी जिंदा है' अपन जिंदादिली के परिचय देवयं। एक बेर खबर अइस के बेमेतरा के कवि डा. सुरेंद्र दुबे जी के निधन होगे। अंतिम संस्कार बेमेतरा म होही। ये बात ल कइ बेर मंच ले बता के काहय 'टाइगर अभी जिंदा हे।' दुर्ग म सरोज पांडे ह मरघट के सौंदर्यीकरण करवाइस त देख के बोलिस, अतेक सुंदर ग्रेनाइट के चबूतरा ल अउ पूरा मरघट ल देख के कोन मरना नइ चाही ?'

छत्तीसगढ़ी भाषा आज वोट मांगे के अउ व्यापार करे के भाषा आये। ये विचार हमेशा मंच म रखंय। दुबे जी आयुर्वेद डाक्टर रहिन हें। मंच ले अपन राजभाषा आयोग के सचिव बनाये के किस्सा 2024 ल बेबीलोन होटल म होय राजभाषा के सम्मेलन म बताये रहिन हें।

'2008 म सीएम कहिन मैं तोला कुछ देना चाहत हंव। तब मैं स्वयं कहेंव के कुछ मत दे बस राजभाषा आयोग के गठन कर अउ मोला सचिव बना। येला आईएएस कैडर के रखबे।'

बोले म निडरता अउ अपन बात ल मंच म बताना उंखर खास गुण रहिस हे। ऐखर विरोध होइस। नॉन पीएससी आये अउ न आईएएस कैडर के आये। मेडिकल पी एस सी के रहिन हें। ओमन कहे रहिन हें के 'कोनो आई ए एस कैडर के होही अउ पद्मश्री होही त ओला सचिव बना दे जाये। मोर अलावा कोन हे ?'

दुबे जी ल ससस्मान सचिव बना दे गीस। ये मांग स्वयं करके सचिव बनिन अउ दस बछर ले भाषा के लड़ाई लड़ते रहिन। हमेशा काहत रहिन के इतिहास, भूगोल, रसायन शास्त्र, भौतिक शास्त्र जइसे अनेकों विषय के छत्तीसगढ़ी अनुवाद करे जाये। जब छत्तीसगढ़ी माध्यम बनही तब ये सब पाठ्यक्रम म आही।

राजभाषा आयोग के तीन मांग 2008 ले आज 2024 तक चलत हावय–

1. छत्तीसगढ़ी म राजकाज करव।
2. छत्तीसगढ़ी म पाठ्यक्रम रखव
3. छत्तीसगढ़ी ल आठवी अनुसूची म लावव।

ये मांग पूरा नई होय के दुख ओमन ल होवत रहिस हे। बिना सेंट्रल सिलेबस के छत्तीसगढ़ी भाषा नई आवय। येखर बर लाल बहादुर शास्त्री एकदेमी लाय बर परही। इंहा छत्तीसगढ़ी ल लाये बर आठवीं अनुसूची म आना जरूरी हावय। अपन कार्यकाल ले लेके अब तक येखर पीरा रहिस हे। एक अइसना मनखे चल दिन जेन बड़े–बड़े नेता ले लेके पदाधिकारी मन के बारे म मंच ले कहि देवयं। ओमन भी हांस देवयं। दोनों पार्टी के मन बइठे रहिथें अउ सब मुचमुचावत रहिथे। एक बेर पिछला पार्टी बर कहि दिस 'निपटगे' भूतपूर्व अउ वर्तमान मुख्यमंत्री मन जी खोल के हांस दिन।

अपन करिया रंग उपर बहुत ही गौरव के साथ हास्य पुट दे के कई किस्सा सुनावयं जेला सुनके सब पेट पकड़ के हांसय। पत्नी ऊपर भी बहुत से कविता हावय। कई जगह शशि अउ दुबे जी मंच म संग–संग राहंय। एक दूसर उपर स्वस्थ मजाक चलय। ये सब बहुत कुछ सीख देथे। समाज में सब के सम्मान करव। पति–पत्नी आपस म एक दूसर के सम्मान करव। अपन संस्कृति खान–पान के सम्मान करव। भाषा बोले ले शर्म नई आना चाही। बोलव त सम्मान के साथ बोलव।

विदेश म जब भी कवि सम्मेलन म जावय तब छत्तीसगढ़ के संस्कृति, खानपान ऊपर जरुर कविता सुनावयं। मुनगा ऊपर ऊंखर गोठ बात सब जगह सुरता करे जाथे। विदेशी मंच म हिन्दी के संग छत्तीसगढ़ी ल जरुर रखयं। अपन छत्तीसगढ़ के प्रति प्रेम, अपन छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रति प्रेम पूरा विश्व म दिखाई देवत रहिस हे। छत्तीसगढ़ के भाषा संस्कृति के परचम विश्व म लहरा दे हावयं। जेन भाषा संस्कृति के बीज बोये हावय ओ ह जरूर एक वृक्ष के रूप लिही जेमा उंखर नाम लिखाय रइही। आज मीर अली मीर भैय्या के गीत सुरता आवत हे– 'नंदा जही का रे' आज हमर छत्तीसगढ़ के एक अन्तरराष्ट्रीय हीरा नंदागे। बस सुरता म ही रइही।' मंच सुन्ना होगे। कतको झन आहीं फेर ओ आवाज, ओ निडरता पूर्ण गोठ अब सुने बर नइ मिलय। मड़ई परिवार डाहर ले सादर नमन हे।

–सुधा वर्मा

---

**नंदनी मन म महादेव ला जपिस-हे प्रभु, मोला मोर मालकिन ला बचाय बर शक्ति दे, ओखर बाद मोर जान ले ले मोला कांही गम नइ रही। अतका कहिके का होइस, नंदनी के शरीर म कुछ बदलाब आगे। ओला अपन दरद कम लगे लागिस। फेर ओ अपन बचे ताकत संग आगू बढ़े खातिर जोर लगाइस। दू मिनट म आखिर वो हा 5 हाथ के दूरी पार करके किनारा म पहुंचगे।**

# नंदनी

कहिनी

निगोड़ी दिन भर खाथे रहिथे, जतेक देवव सब ला हजम कर जाथे। फेर दूध एक पाव ले जियादा नइ देय। चुन्नू के महतारी हर दिन दसो बेर नंदनी ला कोसथे। चुन्नू जब अपन माई के मुंह ले नंदनी बर गारी सुनय, त ओकर मन भारी दुखी हो जाथे। चुन्नू अउ नंदनी बचपन ले संगी रहिन। दुनो के उमर अब 8 बरिस के हो गे हे। चुन्नू रोज बिहान नंदनी संग कोतीच नदी म जाथे। सही माने म त वह त नंदनी के संग चलत–चलत तौरना घलो सीख ले रहिस।

अब सावन के महीना आगे रहिस बेरा–बेरा म पानी टपकत रहिस हवय। इतवार के दुपहर लक्ष्मी जब घर आइस, त वो हांफत रहिस। ओकर गोड़ म लहू के छींटा रहिस, अइसे लगिस कोई ओकर गोड़ ला दांत ले काट डारे रहिस। जब सहोदरा ओला ए हालत म देखिस, त फेर सुरू होगे ओकर बड़बड़ाहट –'करमजली, मर काबर नइ जाथे रे!'

एक रात, 12 बजे चुन्नू के नींद खुलगे। कारण रहिस– नंदनी अंगना म बंधाय रहिके जोर–जोर ले रंभात रहिस, चिचियात रहिस। चुन्नू बाहिर निकल के देखिस, त भारी पानी बरसत रहिस। अंगना म पानी भरना चालू होगे रहिस। उंखर घर नदी के बिलकुल तीर म रहिस, त बरसात अउ नदी दूनो के पानी पहिली उंखरे घर म घुसय।

चुन्नू अपन माई–बाबू ला जगा के सब बात बताइस। उंकरो होश उड़ गे अउ समझ गिन – अब गांव छोड़ के बाजू म चुन्नू के ममा गांव जाना जियादा सुरक्षित रही।

उनकर घर म एक छोटे नाव रहिस। तेन म तीनों मन बइठगे। संग–संग अपन गइया नंदनी ला घलो नाव के आगू म खड़ा कर दिन। नंदनी अभी घाव ले पीड़ित अउ थके–थके दिखत रहिस।

नाव डगमगात–डगमगात नदी म उतरगे अउ पार जाय बर लगिस। 20–25 हाथ के दूरी बिना कोनो भारी दिक्कत के पार कर लीन, फेर एक ठन जबरदस्त पानी के बहाव आय ले, त नाव पलट गे अउ चारों झन नदी म गिर परिन।

चुन्नू अउ ओकर बाबू ला तउरना आवय, त वो मन तौर के बाहिर निकले के उदिम करे लगिन। फेर सहोदरा ला तउरना नइ आवत रहिस, त ओ डूबे लागिस। नंदनी जब देखिस के ओकर मालकिन डूबत हे, त ओ तुरते पाछू ले तउंर के गीस, अउ डूबकी मार के अपन मालकिन के नीचे पहुंचगे। फेर ओला अपन पीठ ऊपर बइठा के आगू बढ़े लागिस। नंदनी के हालत अभी घलो कमजोर रहिस, त पानी के तेज धार म ओकर तकलीफ अउ बढ़गे। ओला पूरा ताकत लगाना पड़त रहिस।

थोड़ा दूर गीस, त ओकर सांस फूलगे। ओ डर गे–का मैं अपन मालकिन ला बचा पाहूं ? फेर वो अउ जोर लगाइस। 10 हाथ अउ पार कर लीस। अब बस 5 हाथ बांचे रहिस किनारा ला धरे बर। ततके म ओकर छाती म भयंकर दरद होए लागिस। ओ सोचिस– अब मोर आखिरी बेरा आगे हे।

नंदनी मन म महादेव ला जपिस–हे प्रभु, मोला मोर मालकिन ला बचाय बर शक्ति दे, ओखर बाद मोर जान ले ले मोला कांही गम नइ रही। अतका कहिके का होइस, नंदनी के शरीर म कुछ बदलाब आगे। ओला अपन दरद कम लगे लागिस। फेर ओ अपन बचे ताकत संग आगू बढ़े खातिर जोर लगाइस।

दू मिनट म आखिर वो हा 5 हाथ के दूरी पार करके किनारा म पहुंचगे। पहुंचते ही सहोदरा देवी नंदनी के पीठ ले उतरिस, अउ ओला गले लगा के फूट–फूट के रोय लगिस। नंदनी घलो अपन मालकिन के मया भरे नजर ले देखिस। ओकर आंखी ले घलो आंसू झरे लगिस। ओखर बाद नंदनी के आंखी सदा बर तोपा गिस।

सहोदरा दहाड़ मार के रोय लागिस। अब ओकर मन म ए बात घुसिस–नंदनी के असल महत्तम का रहिस ? का होइस जेन वो दूध कम देवय, का होइस जे चारा जियादा खाथे, फेर ओ त पूरा परिवार बर समर्पित रहिस।

ए घटना के बाद सहोदरा के जिनगी अउ सोच म बहुते बदलाब आ गे। अब वो अपन खेती के जमीन म गोशाला बनवा लीस अउ गाय मन के सेवा म लगगे। अब हर रक्षाबंधन म गाय अउ सब जानवर मन ला राखी बांधथे।

**संजय दानी**

---

# चेंदरू -7

गांव के बाहिर, गोड़ धोवा तिर के थोकन बाजू म, एक ठन भसकहा भुतहा कुआं अऊ उही जगा म दू ठन किन्नस के रुख रिहिस। किन्नस के रूख म फागुन के झरती म फर लगय। फर अबड़ मिठ रहय, फेर कोन्हो खाय निही अऊ तो अऊ कोन्हो रुख तिर जाय घला निही। लइका मन लुका–चोरी फर के स्वाद पा चुके रहय। फेर ओमन ला सियान मन जानेच नी देवय। जे जाय ते अपन घर म गारी खावय। सब कहय– किन्नस के रुख म परेतिन रहिथे अऊ भसकहा कुआं म बिगन मुड़ी के भूत हाबे। ओ तिर म जाय ले सब झझकय। रुख तिर जाय म रुख अपने अपन हालत हे कस लागय। एती ले ओती जझरंग जझरंग कूदे कस आवाज आवय। दिखय कांही निही।



चेंदरू अऊ ओकर दुनों संगवारी मन किन्नस के फर ला जम के खाय। किन्नस के रुख म कोन्हो कभू नी चघे रहय। चघय केवल चेंदरू। ओला सबो झन रुख तिर जाय बर अबड़ बरजय। परेतिन धर लिही कहय। चेंदरू के बाप हा परेतिन मरेतिन, मरी मशान ऊत–भूत नी मानय। ओहा खुदे खाय अऊ चेंदरू ला घला खाय बर कहय।

एक दिन के बात आय चेंदरू के कुछ अऊ संगवारी मन किन्नस खाय के मन करिन। चेंदरू हा अपन संगवारी मन के मन म साहस भरे बर ओमन ला किन्नस के रुख तरी लेगे के सोंचिस। संगवारी मनला किहिस– किन्नस के फर खाय बर रुख तिर म जाय ला परही तभे मिलही। लान के नी देवन। संगवारी मन आधा डर आधा बल करके लालच म चलदिन। पिंवरा– पिवरा, पक्का–पक्का फर दिखत रहय। लइका मन रुख म लबेदा मारना शुरू करिन। झरझर–झरझर फर गिरे लगिस। एक–दू ठन लबेदा हा रुख म अटकगे। लइका मन रुख खाल्हे गिरे फर ला बिने लगिन। उदुपले सरसर–सरसर हवा चलिस, रुख हालिस। एक ठन लबेदा हा एक झन लइका के मुड़ उपर गिरिस। लइका के मुड़ ले तरतर तरतर लहू बोहाय लगिन। परेतिन निकलगे। परेतिन निकलगे कहत सबो लइका धरा रपटी भाग गिन।

ओ दिन ले रुख तिर म नी जाय बर ओकर संगवारी मन कसम खा डरिन। रुख तिर जवइया केवल चेंदरू। सूरदास अऊ खोरवा रहि गिस। चेंदरू हा बेंदरा मन कस ये डारा ले ओ डारा कूद जाय अऊ अइसने करत सरी किन्नस ला झर्रा डरय। जंगली फल ला तीनों संगवारी मन पेट के फूटत ले खावय। जंगली फल म अतेक ताकत रहय के,चेंदरू अऊ सूरदास के देंहे जबर होय लगिस अऊ घेरी–बेरी दसना म परइया खोरवा घला भितर ले मजबूत होय लगिस।

एक दिन चेंदरू हा किन्नस रुख ले गिरगे। पीठ भार गिरिस। पीरा के मारे बुखार धर लिस। बुखार म कांपे लगिस अऊ बड़बड़ावत रंग–रंग के गोठियाय लगिस। गांव भर हल्ला मातगे के चेंदरू ला रुख ले परेतिन ढकेल दिस। तहन कुआं के भूत धर लिस। बाप कमाय बर खेत गे रहय। ओकर महतारी हा बइद ला इलाज करन नी दिस अऊ बइगा ला बला डरिस। बइगा केहे लगिस–भूत धरे हे, ओहा येकर मुड़ म सवार होय के कोशिस करत हे। ओहा बहुत ताकतवर हे। तभो ले कोशिस करहूं कहत झाड़ा–फूंका करत मंतर मारे लगिस। लोभान जलाय लगिस घेरी–बेरी हूम–धूप के कोहरा ला लइका के नाक डहर खुसेरे लगिस। लइका तरमराय लगिस। ओकर देंहे लहर–तहर बिकल होय लगिस। तैं कइसे नी भागबे रे भूत कहत चेंदरू ल छरे लगिस। मार परय तहन चेंदरू ह हाय दाई, हाय ददा कहय। मोला झन मारव तुहर काय बिगाड़े हंव कहत कभू रोय, कभू अऊ मार कहत हँसय। गांव भर सकलागे। बइगा पूछय– जाबे निही ? छोंड़बे निही ? चेंदरू कहय– हव जावत हंव। हव छोंड़त हव। बइगा कहय– गांव छोड़ के जाय ला परही। लइका हा हव कहत सुसके लगिस। बइगा पूछय– परेतिन ल घला अपन संग लेगबे के नी लेगस ? लइका हा कहय– लेगहूं बबा। लेगहूं फेर अब मार तो झन। लइका मार म सिहरगे। हूम धूप के सरलग आवत गंध ओकर नाक म भर चुके रिहिस। लरघियावत अल्लर परगे। तहन सुत गिस।

सब कहय– बइगा के इलाज म भूत भागिस तइसे लागथे। एती लइका लदलद लदलद कांपत रहय। खेत ले धरा–रपटी भागत चेंदरू के बाबू पहुंचगे। ओहा बइगा उपर भड़कगे अऊ अब एको हाथ लगाये बर मना करत भगा दिस। बइद ला बला के वापिस इलाज शुरू करइसष । दू दिन म बुखार उतरिस।

चेंदरू बने हो गिस। तब बतइस के– कोन्हो ओला ढकले नियें न कोन्हो धरे नी रिहिस। कूदत बेर हाथ छलंड दिस, हाथ ले डारा छुटगे तहन गिर गेंव। भूत ऊत कुछु नियें। मोला अतेक मारिस बइगा हा के, मार के मारे पीरा म सिहरगे रेहेंव। तेकर सेती जावत हंव, छोंड़त हंव केहेंव। बइगा हा तभे मोला मारना छोंड़िस। रुख म बेंदरा मन लुकाय रहिथें,उही मन येती ले ओती जझरंग जझरंग कूदत रहिथें। झुंझकुर के सेती दिखय निही। सब उही ला डर्राथें।

कुछ मन ओकर बात पतियइन, कुछ मन नी मानिन। फेर अब ओ तिर म झझकासी नी लागय। अब गांव के सबो लइका मन किन्नस खाय लगिन अऊ डंडा पचेरा खेले लगिन। भूत अऊ परेतिन के डर बहुत झन के दिमाग ले निकलगे।

**हरिशंकर गजानंद प्रसाद देवांगन, छुरा**

---

## नान्हे कहिनी

# बने बने भउजी

–नजर लगाये बइठे रहिथे,चौरा बनाये हे एखरे बर। देवकी बड़बड़ावत बाहिर ले घर भीतरी आइस। लता ला देख –देख के जलय।

खूबसूरत घलो हे अउ पढ़े–लिखे हे। देवकी के पति कुमार ला भैय्या कहय। आंगनबाड़ी म भर्ती के आवेदन दे रहिस। देवकी के पति कुमार उही ऑफिस म बाबू हे। ओला पूछे बर ओकर आये के रद्दा ला देखय। भउजी के आदत ठीक नई हे भाई ला फोकट म लड़ही। इही सोच के ओकर से बातचीत नई करत रहिस। उरभेट्टा हो जतिस त अतके कही के पूछ लेतीस – –भउजी बने बने हस ?

देवकी मन के भरम ले ताना मारत कहितिस – तैं बने हस तेला देख। देवकी अपन घर भीतरी म बड़बड़ावत रहितिस–मोर एड़ी के धोवन, बने बने भउजी कहिथे।

एक दिन कुमार समझावत कहिस –मोर बहिनी अस हे अपन नौकरी के आदेश के बारे म जाने बर। तैं ओला पता नहीं का–का कहत रहिथस ? अपन काम बूता म लग जही तोला देखय घलो नहीं। दाग लगे ले सब डेराथे।

**– मुरारी लाल साव**

---

## अन्नदाता

नांगर,बइला धरे तुतारी खेत खार जेकर संग वाली।
उठथ बिहनिया जावत खेत,भूख पियास हरागे चेत।।
धरती ल लागिस पियास,सुन गोहार आइस आगास।
टरर–टरर मेचका नरियाय मोर, पपिहा,कोयल गावय।।
गड़गड़–गड़गड़ बादर गरजे झरझर–झर पानी बरसे।
हरियर–हरियर धरती होगे,तरिया डबरी लबालब होंगे।।
खेत जोत के बोइस धान,धरती दाई के राखिस मान।
रेगड़ा टूटत मेहनत करथे घाम पियास सबो ल सहिथे।।
जावय खेत किसनहा बेटा,धरे चतवार निकालय लेटा।
खेत जोत के फसल उगावत हरियर धरती के गुनगावत।।
बन बुटा के निदाई करथे,गाय गरु ले फसल ल बचाथे।
जम्मो झन के भूख मिटाथे अन्नदाता वो हर कहलाथे।।

**—प्रीतम कुमार साहू,**
**गुरुजी लिमतरा,धमतरी**

---

**सौ रुपिया के शाल ओढ़े बर सात सौ के खरचा बइठथे। तब लगथे कि आत्मा के अवाज के कीमत घोलहा नरियर ले जादा नइये। तभो ले सम्मान तो सम्मान होथे। हर हाल में झोंकना चाही। एक झन सरकारी सेवक अपन बाचे बेरा ला फकत लिखे मा ही खरच करत हे। इही आस मा कि अब के सरकारी सम्मान बर मोरो नाम जुड़ जाए। ये अलग बात हे कि चार लाइन के मुक्तक मा जेला जगाना रिहिस सुते रहिगे अउ जागे मन शाल सिरीफल झोंके के देखे सपना मा खुशी मनावत हें।**

# शाल–सिरीफल–मोमेंटो

बियंग

मेहला घर जब छट्ठी के पोंगा रेडियो बाजत सुनेव तब लागिस कि हिनमान के पेंदी मा घलो सम्मान लदकाय रथे। परोसी होय के नाता ले हमला का हे नेवता मिलगे तब तो भात खा के आना ही हे। संगे–संग गाड़ा भर–भर बधाई तो उलद ही देबो। कुछ ईर्ष्यालु किसम के मन मा शंका के आलू पिकियाये लगथे, कि उपर वाले घलो कतका चतुर हे। नकामी ला अतका बड़े सम्मान दे डारिस। फेर आसा मा निराशा के जुच्छा झेंझरी खपले ले का फायदा ? हम तो उपरिया मन बनाके सम्मानित जन के पोष्ट तक मा लाइक करे वाला ठेंगवा चपक देथन। धीरे–धीरे पता चलथे कि मोरे सही कतको हे जेन बिना पढ़े आदमी देख के पिछाटी बर लाइक के पिड़हा मड़ा देथें। कुछ तो मित्रता निभाना घलो परथे।

आधुनिक संदेश वाहक उपकरण मोबाइल के वाट्सअपी खोलखा मा एक झन नामधारी कलमकार के पोष्ट ले ज्ञान सकेले बर पोस्ट मार्टम करत रेहेंव। ओइसे बड़े पोठ–मोठ साहित्यकार के पोष्ट मा फकत लाइक ही करे जाथे। नामी दुकानदार के सरहा धनिया घलो महंगा बेचाथे। टीकाकार बने ले भविष्य मा सम्मानित मंच मा चढ़े के मउका घलो हाथ ले निकल सकथे। पोस्ट ल पढ़े के बोहनी करत रेहेंव, अउ एक झन कलमकार मित्र के फोन आगे। किहिस कि– भइया राजधानी मा सम्मान बंटइया हे आपो मन लाइन मा लग जावव। मोर मन के बिचार जागिस कि आजकल सम्मान मिलथे कहां ? वो तो बेचावत हे अउ खरीदे जावत हे। तभो पूछ पारेंव कि नियम विधि विधान के हवन मा का का सांखला डारे बर लगही ?

मोर शुभचिंतक जी समझाइस कि–पहिली फारम भरबे, सदस्यता के दू हजार जमा करबे अउ खास काम सम्मान बांटुक समिति के मुखिया ले मेलजोल बढ़ाबे। ओइसे चापलूसी अउ चमचागिरी हर सम्मान पाये के मूल योग्यता होथे। खाना के टोकन अउ आये जाये के खरचा तोर। फोटू खिंचइया अउ ताली बजइया अपन हिसाब ले रख सकत हस।

ओइसे मोरो नाम चरोटा अउ कुकुर मुत्ता कांदी कस उपजे कवि के लाइन मा सम्मान से लेय जाथे। मोला गरब हे कि कोनों कृपालु मन लिखइया के संग जोड़े के किरपा तो करथें। मोर दमदारी ये हे कि मंय दमदार मन के पिछलग्गू आंव। बस इही कला ले कृपापात्र बनके बड़का मंच मा घुसपैठी करत रथों। जेकर ले छाटे निमारे नरियर ले सम्मान तो होते रथे। एक ठन शहर मा चार ठन अउ चार गांव मिलके एक ठन सम्मान बांटुक संस्था खुलगे हे। जेकर ले साहित्य मा जुड़े सब छोटे मन वरिष्ठ होके सिरीफल अउ सर्टिफिकट झोंकत हे। मिलना घलो चाही काबर कि बिचारा मन समाज मा दरपन बेचे के काम करत हें। दोष तो हमर हे कि हम अपन असली मुहरन ला इंकर दरपन मा देख नइ पावत हावन। अउ फेर जे भाई मन अतका बड़े बीड़ा उठाए हे आखिर कब तक गुमनाम अउ बेनामी के दिन देखहीं। मरणोपरांत मिले सम्मान के न तो शाल ला ओढ़ सकय न नरियर ल फोर के खा सके। तेकरे सेती जियते जीयत सम्मानजनक सुख देय बर सम्मान बांटुक समिति घलो उपजत हे। भले बिचारा मन खीर ला दोना मा ही सही देवत तो हे। थारी मा देहीं तब वो ठेकादार के का होही जे संस्था चलावत हे।

ओइसे हमर मित्र के आठवां सम्मान के मउका आय। जेकर आनलाईन फारम भर के मोला फोन लगाय रिहिस। सरकारी नौकरी के भारी भरकम तनखाधारी अउ ऊंचहा पद होय के नाता ले जम्मो स्टाफ के डहर ले झोरा भर–भर के मिले बधाई ले छाती कतका फूलथे सम्मानीराम बता सकथे। सम्मान आठवां जरूर हे, फेर स्टाफ न तो मुहल्ला के बुद्धिजीवी ओकर पहिली कविता सुन पाए हे। भला हो वाट्सअप फेसबुक के जे सम्मानित होय के सूचना जन–जन तक बगरा देथे। एक झन मितान एकर खबर पढ़के पूछिस– कि भाई! ये सम्मानीराम के साहित्य मा का योगदान हे ? मैं मनेमन योग करेंव कि पहिली मंच मा दूसर के रचना पढ़े रिहिस। शीतला दाई के भजन बने गा लेथे। दू अरथी पेरोडी करे ले पनही ले सम्मानित होवत चूकगे। चुनाव बखत पारटी प्रचार बर गीत लिखिस उही गीत के चक्कर मा सरकार बनगे। अब विरोधी मन सम्मान करे के ताक मा हे।

कोनो–कोनो साहित्य बैरागी मन कुआं तो नइ कोड़िन न साहित्य के समुन्दर मा थाही मारिन। फेर पुरखौती झिरिया पानी ज्ञान सान के परोस के मठाधीश बनगे। कतको अइसनो खानदानी हे जे मन बबा बाप के नाम के खड़पड़ी पहिर के शाल सिरीफल म लदावत हे। उलटबासी यहू कथे कि चेला सुभाव के मन गुरुज्ञान बांटके मोमेंटो ले घर भरत हे अउ गुरुजी कुआं कोड़इया के जनम–मरण दिन मना के घोलहा नरियर फोरत हे। हमरे असन कोनों कुकुरमुत्ता समाज के कवि कहि दिस हे कि—गली गली मा गुरु फिर, चोर फुंकाए कान।

एक झन आदरणीय श्री के घर के कुरिया मा चारो कोती मोमेंटो ले सजे भरे घर ला देख के पूछ पारेंव—कस जी आजकल एकरो बिजनेस करथो का ? वो बताइस कि नहीं जी ये सब मोर सम्मान मा मिले हे। संतुष्टि ये सोच के होइस कि जरूर ये हर आमा अथान उपर सोध करे होही।

एक झन के अढ़ाई कोरी किताब किलो के हिसाब ले छपे के चरचा तो हे फेर का लिखे हे ओकर थोरिक चरचा नइए। ओकर कारन अतके हे कि फखत लिखाऊ जगत मा पाव भर पढ़ाकू नइये। घर के सजे लाइब्रेरी के विमोचन मा मिले किताब ला झोंकइया नइ पढ़य। ओला दिंयार अउ मुसवा पढ़थें ये बात देवारी के सफाई अभियान मा पता चलथे। सौ रुपिया के शाल ओढ़े बर सात सौ के खरचा बइठथे। तब लगथे कि आत्मा के अवाज के कीमत घोलहा नरियर ले जादा नइये। तभो ले सम्मान तो सम्मान होथे। हर हाल में झोंकना चाही। एक झन सरकारी सेवक अपन बाचे बेरा ला फकत लिखे मा ही खरच करत हे। इही आस मा कि अब के सरकारी सम्मान बर मोरो नाम जुड़ जाए। ये अलग बात हे कि चार लाइन के मुक्तक मा जेला जगाना रिहिस सुते रहिगे अउ जागे मन शाल सिरीफल झोंके के देखे सपना मा खुशी मनावत हें।

हमर मित्र के आनलाइन रचना पाठ अउ आफलाइन प्रशस्ति पत्र झोंकत तीन झोरा भरगे हे। सुने हवं अब ओकर नाम के आगू डॉक्टर घलो चिपकने वाला हे। मैं ओकर रचनाधर्मिता ल पैलगी करत हवं। बिचारा के नजर म जौन दिख जाय खड़े–खड़े चार छंद रचना पेल देथे। कांदा–भाजी बेसरम फूल टूटहा पनही रेचका खटिया। पुरइन पान बरी बिजउरी अइसे कोनो चीज नइये जेकर उपर लिख के समाज मा नवा चेतना जन क्रांति नइ लावत होही। मानवीय संवेदना सामाजिक सरोकार देश दुनिया अउ राजनीतिक उलटफेर के चिंतन बर समय नइ निकाल पावत हे। या तो मानहानि के डर घेरे होही। अइसन साधक के तो शाल सिरीफल मोमेंटो ले सम्मान तो होना ही चाही। एकर सम्मान के खबर अखबार मा आही तौ सम्मान बांटुक समिति के नाम तो घलो सम्मान पाही। महामंडलेश्वर मन के वैचारिक लेख निबंध अवतरथे तब जानबा होथे कि सिरीफल के मन मा घलो भेद हे। भुंजवा पसरा मा जब झोझा परथें तब तो शक्कर के नाम चीनी हो जाथे अउ गुड़ हर गन्ना के तासीर खोजत रहि जाथे।

हम उपर वाले ले बिनती करथन कि जेकर भाग मा शाल सिरीफल मोमेंटो परत हे वोकर असन के चोराय कविता, तीज तिहार के रचना मेला मड़ई के गीत फरा मुठिया के रचना हर तियासी बासी कस सदा दिन जन सुरता मा रहय। अवइया पीढ़ी ला तो घलो जानकारी होय कि साहित्य के परिभाषा मा परी के योगदान हे कि भाषा के। बरदी के पाछू बांसुरी बजइया ददरिया के मुखड़ा मा फंसे हे। वरिष्ठ जन उत्तम तुकान्त बर हिन्दी के शब्द ला तिर–तिर के बेजा कब्जा करत हें। आगू चल के मालिकाना पट्टा तो मिल ही सकत हे। काबर कि आज के लइका अवइया बेरा मा खांटीपना ले हजारों कोस दुरिहा हो जाय रही अउ बाप ले झन पूछ देय कि व्हाट इज महतारी भाखा। बोले बर बोल भले मत फूटय फेर मोमेंटो बर कांछ वाले आलमारी तो बनवाय के दम तो हे।

हमर गांव मा सफाई अभियान ले जुड़े महिला मन के सम्मान 26 जनवरी के नरियर धराके करे गिस। मोला लगिस कि एक जमादार के हाथ ले दूसर के सम्मान होवत हे। जेला हम समाज के गंदगी सफाई बर झाड़ू धराके चुन के भेजे हावन। वो उलटा बिचारी मन ल सरहा नरियर मा भुलियारत हे। भ्रष्टाचार के विरोध मा मुक्त कंठ ले किंजर–किंजर के कविता सुनाने वाला के सम्मान महाभ्रष्ट नेता के हाथ ले भरे मंच मा शाल सिरीफल ले होथे तब प्रभावी कवि के आनंद हर परमानन्द मा बदल जाथे। बस जे दरपन ला समाज ला देखाय बर बनाय रिहिस, वोला सिरीफल मा कुचरे के बांचे हे। दमदार मन के हाथ झोंके मोमेंटो ला अगला सिरीफल मिलत ले मुड़सरिया मा रखके सुतना ही हे।

**–राजकुमार चौधरी 'रौना'**
**टेड़ेसरा राजनांदगांव**

# देश विदेश

## म्यांमार में जनवरी 2026 तक चुनाव होने की संभावना

**नेपीतॉ,** 28 जून (एजेंसियां)। म्यांमार की प्रशासन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने कहा है कि देश में आम चुनाव इस साल दिसंबर और अगले साल जनवरी के दौरान होंगे। सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक द ग्लोबल न्यू लाइट ऑफ म्यांमार ने यह जानकारी दी। श्री ह्लाइंग ने नेपीतॉ में शांति मंच 2025 के दौरान चुनाव योजना की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा कि सरकार सभी पात्र मतदाताओं को वोट डालने के अवसर प्रदान करेगी। मीडिया द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार श्री ह्लाइंग ने इस पर जोर दिया कि जातीय अधिकारों और राजनीतिक मांगों जिनके लिए संविधान संशोधन की जरूरत है, उनका समाधान संविधान के दायरे में किया जाएगा।

### इजरायल ने यूएन महासचिव के बयान को नकारा, कहा

# आईडीएफ कभी भी नागरिकों को निशाना नहीं बनाता

**तेल अवीव,** 28 जून (एजेंसियां)। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के बयानों की आलोचना की है। गुटेरेस ने गाजा में भेजी जा रही मानवीय मदद को लेकर इजरायल को जिम्मेदार ठहराया था और वहां युद्धविराम की अपील की थी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) नागरिकों पर हमला नहीं करता है।

गुटेरेस ने कहा था कि गाजा में हालात बेहद भयानक हैं, लोग सिर्फ अपने और अपने परिवार के लिए खाना जुटाने की कोशिश में मारे जा रहे हैं, और किसी के लिए खाना तलाशना मौत की सजा नहीं होना चाहिए। यूएन महासचिव ने गाजा मानवीय सहायता संगठन (जीएचएफ) पर कथित हमलों की भी चर्चा की और कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का बार-बार उल्लंघन हो रहा है, और ऐसा होने पर जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

इजरायल के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि संयुक्त राष्ट्र की विफलताओं और हमास की करतूत के लिए इजरायल को दोषी ठहराना एक जानबूझकर की गई रणनीति है। जीएचएफ



अब तक फिलिस्तीनी नागरिकों को सीधे 46 मिलियन से अधिक भोजन उपलब्ध करा चुका है, हमास को नहीं। फिर भी संयुक्त राष्ट्र इस प्रयास का विरोध करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है।

> संयुक्त राष्ट्र की विफलताओं व हमास की करतूत के लिए इजरायल को दोषी ठहराना एक जानबूझकर की गई रणनीति है : इजरायल

इजरायल ने कहा कि यूएन इस तरह हमास का साथ दे रहा है, जबकि हमास खुद जीएचएफ के राहत कार्यों में बाधा डालता है। मंत्रालय ने कहा कि इजरायल की सेना (आईडीएफ) कभी भी आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाती। जो ऐसा कहता है, वह झूठ बोल रहा है। यह हमास है जो जानबूझकर जीएचएफ सहायता कर्मियों को निशाना बना रहा है और उनकी हत्या कर रहा है - एक ऐसा अपराध जिसकी संयुक्त राष्ट्र ने कभी निंदा नहीं की है और वह उन नागरिकों को भी निशाना बना रहा है जो जीएचएफ से सहायता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं।

## हमने गाजा में कोई अमानवीय कार्य नहीं किया : नेतन्याहू



**तेल अवीव।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने संयुक्त बयान में कहा कि आईडीएफ ने गाजा में निहत्थे और मानवीय सहायता का इंतजार कर रहे लोगों पर गोली नहीं चलाई। इजरायल के अखबार हारेत्ज की एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईडीएफ ने गाजा में न सिर्फ घृणित रक्त-अपराध किए बल्कि मानवीय सहायता के इंतजार में खड़े लोगों पर गोली चलाने का आदेश दिया। अखबार में प्रकाशित इस रिपोर्ट को नेतन्याहू और रक्षा मंत्री ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि आईडीएफ के सैनिकों को निर्दोष लोगों को नुकसान न पहुंचाने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं और वे इसका पालन करते हैं। दोनों नेताओं ने संयुक्त बयान में कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण झूठ है जो विश्व की सबसे नैतिक सेना आईडीएफ को बदनाम करने के लिए गढ़ा गया है।

## गाजा में अगले हफ्ते तक हो सकता है सीजफायर : ट्रंप



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल-ईरान युद्ध विराम के बाद बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा है कि एक हफ्ते के अंदर अब गाजा पट्टी में भी युद्ध विराम हो जाएगा। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि उन्होंने युद्धविराम विराम और बंधकों की रिहाई के लिए समझौते को सुरक्षित करने की कोशिश में शामिल कुछ लोगों से बात की है। हालांकि, ट्रंप ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। व्हाइट हाउस में ट्रंप कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा के विदेश मंत्रियों की मेजबानी कर रहे थे। इस दौरान ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि गाजा में स्थिति भयावह है, और इसे देखते हुए हम उस क्षेत्र में बहुत सारा पैसा और बड़ी मात्रा में खाद्य सामग्री पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सैद्धांतिक रूप से हम इसमें शामिल नहीं हैं, लेकिन हम इसमें शामिल भी हैं, क्योंकि लोग मर रहे हैं। मैं उन लोगों की भीड़ को देखता हूं, जिनके पास न तो भोजन है, न ही कुछ और। इसके साथ ही ट्रंप ने अफसोस जताते हुए कहा कि कुछ सहायता को बुरे लोग चुरा रहे हैं, लेकिन नई गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (जीएचएफ) प्रणाली काफी अच्छी है।

# आत्मघाती विस्फोट में 13 सैनिकों की मौत, 29 लोग घायल

**इस्लामाबाद,** 28 जून (एजेंसियां)। खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खादी इलाके में शनिवार सुबह हुए आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 29 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया आउटलेट मशरिक टीवी ने सुरक्षा एजेंसियों का हवाला देते हुए बताया कि सेना के काफिले के गुजरने के कारण इलाके में कर्फ्यू के दौरान एक आत्मघाती हमलावर ने बम निरोधक टीम से संबंधित एक माइन-रेसिस्टेंट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) वाहन से विस्फोटक से लदा एक वाहन टकरा दिया। शक्तिशाली विस्फोट के कारण 13 सैन्यकर्मी मारे गए और 19 आम नागरिकों सहित 29 लोग घायल हो गए। क्षेत्र में अंधाधुंध गोलीबारी की भी खबरें हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों सहित 19 नागरिक घायल हो गए।

रिपोर्टों में कहा गया है कि विस्फोट के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों सहित कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) पाकिस्तान से संबद्ध हाफिज गुल बहादुर समूह के एक छोटे गुट उसुद अल-हरब ने कथित तौर पर आत्मघाती



हमले की जिम्मेदारी ली है। इस घटना को हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक हमला कहा जा रहा है, जिससे इलाके में बिगड़ती सुरक्षा स्थितियों पर गंभीर चिंताएं बढ़ गई हैं।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने अभी तक हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और इलाके में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। पिछले महीने, अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती किला अब्दुल्ला के गुलिस्तान इलाके में एक कार बम विस्फोट में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई थी और 20 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से आठ गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह विस्फोट गुलिस्तान शहर में क्वेटा-चमन राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित जब्बार वाणिज्यिक बाजार में हुआ था।

## खैबर पख्तूनख्वा में अचानक आई बाढ़, 11 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मूसलाधार बारिश के चलते अचानक आई बाढ़ में कम से कम 11 लोगों की जान चली गई। इनके अलावा छह अन्य लोग घायल हो गए हैं। बाढ़ के कारण स्वात नदी में तेजी से जलस्तर बढ़ गया, जिससे भारी नुकसान पहुंचा है। प्रोविजनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (पीडीएमए) ने हताहतों की पुष्टि की है। इसके अलावा मीडिया ने प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक बचाव और राहत अभियान चलाए जाने की जानकारी दी है। पीडीएमए के अनुसार, इस बाढ़ के दौरान जान गंवाने वालों में चार पुरुष, तीन महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। इस बाढ़ से 56 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिनमें से 6 घर पूरी तरह नष्ट हो गए। 50 घरों को आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**अंतरिक्ष से भारत ...**

स्टडीज होंगी, जैसे कि अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य और जीवों पर असर देखना। वे नासा के साथ 5 और प्रयोग करेंगे, जिसमें लंबे अंतरिक्ष मिशनों के लिए डेटा जुटाएंगे। इस मिशन में किए गए प्रयोग भारत के गगनयान मिशन को मजबूत करेंगे।

**वाणिज्यिक कर विभाग में ...**

अधिकारियों की पदस्थापना सुनिश्चित की गई है। राजस्व संग्रहण को सशक्त बनाने के लिये विभाग में बीआईयू एवं ऑडिट यूनिट का गठन कर उनमें अधिकारियों की तैनाती की गई है। इतने बड़े पैमाने पर तबादलों के बावजूद मानवीय संवेदनाओं का पूरा ध्यान रखा गया है। विशेषकर पति-पत्नी दोनों अधिकारियों की पदस्थापना एक ही जिले में सुनिश्चित की गई है तथा महिला अधिकारियों को यथासंभव निकटवर्ती जिलों में ही स्थानांतरित किया गया है। वित्त मंत्री चौधरी ने कहा की राज्य सरकार आगामी समय में भी सभी विभागों में ईमानदार, पारदर्शी और निष्ठावान कार्य संस्कृति को सुदृढ़ करने के लिये निरंतर कदम उठाती रहेगी।

**तमनार क्षेत्र में जंगलों की कटाई ...**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही हसदेव की जंगलों की कटाई की अनुमति दे दिया गया था अब तमनार में भी वही हो रहा। मुख्यमंत्री, अडानी के दबाव में काम कर रहे हैं और आदिवासी समाज के भावनाओं को कुचल रहे हैं। जंगल आदिवासियों के लिए पूजनीय है। भाजपा की सरकार जल, जंगल और जमीन पर कब्जा करने के लिए तानाशाही पर उतर आई है। बड़ी शर्म की बात है प्रदेश में आदिवासी वर्ग से मुख्यमंत्री होने के बावजूद सबसे ज्यादा अत्याचार आदिवासी वर्ग के ऊपर हो रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है तत्काल तमनार के जंगल की कटाई रोकी जाये।

भाजपा संविधान बदलना चाह रही-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस बार-बार कहती है हमारे नेता राहुल गांधी अनेकों बार कह चुके है भारतीय जनता पार्टी संविधान बदलना चाहती है। संविधान को लेकर इनकी नीयत में खोट है। यह अब एक बार फिर से भाजपा और संघ के नेताओं के बयानों से साफ हो रहा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह का बयान आया कि संविधान से ''धर्म निरपेक्षता'' ''समाजवाद'' शब्द हटा देना चाहिए। यह दोनों ही शब्द भारत के लोगों में समानता और समता का अधिकार देते है। संविधान की आत्मा है। भाजपा इसको हटाना चाहती है। इनकी नीयत में खोट है।

## अमेरिका के साथ बातचीत जटिल : कार्नी



**ओटावा,** 28 जून (एजेंसियां)। कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ताओं को खत्म करने और संभावित नए टैरिफ लगाने की घोषणा पर प्रतिक्रिया दी है। मार्क कार्नी ने अमेरिका के साथ चल रही इस नेगोशिएशन को जटिल बताया है। कार्नी ने स्थानीय मीडिया से कहा कि हम कनाडाई लोगों के सर्वोत्तम हित में इन जटिल वार्ताओं को जारी रखेंगे। यह एक नेगोशिएशन है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने शुक्रवार को घोषणा की है कि यूनाइटेड स्टेट, यूएस टेक कंपनियों पर कनाडा के डिजिटल सर्विस टैक्स के कारण कनाडा के साथ सभी व्यापार वार्ता खत्म कर देगा। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा कि अमेरिकन टेक्नोलॉजी कंपनियों पर कनाडा का डिजिटल सर्विस टैक्स अमेरिका पर एक सीधा और स्पष्ट हमला है। 30 जून से लागू होने वाले डिजिटल सर्विस टैक्स के तहत अमेजन, गूगल, मेटा, उबर और एयरबीएनबी जैसी अमेरिकन कंपनियों को कनाडाई यूजर्स से होने वाले रेवेन्यू पर तीन प्रतिशत शुल्क देना होगा।

### मामला / अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने घटाई जिला न्यायाधीशों की ताकत

# तीन उदारवादी न्यायाधीशों ने फैसले पर जताई असहमति

**वाशिंगटन, 28 जून (एजेंसियां)। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि जिला न्यायाधीशों के पास ट्रंप प्रशासन के उस कार्यकारी आदेश के खिलाफ देशव्यापी स्थगन (नेशनवाइड इंजेक्शन) जारी करने का अधिकार नहीं है, जिसका उद्देश्य जन्म आधारित नागरिकता को प्रभावी रूप से समाप्त करना है। इस तरह कोर्ट ने जिला न्यायाधीशों की ताकत को घटा दिया है जिसे ट्रंप ने बड़ी जीत बताया है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने वैचारिक आधार पर हुए 6-3 के मत विभाजन में, ट्रंप प्रशासन के उस अनुरोध को मंजूरी दे दी, जिसमें जिला न्यायाधीशों के लगाए गए देशव्यापी स्थगनों के दायरे को सीमित करने की बात कही गई थी।**

न्यायमूर्ति एमी कोनी बैरेट ने बहुमत के लिए लिखा कि फेडरल कोर्ट कार्यकारी शाखा की सामान्य निगरानी नहीं करती। जब कोई अदालत यह निष्कर्ष निकालती है कि कार्यकारी शाखा ने अवैध रूप से कार्य किया है, तो इसका समाधान यह नहीं है कि अदालत भी अपने अधिकार क्षेत्र से आगे बढ़ जाए। हालांकि, तीन उदारवादी न्यायाधीशों ने इस फैसले पर असहमति जताई है।

जस्टिस सोनिया सोटोमोर ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका में जन्मे और इसके कानूनों के अधीन रहने वाले बच्चे संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक हैं। यह स्थापना के समय से ही कानूनी नियम रहा है। ट्रंप प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर इस फैसले को बड़ी जीत बताया। उन्होंने व्हाइट हाउस में कहा कि यह फैसला संविधान के लिए एक बड़ी जीत है।



**ट्रंप प्रशासन ने की सुप्रीम कोर्ट के फैसले की सराहना**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक्स पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट का एक बड़ा फैसला, देशव्यापी निषेधाज्ञा की हास्यास्पद प्रक्रिया को खत्म करना। हमारी प्रणाली के तहत, सभी को कानून का पालन करना होता है, जिसमें न्यायाधीश भी शामिल हैं।

अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी ने एक्स पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिला अदालतों को राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ लगाए जा रहे अंतहीन देशव्यापी स्थगनों को रोकने का निर्देश दिया है। अमेरिका का न्याय विभाग ट्रंप की नीतियों और उन्हें लागू करने के उनके अधिकार का पूरी प्रतिबद्धता के साथ बचाव करता रहेगा।

जन्मसिद्ध नागरिकता को समाप्त करने वाले ट्रंप के कार्यकारी आदेश को रोकने के लिए मुकदमा करने वाले कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें घोषणा की गई कि उन्होंने एक वर्ग-कार्रवाई मुकदमा और एक अस्थायी प्रतिबंधात्मक आदेश की याचिका दाखिल की है, जिसका उद्देश्य कार्यकारी आदेश को अवरुद्ध करना है। वरिष्ठ वकील विलियम पॉवेल ने रिपोर्ट में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मतलब यह है कि हमें अलग-अलग प्रक्रियाओं का उपयोग करके उस आदेश को रद्द करवाना होगा।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 29 जून, 2025 आषाढ़ शुक्ल पक्ष 3

### राशिफल

मेष - परिजनों के साथ वाद-विवाद होने से मन चिंता से भरा रहेगा। छाती में दर्द या अन्य कोई शारीरिक परेशानी होने से शरीर शिथिल रहेगा। निरर्थक आर्थिक खर्च से बचें। व्यापार और नौकरी में आज संभलकर रहें।

वृषभ - आज आपको हर काम में सफलता मिलेगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपको मान-सम्मान मिलेगा। दोपहर के बाद झगड़े का वातावरण बना रहेगा। आपकी एनर्जी कम हो जाएगी।

मिथुन - आज आप किसी बात को लेकर नेगेटिव विचार मन में ना रखें। असंतोष की भावना रह सकती है। पारिवारिक वातावरण में मेलजोल नहीं रहेगा। शारीरिक रूप से भी आप स्वस्थ नहीं रह पाएंगे।

कर्क - आज भावनाओं के प्रवाह में आप न बह जाएं। छोटे प्रवास या पर्यटन की संभावना है। आज आपका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा और मन भी खुश रहेगा। दोपहर के बाद कोई काम नहीं बनने से आप चिढ़चिढ़े रहेंगे।

सिंह - आज निर्णय लेने की स्थिति में आप नहीं रहेंगे। पारिवारिक कामों के पीछे धन का खर्च होगा। वाणी पर संयम रखें। नौकरी या व्यापार में उलझन दूर करने के लिए बड़ों की मदद लग सकती है।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों से लाभ होने होने की संभावना है। व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ होगा। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग मिलेगा। दोस्तों के लिए धन खर्च कर सकते हैं। प्रवास या पर्यटन भी होगा।

तुला - आज पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करना होगा। घर की साज-सजावट में भी परिवर्तन करेंगे, इससे मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

वृश्चिक - आप के लिए आज भाग्यवृद्धि का दिन है। विदेश में स्नेहीजन से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धार्मिक प्रवास होने की संभावना है। धन लाभ की भी संभावना है।

धनु - आज सुबह आप का स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। नेगेटिव विचार से आप परेशान रह सकते हैं। वैचारिक स्तर पर संयम रखना आवश्यक है। आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव करेंगे।

मकर - आज के दिन परिजनों के साथ पर्यटन का आनंद उठाएंगे। सुबह मन खुश रहेगा, लेकिन दोपहर के बाद किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। अधिक खर्च होने से धन की तंगी रहेगी। सरकारी कामों में विघ्न आएंगे।

कुंभ - आज का दिन सुख और शांति से गुजरेगा। पारिवारिक जीवन में भी आनंद छा जाएगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता प्राप्त होगी। आनंद-प्रमोद के साथ वाहन सुख प्राप्त होगा। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ मिलेगा।

मीन - आज आप किसी व्यक्ति या वस्तु के आकर्षण में रहेंगे। किसी भी व्यक्ति के साथ बौद्धिक चर्चा या वाद-विवाद ना करें। नए काम की शुरुआत को आज टालें। दोपहर के बाद स्थिति में आकस्मिक सुधार दिखेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1444-सिकंदर बेग ने ऑटोमन साम्राज्य की सेना को हराया।
1613-विलियम शेक्सपियर के ग्लोब थियेटर में आग लगी।
1855-डेली टेलीग्राफ अखबार का लंदन में प्रकाशन।
1861-हिन्दी के प्रथम तिलिस्मी लेखक देवकीनन्दन खत्री का जन्म।
1864-कनाडा में रेलवे दुर्घटना में 90 लोग मारे गए।
1893-प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद पी. सी. महालनोबिस का जन्म।
1905-ब्रिटेन में ऑटोमोबाइल एसोसिएशन की स्थापना हुयी।
1931-भारतीय वैज्ञानिक पी के आयंगर का जन्म।
1961-भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ एवं प्रथम रक्षामंत्री सरदार बलदेव सिंह का निधन।
1974-मारिया एस्तेला ईसाबेल मार्टिनेज दी पेरोन अर्जेंटीना की पहली महिला राष्ट्रपति बनी।
1988-राजस्थान की प्रसिद्ध मांड गायिका गवरी देवी का निधन।
1997-विश्वनाथन आनंद ने जर्मनी में फ्रैंकफर्ट चैस क्लासिक टूर्नामेंट जीता।
2000-सिएरा लियोन में रिवॉल्यूशनरी युनाइटेड फ्रंट के विद्रोहियों ने बंधक बनाए गये शेष 21 भारतीय शांति सैनिकों को रिहा किया। विश्व की प्रमुख कंपनी आई.बी.एम. द्वारा विश्व का सबसे तेज कम्प्यूटर निर्मित।
2002-चीन में ज़बर्दस्त भूकम्प आया।
2003-अमेरिकी अभिनेत्री कैथरीन हेप्बर्न का निधन।
2004-पूर्वी एशिया सम्मेलन (जकार्ता) में आसियान को प्रमुख ताकत बनाने पर सहमति।

## सुडोकू 6958


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | | 4 | | | | 3 |
| | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | 7 | | 8 | | 1 | |
| 9 | | | | | 1 | | 3 | 7 |
| | | 8 | | | | 6 | | |
| 2 | 7 | | 5 | | | | | 1 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 3 | 5 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6958



**बायें से दायें:-**

१. समय सारिणी (टाईम टेबल)
४. तकलीफदेह
६. किसी वस्तु का टूटा हुआ भाग
७. राजा, हुकूमत करने वाला
८. परखने वाला, जांचने वाला, रवैया, रीति-रिवाज
११. शाश्वत, सत्य, नित्य, अनादि, प्राचीन
१३. सुबह, भोर
१४. सशक्त, तीव्र
१५. दोष, ऐब, बुराई
१७. टिकना, ठहरना, स्थायी रूप से निवास करना
१९. समूह, संघ, दल, सभा समिति विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघहित संस्था, एकत्र होना
२१. पानी में पैदा होने वाला
२२. नकल उतारने वाला (उर्दू)
२४. नकार देने या हुंकार करने योग्य

**ऊपर से नीचे:-**

१. वह स्थान जहां से यंत्रों आदि की सहायता से ग्रहों आदि का पर्ववेक्षण किया जाता है
२. अशक्त होना, विवश होना (मुहावरा)
३. कड़वी और अप्रिय बात
४. कठोरता,
५. आंखों के सामने
९. कतराना, बचकर किनारे से निकल जाना (मुहावरा)
११. प्राणवान, जानदार
१२. युवक, जवान
१३. मांग, चाह, इच्छा (उर्दू)
१४. मूर्ति
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अदद, अत्यावश्यक
१६. पूज्य, पुरुष, बड़ा, बुजुर्ग
१८. कामयाब
१९. विहान, भोर
२०. जन्मदाता
२३. चित्कार (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6957

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दो | ष | २ वे | च | ३ क | ■ | ४ वि | लं | ५ ब | न |
| प | ■ | त | ■ | ६ म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ७ ह | न | न | ■ | ला | ■ | ८ त्र | पा | ही | ९ न |
| र | ■ | मा | ■ | १० स | म | ता | ■ | ■ | क्शा |
| ■ | ११ अ | न | १२ श | न | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| ■ | र्ज | ■ | बा | ■ | १४ सु | ल | भा | ■ | वी |
| १५ बे | न | १६ का | ब | ■ | गं | ■ | १७ त | १८ म | स |
| न | ■ | लां | ■ | १९ अ | ध | २० र | ■ | ल | ■ |
| २१ जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | २२ खै | रि | य | २३ त |
| र | ■ | २४ र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | था |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### शनचो-20 अंतरिक्ष यात्रियों ने दूसरी बार स्पेस स्टेशन के बाहर जाकर किया कार्य

**बीजिंग,** 28 जून (एजेंसियां)। चीनी शनचो-20 क्रू के सदस्य छन तुंग, छन चुंगरुइ और वांग च्या ने गुरुवार की रात घनिष्ठ सहयोग कर स्पेस स्टेशन के रोबोट आर्म तथा जमीन पर कर्मचारियों के समर्थन के तहत 6.5 घंटे खर्च कर स्पेस स्टेशन के बाहर संबंधित कार्य सुचारू रूप से संपन्न किया।



स्पेस स्टेशन के बाहर जाने वाले अंतरिक्ष यात्री छन तुंग और छन चुंगरुइ सुरक्षित रूप से स्पेस स्टेशन लौटे हैं। ध्यान रहे यह दूसरी बार है कि शनचो-20 क्रू के अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेस स्टेशन के बाहर जाकर गतिविधि की। चीनी समानव अंतरिक्ष परियोजना कार्यालय के परिचय के अनुसार अंतरिक्ष यात्री छन तुंग और छन चुंगरुइ ने स्पेस स्टेशन के बाहर जाकर रक्षा उपकरण लगाए और बाहरी साजो-सामान की जांच की। इसके अलावा उन्होंने बाहरी मंच पर कार्यकुशलता की उन्नति के लिए संबंधित अडैप्टर्स भी लगाए, जिससे भावी बाहरी गतिविधि का समय कम हो जाएगा। अब विभिन्न स्पेस वैज्ञानिक परीक्षाएं स्थिरता से चल रही हैं।

# नवापारा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने की कार्रवाई, एक चेन माउंटेन मशीन सहित 7 हाइवा जब्त






**नवापारा राजिम**, 28 जून (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पारागांव में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। शुक्रवार-शनिवार मध्य रात्रि खनिज विभाग की टीम ने पारागांव स्थित रेत घाट पर छापा मारा। इस दौरान अवैध रेत उत्खनन करते एक चेन माउंटेन मशीन और 7 हाइवा जब्त किए गए। यह कार्रवाई राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की है। वाहन पर माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

जप्त हाइवा को गोबरा नवापारा थाने की अभिरक्षा में रखा गया है। उक्त कार्रवाई में खनिज अधिकारी हेमंत चेरप्पा, खनिज निरीक्षक जागृत गायकवाड़, सुपरवाइजर संजीलदत्त शर्मा, बेलचंदन, डीके साहू, केशरवानी, गोलू वर्मा, रूपेंद्र चंद्राकर, दया साहू, रामकुमार वर्मा, मानिकपुरी, छबि साहू आदि शामिल थे।

**प्रतिबंध के बावजूद अवैध खनन जारी:** बता दें कि एनजीटी के निर्देश पर 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत उत्खनन पर रोक है। रोक के बावजूद रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जारी है। रेत माफिया बेखौफहोकर इस काम को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि खनिज और राजस्व के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है, लेकिन इन रेत माफ़ियाओं को इसका जरा भी डर नहीं है। महानदी और पैरी नदी के कई घाटों पर अवैध रेत उत्खनन अब भी जारी है।

रोजाना रात 10 बजे के बाद घाटों पर रेत के वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है और एक-एक कर ये वाहन रेत लोड कर निकल जाते हैं। बताया जा रहा है कि गरियाबंद जिले के ग्राम पितईबंध, बकली और चौबेबांधा, रायपुर जिले के ग्राम तर्री, पारागांव, लखना, धमतरी जिले के परेवाडीह और चमसूर के रेत घाटों पर चेन माउंटेन मशीन लगाकर उत्खनन अब भी किया जा रहा है।

**राजस्व और खनिज विभाग का आज छापा दूसरे दिन खदान पुनः चालू, नगर में चर्चा लेन-देन तगड़ा, फिर दिखावा क्यों:** खनिज और राजस्व विभाग का छापा पड़ने के बाद भी दूसरे दिन पुनः रेत खदान चालू होने की स्थिति में खनिज और राजस्व विभाग के अधिकारी संदेह के घेरे में नजर आ रहे हैं। उदाहरण के लिए ग्राम तर्री में 15-20 दिन में 4-5 बार राजस्व और खनिज विभाग के छापे पड़े फिर भी दूसरे दिन रेत खदान पुनः प्रारंभ गई। यही नहीं 22-23 की मध्य रात्रि खनिज और राजस्व विभाग ने संयुक्त रूप से छापा मारा और मशीनें एवं हाइवा जप्त की और उसके बाद 23-24 की रात्रि से खदान पुनः प्रारंभ हो गई।

यही नहीं खदान ठेकेदारों की अधिकारियों से इतनी अच्छी सेटिंग है कि छापा पड़ने के पूर्व ही खदान ठेकेदारों को जानकारी मिल जाती है कि आज उनके खदान में कार्रवाई होने वाली है घटना घटने के पूर्व ही खदान मालिक मशीन और हाईवे को वहां से हटा देते हैं और अधिकारियों को बैरंग लौटना पड़ता हैं

इन सब बातों को देखकर इससे नगर में चर्चा है कि इससे साफजाहिर है कि रेत माफिया के आगे खनिज और राजस्व अधिकारी बौने है नया फिर इन्हें लम्बी रकम मिल रही है।

# यादव समाज के कथावाचक से अमानवीय कृत्य करने पर समाज में तीव्र आक्रोश

**बागबाहरा**, 28 जून (देशबन्धु)। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा समाज के जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि विभिन्न समाचार माध्यमों एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडिया से यह ज्ञात हुआ है कि उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के दंदरपुर गांव में एक हमारे यदुवंशी भाई जो कि उस क्षेत्र में कथा भागवत का कार्य करते हैं उनके साथ जिस तरीके से यादव जाति का होकर कथा भागवत करने के विषय पर अमानवीय कृत्य सवर्ण लोगों के द्वारा किया गया है। तथा उनके साथ जिस अभद्रता से बाल मुंडवा कर मारपीट एवं मूत्र का छिड़काव उनके ऊपर किया गया है। वह अत्यंत ही घोर निंदनीय है। भारतवर्ष का यादव समाज कभी इस निंदनीय एवं अमानवीय कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेगा। उस गांव में कथावाचक श्री यदुवंशी जी एवं उनके टीम के साथ जितने भी लोगों ने दुराभाव के साथ अमानवीय कृत्य किये हैं। उन सभी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसी कड़ी में भारतवर्ष में निवासरत यादव समाज के जितने भी संगठन है, उन सब ने इस घटना की घोर निंदा की है।

30 जून दिन सोमवार को दोपहर 2 बजे अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के नेतृत्व में उक्त निंदनीय घटना के खिलाफ घटना में शामिल संपूर्ण दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले, इस विषय को लेकर देश के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर महासमुंद को ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासमुंद जिले के समस्त यादव भाइयों से मेरा विनम्र आग्रह है कि आप जिस किसी संघ संगठन या वर्ग से हो भारतवर्ष के संपूर्ण यादव समाज के अस्मिता की रक्षा की इस लड़ाई में यथासंभव जरूर शामिल हो। जिला से जिन ब्लॉक की दूरी बहुत ज्यादा है, वहा यदुवंशी भाई अपने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को यह ज्ञापन सौंप सकते हैं।

# शीतला मंदिर में माता पहुंचनी 3 जुलाई को

**महासमुंद**, 28 जून (देशबन्धु)। नगर के मां शीतला मंदिर में 03 जुलाई दिन गुरुवार को माता पहुंचनी का आयोजन किया गया है। जिसमें सुबह से देर शाम तक माता की विशेष पूजा अर्चना कर श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी व ठंडाई प्रसादी का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति के सदस्य भाऊ राम साहू ने बताया कि माता पहुंचनी के आयोजन की तैयारी हेतु मंदिर समिति जुटे हैं।


**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./ब/121 वर्ष 2025
ग्राम का नाम टिकुलिया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मानमती निषाद उम्र 71 वर्ष जाति केवट पति स्व. श्री पंचुराम निषाद ग्राम टिकुलिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पति स्व. श्री पंचुराम निषाद पिता स्व. शिवप्रशाद निषाद के मृत्यु दिनांक 10/10/2010 को स्थान ग्राम टिकुलिया का पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 2009 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच/पार्षद प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड, परिचय पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध मे प्रकरण विचारधीन है तथा दिनांक को सुनवाई हेतु नियत है ।

अत: उक्त संबंध मे जिस किसी को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 11.07.25 तक स्वंय या अपने अभिभावक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छ.ग. )**

**शपथ पत्र**

मैं गणेश्वर प्रसाद पिता फगवा जोगी उम्र 36 वर्ष जाति सतनामी (अजा) निवासी पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) का हूं. जो कि नीचे लिखे अनुसार कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि-

(1) यह कि यह कि मेरा वास्तविक नाम गणेश्वर प्रसाद पिता फगवा जोगी है परन्तु भूलवश मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम की पालिसी क्रमांक 385441910 में गणेश्वर प्रसाद सतनामी दर्ज है जो कि सत्य नहीं है। मेरे आधार कार्ड क्रमांक XXXX XXXX 1620 में मेरे को-आपरेटिव बैंक के बचत खाता क्र. 124007520038, पेन कार्ड क्रमांक DPRT P0457P में मेरा नाम गणेश्वर प्रसाद पिता फगवा जोगी अंकित है।

(2) यह कि मेरे द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी से प्राप्त पालिसी में मेरा नाम गणेश्वर प्रसाद सतनामी अंकित है तथा आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक खाता में मेरा नाम गणेश्वर प्रसाद पिता फगवा जोगी अंकित है इस प्रकार दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् शपथकर्ता के हैं मुझे इन दोनों नागों से जाना पहचाना जाता है। मेरे द्वारा लिये गये पालिसी मेच्योर हो चुकी है अतएव इस पालिसी का भुगतान प्राप्त करना है।

(3) यह कि यह शपथ पत्र भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत कर यह दर्शित करने कि मेरे द्वारा जो पालिसी लिया गया है उसमें मेरा नाम गणेश्वर प्रसाद सतनामी दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक खाता में गणेश्वर प्रसाद पिता फगवा जोगी है दर्शित कर दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् शपथकर्ता के हैं, उपरोक्त कथन के साक्ष्य में यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शपथकर्ता**

**शपथ पत्र**

मैं राजकुमार सचदेव पिता हरिशयद सचदेव उम्र 51 वर्ष जाति सिंधी (सामान्य) निवासी मातादेवालय वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) का हूं जो कि नीचे लिखे अनुसार कथन शपथ पूर्वक करता हूं कि:-

(1) यह कि यह कि मेरा वास्तविक नाम राजकुमार सचदेव पिता हरिशयद सचदेव है जो कि मेरे भारतीय जीवन बीमा निगम से पालिसी क्रमांक 382421713 लिया गया है, में राजेश कुमार सचदेव दर्ज है जो कि सत्य नहीं है। मेरे आधार कार्ड क्रमांक 4433 2979 5394 में मेरे एचडीएफसी बैंक के बचत खाता क्र. 09161530003547, पेन कार्ड क्रमांक AJGPH4154C में मेरा नाम राजकुमार सचदेव अंकित है।

(2) यह कि मेरे द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम पालिसी से प्राप्त पालिसी में मेरा नाम राजेश कुमार सचदेव अंकित है तथा आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक खाता में मेरा नाम राजकुमार राचदेव अंकित है इस प्रकार दोनों नाग एक ही व्यक्ति अर्थात् शपथकर्ता के हैं मुझे इन दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। मेरे द्वारा लिये गये पालिसी मेच्योर हो चुकी है अतएव इस पालिसी का भुगतान प्राप्त करना है।

(3) यह कि यह शपथ पत्र भारतीय जीवन बीमा निगम भाटापारा के समक्ष प्रस्तुत कर यह दर्शित करने कि मेरे द्वारा जो पालिसी लिया गया है उसमें मेरा नाम राजेश कुमार सचदेव दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक खाता में राजकुमार सचदेव है दर्शित कर दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् शपथकर्ता के हैं, उपरोक्त कथन के साक्ष्य में यह शपथ पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शपथकर्ता**

**कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड**
CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED
पंजीकृत एवं कार्पोरेट कार्यालय : 502, टावर-ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013
सर्किल कार्यालय :- 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली-110060

**परिशिष्ट IV कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को नीचे दिए विवरण के अनुसार मांग सूचना(एं) जारी की थीं, जिनमें उनसे सूचना में वर्णित बकाया राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है। कर्जदारों को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को सामान्य रूप से इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार कर्जदारों पर सीजीएचएफएल की बकाया राशि तथा उस पर ब्याज का भुगतान करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | प्रत्याभूत आस्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | मांग सूचना तिथि और राशि | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता संख्या LNHLRAP000096223 (पुरानी) 51200000808199 (नयी) हमारी रायपुर शाखा) श्री सैय्यद मोहम्मद नईम (कर्जदार) श्रीमती फिरदोश (सह-कर्जदार) | आवासीय सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि और भवन मौजा देवरी, खसरा नं. 356/1 का हिस्सा, भूमि क्षेत्रफल परिमाप 5000 वर्ग फीट, जो ग्राम देवरी, पी.एच. नं. 04, आरआईसी धारसीवा, तहसील और जिला - रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 में स्थित है। चौहद्दी (बिक्री विलेख के अनुसार) पूर्व : सड़क, पश्चिम : सड़क, उत्तर : प्लॉट नं. 40 और 45, दक्षिण : प्लॉट नं. 42 और 43 | 09-04-2025 रु. 16,14,106/- | 25-06-2025 भौतिक |

स्थान : रायपुर (छत्तीसगढ़)
तिथि : 29-06-2025
ढहस्ता./- (प्राधिकृत अधिकारी)
वास्ते कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, अहिवारा, जिला दुर्ग ( छ.ग. )**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
Main Porta : http://eproc.cgstate.gov.in
UADD Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
क्रमांक 207/न.पा.प./ लो.क.वि./2025 — अहिवारा दिनांक 27/06/25

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों./ फर्मों से ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनु. लागत लाख में | निविदा आनलाईन करने की प्रारंभिक/अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Foootpath from Sandi road to kunti tiwari house at ward No. 02 Ahiwara (2nd Call) | 170938 | 12.68 | Bid Start Date-26-06-2025,18.30 PM<br>Bid Due Date - 11-07-2025, 17.30 PM<br>Physical FDR & Affidavit Submission End Date Bid open Date 14-07-2025, 17.30 PM<br>(Suheduled) 14-07-2025, 17.31 PM |

विस्तृत जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईड http://eproc.cgstate.gov.in से डॉउनलोड/देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद अहिवारा**

**कार्यालय, नगर पंचायत चिखलाकसा, जिला-बालोद ( छ.ग. )**
क्रमांक/ /नि.आ.सू./लो.नि.वि./न.पं./2025 — चिखलाकसा, दिनांक 27/06/2025
**// मैनुवल पद्धति तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अ' में प्रचलित एस.ओ आर में कम/अधिक या सामान दर पर नगर पंचायत चिखलाकसा में निम्नाकिंत कार्य हेतु पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट से तीन लिफाफा पद्धति में सील बंद निविदाए अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है -

| क्रं. | कार्यों की संख्या | अनुमानित लागत ( राशि रू. लाखों में ) | निविदा प्रपत्र निकाय को प्राप्त होने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में 06 नग बोर खनन कार्य। | 09.00 | 08-07-2025 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत, निविदा विज्ञप्ति व अन्य जानकारी नगर पंचायत कार्यालय से एवं विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चिखलकसा**

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.**
**ईश्तहार**
रा.प्र.क्र./ब/121 वर्ष 2025
ग्राम का नाम टिकुलिया

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बबला यादव उम्र 60 वर्ष पिता स्व. श्री प्यारेलाल यादव जाति राउत ग्राम टिकुलिया तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा अपने पिता स्व. श्री प्यारेलाल यादव पिता स्व. कगलू यादव के मृत्यु दिनांक 10.08.2006 को स्थान ग्राम टिकुलिया का पंजीयन हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म / मृत्यु को जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ जन्म / मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 2009 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं सरपंच/पार्षद प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड, परिचय पत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध मे प्रकरण विचारधीन है तथा दिनांक सुनवाई हेतु नियत है । को

अत: उक्त संबंध मे जिस किसी को किसी प्रकार की कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 11.07.25 तक स्वंय या अपने अभिभावक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27.06.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।

मुहर — **कार्यपालिक दण्डाधिकारी भाटापारा ( छ.ग. )**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
**रा.प्र.क्र.: 202/अ-6/2024-25**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक रजत पटवा पिता शिवनरेश पटवा निवासी गांधी नगर वार्ड जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला फ्रेजरपुर स्थित शीट नं.- 51, प्लॉट नं.- 7 / 72 क्षेत्रफल 600 वर्गफीट भू-भाटक 10.50 रूपये की भूमि खातेदार शिव नरेश पिता बादूलाल सा. देह. के नाम पर अभिलेख मे दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार शिव नरेश पिता बादूलाल की मृत्यु दिनांक 21.06.2015 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड से मृतक खातेदार का नाम विलोपित कर मृतक खातेदार के विधिक वारिसों का नाम दर्ज किये जाने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में स्वयं के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति / दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाँक 09/07/2025 तक इस न्यायालय में आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनाँक 24/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

सील — **नजूल अधिकारी जगदलपुर**

**नाम परिवर्तन**

मैं अशोक यादव पिता धनेश यादव आयु- 45 वर्ष, निवासी- सी केबिन देवबलौदा, पो.- देवबलौदा, थाना- भिलाई- 3 व जिला- दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूँ, मेरे पिता जी का मृत्यु प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम भिलाई- चरोदा से बना हुआ है जिसमें पिता का नाम धनेश यादव (DHANESH YADAV) दर्ज है जो उनके आधार कार्ड के आधार पर बना हुआ है जोकि त्रुटीपूर्ण है। मेरे पिता जी भारतीय रेल से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे एवं उनके पेंशन भुगतान आदेश में उनका नाम दानेश (DANESH) दर्ज है। मेरे पिता का वास्तविक नाम दानेश (DANESH) है जो कि सत्य एवं सही है। दानेश (DHANESH) और धनेश यादव (DHANESH YADAV) एक ही व्यक्ति के नाम हैं, दानेश (DANESH) के नाम सत्यापन हेतु मैं उनका पुत्र अशोक यादव यह शपथपत्र प्रस्तुत करता हूँ।

**शपथकर्ता**
**अशोक यादव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अहिवारा तहसील अहिवारा, जिला-दुर्ग**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र./202506102800047/अ-6अ/ वर्ष 2024-2025

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका राधा श्रीवास्तव जौ.स्व. गोपाल प्रसाद श्रीवास्तव निवासी संतरा बाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया है कि मौजा ग्राम ढाबा प.ह.नं.20 रा.नि.म. मुरमुंदा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छ.ग. स्थित भूमि ख.न. 624, 625. 628 रकबा 0.20, 0.16, 0.44 हे, भूमि भूधारक दीपक कुमार पिता स्वर्गीय गोपाल के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। उक्त भूमि पूर्व राजस्व रिकार्ड में नाबा दीपक कुमार पिता गोपाल बहैसियत वली पा, एवं खुद राधा बाई जौ. गोपाल नाम दर्ज था। उक्त भूमि के खातेदार दीपक कुमार को नाबालिग से बालिग दर्ज पश्चात आवेदित भूमि के खातेदार राधा श्रीवास्तव जो दीपक की माता है, त्रुटी को सुधार कर वर्तमान में आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेख में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। उक्त त्रुटी को सुधार कर पूर्वानुसार आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने एवं शेष खातेदार का नाम यथावत रखे जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वतरू अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 30.06.2025 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13.06.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 13.06.2025
पेशी दिनांक 30.06.2025

मुहर — **नायब तहसीलदार अहिवारा**

**कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**
**ईश्तहार / अधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**
**क्रमांक /894**
**नामांतरण प्रकरण क्रमांक-**
**दिनांक 27.06.2025**

एतद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क. 01 सहसपुर लोहारा स्थित निजी भूमि खसरा नंबर 606/2 में निर्मित कच्चा मकान क्षेत्रफल 300 वर्गफीट जो नगर पंचायत के राजस्व अभिलेख वर्ष 2025-26 (समेकितकर / संपत्तिकर पंजी) के सरल क्रमांक 61 में श्री कमल साहू पिता सुरेश साहू के नाम में दर्ज है, जिसको आवेदक श्री अशोक कुमार साहू पिता अंजोर सिंह के बीच आपसी सुलह से विक्रय होने उपरांत ख.न. 606/2 में निर्मित कच्चा मकान क्षेत्रफल 300 वर्गफीट श्री अशोक कुमार साहू पिता अंजोर सिंह को धारा 150 के तहत् नाम परिवर्तन/नामांतरण हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्ताशय के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था/फर्म को कर की मांग पंजी/ऑनलाईन डाटा में नाम परिवर्तन में हक या दावा रखते है तो इस प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर प्रकरण कमांक सहित दस्तावेजमय लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति / सुनवाई स्वीकार नही की जावेगी।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचयत सहसपुर लोहरा**

**कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**
**ईश्तहार / अधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**
**क्रमांक /892**
**नामांतरण प्रकरण क्रमांक-**
**दिनांक 25.06.2025**

एत्तद् द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क. 11 सहसपुर लोहारा स्थित निजी भूमि खसरा नंबर 764 में 672 वर्गफीट निर्मित भुतल, पथमतल पक्का मकान जो नगर पंचायत के राजस्व अभिलेख वर्ष 2025-26 (समेकितकर / संपत्तिकर पंजी) के सरल क्र.31 में श्री छोटे लाल बोरकर पिता स्व. मंगलराम बोरकर के नाम में दर्ज है, जिसको आवेदिका श्रीमती उमा बोरकर पति स्व. छोटेलाल बोरकर द्वारा उक्त पक्का भवन को अपने जेष्ट पुत्र श्री देवेन्द्र बोरकर पिता स्व. छोटेलाल के बीच आपसी सुलह से दानपत्र उपरान्त ख.न. 764 का टुकड़ा 672 वर्गफीट में निर्मित पक्का मकान क्षेत्रफल 672 को धारा 150 के तहत् नाम परिवर्तन / नामांतरण हेतु इस कार्यालय को आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्ताशय के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था / फर्म को उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दाबा रखते है तो इस प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित दस्तावेजमय लिखित में आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति / सुनवाई स्वीकार नही की जावेगी।

मुहर — **मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचयत सहसपुर लोहरा**

**न्यायालय अपर कलेक्टर महासमुंद जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**
**ईश्तहार**
रा.मा.क्र. 202505120200005/अ-12
ग्राम फरौदा तहसील पिथौरा
सुखदेव पिता फूलसिंग जाति कुम्हार निवासी ग्राम फरौदा तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)
विरूद्ध
अंकेश्वर प्रसाद पिता रकभान लाल साहू निवासी ग्राम फरौदा तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)
प्रति,
श्री अंकेश्वर प्रसाद पिता रकभान लाल साहू निवासी ग्राम फरौदा तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि पुनरीक्षणकर्ता सुखदेव पिता फूलसिंग जाति कुम्हार, निवासी ग्राम फरौदा, तहसील पिथौरा, जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा तहसीलदार पिथौरा का सीमांकन प्रकरण क्रमांक 2025041208 00059 अ-12 वर्ष 2024-25 में दिनांक 16.04.2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है। जिसमें आप पक्षकार है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु आपको पंजीकृत डाक के माध्यम से राजस्व मामले में नोटिस भेजा गया था, किन्तु उक्त पत्र बिना तामिली वापस हो गया है।

अत: आपको उक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखना चाहते हैं तो इस न्यायालय में प्रकरण दिनांक 14.07.2025 को नियत है। जिसमें आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 14.07.2025 को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। आपकी अनुपस्थिति की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जा सकती है।
जारी दिनांक 16.06.2025

मुहर — **अपर कलेक्टर महासमुंद**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद, तहसील-महासमुंद, जिला-महासमुंद ( छ.ग. )**
**राजस्व मामले में नोटिस**
राजस्व प्रकरण क्रमांक-202502120300019
मामले का विषय-अ-6अ(खसरे में अथवा धारा-144 के अधीन तैयार किये गये किसी अन्य भू अभिलेख संबंधी कागज में गलत प्रविष्टि का सुधार अथवा उनमें प्रविष्टि संबंधी विवाद)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-मुरहीबाई, अनावेदक पक्षकार-बुधराम
भूमि का विवरण जिसके संबंध में विवाद विचाराधीन है
जिला-महासमुंद तहसील-महासमुंद प.ह.नं. 00020 ग्राम खसरा, (रकबा) बाबनकेरा
आवेदक/अनावेदक/गवाह जिसे नोटिस जारी किया जा रहा है
नाम-बुधराम पिता-फगवा धोबी, पता निवासी ग्राम बावनकेरा तहसील व जिला महासमुंद छ.ग.

आपको सूचित किया जाता है कि उपयुक्त मामले के सुनवाई की तारीख 09.07.2025 दिन के 11 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद पर होगी।
विषय-उपस्थित होने बाबत्।
नोटिस दिनांक 12.06.2025
नोटिस क्रमांक-007

मुहर — **न्यायालय अनुविभागीय, अधिकारी ( रा. ), महासमुंद**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय मे मामला क्रमांक-202506161000155**
**विषय:-अ-6 अ मामले की श्रेणी:-राजस्व सन-2024-2025**
कुरूद प.ह.न. 00046 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार अविनाश कौर
अनावेदक पक्षकार....
**ईश्तहार**

आवेदक अविनाश कौर पिता/पति/विभाग अमरीक सिंह पता-भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न.-46 रा.नि.म कोहका तहसील व जिला-दुर्ग की भूमि ख.न. 237/2 रकबा 0.01 हे. भूमि को आवेदक द्वारा क्रय कर नामान्तरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में रकबा में त्रुटी हो जाने से त्रुटी सुधार किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था को उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 08.07.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा यह ईस्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — **अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर**

**कार्यालय जिला आयुष अधिकारी जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)**
ई-मेल :- cgayushjagdalpur@gmail.com दूरभाष एवं फैक्स क्र. :- 07782-227927
क्रमांक/योजना/पें. चि. सु.2025/ — जगदलपुर, दिनांक / /2025
**// निविदा सूचना //**

वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के जिला आयुर्वेद चिकित्सालय जगदलपुर में पेंशनरों की चिकित्सा सुविधा हेतु स्थानीय औषधि विक्रेताओं से आयुर्वेद शास्त्रोक्त एवं प्रोपरायटरी (पेटेण्ट) औषधियों के निर्धारित दर पर (शासन के पक्ष में जो भी छूट होता हो) किये जाने हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। टू बीड निविदा में प्रथम लिफाफे (अ) पर प्री क्वालीफाईड एवं द्वितीय लिफाफे (ब) पर प्राईज बीड लाल रंग के स्याही में अंकित होना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नही किया जावेगा। संबंधित पंजीकृत फर्म शासन के शीर्ष मद :- (0210 चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य, 03 चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान, 101 आयुर्वेद, 0753 विविध ) बैंक में चालान के माध्यम से राशि रू.500/- (पाँच सौ रू.) जमा कर, चालान की एक प्रति प्रस्तुत कर, निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्ते की जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 10/07/2025 सायं 05:30 बजे तक।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 11/07/2025 दोपहर 12:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि - 11/07/2025 शाम 02:00 बजे।

**जिला आयुष अधिकारी**
**जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग. )**
G-252601832

**छत्तीसगढ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग नारायणपुर वनमण्डल नारायणपुर**
**काष्ठागार नारायणपुर का ई-ऑक्सन का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण फो सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, नारायणपुर वनमण्डल के अंतर्गत नारायणपुर काष्ठागार में संग्रहित पुराना ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्सन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि, ई-ऑक्सन में भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संबंधित वनमण्डल / यन काष्ठागार नारायणपुर से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक-04.07.2025 नीलाम समय प्रात: 12.00 बजे से**

| प्रजाति | पुराना वनोपज ( काष्ठ ) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ईमारती काष्ठ | | बल्ली | डेंगरी |
| | नग | घ.मी. | ( नग में ) | ( नग में ) |
| साल | 4790 | 642.232 | 74 | 68 |
| सागीन | 186 | 14.721 | 4 | 27 |
| साजा | 763 | 81.602 | 67 | 59 |
| बीजा | 254 | 31,472 | 7 | 9 |
| धावडा | 31 | 4.374 | 4 | 0 |
| तेन्दू | 0 | 0 | 12 | 9 |
| तिन्सा | 37 | 4.514 | 12 | 4 |
| हल्दू | 5 | 0.479 | 1 | 0 |
| अन्य | 297 | 23.202 | 15 | 7 |
| **योग-** | **6363** | **802.596** | **196** | **183** |

01. क्रेताओ को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-फार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है।
04. ई-ऑक्सन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेंकड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेंकड का समय प्राप्त होगा।
05. ईमारती काष्ठ पुराना 112 लॉट है।

दूरभाष क्रमांक- नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर ( 07781-252228 )

**वनमण्डलाधिकारी, नारायणपुर वनमण्डल, नारायणपुर**
जी-252601857

**MUNICIPAL COUNCIL DANTEWADA (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice (3rd Call)**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**NIT No./531 /Tech./N.P.P.D./2025-26** — **Dantewada, date 26.06.2025**

Chief Municipal Officer, Municipal Council Dantewada invites online Tenders on Form "F" (Lump- Sum) From contractors registered in appropriate class in "unified Registration system e-Registration" PWD Chhattisgarh Govt. of C.G./Firms of repute for following work:-

| S. N. | System Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract (Rs. in Lakh) | Earnest Money (Rs. In Lakh) | last Date of Download and upload |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 170912 | EPC, testing, commissioning, trial run for 3 Months after it 9 month Operation & Maintenance including replacement & warranty of all components of 1 Nos STPS of Capacitiy 2.80 MLD with SBR technology including designing, P/L/L/J of RCC NP3 pipes interceptor sewer of Length 123m (400-700 mm Dia),2 Nos Collection chambers, Disposal line of length 100 m (700 mm Dia) and Pumping Station, DI K-9 Pumping main of Length 550 m (300mm Dia) Total length 773 m with all allied components complete on TURN KEY JOB basis. | 531.57 Lakh | Rs. 2.66 Lakh | 11.07.2025 |

Note:- 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of e-Procurement System Help Desk at Toll free no. 18002582502 or through Email ID- helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.
3. For more details please download NIT details.

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Dantewada**
**Dist. Dantewada (C.G.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग - रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक 1727/निविदा / ग्रा.यां.सेवा /2025 — रायपुर, दिनांक 26/06/2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) "द" एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021 एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. द्वारा जारी दिनांक 01.06.2020 तथा ग्रा. यां. सेवा में लागू दर अनुसूची (एस.ओ.आर.) दिनांक 09.09.2020 से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 03/07/2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स.क्र / NIT No. | टेण्डर नंबर / आमंत्रण | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | फार्म फीस |
|---|---|---|---|---|---|
| 1/424 | 170933/4th Call | Zonal Tender (Different Type 4 of Electrification Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lacs) at Sub division - Abhanpur, Distt.- Raipur (C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |
| 2/426 | 170934/3rd Call | Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lacs) at Sub division- Tilda, Distt.- Raipur (C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |
| 3/427 | 170935/3rd Call | Zonal Tender (Different Type of Civil And Electrification Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 25.00 lakh) at CGRRDA, Vikas Bhawan, Civil Lines, Raipur, Distt.- Raipur (C.G.) | 35.00 | 26300 | 1500 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 27/06/2025 से देखी जा सकती है।
टीप:- मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 07/07/2025 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

G-252601821

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 3.06 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.43 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.11 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.56 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.39 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| ट्रेंट | 1.42 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.13 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.74 प्रतिशत |
| टाइटन | 0.66 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 98,930 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,07,890 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7900-8000 |
| उड़द दाल | 9500-9600 |
| मूंग दाल | 9200-9300 |
| अरहर दाल | 8400-8500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# केंद्र ने अपशिष्ट से ऊर्जा कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशा-निर्देश किए जारी

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय जैव ऊर्जा कार्यक्रम के तहत अपशिष्ट से ऊर्जा कार्यक्रम के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य भारत में जैव अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना के लिए अधिक कुशल, पारदर्शी और प्रदर्शन आधारित इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने कहा कि प्रक्रियाओं को सरल बनाने, वित्तीय सहायता में तेजी लाने और प्लांट के प्रदर्शन के साथ समर्थन को जोड़कर नए दिशा-निर्देश निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के लिए ईज-ऑफ-डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए हैं। नए फ्रेमवर्क के तहत, मंत्रालय ने कई प्रक्रियाओं को सरल बनाया है, जैसे कागजी कार्रवाई में कटौती और अनुमोदन आवश्यकताओं को आसान बनाना।

ये बदलाव पराली, औद्योगिक कचरे सहित अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार और 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन तक पहुंचने के भारत के व्यापक लक्ष्य से जुड़े हैं। संशोधित दिशा-निर्देशों का एक प्रमुख आकर्षण केंद्रीय



■ भारत में जैव अपशिष्ट से ऊर्जा परियोजना के लिए इकोसिस्टम को बढ़ावा देना है उद्देश्य

वित्तीय सहायता (सीएफए) जारी करने की बेहतर प्रणाली है।

मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि डेवलपर्स द्वारा 80 प्रतिशत उत्पादन हासिल करने के लिए उनके सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार करते हुए, प्लांट के प्रदर्शन के आधार पर सीएफए जारी करने की योजना में फ्लेक्सिबल प्रावधान किए गए हैं।

पहले, कंपनियों को सहायता प्राप्त करने के लिए पूरे अपशिष्ट-से-ऊर्जा परियोजना के 80 प्रतिशत उत्पादन तक पहुंचने तक इंतजार करना पड़ता था। संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, दो चरणों में सीएफए जारी करने का प्रावधान है। परियोजनाओं के प्रदर्शन के आधार पर, बैंक गारंटी के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से संचालन प्रमाणपत्र प्राप्त करने के बाद कुल सीएफए का 50 प्रतिशत जारी किया जाएगा।

## सुरक्षित व स्मार्ट एनर्जी फ्यूचर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : नाइक



**नई दिल्ली।** सरकार रूफटॉप सोलर, ईवी चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, बैटरी स्टोरेज और डिजिटल फॉल्ट डिटेक्शन जैसी पहलों के जरिए एक सुरक्षित और स्मार्ट एनर्जी फ्यूचर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बयान पावर एंड न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय में राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने दिया। शनिवार को केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 'विद्युत सुरक्षा दिवस' हमारे लिए एक शक्तिशाली रिमाइंडर है क्योंकि हम एक स्वच्छ, स्मार्ट और अधिक डिजिटल एनर्जी वाले इकोसिस्टम की ओर बढ़ रहे हैं, सुरक्षा हर प्रगति के मूल में बनी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली आधुनिक जीवन के हर पहलू घरों और अस्पतालों से लेकर उद्योगों और मोबिलिटी तक को सशक्त बनाती है, लेकिन इसे अत्यंत सावधानी से संभालना चाहिए। बीएसईएस के सहयोग से केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नाइक ने कहा कि सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और मैं हर नागरिक, तकनीशियन और हितधारक से सतर्क और जिम्मेदार बने रहने का आग्रह करता हूं। साथ मिलकर, हम न केवल एक स्मार्ट भारत, बल्कि एक सुरक्षित भारत का निर्माण करें। विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने कहा कि विद्युत क्षेत्र में सुरक्षा एक मुख्य पहलू होना चाहिए, न कि केवल एक चेकलिस्ट।

## बीते 11 वर्षों में ऑयल व गैस सेक्टर में हुआ बड़ा बदलाव : पुरी

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार ने बीते 11 वर्षों में देश के ऑयल और गैस सेक्टर में डिजिटल इंडिया पहल के माध्यम से बड़ा बदलाव लाया है और इससे फ्यूल स्टेशनंस लेकर एलपीजी सिस्टम काफी स्मार्ट हो गए हैं।




■ सभी फ्यूल स्टेशन पर स्वीकार किया जा रहा यूपीआई

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर की पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के कारण बीते 11 वर्षों में डिजिटल इंडिया के माध्यम से हमारे ईंधन स्टेशन, रिफाइनरियां और एलपीजी सिस्टम भी स्मार्ट हो गए हैं। ईंधन पंपों पर यूपीआई से लेकर रिफाइनरियों में एआई तक, यह शांत तकनीकी बदलाव वास्तविक है और हर कदम पर दिखाई देता है। इस पोस्ट के साथ केंद्रीय मंत्री ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें बताया गया कि ऑयल और गैस सेक्टर में शांतिपूर्ण तरीके से बड़ा बदलाव आया और पहले के मुकाबले तकनीक का काफी इस्तेमाल बढ़ा है। मौजूदा समय में करीब सभी फ्यूल स्टेशन ऑटोमेटिड हो चुके हैं और फ्यूल डिस्पेंसिंग यूनिट और स्टॉक को डिजिटल तौर पर कंट्रोल और मॉनिटर किया जा रहा है। वीडियो में आगे बताया गया कि करीब सभी फ्यूल स्टेशनंस पर यूपीआई को स्वीकार किया जा रहा है। इसके अलावा एलपीजी सिस्टम में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) को लाया गया है, जिससे 3.48 लाख करोड़ रुपए बचाने में मदद मिली है। इसके अतिरिक्त, रिफाइनरी में डिजिटल ट्विन और एआई के माध्यम से डाउनटाइम को कम किया गया और इससे आउटपुट बढ़ाने में मदद मिली है।

## 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहा एमएसएमई

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। देश में कार्यरत 6.5 करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) 25 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका प्रदान कर रहे हैं।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर विश्व एमएसएमई दिवस पर उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही है। इसके लिए सरकार द्वारा एमएसएमई को कई तरह से सहयोग दिए जा रहे हैं। उसने कहा कि म्यूचुअल क्रेडिट गारंटी योजना के तहत 100 करोड़ रुपए तक के एमएसएमई ऋणों पर 60 प्रतिशत तक की गारंटी प्रदान की जा रही है। नया क्रेडिट असेसमेंट मॉडल




■ एमएसएमई क्षेत्र की विकास यात्रा को गति दे रही केंद्र सरकार

जो एमएसएमई का मूल्यांकन जमानत पर नहीं बल्कि नकदी प्रवाह के आधार पर करता है।

एमएसएमई की परिभाषा में निवेश सीमा 2.5 गुना और टर्नओवर सीमा 2 गुना बढ़ाई गई है। उद्यम-पंजीकृत माइक्रो उद्योगों को पांच लाख रुपए तक के क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी गई है।

## पूर्वोत्तर में खनन को मजबूत करेगा केंद्र : रेड्डी

**गुवाहाटी,** 28 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को आयोजित राज्यों के खनन मंत्रियों के सम्मेलन में खनिज एवं कोयला समृद्ध पूर्वोत्तर राज्यों को केंद्र सरकार से पूर्ण समर्थन मिलने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम के दूसरे दिन सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने खनन इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, परियोजनाओं को मंजूरी देने में तेजी लाने और क्षेत्र में स्थायी खनन प्रथाओं को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास विकसित भारत 2047 के विजन का केंद्र है, जिसमें आठ राज्य- असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम- को अष्ट लक्ष्मी के रूप में मनाया जाता है। रेड्डी ने कहा कि



रोजगार सृजन, निवेश आकर्षित करने और खनिज एवं कोयला क्षेत्र के विकास के माध्यम से समावेशी आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र-राज्य समन्वय में वृद्धि महत्वपूर्ण है।

सम्मेलन के दौरान, सभी आठ पूर्वोत्तर राज्यों के प्रतिनिधियों ने खनन और कोयला क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए अपने रोडमैप प्रस्तुत किए।

मेघालय, असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के मंत्रियों के साथ नागालैंड के मुख्यमंत्री के सलाहकार ने राज्य-विशिष्ट रणनीतियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की रूपरेखा

■ पूर्वोत्तर का विकास विकसित भारत 2047 के विजन का केंद्र

प्रस्तुत की। उन्होंने ब्लॉक नीलामी, महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, कोयला खदानों के पुनरुद्धार, लघु खनिजों के विकास और टिकाऊ खनन मॉडल को अपनाने में प्रगति साझा की।

चर्चाओं में पर्यावरण सुरक्षा उपायों को आर्थिक विकास के साथ संतुलित करने की साझा प्रतिबद्धता को दोहराया गया। सम्मेलन के दौरान रेड्डी ने गुवाहाटी में भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम) के नए क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। यह उद्घाटन असम के खान मंत्री कौशिक राय और अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ।

**सार संक्षेप**

### 'राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष' थीम पर मनाया जाएगा सांख्यिकी दिवस

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) 29 जून 2025 को यहां 19वां सांख्यिकी दिवस मनाएगा और इस अवसर पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रम का सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संस्कृति राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह उद्घाटन करेंगे। यह दिवस सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अग्रणी रहे प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में हर साल मनाया जाता है। सांख्यिकी दिवस का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के लिए सामाजिक-आर्थिक नियोजन और नीति निर्माण में खासकर युवा पीढ़ी के बीच सांख्यिकी के महत्व के बारे में जन जागरूकता पैदा करना है। वर्ष 2007 से प्रत्येक वर्ष सांख्यिकी दिवस राष्ट्रीय प्रासंगिकता की थीम के साथ मनाया जाता है।

### उद्योगपति महिन्द्र शर्मा श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति के सदस्य नामित

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड सरकार ने हिमाचल प्रदेश के ऊना के उद्योगपति महिन्द्र शर्मा को उत्तराखंड में स्थित चार धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के साथ ही राज्य में स्थित 45 अन्य पौराणिक धार्मिक स्थलों का प्रवंधन करने वाली सर्वोच्च संस्था 'श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मन्दिर समिति'का सदस्य नामित किया है। श्री शर्मा ने बताया कि उत्तराखंड सरकार के सचिव शैलेश बगौली द्वारा जारी अधिसूचना के तहत राज्य मंत्री हेमंत त्रिवेदी की अध्यक्षता में 10 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है जिसमें उन्हें शामिल किया गया है। नौ सदस्य उत्तराखंड के हैं। उन्होंने बताया कि यह समिति चारधाम की यात्रा के दौरान देश के कोने-कोने से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के रहने, ढहरने और दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करती है। इस यात्रा में प्रत्येक सीजन में औसतन पचास लाख लोग चार धाम मंदिरों के दिव्य दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।

# कृषि क्षेत्र में स्थिर मूल्यों पर उत्पादन बीते 12 वर्षों में 54.6 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्र में स्थिर मूल्यों पर उत्पादन का सकल मूल्य (जीवीओ) 2011-12 के 1,908 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-24 में 2,949 हजार करोड़ रुपए हो गया, जो लगभग 54.6 प्रतिशत की कुल वृद्धि को दर्शाता है। इसके अलावा, वर्तमान मूल्यों पर कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) में लगभग 225 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 2011-12 में 1,502 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-24 में 4,878 हजार करोड़ रुपए हो गई।

फसल क्षेत्र 1,595 हजार करोड़ के जीवीओ के साथ 2023-24 में 54.1 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के कुल जीवीओ (स्थिर मूल्यों पर) में सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना हुआ है। 2023-24 में अनाज और फल एवं सब्जियों का कुल मिलाकर कुल फसल जीवीओ में 52.5 प्रतिशत हिस्सा रहा। अनाजों में से केवल धान और गेहूं ही 2023-24 में सभी अनाजों के जीवीओ (स्थिर मूल्यों पर) का लगभग 85 प्रतिशत हिस्सा हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना और हरियाणा ने 2023-24 में अनाज के जीवीओ (स्थिर मूल्यों पर) में लगभग 53 प्रतिशत का योगदान दिया। उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 2011-12 में 18.6 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 17.2 प्रतिशत दर्ज की गई।



फल समूह में 2023-24 में केले का स्थिर मूल्य जीवीओ 47.0 हजार करोड़ आम के 46.1 हजार करोड़ से आगे निकल गया है। 2011-12 से 2021-22 तक फल समूह में जीवीओ (स्थिर मूल्यों पर) में आम का लगातार सबसे अधिक योगदान रहा है। 2011-12 से 2023-24 के दौरान सब्जी समूह के जीवीओ (स्थिर मूल्यों पर) में आलू का योगदान सबसे अधिक रहा है। आलू का जीवीओ 2011-12 में 21.3 हजार करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 37.2 हजार करोड़ हो गया है।

फूलों की खेती में स्थिर मूल्यों पर जीवीओ में शानदार वृद्धि हुई है, जो 2011-12 में 17.4 हजार करोड़ रुपए से लगभग दोगुना होकर 2023-24 में 28.1 हजार करोड़ रुपए हो गया। यह बागवानी में बढ़ती वाणिज्यिक रुचि और विविधीकरण को दर्शाता है।

मसालों के जीवीओ में 2023-24 में मध्य प्रदेश

■ 2023-24 में अनाज, फल व सब्जियों का कुल फसल जीवीओ में 52.5 प्रतिशत हिस्सा रहा

19.2 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ इस समूह में शीर्ष योगदानकर्ता बन गया, जबकि कर्नाटक और गुजरात क्रमशः 16.6 प्रतिशत और 15.5 प्रतिशत के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

पशुधन उत्पादों का जीवीओ 2011-12 में 488 हजार करोड़ रुपए से बढ़कर 2023-24 में 919 हजार करोड़ रुपए हो गया है। 2023-24 में इस क्षेत्र में दूध का दबदबा बना रहा, हालांकि 2011-12 से 2023-24 के दौरान हिस्सेदारी 67.2 प्रतिशत से घटकर 65.9 प्रतिशत हो गई है। पशुधन क्षेत्र के कुल जीवीओ में मांस समूह की हिस्सेदारी (स्थिर मूल्यों पर) 2011-12 से 2023-24 के दौरान 19.7 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई। वानिकी और लॉगिंग क्षेत्र ने 2011-12 से 2023-24 के दौरान 149 हजार करोड़ रुपए से 227 हजार करोड़ रुपए तक मध्यम लेकिन लगातार वृद्धि दर्ज की है।

औद्योगिक लकड़ी का मूल्य हिस्सा 2011-12 में 49.9 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 70.2 प्रतिशत हो गया। भारत के कृषि जीवीए में मत्स्य पालन और जलीय कृषि उप-क्षेत्र का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसका योगदान 2011-12 में 4.2 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 7.0 प्रतिशत हो गया है।

## सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की जनरली ग्रुप के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी में 24.91 प्रतिशत हिस्सेदारी और फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में 25.18 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।



बैंक ने कहा कि यह जीवन बीमा और साधारण बीमा में अपने संयुक्त उद्यमों के माध्यम से बीमा क्षेत्र में बैंक की उपस्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण रणनीतिक पहल है। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य पूरे भारत में बीमा पैठ को बढ़ाना, नए बीमा उत्पाद प्रदान करना, गहन वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करना और 2047 तक सभी के लिए बीमा के सरकार के मिशन को प्राप्त करने में सक्षम बनाना है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक आधार और वितरण नेटवर्क को जनरली की वैश्विक विशेषज्ञता वाले बीमा समाधानों के साथ मिलने से ग्राहकों को भारतीय बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादों का एक समृद्ध संग्रह मिलेगा। 1911 में स्थापित, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित बैंकों में से एक है, जिसके पास 4500 से अधिक शाखाओं और 20000 से अधिक टचपॉइंट्स का नेटवर्क है। जनरली एक अग्रणी वैश्विक बीमा और परिसंपत्ति प्रबंधन प्रदाता है जिसकी उपस्थिति 50 से अधिक देशों में है और यह ग्राहक केंद्रित समाधानों के लिए जाना जाता है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00059 चंगोराभाठा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722300117

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00059 के अंतर्गत ग्राम चंगोराभाठा के वर्तमान भूमिस्वामी अतुल पिता/पति लछमन छुगानी पता रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 11/1 0.0112 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भव्यवेश साहू पिता धनप्रसाद साहू पिता/पति पता ए 37 छुगानी प्राईड चंगोराभाठा तहसील व जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00047 पंडरीतराई ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440724100059

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00047 के अंतर्गत ग्राम पंडरीतराई के वर्तमान भूमिस्वामी रामकुमार साहू पिता/पति प्यारेलाल साहू पता पंडरीतराई रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 299/41 0.0630 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती पुष्पा माखीजा पिता/पति श्री शीतल माखीजा पता सिविल लाईन रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 07.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार रायपुर

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता श्री उप्पूलूरू त्रिनाधा वेंकट सूर्य वरा प्रसाद राव आयु 47 वर्ष पिता श्री उप्पूलूरू कामेश्वर राव निवासी सेक्टर 3 शिवानंद नगर गणेश मंदिर के पास रायपुर छ.ग.-492008 में यह शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि:-

1. वर्तमान नाम W T V S V Prasad Rao है और मैंने इसे बदलकर पूरा नाम उप्पूलूरू त्रिनाधा वेंकट सूर्य वरा प्रसाद राव किया है।
2. वर्तमान नाम W Sudha है जो अब बदलकर पूरा नाम उप्पूलूरू सुधा किया है।
3. वर्तमान नाम W Vaishnavi है जो अब बदलकर पूरा नाम उप्पूलुरू वैष्णवी किया है।

उपरोक्तनामा स्वयं, पत्नी और पुत्री का है और भविष्य में पूरे नाम से ही जाने जाएंगे।

शपथकर्ता

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव तह. व जिला रायपुर छ.ग.**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 27.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुभन सोनकर पिता झुकु सोनकर निवासी भाठागांव द्वारा आवेदित ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 60 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 1420/2, 1485/3 रकबा 0.4100, 0.2370 हे. कुल खसरा क्रमांक 2 रकबा 0.6470 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 19.05.2025 के परिपालन में दिनांक 01.07.2025 को समय अपरान्ह 11 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 60 के भाठागांव स्थित पटवारी राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक रायपुर-13 भाठागांव

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर छ.ग.**
**राजस्व मामले की नोटिस प्रकाशन**

रा.मा.क्र./202505110800068/अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 24.06.2025
प्रति,
01. कविता गृह निर्माण संस्था समिति रायपुर द्वारा अध्यक्ष कुमारी सोनाली बोस पिता स्व. डी.डी. बोस पता कविता गृह सहकारी निर्माण समिति रायपुर (छ.ग.) 02. अध्यक्ष अवंति गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर (छ.ग.)
द्वारा:- माल जमादार तहसील कार्यालय रायपुर (छ.ग.)

इस नोटिस के जरिये आपको सूचना दी जाती है कि, आवेदक डॉ. रमेश खण्डेलवाल पिता स्व. एम.एल. खण्डेलवाल निवासी अम्बिका दाल एण्ड ऑइल मिल धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि भूखण्ड क्रमांक एच.आई.जी.-15, खसरा नंबर 452 का भाग, रकबा 4000 वर्गफुट को आवेदक द्वारा विक्रेता कविता गृह सहकारी निर्माण संस्था समिति रायपुर द्वारा अध्यक्ष कुमारी सोनाली बोस पिता स्व. डी.डी. बोस पता-कविता गृह सहकारी निर्माण समिति रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 20.08.1990 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने निवेदन किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है।

अतः आप उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 08.07.2025 को अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री ओमी बगड़िया पिता स्व. किशोरीलाल बगड़िया निवासी जवाहर नगर, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा थाना - मौदहापारा, रायपुर में एक एफआईआर दिनांक 12.05.2025 को दर्ज कराई गई है, जिसमें पक्षकार के द्वारा ग्राम लाभाण्डी प.ह.नं. -65, खाता नंबर 403, खसरा नंबर 246/148 जिसे मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 24.03.2023 को अभय भंसाली से पंजीयन बैनामे के द्वारा क्रय की गई। उक्त भूमि को अभय भंसाली ने दिनांक 27.12.2006 को राजेश कुमार अग्रवाल, पिता स्व. सी.आर. अग्रवाल, निवासी - शंकर नगर, रायपुर से क्रय की थी। जो कि पंजीयन कार्यालय के ग्रंथ क्रमांक 35452 में दर्ज है। उक्त भूमि जिस अभय भंसाली ने 27.12.2006 को क्रय की थी। उसकी पंजीयन बैनामें की वास्तविक प्रति गुम हो चुकी है। जिस बाबत् यह आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मुझसे संपर्क कर निराकरण करें।

अधिवक्ता
रविन्द्र सिंह
न्यायालय, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं.-99772-51899

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**ईश्तहार**

क्रमांक: 202506114300016/198
विषय-अ-20 (1) सन् 2024-25
रायपुर प.ह.नं. 00062
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-रामप्रसाद दुबे, अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामप्रसाद दुबे, राजेन्द्र दुबे, उमाशंकर दुबे, शिवप्रसाद दुबे, अचल बाजपेयी सभी के पिता स्व. देवीप्रसाद दुबे निवासी पेंशन बाड़ा रायपुर द्वारा इस आशय से आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि पेंशन बाड़ा स्थित नजूल भूमि ब्लाक नं. 119 प्लाट नं. 2, 5/3 ऑनलाईन प्लाट नं. 2/5/30 रकबा 1168 वर्गफुट भूमि को शासन की नीति के तहत नवीनीकरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के समर्थन में आवेदन पत्र के साथ मेन्टनेंस खसरा एवं अन्य दस्तावेज की छायाप्रति के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्तागण के माध्यम से दिनांक 07.07.2025 को या उसके पूर्व कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-07 किसी भी दिन न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार नजूल रायपुर

**न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**ईश्तहार**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भः जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-आरडी202425440726600164**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी फरजाना बेगम पति हाफिज अब्दुल गफ़फार पिता/पति-खान पता-संजय नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 322/98 (0.0230) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अब्दुल गफफार खान पिता/पति-स्व. वजीर खान पता-मकान नंबर 40/358 मदनी चौक संजय नगर रायपुर, असलम खान पिता/पति-अब्दुल गफफार खान पता-मकान नंबर 40/358 मदनी चौक संजय नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/07/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/06/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर






## नितिन स्टारर 'थम्मुडु' को सेंसर बोर्ड ने दिया 'ए' सर्टिफिकेट

**चेन्नई।** डायरेक्टर श्रीराम वेणु की अपकमिंग फिल्म 'थम्मुडु' को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) से मंजूरी मिल चुकी है। एक्टर नितिन स्टारर एक्शन फिल्म को सेंसर बोर्ड ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज देगी। फिल्म के निर्माता वेंकटेश्वर क्रिएशन्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी पुष्टि करते हुए लिखा कि एक्शन, रोमांच और जोश से भरी 'थम्मुडु' को सेंसर बोर्ड ने 'ए' सर्टिफिकेट दिया है। फिल्म का उद्देश्य और वादा इसे खास बनाता है। एक्टर नितिन ने एक्स पर लिखा कि थम्मुडु को सेंसर से 'ए' सर्टिफिकेट मिला है। 'थम्मुडु' को लेकर प्रशंसक उत्साहित हैं। यह फिल्म अभिनेत्री लया की बड़े पर्दे पर वापसी है।

### कॉफी को लेकर शोधकर्ताओं का खुलासा

# बढ़ती उम्र की रफ्तार को करती है धीमा

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। क्या आप भी सुबह की कॉफी पीना पसंद करते हैं? एक नयी रिसर्च में पता चला है कि कॉफी आपको केवल तरोताजा ही नहीं करती, बल्कि बढ़ती उम्र की रफ़्तार को धीमा करने और लंबी उम्र में भी मदद कर सकती है। कॉफी में मौजूद कैफीन को पहले भी कई सेहत से जुड़े फायदों से जोड़ा गया है, जैसे उम्र बढ़ने पर होने वाली बीमारियों का खतरा कम होना।



- **कैफीन से डीएनए की मरम्मत व तनाव से लड़ने की क्षमता प्रभावित**
- **एएमपीके सिस्टम का मेटफॉर्मिन नाम की मधुमेह की दवा पर भी असर**

हालांकि, यूके में क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि कैफीन मानव कोशिकाओं के अंदर कैसे काम करता है और उसका असर किन जीन (आनुवंशिक गुणों) और प्रोटीन से जुड़ा होता है।

उन्होंने पाया कि कैफीन हमारे शरीर की कोशिकाओं में एक बहुत पुराने ऊर्जा-संबंधी सिस्टम को सक्रिय करता है। इसे एएमपीके कहा जाता है, जो यीस्ट (एक तरह का फंगस) और इंसानों दोनों में मौजूद रहता है।

क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन के सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर सेल बायोलॉजी में जेनेटिक्स, जीनोमिक्स और फंडामेंटल सेल बायोलॉजी के रीडर डॉ. चारलाम्पोस (बेबिस) रैलिस ने कहा कि जब हमारी कोशिकाओं में ऊर्जा की कमी होती है, तब एएमपीके काम करना शुरू कर देता है और कोशिकाओं को संभालता है। कैफीन इस सिस्टम को चालू करने में मदद करता है।

दिलचस्प बात यह है कि एएमपीके वही सिस्टम है जिस पर मेटफॉर्मिन नाम की एक मधुमेह (डायबिटीज) की दवा भी असर डालती है। इस दवा और रैपामाइसिन नाम की एक दूसरी दवा का अध्ययन उम्र बढ़ने के असर को कम करने के लिए किया जा रहा है। रिसर्च में यीस्ट मॉडल का इस्तेमाल कर वैज्ञानिकों ने दिखाया कि कैफीन एएमपीके पर असर डालकर कोशिकाओं की वृद्धि, डीएनए की मरम्मत और तनाव से लड़ने की क्षमता को प्रभावित करता है। ये सभी उम्र बढ़ने और बीमारी से जुड़े हैं।

इस अध्ययन का नेतृत्व करने वाले पोस्टडॉक्टरल शोध वैज्ञानिक डॉ. जॉन-पैट्रिक अलाओ ने कहा कि इस शोध से समझ आता है कि कैफीन सेहत और लंबी उम्र के लिए क्यों फायदेमंद हो सकता है।

# पाचन तंत्र को मजबूत करने में जामुन फायदेमंद

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। गर्मियों की चिलचिलाती धूप में जब सूरज आग बरसाता है, तब प्रकृति हमें जामुन का फल देती है। यह खाने में जितना रसीला और स्वादिष्ट होता है, सेहत के लिए भी उतना ही फायदेमंद होता है। आयुर्वेद में इसका विशेष महत्व है। यह पाचन तंत्र को मजबूत करने और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

जामुन पहली बार भारतीय उपमहाद्वीप में उगाया गया। इसका जिक्र पौराणिक कहानियों में मिलता है। आयुर्वेद में जामुन को एक विशेष स्थान प्राप्त है। इसके फल के साथ-साथ पत्तियों का भी उपयोग विभिन्न आयुर्वेदिक दवाएं बनाने में किया जाता है।

बता दें, जामुन का वैज्ञानिक नाम 'सिजीगियम क्यूमिनी' है। यह स्वाद में खट्टा-मीठा होता है और इसे आमतौर पर नमक के साथ खाते हैं। इसमें ग्लूकोज और फ्रक्टोज दो मुख्य स्रोत होते हैं। इसके अलावा, यह अन्य फलों की तुलना में कम कैलोरी प्रदान करता है।

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित (अक्टूबर, 2022) रिपोर्ट में बताया गया है कि जामुन को डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, हाई ब्लड प्रेशर और मोटापे जैसी समस्याओं के इलाज में खास तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। इस वजह से जामुन मेटाबॉलिक सिंड्रोम नाम की स्थिति में भी फायदेमंद हो सकता है।



- **हाई ब्लड प्रेशर व मोटापे जैसी समस्याओं के इलाज में होती है इस्तेमाल**
- **त्वचा को स्वस्थ रखने और झुर्रियों को कम करने में मददगार**

सुश्रुत संहिता के अनुसार, जामुन में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, जो पाचन में सहायता करता है और कब्ज, सूजन और एसिडिटी जैसी समस्याओं को रोकता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा को स्वस्थ रखने और झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और फॉस्फोरस होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है। इससे ऑस्टियोपोरोसिस और हड्डियों के कमजोर होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा, इसकी गुठलियां भी किसी वरदान से कम नहीं। बड़े बुजुर्ग अक्सर गुठलियों को न फेंकने की सलाह देते हैं। गुठलियों को फेंकने की बजाय किसी साफ बर्तन में इकट्ठा कर उसे धूप में सुखाने के बाद इसका चूर्ण बना कर सेवन करने वाले शुगर के मरीजों को काफी राहत पहुंचती है। इसके चूर्ण का सेवन करने से ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में मदद मिलती है और शरीर भी डिटॉक्स होता है।

# अभिनेता सयाजी शिंदे ने लगाए 75 नए पौधे

**मुंबई,** 28 जून (एजेंसियां)। हिंदी के साथ ही मराठी और साउथ की कई सफल फिल्मों का हिस्सा रहे एक्टर सयाजी शिंदे पर्यावरण संरक्षण को अक्सर बढ़ावा देते दिखते हैं। शनिवार को उन्होंने 75 नए पौधे लगाए और बताया कि उनका लक्ष्य 10 हजार पौधों को लगाने का है। एक्टर सयाजी शिंदे ने बताया कि वह हरियाली और पर्यावरण को लेकर काम करते रहते हैं, इससे उन्हें सुकून मिलता है।



उन्होंने बताया कि पिछली बार हमने बीड जिले के पल्लवन में पौधे लगाए थे और रामगढ़ में भी पौधे लगाए, जो काफी सफल रहे। इस खुशी में हमने 75 नए पौधे लगाए। अभी रामगढ़ में भी लगभग 10 हजार पौधे लगाने बाकी हैं, हमारा लक्ष्य 10 हजार पौधे लगाने का है।

सयाजी शिंदे कुछ वर्षों से पौधरोपण अभियान को लेकर सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उनके एनजीओ ने कई पौधे लगाए हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के साखरवाड़ी नामक एक छोटे से गांव में जन्मे सयाजी अपने गांव में भी 10 हजार से ज्यादा पौधे लगा चुके हैं। सयाजी शिंदे ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत मराठी थिएटर से की।

# बुजुर्गों के लिए सौगात है 'कुर्सी योग'

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। बढ़ती उम्र के साथ शारीरिक गतिशीलता और संतुलन में कमी आना स्वाभाविक है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं कि योग से दूरी बनानी पड़े। ऐसे में बुजुर्गों के लिए सरल तरीके से किया जाने वाला कुर्सी योग एक सौगात से कम नहीं है। कुर्सी योग बुजुर्गों के लिए यह वरदान साबित हो रहा है। योग, कुर्सी का सहारा लेकर बढ़ती उम्र की समस्या से परेशान लोगों को स्थिरता देता है, जिससे पारंपरिक योग आसनों को आसान और सुरक्षित तरीके से कर पाते हैं। आसन, सांस लेने की तकनीक (प्राणायाम) और ध्यान का अभ्यास कुर्सी पर बैठकर या उसका सहारा लेकर किया जाता है। यह उन लोगों के लिए आदर्श है, जो फर्श पर उठने-बैठने में असमर्थ हैं, संतुलन बनाए रखने में कठिनाई महसूस करते हैं या जो जोड़ों के दर्द और मांसपेशियों की कमजोरी से जूझ रहे हैं। इस योग को घर के साथ ही पार्क या अन्य जगहों पर भी आसानी से किया जा सकता है, जिसके लिए किसी विशेष चीज की आवश्यकता नहीं होती, सिवाय एक स्थिर कुर्सी के।



इसके नियमित अभ्यास से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में कई लाभ देखे गए हैं। यह जोड़ों की जकड़न को कम करता है, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है और लचीलापन बढ़ाता है। सांस लेने की तकनीकों के जरिए यह तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे मानसिक शांति मिलती है। हृदय संबंधी समस्याओं को दूर कर उसे स्वस्थ बनाने, ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने और नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए भी कुर्सी योग प्रभावी है। बुजुर्ग बिना किसी जोखिम के सहज तरीके से व्यायाम कर सकते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार, कुर्सी योग की शुरुआत सरल आसनों जैसे कंधे और गर्दन की स्ट्रेचिंग, कुर्सी पर बैठकर पैरों की गति या सहारे के साथ खड़े होकर किए जाने वाले आसनों से की जा सकती है। एक्सपर्ट के अनुसार, प्रशिक्षित योग शिक्षक की देखरेख में इसे शुरू करना बेहतर होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि सप्ताह में 2-3 बार 20-30 मिनट का अभ्यास भी पर्याप्त लाभ दे सकता है। बैठकर किए जाने वाला योग न केवल बुजुर्गों, बल्कि उन सभी के लिए एक सुरक्षित विकल्प है जो योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहते हैं। यह स्वास्थ्य और खुशहाली की दिशा में एक सरल, सुलभ और प्रभावी कदम है।


# फरहान अख्तर का एक्सेल एंटरटेनमेंट अनुपम खेर की 'तन्वी द ग्रेट' का करेगा डिस्ट्रीब्यूशन

**मुंबई,** 28 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर की अपकमिंग फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' ने अब फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की प्रोडक्शन कंपनी एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ हाथ मिलाया है। यह प्रोडक्शन हाउस फिल्म के ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन की जिम्मेदारी संभालेगा। फिल्म 18 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

अभिनेता अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फरहान और रितेश सिधवानी के साथ तस्वीर शेयर की, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा कि हर बेहतरीन कहानी के पीछे वे लोग होते हैं जो उस पर विश्वास करते हैं और उसे आगे ले जाते हैं। आज, एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ हमारी यह यात्रा और मजबूत हो गई है। भारतीय सिनेमा के सबसे उत्साही कहानीकारों में से एक, एक्सेल का साथ तन्वी की कहानी को वैश्विक स्तर पर ले जाने के हमारे सपने को और मजबूती देगा। फरहान और रितेश, आपके विश्वास और समर्थन के लिए धन्यवाद! अभिनेता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं, वह अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए पोस्ट शेयर करते रहते हैं। फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के न्यूयॉर्क प्रीमियर में हॉलीवुड आइकन रॉबर्ट डी नीरो और कॉमेडियन-एक्ट्रेस टिफनी हैडिश के साथ नजर आए थे। सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेता ने प्रशंसकों को प्रीमियर की झलक दिखाई, जिसमें उन्होंने कैप्शन में लिखा कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ अभिनेता न्यूयॉर्क में तन्वी द ग्रेट के प्रीमियर में शामिल हुए।

# नींद केवल व्यक्तिगत आदतों से नहीं, बल्कि वातावरण से भी होती है प्रभावित

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। एक अध्ययन के अनुसार, हमारा सोने का तरीका हफ्ते के दिन, मौसम और जगह के हिसाब से काफी बदलता है। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने यह रिसर्च की। इसमें 1 लाख 16 हजार से ज्यादा वयस्कों और 73 मिलियन से ज्यादा सोने की रातों का डेटा लिया गया। समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, टीम ने 3.5 वर्षों में नींद की अवधि और समय को निष्पक्ष रूप से ट्रैक करने के लिए एक अंडर-मैट्रेस डिवाइस का उपयोग किया। यानी शोधकर्ताओं ने तीन साल से ज्यादा समय तक एक खास उपकरण से उनके सोने का समय और अवधि को नापा। रिसर्च में पाया गया कि हमारी नींद केवल हमारी आदतों से नहीं, बल्कि दिन की रोशनी, तापमान और हफ्ते भर की दिनचर्या जैसे माहौल के कारण भी बदलती है।



फ्लिंडर्स यूनिवर्सिटी की नींद संबंधी मामलों की विशेषज्ञ हन्ना स्कॉट ने बताया कि इंसानों की नींद में मौसम का भी बड़ा असर पड़ता है। लोगों का सोने का समय उनकी उम्र, इलाके और भौगोलिक स्थिति से जुड़ा होता है।

उदाहरण के लिए, उत्तरी गोलार्ध (जैसे यूरोप, अमेरिका) में लोग सर्दियों में 15-20 मिनट ज्यादा सोते हैं, जबकि दक्षिणी गोलार्ध (जैसे ऑस्ट्रेलिया) में लोग गर्मियों में कम सोते हैं।

स्कॉट ने कहा कि जो लोग भूमध्य रेखा से दूर रहते हैं, उनकी नींद में मौसम के हिसाब से ज्यादा बदलाव देखने को मिलता है।

इसके अलावा, लोग वीकेंड (शनिवार-रविवार) को देर से सोते हैं और ज्यादा देर तक सोकर अपनी नींद पूरी करने की कोशिश करते हैं, खासकर मध्यम आयु वर्ग के वो लोग जो काम और परिवार के बीच संतुलन बनाते हैं।

स्लीप में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, ये अनियमित पैटर्न तेजी से नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों से जुड़े हुए हैं। यानी ऐसी अनियमित नींद का सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। रिसर्च में पाया गया कि नींद में धीरे-धीरे गिरावट आ रही है। 2020 से 2023 तक हर साल लोगों की औसत नींद में करीब 2.5 मिनट की कमी आई है और संभवत इसका कारण कोविड-19 महामारी का असर है।

# चुनौतियों से भरे किरदार करना चाहती हूं : सोनाक्षी सिन्हा

**मुंबई,** 28 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'निकिता रॉय' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। कई फिल्मों में दमदार अदायगी से वाहवाही लूटने वाली सोना ने दबी हुई ख्वाहिश का भी इजहार किया!



अभिनेत्री के तौर पर वह और क्या करना चाहेंगी, तो इस पर 'दबंग' अभिनेत्री ने कहा कि वह इन दिनों ऐसे किरदार की तलाश में हैं जो उन्हें अलग तरह से चुनौती दें और उन्हें अलग-अलग तरीके से स्क्रीन पर पेश करें। उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसा कुछ नहीं करना चाहती जो मैंने पहले किया हो या ऐसा जो मैं अपनी नींद में कर सकती हूं, बल्कि मैं ऐसा किरदार चाहती हूं जो वास्तव में मुझे नई चुनौती दे और मुझे मेरे कंफर्ट से बाहर ले जाए। इसलिए मैं पिछले नौ सालों से अलग-अलग किरदार चुन रही हूं। वहीं, मुझे नई चीजें करना पसंद भी है और इसमें काफी मजा भी आता है।

सोनाक्षी ने कहा कि मैं एक पीरियड ड्रामा या बायोपिक करना पसंद करूंगी। मैंने हीरामंडी जैसी पीरियड ड्रामा सीरीज की है, लेकिन मैंने बायोपिक नहीं की है। इसलिए मैं इसे करना पसंद करूंगी। इस बीच सोनाक्षी ने सन ऑफ सरदार सीक्वल का हिस्सा न होने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि शायद फिल्म की कहानी अब किसी और दिशा में जा रही है और उसमें नए किरदार होंगे। मैं इस बदलाव को पूरी तरह समझती हूं और इसका सम्मान करती हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने आगे कहा कि मैं अब प्रोफेशनल तरीके से सोचती हूं। हम इतने सालों से इस इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं, तो इन बातों को समझना आ गया है। यह बहुत छोटी सी बात है, कोई बड़ी बात नहीं है। इसका मुझ पर कोई असर नहीं पड़ता।

बता दें, अभिनेत्री साल 2012 में रिलीज फिल्म सन ऑफ सरदार में थी। साथ ही फिल्म में अजय देवगन ने जस्सी और संजय दत्त ने बिल्लू का किरदार निभाया था। इसमें एक्ट्रेस जूही चावला भी अहम किरदार में नजर आई थीं। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म साल 2010 की तेलुगू फिल्म मर्यादा रमन्ना की रीमेक थी। अब इसके सीक्वल में अजय देवगन और मृणाल ठाकुर की जोड़ी नजर आएगी। वर्कफ्रंट की बात करें, तो सोनाक्षी की फिल्म निकिता रॉय 18 जुलाई को सिनेमा घरों में रिलीज होने वाली है।

# एक-दूसरे को बेहद प्यार करते थे शेफाली और पराग : दीपशिखा नागपाल

**मुंबई,** 28 जून (एजेंसियां)। एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला का शुक्रवार रात कार्डियक अरेस्ट से निधन हो गया। 42 साल की उम्र में उनके अचानक निधन से टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री सदमे में है। शेफाली के साथ काम कर चुकी को-एक्टर दीपशिखा ने बताया कि वह शानदार शख्सियत थीं। शेफाली को 'बिग बॉस 13' और 'नच बलिए' जैसे रियलिटी शोज में उनकी मौजूदगी के लिए जाना जाता था। दीपशिखा नागपाल ने शेफाली के साथ अपनी यादें साझा कीं। दीपशिखा ने बताया कि मैंने शेफाली के साथ 'नच बलिए' में काम किया था। हम बहुत करीबी दोस्त तो नहीं थे, लेकिन वह हर गणपति उत्सव में हमें बुलाती थीं। हाल ही में कुछ पार्टियों में उनसे मुलाकात हुई। वह बहुत ही प्यारी और जिंदादिल इंसान थीं, वह विनम्र इंसान थीं। दीपशिखा ने शेफाली और पराग के रिश्ते के बारे में बताया, शेफाली और पराग एक-दूसरे से बहुत प्यार करते थे। वे एक आदर्श जोड़ी थे, जिन्हें लोग प्रेरणा मानते थे। उनकी मौत की खबर ने मुझे झकझोर कर रख दिया। मेरे मन में कई सवाल हैं, ऐसा क्यों हुआ? पराग इस दुख को कैसे सहेंगे? मैं प्रार्थना करती हूं कि ईश्वर उन्हें और उनके परिवार को हिम्मत दे।



**शेफाली के निधन पर फिल्मी सितारों ने दुख जताया**

मीका सिंह, रश्मि देसाई, दिव्यांका त्रिपाठी, अली गोनी, हिमांशी खुराना, किश्वर मर्चेंट, काम्या पंजाबी के साथ ही कीकू शारदा समेत अन्य सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दुख व्यक्त किया।

शेफाली ने अपने करियर में कई टीवी शोज और म्यूजिक वीडियोज में काम किया था। 'नच बलिए' में पराग के साथ उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया।

शेफाली हिट गाने 'कांटा लगा' और 'बिग बॉस 13' में अपनी उपस्थिति के लिए जानी जाती थीं। एक्ट्रेस ने करियर की शुरुआत 'कांटा लगा' गाने से की थी, जिसने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया।

इसके बाद उन्होंने 'मुझसे शादी करोगी', 'शैतानी रस्में', 'रात्रि के यति' और 'हुडुगारु' जैसी फिल्मों में काम किया। 'बिग बॉस 13' में उनकी मौजूदगी भी सुर्खियों में रही थी।

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स असोसिएशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संवेदनाएं व्यक्त करते हुए लिखा कि शेफाली जरीवाला अब हमारे बीच नहीं रहीं। अभिनेत्री करिश्मा तन्ना ने इंस्टाग्राम पर अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए लिखा कि शेफाली के निधन की खबर से दिल बहुत भारी है। इस खबर पर विश्वास करना मुश्किल है। वहीं, रश्मि देसाई ने दुख के साथ कहा कि मैं अभी भी इस खबर पर यकीन नहीं कर पा रही हूं।

### वैज्ञानिकों ने की पोर्टेबल डीएनए सीक्वेंसिंग डिवाइस विकसित

# एंटीबायोटिक प्रतिरोध की खोज में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। एक नई स्टडी के अनुसार, पोर्टेबल डीएनए सीक्वेंसिंग डिवाइस जानवरों और पर्यावरण में एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधकता (दवाएं बेअसर होना) का पता लगाने में मदद कर सकता है।

इस उपकरण से एंटीबायोटिक प्रतिरोध को कम करने के लिए प्रभावी और किफायती उपाय किए जा सकेंगे।

संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन, इंडोनेशिया के कृषि मंत्रालय और अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने मिलकर इंडोनेशिया के ग्रेटर जकार्ता क्षेत्र में छह मुर्गीखानों में इस डिवाइस का परीक्षण किया। वैज्ञानिकों ने मुर्गीखानों से निकलने वाले गंदे पानी और आसपास की नदियों से नमूने लिए। जांच में पता चला कि मुर्गीखानों के गंदे पानी में मौजूद ई.कोलाई बैक्टीरिया, जो दवाओं के बेअसर होने का संकेतक है, आसपास की नदियों तक पहुंच रहा है। कई जगहों पर देखा गया कि नदी में जहां गंदा पानी मिलता है, वहां ई.कोलाई की मात्रा ज्यादा है, जिससे साफ हुआ कि जानवरों के अपशिष्ट के जरिए यह समस्या फैल सकती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पोर्टेबल डिवाइस स्थानीय स्तर पर तेजी से और सस्ते में एंटीबायोटिक प्रतिरोध का पता लगाने में सक्षम है।

- **मुर्गीखानों से निकलने वाले गंदे पानी व आसपास की नदियों से नमूने की जांच की**
- **दवाओं के प्रति रोगाणुओं की प्रतिरोधकता एक बड़ा वैश्विक खतरा**



इससे प्रतिरोधी ई. कोलाई के प्रसार को रोकने में मदद मिलेगी, जो बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोगों में दस्त जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के बायोडिजाइन सेंटर के शोधकर्ता ली वॉथ-गेडर्ट ने बताया कि कुछ जगहों पर दस्त जैसी समस्या जानलेवा हो सकती है।

वैज्ञानिकों ने बताया कि एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) यानी दवाओं के प्रति रोगाणुओं की प्रतिरोधकता एक बड़ा वैश्विक खतरा है। साल 2021 में इसके कारण 47.1 लाख मौतें हुईं, जिनमें 11.4 लाख प्रत्यक्ष रूप से एएमआर से जुड़ी थीं। अनुमान है कि साल 2050 तक यह आंकड़ा बढ़कर 82.2 लाख हो सकता है।

यह मोबाइल सीक्वेंसिंग तकनीक खेतों, गीली जगहों और अन्य रोगजनकों जैसे बर्ड फ्लू की निगरानी के लिए भी उपयोगी हो सकती है। यह शोध जर्नल 'एंटीबायोटिक्स' में प्रकाशित हुआ है।

# 'परहेज नहीं करना चाहिए' खुश रहने का ये था शेफाली जरीवाला का मंत्र

*अभिनेत्री शेफाली जरीवाला फिटनेस को लेकर काफी सजग थीं और जिंदगी को लेकर उनका नजरिया बेहद स्पष्ट था। वो खुलकर जीने में यकीन रखती थीं। एक बार शूटिंग के सिलसिले में दिल्ली पहुंची एक्ट्रेस ने कहा था कि उन्हें दिल्ली से खासा लगाव है। कनॉट प्लेस (सीपी) के 'छोले भटूरे' और स्ट्रीट चाट उनकी सबसे पसंदीदा डिश है। सेहत को लेकर इतनी सजग रहने वाली अभिनेत्री का चटपटे व्यंजन को लेकर लगाव कइयों को हैरान कर गया। ऐसा बिग बॉस के सेट पर भी दिखता था। को कंटेस्टेंट्स से फिटनेस मंत्र साझा करती थीं। रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 13 में उन्होंने बताया था कि किसी को भी वह चीज खाने से या करने से परहेज नहीं करना चाहिए जो चीज खुशी देती है। हालांकि, एक कलाकार के रूप में कुछ चीजों पर ध्यान देना भी जरूरी है। क्योंकि काम पहले आता है।( खास बात ये कि जरीवाला अपने शो में स्टंट भी खुद किया करती थीं, इसका जिक्र भी उन्होंने एक इंटरव्यू में किया था। सुपरनैचुरल ड्रामा शैतानी रस्में में कपालिका का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री ने कहा था, सेट पर हर दिन रोमांच से भरा रहता है। वह खुद स्टंट करती हैं। चाहे वह पेड़ों पर चढ़ना ही क?यों न हो, क्योंकि इससे मुझे सीखने और आगे बढ़ने का मौका मिलता है। शेफाली ने परफेक्शन लाने के लिए खुद को एक कमरे तक में बंद करने की बात कही थी। 'कपालिका' के किरदार में ढलने के लिए उन्होंने खुद को बेडरूम में बंद कर लिया था।*

# खेल जगत

## भारत का निचला क्रम बल्लेबाजी कौशल पर काम कर रहा है : प्रसिद्ध

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में दोनों पारियों में भारतीय बल्लेबाजों के निचलेक्रम के पतन के बाद तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा है कि निचले क्रम के बल्लेबाज नेट सत्रों में अपने कौशल को निखार रहे हैं और लंबे समय तक क्रीज पर टिके रहने के अपने कौशल पर भरोसा कर रहे हैं। हेडिंग्ले में, भारत ने पहली पारी में अपने आखिरी सात विकेट 41 रन पर गंवा दिए और फिर दूसरी पारी में अपने आखिरी छह विकेट 31 रन पर गंवा दिए, जिसका मतलब है कि पांच शतकों के बावजूद मेहमान टीम पांच मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज में इंग्लैंड से पांच विकेट से हारने से खुद को नहीं रोक पाई। प्रसिद्ध ने शनिवार को बर्मिंघम में संवाददाताओं से कहा कि निचले क्रम के बल्लेबाजों के रूप में, हम निश्चित रूप से (अपनी बल्लेबाजी) पर काम कर रहे हैं। यदि आप हमारे नेट सत्रों को देखें, तो हम कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



### वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड में मचाया धमाल

# अंडर-19 वनडे में जीती टीम इंडिया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 28 जून (देशबन्धु)। 14 बरस के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने ख्याति के अनुरुप धमाल करते हुए मात्र 19 गेंदों में 48 रन की तूफानी पारी खेल कर भारत अंडर 19 टीम को इंग्लैंड अंडर 19 के खिलाफ होव में शुक्रवार रात पांच यूथ वन डे इंटरनैशनल मैचों की क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में छह विकेट से जीत दिलाई। आईपीएल जैसी दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे महंगी टी-20 पुरुष क्रिकेट लीग में इसी साल राजस्थान रॉयल्स के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलते हुए सबसे कम मात्र 14 बरस की उम्र में इसके इतिहास का दूसरा सबसे मात्र 38 गेंद खेल शतक (101) जड़ने वाले वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड की धरती पर कदम रखते ही अपने कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ मात्र 7.3 ओवर में 71 रन की तूफानी भागीदारी कर भारत अंडर 19 टीम को 26 ओवर के बाकी रहते जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। भारत की अंडर 19 युवा टीम ने तीन पहले ही 50 ओवर के मैच में यंग लॉयंस आमंत्रण एकादश को लॉफ्बरो में 231 रन से हरा अपने इंग्लैंड दौरे का शानदार आगाज किया था।

■ ऑफ स्पिनर कनिष्क चौहान भारत अंडर-19 के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे



पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ के बेटे रॉकी फ्लिंटॉफ के 90 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की बदौलत आखिरी बल्लेबाज के रूप में भारत अंडर 19 के तेज गेंदबाज हीनल पटेल की गेंद को उड़ाने की कोशिश में अंबरीश को कैच थमा अंतिम बल्लेबाज के रूप में आउट होने से पहले इंग्लैंड अंडर 19 टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 42.2 ओवर में 174 रन बनाकर आउट हो गई। इंग्लैंड अंडर 19 टीम के लिए सलामी बल्लेबाज इसाक मोहम्मद ने 28 गेंद खेल कर चार छक्कों व तीन चौकों की मदद से 42 रन बनाए। ऑफ स्पिनर कनिष्क चौहान (3/20) भारत अंडर 19 के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे जबकि तेज गेंदबाज हीनल पटेल, आर एस अंबरीश, लेग स्पिनर मोहम्मद इनान ने दो दो विकेट चटकाए। जवाब में वैभव सूर्यवंशी की मात्र 19 गेंदों पर पांच छक्कों व तीन चौकों की मदद से 48 रन की तूफानी पारी और विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडु की 34 गेंदों पर एक छक्के व चार चौकों की मदद से अविजित 45 रन की पारी की बदौलत भारत अंडर 19 टीम ने 24 ओवर में चार विकेट खोकर 178 रन बनाकर मैच जीत लिया। भारत अंडर 19 टीम के वैभव सूर्यवंशी ने जैक होम के पहले ही ओवर मे जमकर धुनाई कर तीन छक्के जड़े और इसमें 21 रन बने। बाएं हाथ के स्पिनर रॉफ अल्बर्ट की गेंद को उड़ाने की कोशिश में सूर्यवंशी आठवें ओवर की तीसरी गेंद पर पॉइंट पर अली को कैच दे बैठे और इसके साथ ही उनकी और कप्तान आयुष म्हात्रे के साथ पहले विकेट की 71 रन की भागीदारी टूट गई। भारत अंडर 19 टीम ने जीत का लक्ष्य पाने से पहले तीन और विकेट गंवाए। वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद मैच एकदम ही कुछ अलग सा होगा। विकेटकीपर कुंडू ने अविजित 45रन बनाकर और राहुल कुमार ने बाएं हाथ के स्पिनर राल्फ के चौथे और पारी के 24 वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़ भारत अंडर 19 को 26 ओवर और छह विकेट के बाकी रहते मैच जिता दिया। कप्तान आयुष म्हात्रे (21 रन, 30 गेंद, चार चौके) इंग्लैंड अंडर 19 के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज ए एम फ्रेंच की गेंद पर रॉकी फ्लिंटॉफ को कैच थमा बैठे और भारत अंडर 19 टीम ने दूसरा विकेट 79 रन पर खोया और स्कोर में 20 रन ही और जुड़े थे कि मौल्यराज सिह चावड़ा (16 रन, 15 गेंद, दो चौके) फ्रेंच की गेंद पर बोल्ड हो गए जबकि विहान मल्होत्रा (18 रन, 21 गेंद। दो चौके) ने होम की गेंद पर विकेटकीपर रियू को कैच थमा चौथे 123 रन के स्कोर पर चौथे बल्लेबाज के रूप में आउट हो पैवेलियन लौटे।

## नीरज भाला फेंक रैंकिंग में फिर शीर्ष पर

**लुसाने,** (स्विट्जरलैंड) 28 जून (एजेंसियां)। भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा एक बार फिर से भाला फेंक रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये है। विश्व एथलेटिक्स द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में नीरज एक बार फिर दुनिया के नंबर वन भाला फेंक खिलाड़ी बन गये है। सितंबर 2024 में ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने नीरज को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल कर लिया था। इस सप्ताह की शुरुआत में जारी रैंकिंग में नीरज के पास एंडरसन पीटर्स के 1431 की तुलना में 1445 रैंकिंग अंक हैं। जर्मनी के जूलियन वेबर रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता पाकिस्तान के अरशद नदीम 1370 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं और चेक गणराज्य के जैकब वडलेज शीर्ष पांच की सूची में शामिल हैं। नीरज के इस वर्ष लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें फिर शीर्ष पर पहुंचा दिया है। नीरज ने अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पोच इनविटेशनल जीता और मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने दोहा में 90.23 मीटर का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और प्रतिष्ठित 90 मीटर क्लब में प्रवेश किया। पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में वह फिर दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन जून में पेरिस डायमंड लीग में जीत की राह पर लौट आए। उन्होंने पेरिस में 88.16 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया। इस साल अपने सभी चार मुकाबलों में नीरज ने एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया है। दोनों शीर्ष एथलीट पांच जुलाई को बेंगलुरु में एनसी क्लासिक 2025 में फिर से आमने-सामने होंगे।

■ नीरज ने इस सप्ताह की शुरुआत में ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक का खिताब भी अपने नाम किया



## लुआन-ड्रे प्रीटोरियस टेस्ट शतक बनाने वाले सबसे युवा दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन गए

**बुलावायो,** 28 जून (एजेंसियां)। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रीटोरियस शनिवार को बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी टीम के पहले टेस्ट के दौरान टेस्ट शतक बनाने वाले सबसे युवा दक्षिण अफ्रीकी बन गए हैं। 19 साल और 93 दिन की उम्र में प्रीटोरियस ने शनिवार को पहले दिन के खेल के दूसरे सत्र के दौरान अपनी पारी की 113वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना शतक पूरा किया। इस प्रक्रिया में, उन्होंने ग्रीम पोलक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया और दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे युवा टेस्ट शतक बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। पोलक की उम्र 19 साल और 317 दिन थी जब उन्होंने 1964 में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शतक बनाया था। चाय के ब्रेक के समय, प्रीटोरियस 141 गेंदों पर 128 रन बनाकर नाबाद हैं, जिसमें सात चौके और चार छक्के शामिल हैं, जब स्कोर 23/3 था। लॉर्ड्स में 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का खिताब जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीका का यह पहला मैच है, एक समय वे 55/4 पर सिमट गए थे, इससे पहले प्रीटोरियस, जो एक विकेटकीपर भी हैं, ने साथी डेब्यूटेंट डेवाल्ड ब्रेविस के साथ मिलकर प्रोटियाज के लिए स्थिति बदल दी, जिन्होंने 51 रन बनाए, और दोनों ने सिर्फ 88 गेंदों पर 95 रनों की साझेदारी की।

## गौतम गंभीर पर प्रदर्शन का बहुत दबाव है : आकाश चोपड़ा



हमारा पुछल्ला बल्लेबाजी नहीं करता और हमारा शीर्ष क्रम गेंदबाजी नहीं करता। उन्हें कम से कम थोड़ी गेंदबाजी तो करनी चाहिए : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली,** 28 जून (एजेंसियां)। पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा के अनुसार टेस्ट क्रिकेट में भारत के संघर्ष ने मुख्य कोच गौतम गंभीर पर दबाव बढ़ा दिया है, क्योंकि टीम हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में इंग्लैंड से पांच विकेट से हार गई थी। शीर्ष क्रम के ठोस योगदान के बावजूद, भारत की निचली क्रम की बल्लेबाजी दोनों मौकों पर ढह गई, जिससे टीम औसत से कम स्कोर पर पहुंच गई और इंग्लैंड को अंतिम पारी में 371 रन का विशाल लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली। चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर हार का विश्लेषण करते हुए भारतीय लाइनअप में संतुलन की कमी की ओर इशारा किया। चोपड़ा ने कहा कि हमारा पुछल्ला बल्लेबाजी नहीं करता और हमारा शीर्ष क्रम गेंदबाजी नहीं करता। उन्हें कम से कम थोड़ी गेंदबाजी तो करनी चाहिए। मैं यह नहीं कह रहा कि आपको 15-ओवर देने की जरूरत है, कि आपके पास जैक्स कैलिस जैसा खिलाड़ी होना चाहिए, या जैसे वे (दक्षिण अफ्रीका) वियान मुल्डर को नंबर 3 पर खेला रहे हैं, या एडेन मार्करम बहुत गेंदबाजी कर रहे हैं। हाल ही में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान दक्षिण अफ्रीका के दृष्टिकोण का जिक्र करते हुए, चोपड़ा ने कहा कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज न होने के बावजूद, मुल्डर को दक्षिण अफ्रीका के लिए क्रम में ऊपर भेजा गया है। अगर ऐसा नहीं भी होता है, तो भी यह कारगर होगा। यह ऐसी चीज नहीं है जिस पर आपको ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि, आपको कम से कम थोड़ी गेंदबाजी की जरूरत है क्योंकि इससे आपको कुछ संतुलन, विकल्प और चुनाव मिलते हैं।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को पारी और 78 रनों से हराया

**कोलंबो,** 28 जून (एजेंसियां)। प्रभात जयसूर्या ने श्रीलंका को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश पर पारी और 78 रनों से जीत दिलाई। उन्होंने चौथे दिन शनिवार को आधे घंटे के भीतर मैच समाप्त कर दिया और 1-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया।

बाएं हाथ के स्पिनर को टर्निंग ट्रैक पर खेलना मुश्किल था, उन्होंने दूसरी पारी में 56 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि बांग्लादेश की टीम दूसरी पारी में 133 रन पर ढेर हो गई। सुबह 6 विकेट पर 115 रन से आगे खेलने उतरी बांग्लादेश को मुकाबले को आगे बढ़ाने के लिए चमत्कार की जरूरत थी। जयसूर्या ने सुनिश्चित किया कि कोई राहत न मिले, उन्होंने दिन के अपने पहले ओवर में लिटन दास को 14 रन पर आउट कर दिया। उन्होंने बल्लेबाजों के इर्द-गिर्द अपना जाल बुनना जारी रखा और लगातार ओवरों में नईम हसन और तैजुल इस्लाम को आउट किया। थारिंदु रत्नायके ने इबादत हुसैन को एलबीडब्लू आउट करके बांग्लादेश की उम्मीदों का अंत किया। यह जीत मेजबान टीम के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत मिली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन शादमान इस्लाम के 46 रनों के बावजूद वे अपनी पहली पारी में केवल 247 रन ही बना सके। श्रीलंका के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें डेब्यू करने वाले सोनल दिनुशा (22 रन पर 3 विकेट) और असिथा फर्नांडो (51 रन पर 3 विकेट) ने बढ़त बनाई। इसके बाद श्रीलंका के बल्लेबाजों ने दमदार खेल दिखाया। पथुम निसंका ने 158 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें कुसल मेंडिस ने 87 गेंदों पर 84 रन और दिनेश चांडीमल ने 93 रनों की पारी खेली।



■ श्रीलंका ने 1-0 से सीरीज पर कब्जा कर लिया

### टेस्ट सीरीज गंवाते ही नजमुल शांतो ने छोड़ी बांग्लादेश की कप्तानी



**कोलंबो,** 28 जून (एजेंसियां)। बांग्लादेश को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में पारी और 78 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। इसी के साथ मेहमान टीम सीरीज 0-1 से गंवा बैठी, जिसके बाद नजमुल शांतो ने बांग्लादेश की टेस्ट कप्तानी छोड़ने का ऐलान कर सभी को चौंका दिया। शनिवार को मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में नजमुल शांतो ने कहा कि मैं अब टेस्ट फॉर्मेट में कप्तान के तौर पर काम करना नहीं चाहता। मैंने टीम की बेहतरी के लिए यह फैसला लिया है। मुझे लगता है कि इससे टीम को मदद मिलेगी। मैं पिछले कुछ सालों से ड्रेसिंग रूम का हिस्सा रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि तीन कप्तान समझदारी नहीं है। मुझे नहीं पता कि बोर्ड इस बारे में क्या सोचेगा। मैं बोर्ड के फैसले का समर्थन करूंगा, लेकिन यह मेरा निजी फैसला है। मुझे लगता है कि टीम के लिए तीन अलग-अलग कप्तानों से निपटना मुश्किल होगा। नजमुल शांतो ने जोर देकर कहा कि उनके इस फैसले को भावनात्मक या हाल ही में सीरीज में हार की प्रतिक्रिया के तौर पर न देखा जाए।

### सार संक्षेप

#### नेपाल ऑस्ट्रेलिया में जाकर खेलेगा टॉप एंड टी-20 सीरीज

**काठमांडू।** नेपाल ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि ऑस्ट्रेलिया के डारविन में 14 से 24 अगस्त के बीच होने वाली टॉप एंड टी20 सीरीज में वह चार में से एक अंतर्राष्ट्रीय टीम होगी। नेपाल के लिए ये सीरीज 2026 टी20 विश्व कप में जगह बनाने की तैयारी के तौर पर बड़ी भूमिका अदा कर सकती है। 2026 टी20 विश्व कप में अभी भी तीन स्थान खाली हैं, ये विश्व कप अगले साल भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में खेला जाना है। आईसीसी टी20 विश्व कप क्वालिफायर्स अक्टूबर में ओमान में आयोजित किया जाएगा, जिसके जरिए नेपाल के पास विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने का मौका होगा। नेपाल अगस्त की शुरुआत में डारविन पहुंच जाएगी, जहां उन्हें कम से कम छह टी20 मुकाबले खेलने हैं। ये सभी मैच कैजली एरेना के टीओ्ड्ढ स्टेडियम में खेले जाएंगे।

#### स्वियाटेक लेक्सस ईस्टबोर्न ओपन के फाइनल में

**बर्लिन।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियाटेक ने सेमीफाइनल मुकाबले में विंबलडन उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी करारी शिकस्त देते हुए पहली बार लेक्सस ईस्टबोर्न ओपन डब्ल्यूटीए टूर ग्रास-कोर्ट फाइनल में जगह बना ली है।आज यहां खेले गये मुकाबले में पोलैंड की स्वियाटेक ने इतालवी खिलाड़ी पाओलिनी को सीधे सेटों में 6-1, 6-3 से हराया। स्वियाटेक ने हार्ड कोर्ट पर 12 और क्ले कोर्ट पर 10 खिताब

## सुडोकू 6958 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 |

## भारत और पाकिस्तान हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप के एक ही पूल में

■ प्रतियोगिता का ड्रॉ शनिवार को लुसाने, स्विटजरलैंड में निकाला गया जिसमें पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी

**लुसाने (स्विटजरलैंड),** 28 जून (एजेंसियां)। भारत के तमिलनाडु में नवम्बर-दिसंबर में होने वाले आगामी विस्तारित एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप में मेजबान भारत और पाकिस्तान को एक ही पूल में रखा गया है। प्रतियोगिता का ड्रा शनिवार को लुसाने, स्विटजरलैंड में निकाला गया जिसमें पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी जिन्हें छह पूल में बांटा गया है। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप तमिलनाडु, भारत में 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाएगा। जर्मनी वर्तमान जूनियर पुरुष विश्व चैंपियन है, जिसने 2023 संस्करण के फाइनल में फ्रांस को 2-1 से हराकर रिकॉर्ड सातवां खिताब जीता था। एफआईएच अध्यक्ष तैयब इकराम ने हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह और हॉकी इंडिया के महानिदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव के साथ ड्रा समारोह में भाग लिया। ड्रॉ समारोह से पहले, तैयब इकराम ने कहा कि मेरे लिए यह बहुत खुशी की बात है कि हम इस महत्वपूर्ण क्षण से पहले यहां आए हैं, क्योंकि हम पहली बार 24 टीमों वाले जूनियर हॉकी विश्व कप की ओर यात्रा शुरू कर रहे हैं! यह उभरते देशों सहित सभी देशों के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें शामिल करने की एफआईएच रणनीति का एक हिस्सा है, और यह आयोजन ऐसा करने की दिशा में पहला कदम होगा। मैं तमिलनाडु के नेतृत्व, मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन के प्रति आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने तमिलनाडु राज्य के युवा सितारों का चेन्नई और मदुरै के दो खूबसूरत शहरों में स्वागत किया। यह विश्व कप हमारे हॉकी बुनियादी ढांचे को बढ़ाने और मदुरै शहर में एक नया अत्याधुनिक हॉकी स्टेडियम पेश करने का अवसर भी लेकर आया है।



एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप

## यूएस ओपन बैडमिंटन: तन्वी शर्मा, आयुष शेट्टी का शानदार प्रदर्शन, सेमीफाइनल में जगह पक्की

**काउंसिल ब्लफ्स (अमेरिका),** 28 जून (एजेंसियां)। उभरते भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। इन युवा शटलर ने बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। 16 वर्षीय तन्वी ने सीधे गेम में उच्च रैंकिंग वाली मलेशियाई खिलाड़ी करुपथेवन लेत्शाना के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। लगभग 33 मिनट तक चले इस मुकाबले को 21-13, 21-16 से अपने नाम किया। वहीं, दूसरी ओर आयुष ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर विश्व चैंपियन चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 22-20, 21-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की सुंग शुओ-युन को हराकर उलटफेर किया है। यह तन्वी का 'बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300' इवेंट में पहला सेमीफाइनल है। इस बीच, आयुष शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ टिएन-चेन से भिड़ने के लिए तैयार हैं। चोउ टिएन-चेन एक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी हैं, जिसने उन्हें ताइपे ओपन में हराया था। आगे की कड़ी चुनौती के बावजूद, आयुष 2025 के एक मजबूत अभियान से हौसला बढ़ा सकते हैं, जिसमें 'ऑरलियन्स मास्टर्स' और 'ताइपे ओपन' दोनों में सेमीफाइनल फिनिश शामिल है। इससे पहले, तन्वी ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपटनीपुथ को सीधे गेमों में 21-18, 21-16 से हराया था।

■ सेमीफाइनल में तन्वी का सामना यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से होगा



## हेजलवुड के पंजे ने वेस्टइंडीज को 159 रनों से हराया

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस),** 28 जून (एजेंसियां)। जॉश हेजलवुड (पांच विकेट) और नैथन लायन (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 141 रन पर ढेर कर मैच 159 रनों से जीत लिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 92 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। ट्रैविस हेड और बो वेब्स्टर जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए पांचवें विकेट के लिए 102 रनों की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को संकट से निकाला। शमार जोसेफ ने ट्रैविस हेड (61) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये एलेक्स कैरी ने बो वेब्स्टर का बखूबी साथ निभाया। बो वेब्स्टर (63) रन को शमार जोसेफ ने विकेटकीपर शाई होप के हाथों कैच आउट कराया। पैट कमिंस (पांच), मिचेल स्टार्क (16) और जॉश हेजलवुड (13) को शमार जोसेफ ने ही आउट किया। एलेक्स कैरी (65) का शिकार रॉस्टन चेज ने किया। ऑस्ट्रेलिया की टीम दूसरी पारी में 310 रन का स्कोर खड़ाकर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 301 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से शमार जोसेफ ने 25.5 ओवर में 87 रन देकर पांच विकेट लिये। अल्जारी जोसेफ को दो विकेट मिले। जेडेन सील्स, जस्टिन ग्रीव्स और रॉस्टन चेज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने अपना पहला ही विकेट चार रन के स्कोर पर गवां दिया।



■ ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गया है

### स्टीव स्मिथ को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद



**ब्रिजटाउन।** स्टीव स्मिथ बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं, क्योंकि वह ग्रेनेडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में वापसी के लिए अपनी कोशिशें तेज कर रहे हैं। उंगली की चोट के कारण सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की 159 रन की जीत में चूकने वाले स्टार बल्लेबाज ने अपने पुनर्वास के हिस्से के रूप में न्यूयॉर्क में बल्लेबाजी अभ्यास फिर से शुरू कर दिया है। स्मिथ 13 जून को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान अपनी दाई छोटी उंगली के खिसकने के बाद से ही मैदान से बाहर हैं। चोट के बाद वह न्यूयॉर्क चले गए और अपनी रिकवरी पर काम कर रहे हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने केंसिंग्टन ओवल में तीन दिनों के भीतर पहला टेस्ट मैच खत्म कर दिया। उम्मीद है कि वह 3 जुलाई से शुरू होने वाले ग्रेनेडा के नेशनल स्टेडियम में दूसरे टेस्ट से पहले रविवार तक टीम से जुड़ जाएंगे।

## सचिन सर की पारियों को देखकर अपनी बल्लेबाजी को सुधारा : शेफाली वर्मा

**नॉटिंघम,** 28 जून (एजेंसियां)। भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने खुलासा किया कि पिछले साल टीम से बाहर होने के बाद उन्होंने अपनी फिटनेस पर काम किया और प्रक्रिया में विश्वास किया। युवा खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने टीम से दूर रहने के दौरान असफलताओं से निपटना सीख लिया और सचिन (तेंदुलकर) सर की पारियों को देखकर अपनी बल्लेबाजी को सुधारा। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए चुनी गई शेफाली आठ महीने बाद पहली बार भारतीय जर्सी पहनेंगी। शेफाली ने बीसीसीआई को दिए इंटरव्यू में कहा कि मैंने 20-25 दिनों तक अपनी फिटनेस पर काम किया। मैंने 20-25 दिनों के बाद बल्ला उठाया और मुझे बहुत अच्छा लगा। इससे मुझे एक अलग तरह की ऊर्जा, एक अलग एहसास मिला। समय आपको बहुत कुछ सिखाता है। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करूंगी और बाकी सब किस्मत पर छोड़ दूंगी। उन्होंने कहा कि जब भी आप वापसी करते हैं तो आपको मुश्किल हालात का सामना करना पड़ता है, लेकिन जब आप टीम के माहौल में वापस आते हैं, तो यह बहुत अच्छा एहसास होता है।

■ मैंने 20-25 दिनों तक अपनी फिटनेस पर काम किया। मैंने 20-25 दिनों के बाद बल्ला उठाया और मुझे बहुत अच्छा लगा। इससे मुझे एक अलग तरह की ऊर्जा, एक अलग एहसास मिला : शेफाली वर्मा



## कृषकों की समृद्धि हमारा संकल्प

# नवाचार और तकनीक से सशक्त होंगे छत्तीसगढ़ के अन्नदाता: साय

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया एग्री-हॉर्टी एक्सपो एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअल शुभारंभ

**जशपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले में बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से कृषि क्रांति अभियान के अंतर्गत एग्री-हॉर्टी एक्सपो एवं क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला पंचायत परिसर में दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में देश की कई प्रमुख कृषि कंपनियां जैसे- जियो मार्ट रिटेल, देहात, हॉनेस्ट फॉर्म, आत्माकुर, धरागरी, अवनी आयुर्वेदा इत्यादि उपस्थित रहेंगी। इन कंपनियों के माध्यम से जिले के किसान एफपीओ के जरिए अपनी उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने हेतु फसल विक्रय अनुबंध कर सकेंगे। बिचौलिया प्रथा समाप्त होने से किसानों को उनकी मेहनत का सही मूल्य प्राप्त होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषकों की समृद्धि के लिए छत्तीसगढ़ सरकार दृढ़ संकल्पित है। नवीनतम तकनीक को अपनाकर छत्तीसगढ़ के अन्नदाता आर्थिक रूप से अधिक सशक्त होंगे। उन्होंने कहा कि जशपुर के कृषि विकास के इतिहास में आज का दिन मील का पत्थर सिद्ध होने वाला है। जिला प्रशासन के अभिनव प्रयास से 'कृषि क्रांति' अभियान की शुरुआत हो रही है। हमारा देश कृषि प्रधान है और छत्तीसगढ़ में लगभग 80 प्रतिशत लोग कृषि तथा इससे संबंधित कार्यों से जुड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने हेतु फसल बीमा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। चाहे वह समर्थन मूल्य पर 3100 रुपये प्रति क्विंटल के मान से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी हो, समर्थन मूल्य पर वनोपज का संग्रहण हो या प्रोसेसिंग और निर्यात से जुड़ी योजनाएं हों, हमारी सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए बहुस्तरीय प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जशपुर में कटहल, आम, लीची, नाशपाती की बहुतायत में पैदावार होती है। यहां सेब की भी खेती शुरू हो गई है। इस सम्मेलन के माध्यम से किसानों और खरीदार कंपनियों के बीच सीधा संवाद स्थापित होगा। यह एक ऐसा मंच है जहां एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के माध्यम से किसानों की उपज को सीधा बाजार उपलब्ध होगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त होगी और किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा।




मुख्यमंत्री साय ने सॉइल हेल्थ कार्ड के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि इससे यह जानकारी मिलती है कि किस जमीन पर कौन-सी फसल का उत्पादन अधिक होगा और कितनी मात्रा में खाद की आवश्यकता होगी। इसके लिए केंद्र से आए कृषि वैज्ञानिक पूरे राज्य में जाकर सॉइल हेल्थ के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। राज्य में कृषि के साथ पशुपालन, मछली पालन और डेयरी विकास को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। डेयरी विकास योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित छह जिलों में जशपुर भी शामिल है।

## तपकरा को मिली नई पहचान

# मुख्यमंत्री साय ने तहसील कार्यालय का किया शुभारंभ

- नगर पंचायत का दर्जा देने की घोषणा

**जशपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले के तपकरा में तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी कार्यालय का शुभारंभ किया। विदित हो कि 14 जनवरी को जशपुर जिले के प्रवास पर मुख्यमंत्री ने तपकरा को पूर्ण तहसील बनाने की घोषणा की थी। तहसील बनने से इसका लाभ 33 ग्रामों के किसानों, छात्रों और नागरिकों को मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने तपकरा को नगर पंचायत बनाने, तपकरा स्थित खेल स्टेडियम के सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए स्वीकृत करने और फरसाबहार में विश्राम गृह निर्माण करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार विकास के हर मोर्चे पर मोदी की गारंटी को तेजी से लागू कर रही है। सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए। महिलाओं को सशक्त बनाने महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों की आय में वृद्धि के लिए तेंदूपत्ता का समर्थन मूल्य प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए किया गया है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जा रहे हैं। आगामी पंचायत दिवस पर सभी ग्राम पंचायतों में इसे शुरू करने की योजना है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा के लिए रजिस्ट्री में 10 नई क्रांतियों के तहत नवाचारों का बेहतर उपयोग कर पंजीयन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, सरल, डिजिटल और नागरिक केंद्रित बनाया गया है।

कार्यक्रम में कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि यहां तहसील कार्यालय खुलने से किसानों, भूस्वामियों, छात्रों और नागरिकों को विशेष सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि एसडीएम फरसाबहार का लिंक कोर्ट भी आगामी सोमवार से प्रारंभ हो जाएगा।

विधायक श्रीमती गोमती साय ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए राज्य सरकार पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, भरत साय, रोहित साय, आईजी दीपक कुमार झा, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, तपकरा सरपंच श्रीमती सविता जायसवाल सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया आंगनबाड़ी और प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण

**सूरजपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सूरजपुर के पंच मंदिर वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र और शासकीय प्राथमिक शाला का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, पोषण, स्वच्छता और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार की गुणवत्ता, टीकाकरण और पोषण ट्रैकर ऐप के उपयोग की जांच की गई। मंत्री ने कुपोषण से जूझ रहे बच्चों की नियमित निगरानी और गुणवत्तापूर्ण आहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



प्राथमिक शाला में उन्होंने शिक्षकों से पाठ्यक्रम, मध्याह्न भोजन और पुस्तक वितरण की जानकारी ली। बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई और सपनों को जाना। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि मजबूत बचपन ही सशक्त भविष्य की नींव है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार बाल विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बीईओ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जांजगीर-चांपा में 2 करोड़ की ब्राउन शुगर, गांजा और नशीली दवाओं को जलाकर भट्ठी में किया गया नष्ट

**जांजगीर-चांपा**, 28 जून (देशबन्धु)। विश्व नशा मुक्ति दिवस के मौके पर जांजगीर-चांपा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जिले भर में नशे के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत लाखों रुपए की अवैध मादक सामग्रियों को स्नह्वह्म्ठ्ठष्द्ग में जलाकर नष्ट किया गया। इस कार्रवाई को देख लोगों ने भी पुलिस की सराहना की और नशे के खिलाफ मुहिम को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



जांजगीर-चांपा। जिले में 12 जून से 26 जून 2025 तक नशा मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत अलग-अलग जागरूकता और सख्त कार्रवाई अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में विश्व नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड, चांपा के क्क्रुकोटाडबरी प्लांट (भट्ठी) में जिले के विभिन्न थाना/चौकी में जप्तशुदा भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों को जलाकर नष्ट किया गया।

ड्रग डिस्पोजल समिति जांजगीर-चांपा की निगरानी में कुल 45 प्रकरणों में जब्त 88.644 किलोग्राम गांजा, 5068 नग नशीली टेबलेट, 38 नग सिरप और 880.63 ग्राम ब्राउन शुगर को स्नह्वह्म्ठ्ठष्द्ग में जलाया गया।

बताया जा रहा है कि इन नशीले पदार्थों की कुल अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपए थी।

अधिकारियों की मौजूदगी- इस दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्य और इंडस्ट्रीज प्रबंधन मौजूद रहे। पूरी प्रक्रिया को विधिवत तरीके से सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए संपन्न किया गया।

पुलिस का संदेश- जिला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि नशे के खिलाफ इस मुहिम में सहयोग दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

# माउजर पिस्तौल लेकर घूम रहे थे आरोपी, अभनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार,

**अभनपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। अभनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को माउजर पिस्तौल और अन्य संदिग्ध सामान के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक का नाम नीलकंठ साहू बताया जा रहा है, जो साईंनगर कॉलोनी अभनपुर का रहने वाला है।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी लाल रंग की सिलेरियो कार में सवार होकर कठिया मोड़ के पास घूम रहे थे। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ युवक हथियार लेकर संदिग्ध रूप से इलाके में घूम रहे हैं और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं।

सूचना मिलते ही अभनपुर थाना पुलिस ने नाकेबंदी कर दबिश दी और कार में सवार दोनों आरोपियों को धरदबोचा। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास से एक नग माउजर पिस्तौल, कार और अन्य संदिग्ध सामान बरामद हुआ है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनसे पूछताछ जारी है। माना जा रहा है कि आरोपी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनके साथ और कौन-कौन लोग जुड़े हैं।

# आधुनिक आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण आज

- वोकल फॉर लोकल' को साकार करती छत्तीसगढ़ की आयुर्वेदिक प्रसंस्करण परियोजना

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा निर्मित अत्याधुनिक आयुर्वेदिक औषधि प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण 29 जून को ग्राम जामगांव (एम), जिला दुर्ग में किया जाएगा। लोकार्पण समारोह के मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद दुर्ग विजय बघेल, स्थानीय विधायकगण, राज्य वनोषधि बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम और वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में श्री 1008 डॉक्टर स्वामी कैलाशनंद गिरी जी महाराज महा मण्डलेश्वर, हरिद्वार उत्तराखण्ड विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई छत्तीसगढ़ की समृद्ध वन संपदा को विज्ञान और आधुनिक तकनीक से जोड़कर फॉरेस्ट टू फार्मेसी मॉडल को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। 27.87 एकड़ क्षेत्र में रू. 36.47 करोड़ की लागत से निर्मित आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई से प्रतिवर्ष लगभग रु. 50 करोड़ मूल्य के उत्पाद तैयार किए जाने का अनुमान है। यह इकाई प्रदेश में वनों में पाई जाने वाली औषधीय और लघु वनोपज जैसे महुआ, साल बीज, कालमेघ, गिलोय, अश्वगंधा आदि का संगठित एवं वैज्ञानिक प्रसंस्करण कर चूर्ण, सिरप, तेल, टैबलेट एवं अवलेह जैसे गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेदिक उत्पादों का निर्माण करेगी। यह इकाई छत्तीसगढ़ हर्बल्स ब्रांड के तहत प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने का प्रमुख केंद्र भी बनेगी। परियोजना के अंतर्गत 1000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की प्राथमिक प्रसंस्करण कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित होगी, जिससे उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिलेगा। वहीं युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त होने से स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए द्वार खुलेंगे।

आयुर्वेदिक प्रसंस्करण इकाई में आधुनिक वेयरहाउस की 20,000 मीट्रिक टन की संग्रहण क्षमता विकसित की गई है, जिससे सीजनल वनोपजों के दीर्घकालीन संरक्षण एवं गुणवत्ता नियंत्रण में सहायता मिलेगी। यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के विजन को मूर्तरूप देती है। यह न केवल वन उत्पादों के स्थानीय मूल्य संवर्धन का उदाहरण प्रस्तुत करती है, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन, आर्थिक विकास और सामाजिक समावेशिता को भी सशक्त बनाती है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के नेतृत्व में प्रदेश एक नए हरित औद्योगिक युग की ओर अग्रसर हो रहा है, जिससे वनवासियों और ग्रामीणों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित हो रहा है।

# राजमहल में हमला करने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार

**सक्ती**, 28 जून (देशबन्धु)। सक्ती के राजमहल में हमला करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मास्टरमाइंड सहित करीब 15 आरोपी भी फरार है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

दरअसल, सक्ती के राज महल मे बीते बुधवार को करीब 20 लोग राज महल मे कब्जा करने की नियत से घुस गए थे। आरोपियों ने घुस कर छेड़खानी, तोड़फोड़ ,लूटपाट और मारपीट की घटना को अंजाम दिया है, पूरे मामले को सक्ती राजमहल मे संपत्ति विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा है।



सक्ती राजपरिवार के राजा स्व. सुरेंद्र बहादुर सिंह और पत्नी गीता राणा के बीच संपत्ति पर अधिकार और दत्तक पुत्र को लेकर विवाद का मामला अदालत में है। लेकिन कल अचानक राज महल मे हमले के मास्टरमाइंड राजेश शर्मा, राजकुमार अग्रवाल और अमन जोशी ने करीब 20 लोगों के साथ महल पर हमला कर दिया था। पुलिस ने पूरे मामले मे आरोपियों के खिलाफ क्क्रस्ञ्ज की विभिन्न धाराओ सहित स्ष्ट स्ञ्ज ष्ठ्ठ के तहत स्नढ्ढक्र दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आगे जांच मे और खुलासा होने की बात पुलिस ने कही है।

# आरंग के एक घर में मिला नाग-नागिन का पूरा परिवार, मची सनसनी

**रायपुर-आरंग**, 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के आरंग थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में उस वक्त सनसनी फैल गई। जब एक घर में टाइल्स के नीचे नाग नागिन सहित और छोटे छोटे सांप के बच्चे मिले। जिसके बाद घर के पूरे टाइल्स को उखाड़कर सांप-पकड़ने वाले कि मदद से उखाड़ कर सभी सांपों को निकाला गया।



दरसअल, ग्राम देवरी रहने वाले इंद्रकुमार साहू के घर एक बिल मिला जिसके बाद टाइल्स को उखाड़ा गया, घर वालों ने जब उस कमरे के टाइल्स को निकाला तो घर वालों के होश उड़ गए। यहां पर पूरा नागलोक समाया हुआ था। नाग नागिन और लगभग 35 छोटे छोटे सांप घर के दो कमरों में अपना कब्जा कर चुके थे। जिसके बाद घर में दहशत का माहौल बन गया। एक घर मे एकसाथ 35 जहरीले सांप मिलने की ख़बर गांव के साथ-साथ आसपास भी फैल गई।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार मां-बेटे को रौंदा, मौके पर ही मौत

- शादी से लौट रहे थे घर
- ट्रेलर चालक वाहन सहित फरार
- चारपारा के पास हुआ भीषण हादसा

**बिलासपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। बिलासपुर के सीपत थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया, जहां एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचल दिया। यह हादसा इतना भीषण था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार ट्रेलर चालक की तलाश जारी है।



घटना सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम पंधी स्थित चारपारा मोहल्ले के पास रात करीब 9=15 बजे की है। ग्राम जांजी निवासी 28 वर्षीय हरीश सिंह अपनी 45 वर्षीय मां शकुन सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर बिलासपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। तभी तेज रफ्तार में पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों को सिर में गंभीर चोटें आईं और मां-बेटे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**अज्ञात ट्रेलर चालक फरार**

हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी, जिसके बाद सीपत पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को मर्च्यूरी भेजा गया। मौके पर सीएसपी सिद्धार्थ बघेल भी पहुंचे हुए थे और उन्होंने जांच की स्थिति का जायजा भी लिया। फिलहाल पुलिस अज्ञात ट्रेलर और उसके चालक की तलाश कर रही है।

**NECC**

| 29.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 571 | 83 | 165 |
| चिल्हर | 6.75 | 100 | 190 |

डिलीवरी 585 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

पड़ोसन- फोन बहुत अच्छा है तुम्हारा।
श्रीमति- भाई ने लेकर दिया है। 40 हजार का पड़ा।
पड़ोसन- नेकलेस भी अच्छा है तुम्हारा
श्रीमति- उन्होंने लेकर दिया, डेढ़ लाख का पड़ा।
पड़ोसन- पति भी अच्छे हैं तुम्हारे।
श्रीमति- पिताजी ने लेकर दिया। 40 लाख में पड़े।



# एपीके फाइल द्वारा तथा ई-मेल हैक कर रकम उड़ाने वाले गैंग के 3 शातिर आरोपी गिरफ्तार

## बस्तर पुलिस ने मुम्बई तथा जामताड़ा से आरोपियों को किया गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। मामले के संबंध में जानकारी देते हुए बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रार्थी अमलेश कुमार पिता हरेकृष्ण निवासी नयामुंडा तिरंगा चौक जगदलपुर ने थाना बोधघाट में रिपोर्ट दर्ज करवाया कि दिनांक 21.01.2025 को एक्सिस बैंक कस्टमर केयर नंबर 2268318000 से लोन के लिए फोन आया जिसे उसने नही चाहिए कह कर मना कर दिया था। उसी दिन शाम 04.18 बजे एक्सिस बैंक से उसके मोबाईल नंबर 8825342459 में ओटीपी आना चालू हुआ और 05.35 बजे उनके खाता क्र. 917010042166632 से 500, 400000 ,500 एवं 340000 रूपये का ट्रांसफर होने का मैसेज आया जिसे पता करने एक्सिस बैंक जाने पर पता चला कि मेरे खाता में दिनांक 21.01.2025 को नेट बैंकिंग के माध्यम से 733013 रूपये ऋण लिया गया है। जबकि प्रार्थी द्वारा किसी भी प्रकार का लोन के लिये एप्लाई नहीं किया गया है। बैंक का स्टेटमैंट देखने पर पता चला कि उनके मेल आईडी को चेंज कर उसका दुरूपयोग कर किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा नेट बैकिंग के माध्यम से 7333013 रूपये ऋण लेकर अन्य खाता में ट्रासफर करने की रिपोर्ट पर थाना बोधघाट जगदलपुर में अपराध क्रमांक 47/2025 धारा 318(4) बीएनएस, 66 (डी) आई.टी. एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अपराध कायमी पश्चात मामले की गंभीरता को देखते हुये उप पुलिस अधीक्षक सायबर श्रीमती गीतिका साहू के नेतृत्व में निरीक्षक गौरव तिवारी एवं सायबर सेल द्वारा मामले की तकनिकी जांच एवं विवेचना आरंभ की गई विवेचना के दौरान विभिन्न बैंको से जानकारी लिया गया विवेचना के तकनिकी जॉच के दौरान कुछ आरोपियों को चिन्हांकित किया गया तथा निरीक्षक शिवानंद सिंह एवं निरीक्षक दिलबाग सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर क्रमश: मुम्बई एवं जामताड़ा, झारखण्ड रवाना किया गया। टीम द्वारा आरोपियों की रैकी कर उनके घर एवं किराये के मकान से (1) कार्तिकेय राय उर्फ सत्यम पिता शक्ति राय उम्र 20 वर्ष निवसी ग्राम भगवतीपुर पो. इरनी ठेकमा बजार थाना बरदा जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश हाल स्वाति नगर सतगुरू नपगर दातीवली रोड़ दिवा ईस्ट जिला थाणे महाराष्ट्र (2) संतोष कुमार पिता मधुबन प्रसाद उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम ठेकमा बजार पोस्ट हरनी थाना बरदा जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश हाल आगासन रोड बी.आर. नगर टाटा पावर मकान नम्बर 04 दिवा ईस्ट जिला थाणे महाराष्ट्र (3) अब्दुल मजीद पिता सादिर मिया उम्र 45 साल जाति मुस्लिम निवासी ग्राम पोखरिया पोस्ट नारायणपुर थाना नारायणपुर जिला जामताड़ा झारखण्ड हाल पोसई थाना जामताड़ा झारखण्ड को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के स्थान की तलाशी लेने पर इनके पास से अधिक मात्रा में पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड एवं अन्य दस्तावेज बरामद हुये। पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा अपने परिचितों के नाम से खोले गये बैंक खातों मे प्रार्थी का धन स्थानांतरित कर उपभोग करना स्वीकार किया गया। आरोपियों से जप्त किये गये मोबाईल, बैंक खाता संबंधित दस्तावेज की जॉच एवं पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा 116 से अधिक फर्जी खाता खुलवाकर कुल 1,15,77,005 रूपये सायबर अपराध करना पाया गया। आरोपी कार्तिकेय राय उर्फ सत्यम एवं संतोष कुमार पिता मधुबन प्रसाद के पंजाब नेश्नल बैक के खाता क्र 0745100100006949 मे बिहार -1 , हरियाणा-4, उत्तरप्रदेश-4, महराष्ट्र -1, गुजरात-1, से कुल 1903311/रू (2) समर्थ सहकारी बैंक के खाता क्र- 0320041010000729 मे आंध्रप्रदेश- 1, महाराष्ट्र-5, बिहार- 1, दिल्ली- 1, गुजरात- 3, हरयाणा- 1, करनाटका- 1, पंजाब- 1, उत्तरप्रदेश- 1, बेस्ट बंगाल- 1, छत्तीसगढ़- 1, उत्तराखंड-1 से कुल 2067297/रू, (3) कैनरा बैंक के खाता क्र. 110211362049 मे वेस्टबंगाल-5, बिहार-2, केरल-1, महाराष्ट्र-1, तमिलनाडु-1,उत्तरप्रदेश-1, छत्तीसगढ़- 1 से कुल 2520956/रू एवं (4) फेडरल बैंक खाता क्रमांक 35580100118328 में गुजरात-2, महाराष्ट्र-01, तमीलनायडू-01, उत्तर प्रदेश-01, से कुल 6946441 रूपये के सायबर फ्रॉड की कुल 46 शिकायत की गई है।

- मास्टर माइंड अब्दुल मजीद से दर्जनों एटीएम पासबुक एवं कैश बरामद
- प्रारंम्भिक जाँच में अलग-अलग राज्यों से 11577005 रुपए की धोखाधड़ी की जानकारी
- आरोपियों से जप्त बैंक खातों में अलग-अलग राज्यों से 46 से अधिक शिकायत दर्ज

# शिक्षा सत्र में स्कूल भवनों, शौचालय में रनिंग वॉटर की व्यवस्था को प्राथमिकता से किया जाए पूरा : सांसद महेश



- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक
- अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का तीसरा चरण का शुभारंभ

**जगदलपुर,** 28 जुन (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा कि शिक्षा सत्र में स्कूल भवनों, शौचालय में रनिंग वॉटर की व्यवस्था को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, इसके साथ ही आश्रम- छात्रावासों में साफ़ सफाई की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा और बच्चों को लगातार स्वास्थ्य जाँच किया जाना सुनिश्चित करें। सांसद ने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत स्थापित की जा रही टंकी, पाइप लाइन और बोर खनन के कार्य को गुणवत्ता के साथ ही जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले अस्पतालों में चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ हमेशा उपलब्ध रहें ताकि मरीज़ों को तत्काल चिकित्सा सुविधा मिल सके। साथ ही महारानी और मेडिकल अस्पताल से रेफर सिर्फ शासकीय अस्पतालों के लिए किया जाए। बैठक में विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन सहित समिति के सदस्य जनपदों के अध्यक्ष, सरपंच और कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में विधायक श्री गोयल ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के क्रियान्वयन में हुई लापरवाही की जाँच कर कार्यवाही किया जाए। जनप्रतिनिधियों ने स्कूलों में बच्चों की क्षमता अधिक होने पर सीट बढ़ाने की बात कही और किसानों को समय से धान-मक्का का बीज वितरण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बीमा प्रकरणों का भी समय पर निराकरण करवाने पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने जल जीवन मिशन योजना के कार्य में विलंब के लिए संबंधित ठेकेदारों को नोटिस देकर कार्य को गुणवत्ता के साथ पूरा करवाने के लिए भी कहा। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण-शहरी, सांसद आदर्श ग्राम योजना, स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम, सामुदायिक शौचालय, सेग्रीगेशन शेड निर्माण, ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, ग्राम पंचायत विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना, पी एम जन औषधि परियोजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, क्षय रोग उन्मूलन, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्री मैट्रिक-पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति, ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, समग्र शिक्षा, संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, डिजिटल इंडिया के कार्य, भारत नेट, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, जल जीवन मिशन योजना, डिजिटल इंडिया भूमि >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल 2 जुलाई से करेंगे अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल



**ग्रामीण इलाकों में गहराया पेयजल संकट, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही पर तीखा रुख**

**जगदलपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की अनदेखी, उदासीनता, लापरवाही एवं ढुलमुल प्रशासनिक कार्यशैली के कारण बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। क्षेत्र में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों में भारी अनियमितताएं, निर्माण कार्यों में गड़बड़ियाँ और गंभीर लापरवाही की शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस स्थिति को लेकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल अब आर-पार की लड़ाई के जा रहे हैं। विधायक बघेल 2 जुलाई 2025 से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठने जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि शासन और संबंधित विभाग ने अब भी स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया, तो यह आंदोलन जन आंदोलन का रूप लेगा विधायक बघेल ने बताया कि उन्होंने राज्य स्तर से लेकर विभागीय अधिकारियों तक लगातार पत्राचार कर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। सैकड़ों ग्रामीणों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई सार्थक पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि विभाग की निष्क्रियता और उदासीन रवैये से ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हें जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं जलजीवन मिशन में लापरवाही, सूखा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्र प्यासा ग्रामीण अंचलों में जल संकट गहराता जा रहा है। बावजूद इसके विभाग द्वारा बार-बार अवगत कराए जाने के बाद भी बोर खनन जैसी आवश्यक कार्रवाई नहीं की जा रही है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल-जल पहुंचाने का जो वादा सरकार ने किया था, वह अब धरातल पर अधूरा और केवल कागजों तक सीमित नज़र आ रहा है। विशेषकर सूखा प्रभावित क्षेत्रों में, जहां पानी की व्यवस्था सर्वाधिक जरूरी है, वहां भी जल स्रोत स्थापित न करना अत्यंत निंदनीय और चिंताजनक है। इससे न केवल ग्रामीणों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है बल्कि स्वास्थ्य और आजीविका पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

# कांग्रेस ने भी बुलंद की एनएमडीसी में स्थानीय भर्ती की मांग



- संयुक्त पंचायत के आंदोलन में निभाई भागीदारी
- तीसरे दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना
- दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा के युवाओं को मिले प्राथमिकता

**दंतेवाड़ा,** 28 जून (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिलों के आदिवासी ग्रामीणों ने नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनएमडीसी) की किरंदुल और बचेली परियोजना के चेक पोस्ट को जमकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

स्थानीय मुद्दों को लेकर लगातार धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। संयुक्त पंचायत दंतेवाड़ा, जिसका कांग्रेस समर्थन दे रही है। लगातार स्थानीय मुद्दों को लेकर कांग्रेस, केंद्र व राज्य सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रही हैं, युवाओं, ग्रामीणों के हक की लड़ाई सरकार से लड़ती आ रहीं है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों की मुख्य मांग है कि एनएमडीसी स्थानीय युवाओं को एल-1 व एल-2 की भर्ती प्रक्रिया में प्रभावित तीनों जिलों जैसे दन्तेवाडा, बीजापूर, सुकमा के सभी वर्गों जैसे एसटी, एससी, ओबीसी, जनरल तथा अन्य के स्थानीय युवाओं को समुचित अवसर दिया जाए ताकि सामाजिक समरसता एवं न्याय की भावना बनी रहे। एल-1, एल-2 की परीक्षा पूर्व की भांति ओएमआर सीट पर आधारित हो, जिससे यह पारदर्शिता, निष्पक्ष एवं तकनीकी त्रुटियों से मुक्त रहें।

एल-1, एल-2 श्रेणी के पदो हेतु यह विशेष व्यवस्था की जाए कि दन्तेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर जिले के अभ्यर्थी किरन्दुल एवं बचेली दोनो प्रोजेक्ट में आवेदन कर सकें। यह सुविधा केवल स्थानीय (तीनो जिला) के अभ्यर्थियों को दी जाए, ताकि अधिक से अधिक स्थानीय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। वर्ष 2020-22 के कोविड महामारी काल में रेलवे विभाग द्वारा भर्ती प्रक्रिया में अभ्यर्थियों को 3 वर्ष की अतिरिक्त आयु सीमा छुट प्रदान की गई थी, उसी प्रकार की विशेष छुट वर्तमान में एनएमडीसी की भर्ती में भी दी जानी चाहिए, जिससे कोविड के कारण वंचित रहे दन्तेवाडा सुकमा एवं बीजापूर के बेरोजगारो को पुन: अवसर प्राप्त कर सकें।

संयुक्त पंचायत के सभी कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों के साथ इस आंदोलन में कांग्रेस पार्टी शामिल है, जो मांग को लेकर दृढ़ संकल्पित हैं। जिला अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा कि खनन के कारण उनकी जमीन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है। 995 पदों की घोषणा की थी। ये जो भर्ती हो रही है इसे रद्द कर और फिर से नई भर्ती कर और स्थानीय युवाओं को पहली प्राथमिकता दिया जाए। जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा कहा कि बाहरी उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जा रही हैं, जबकि खनन गतिविधियों से प्रभावित स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसरों से भटकाया जा रहा हैं। इस दौरान पूर्व विधायक देवती महेन्द्र कर्मा, कोपा कुंजाम, सलीम राजा उस्मानी, प्रवीण राणा, विमल सलाम, सुमित्रा सोरी, इंदिरा शर्मा, इंदिरा ठाकुर, पूजा साव, शंकर कुंजाम, मृणाल राय, राजेंद्र कौर राय, रविश सुराना, आसिफ राजा, अविनाश सरकार, मनोज साहा, भीम सेन मंडावी, राजकुमार जायसवाल, धीरू नाग, वीरू ठाकुर, नंदा कुंजाम, राजू भास्कर, राजू कुंजाम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लिए बनाई जाए योजनाएं



**23 सूत्रीय मांगों को लेकर ओबीसी महासभा ने सौंपा ज्ञापन**

**दंतेवाड़ा,** 28 जून (देशबन्धु)। ओबीसी महासभा के ऑनलाइन बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम के नेतृत्व में 23 सूत्रीय मांगों पर सहमति बनी। इसके क्रियान्वयन हेतु बस्तर संभाग अध्यक्ष दिनेश यदु के निर्देश पर संभागीय अध्यक्ष युवा मोर्चा नारायण साहू के नेतृत्व में गीदम अनुभाग में तहसीलदार किशन मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया।

यह ज्ञापन प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया। ज्ञापन में अन्य पिछड़ा वर्ग के हित संवर्धन एवं संरक्षण हेतु जन कल्याणकारी योजनाओं में समानुपातिक हिस्सेदारी प्रदान करने सहित 23 सूत्रीय मांगे थी। इस दौरान ओबीसी महासभा के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे। इनमें युवा मोर्चा बस्तर संभाग अध्यक्ष नारायण साहू, दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष नागेश जायसवाल, जिला महासचिव पीलाराम सिन्हा, कार्यकारिणी सदस्यों में नितिन देवांगन, गौतम कुमार, तुषार यादव, शुकुलधर सेठिया, नीलाधर सिन्हा, सुकीत सिन्हा, सतीश कुमार देशमुख, संतोष साहू एवं अन्य सदस्य शामिल थे। इस ज्ञापन के माध्यम से पिछड़ा वर्ग के लिए कई योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकार से आग्रह किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जनगणना में पिछड़ा वर्ग की जातियों की शीघ्र गणना कर उसके अनुपात में जनकल्याणकारी योजनाओं को बनाने की मांग प्रमुख थी। ओबीसी महासभा एक गैर राजनीतिक सामाजिक संगठन है, जो पिछड़ा वर्ग के हित संरक्षण के लिए सदैव अग्र पंक्ति में दिखाई देता है। इसके पदाधिकारी एवं सदस्य निस्वार्थ सेवा भाव के लिए जाने जाते हैं तथा शासन से मांग हैं कि 23 सूत्रीय मांग को त्वरित क्रियान्वित करें और देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाएं।

# जेम पोर्टल संबंधी संभाग स्तरीय कार्यशाला में क्रेता-विक्रेताओं को मिली प्रक्रियाओं की जानकारी



**जगदलपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस पोर्टल से किए जाने के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा हॉल में आयोजित किया गया। जेम पोर्टल की प्रक्रियाओं से संबंधित क्रेता विभागों एवं विक्रेताओं को अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेम रिसोर्स पर्सन राकेश तिवारी द्वारा जेम पोर्टल पर क्रेता-विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, प्रोफाईल की पूर्णता की जानकारी, क्रेता-विक्रेता मूल्याकंन छूट की जानकारी, ऑनबोर्डिंग सेवा प्रदाता की जानकारी, प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रदान की गई व क्रेता एवं विक्रेता पक्ष को पोर्टल में आ रही समस्याओं का भी निराकरण किए जाने संबंधी उपायों की भी जानकारी प्रशिक्षण में दी गयी। कार्यशाला में कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर एवं कांकेर के महाप्रबंधक उद्योग और संभाग के विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >



जगदलपुर। सांसद महेश कश्यप की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई और ट्रैफ़िक समस्या के समाधान हेतु कई प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, नगर निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन, कलेक्टर हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# महाप्रभु जगन्नाथ को लगा अमनिया का पहला भोग



**जगदलपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। शताब्दियों से रियासतकालीन परंपरानुसार भगवान जगन्नाथ को अमनिया भोग का अर्पण 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के 14 क्षेत्रिय समितियों में विभक्त 104 से अधिक ग्रामों में निवासरत 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के परिवारों द्वारा लगाया जाता है। बस्तर गोंचा पर्व में 28 जून से अमनिया भोग शुरू हो गया है। आगामी 5 जुलाई तक प्रतिदिन भोग पश्चात श्रद्धालुओं में वितरण किया जाएगा। पहले दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु, जगन्नाथ के भात का भोग प्रसाद लेने पहुंचे। श्री मंदिर के बाहर भगवान जगन्नाथ स्वामी गुंडिचा मंदिर-सिरहासार भवन में स्थपित है। गुडिचा मंदिर में बाहुड़ा गोंचा पूजा विधान 5 जुलाई तक यहां श्रद्धालु भगवान के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग गुडिचा मंदिर-सिरहासार भवन में सत्यनारायण कथा के श्रावण की शताब्दियों पुरानी परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। पहले दिन सोमवार को 18 परिवारों ने सत्यनारायण कथा श्रवण कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डे ने बताया कि भगवान जगन्नाथ स्वामी श्री मंदिर से रथारूड होकर जनकपुरी गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में पहुंचने के बाद अमनिया भोग लगाए जाने की 618 वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन किया जाता है। अमनिया भोग का शाब्दिक अर्थ है, शुद्ध, स्वच्छ, अछूता, निर्मल अथवा अमृत समान भोग >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मां गौ रक्षक सेवा समिति को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु) । भिलाई दुर्ग शहर के आस पास गौ माता की सड़क दुर्घटना या बीमार गायों को इलाज के साथ उनकी देख भाल करने ने आभाव मे गौ वश सड़कों में घायल अवस्था में अपनी जन दे देती थी । भिलाई खुर्सीपार के युवकों ने पिछले 5 वर्षों से गौ माता रक्षक सेवा समिति का गठन कर इन बेजुबानों को सेवा करने का बीड़ा उठाया है। इस पुनीत कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक विजय गुप्ता ने गौ सेवा रक्षक समिति के अध्यक्ष सुनील यादव और उनके साथियों का प्रमाण के साथ पुरस्कार देकर सम्मान किया। मां लक्ष्मी गौ रक्षक सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि खुसीपार क्षेत्र के यूको द्वारा वर्ष 2020 में कोरोना कल में गौ रक्षक सेवा समिति का गठन कर घायल और सड़क दुर्घटना में गंभीर अवस्था में पड़े गौ वंशों की सेवा के साथ उन्हें आश्रय दिया जा रहा है। समिति द्वारा दुघटना में घायल अब तक सैकड़ों गौ वंशों का इलाज कर उनकी जन बचा कर सेवा कार्य किया जा रहा है। समिति को घायल गाय की जानकारी मोबाइल पर मिलने पर उनका इलाज किया जाता है। नि:शुल्क रूप से गौ रक्षक सेवा समिति द्वारा आवश्यक जगहों पर औषधि रोटी का वितरण किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना रोकने गौ वंशों के गले में रेडियम पट्टी बांधा जा रहा है । इस कार्य मां लक्ष्मी गौ रक्षक सेवा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष सुनील यादव, सचिव मनीष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रविशंकर साहू, एम डी सूर्यवंशी, पंकज नौरंगे, अजय सोनी, महेश सिन्हा, अनिल विश्वकर्मा, संतोष मंडल, प्रकाश कुमार तिवारी, रितिक पटेल, त्रिभुवन यादव, वंश यादव, विकाश साव, करण गोयल, घनश्याम सिंह सहित अन्य शामिल है ।

# संपत्ति कर जांच एवं कर वृद्धि को लेकर विशेष पहल

## 4 जोन में आवासीय, व्यवसायिक, आवासीय व्यवसायिक, औद्योगिक में वर्गीकरण किया



**भिलाईनगर,** 28। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में संपत्तिकर स्व विवरणी जांच के संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के उपस्थिति में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। आयुक्त पांडेय ने बताया कि संपत्तिकर निर्धारण के लिए शहर को 4 जोन आवासीय, व्यवसायिक, आवासीय व्यवसायिक, औद्योगिक में वर्गीकरण किया गया है। जिसका संपत्ति कर का दर अलग.अलग है। भूमि स्वामी द्वारा स्वविवरणी भरकर जमा किया गया है तो 60 दिवस के अंदर जांच नहीं किया जाता है। तत्पश्चात जांच अनुसार क्षेत्रफ्ल में 10 प्रतिशत से अधिक का अंतर आने पर 5 गुना पेनाल्टी का प्रावधान है। पेनाल्टी से बचने के लिए निर्मित मकान, दुकान, उद्योग के संपत्ति कर का सुधार नगर निगम भिलाई से करा लेवे। डायवर्टेड खुली भूमि, अवैध निर्मित मकान, दुकान का भी संपत्ति कर का प्रावधान है। निशक्तजन हेतु 25 प्रतिशत का छूट है साथ ही विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत का छूट प्रावधानित है। बीएसपी द्वारा स्वविवरणी प्रस्तुत किया गया है। जहां भी संशय की स्थिति होगी जांच किया जाएगा। स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक कार्य में संलग्न कर्मचारियों को छोड़कर शेष लोगों की ड्यूटी संपत्ति कर वसूली हेतु लगाई जाएगी। आम नागरिकों से अपील है जांच के पूर्व अपना संपत्तिकर संबंधी त्रुटि सुधार करा लेवेए जिससे आप पेनाल्टी से बच सके । उप अभियंता सिद्धार्थ साहू एवं संपत्तिकर प्रभारी बी एल असाटी द्वारा संपत्तिकर निर्धारण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सभी जोन आयुक्त अजय राजपूत, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, प्रोगामर दीप्ति साहूए राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे। बताया जा रहा है, कि निगम के राजस्व को बढ़ाने में विशेष कार्य किया जा रहा है। निगम में कर बसूली को लेकर आयुक्त प्रयासरत है।

# गणेश पंडाल का अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। सेक्टर.7 हाई स्कूल दशहरा मैदान में श्रीगणेश महोत्सव पंडाल के भूमि.पूजन किया गया। पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ किया गया। जिसम 1947 से लेकर आज तक सीमाओं की रक्षा में शहीद हुए वीरों की झांकियाँ, तिरंगे से सुसज्जित 40 फीट ऊँचा प्रवेश द्वार, नेवी, एयरफोर्स और सेना के साहसिक अभियानों की प्रस्तुतियाँ तथा प्रतिदिन सुबह शाम झण्डा वन्दन और राष्ट्रगान की अनिवार्य परम्परा शामिल होंगी। आयोजन समिति ने घोषणा की कि महोत्सव के दौरान हर आगंतुक को तिरंगा बैज मुफ्त दिया जाएगा ताकि श्हर हृदय तिरंगाश् का संकल्प जगे। समिति.अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने कहा यह पंडाल हमारे सैनिकों के त्याग को नमन करता है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा, हर युवा यहां आकर न सिर्फ गणेश भक्ति करे, बल्कि देश के लिए कुछ कर गुजरने का प्रण भी ले। उपाध्यक्ष सुदीपधर दीवान ने बताया कि पंडाल में संविधान.सभा का दृश्य, कारगिल विजय दिवस और चन्द्रयान 3 की झांकी भी दिखाई जाएगी। भूमि पूजन में रविन्द्र सिंह, पद्मनाभन, टी. शंकर, जी. अमर, ब्रह्मा नायडू, प्रीतम साहू, मरिया दास, वेंकट, जगीरे सिंह, करण सिंह, रमेश कुहीकर, बी. प्रसाद, जे.पी. राजू, आदित्य गावले, राहुल, मदन राय उपस्थित थे।

# लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण समारोह निजी होटल के सभागार में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में लायन रंजना क्षेत्रपाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशेष अतिथि लायन अनिता अग्रवाल चार्टर प्रेसिडेंट उपस्थित थीं। ध्वज वंदना लायन मंजू शर्मा ने की। स्वागत भाषण लायन ऊषा अग्रवाल ने दिया तथा स्वागत गीत लायन लता अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। शपथ अधिकारी लायन रंजना क्षेत्रपाल ने क्लब के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का लगन एवं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमे कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। जिस तरह एक बच्चा बार बार गिरकर भी उठ जाता है और धीरे धीरे अच्छे से चलना सीख जाता है। उसी प्रकार हमें भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। लायन अध्यक्ष लायन बबीता सोनी ने अपनी कार्य योजना को विस्तार से बताया। लायन अनिता अग्रवाल ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा किए किसी भी प्रकार की सेवा के लिए ममता, नमता और समता का भाव जरूरी है, तभी सेवा में सुगंध आती है। जरूरी नहीं है कि, हम आर्थिक रूप से ही किसी की मदद करें। कई बार हमारा आत्मीयता भरा स्पर्श भी किसी को जीवनदान दे जाता है। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब भिलाई ग्रेट के नव नियुक्त पदाधिकारियों सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लायन अर्चना गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंजू बंसल ने किया।

# संयंत्र के कर्मियों को मिला कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मान

भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। संयंत्र एवं रिफ्रैक्ट्री यूनिट के पाँच कर्मियों को एआई एंड यु मिशन प्रतियोगिता के तहत उत्कृष्ट कृत्रिम बुद्धिमत्त नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। सेल स्तर पर आयोजित इस आंतरिक पहल का उद्देश्य कर्मचारियों में डिजिटल सृजनशीलता को प्रोत्साहित करना और कार्यस्थल पर एआई के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देना है। निदेशक तकनीकीए परियोजनाएँ एवं कच्चा माल एवं निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार संयंत्र मनीष राज गुप्ता ने इस्पात भवन में आयोजित एक समारोह में पांचों पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सम्मानित कर्मियों में वरिष्ठ प्रबंधक एसएमएस-3 संतोष कुमार ने डीपसीक एआईए क्लाउडएआई एवं चैटजीपीटी जैसे प्लेटफॉर्म्स की सहायता से एक एआई.सक्षम वेब एप्लिकेशन विकसित किया है, जो साप्ताहिक शिफ्ट रोस्टर को स्वत: तैयार करता है। इस नवाचार ने न केवल समय और श्रम की बचत की है, बल्कि त्रुटियाँ कम कर, त्वरित और अधिक सटीक शेड्यूलिंग को संभव बनाया है। प्रबंधक मैकेनिकल रिफ्रैक्ट्री यूनिट शुभम किशोर मिश्रा को रिफ्रैक्ट्री ईंटों में सर्फेस डिफेक्ट्स का पता लगाने हेतु विकसित एआई मॉडल के लिए सम्मानित किया गया। उनके इस नवाचार में डीप लर्निंग एवं कंप्यूटर विज़न तकनीकों का उपयोग किया गया है, जो निर्माण प्रक्रिया में गुणवत्ता नियंत्रण को सशक्त बनाता है। सहायक प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन धर्म राजू बाच्चू को सुरक्षा रिपोर्टिंगए प्रलेखन और कार्यप्रवाह अनुकूलन के लिए एआइ आधारित टूल्स के सफ्ल प्रयोग हेतु सम्मानित किया गया। उन्होंने चैटजीपीटी, एक्सल वीबी एवं ऑटोमेशन फ्रेमवर्क्स के माध्यम से इंस्ट्रूमेंटेशन से जुड़ी प्रक्रियाओं में उत्पादकता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया।

# सीए ब्रांच के 5 दिनी रजत जंयती का शुरु आज



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। भिलाई सीए ब्रांच द्वारा ब्रांच की रजत जयंती के अवसर पर 5 दिवसीय कार्यक्रम पंचविषम सिल्वर स्पेक्ट्रम का आयोजन सीए भवन में किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम दिवस एमएसएमई दिवस पर औद्योगिक नीति व सब्सिडी पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सीए अरिहंत बोथरा शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहे। ब्रांच चेयरमेन सीए राजेश बाफना ने बताया कि समारोह के पहले दिन को एमएसएमई दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर अरिहंत बोथरा ने छत्तीसगढ़ शासन की नवीन औद्योगिक नीति को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की सब्सिडी व प्रोत्साहनों की जानकारी दी। विधायक रिकेश सेन सीए सदस्यों को ब्रांच के रजत जयंती पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमएसएमई उद्यमियों के मार्गदर्शन हेतु स्टेट बैंक, डीआईसीए एवं अन्य संस्थानों द्वारा सहायता काउंटर भी स्थापित किए गए। इस कार्यक्रम के डायरेक्टर सीए अजय गुप्ता रहे। पांच दिवसीय कार्यक्रम में 28 जून को सीए सदस्यों के साथ पिकनिक दिवस मनाया जाएगा। वहीं 29 जून को मैराथन एवं स्वास्थ्य शिविरए 30 जून को दिव्यांग बच्चों एवं सीए सदस्यों के साथ फिल्म की स्क्रीनिंग एवं 1 जुलाई को सीए दिवस व रजत जयंती समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिवानी ओस्तवाल ने किया इस अवसर पर ब्रांच सचिव प्रभजीत जग्गी सहित मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अनिल जैन, प्रतीक अग्रवाल, सीए तलविंदर, सुखदेव राठी, दिलीप जैन अमित राय, सुरेश गांधी, अजय सिंघी, विनोद सदानी, राकेश डोडी, हर्ष जैन, जितेंद्र गोयल एवं बड़ी संख्या में सीए सदस्य उपस्थित रहे।

# आरक्षण के जनक छत्रपति महाराज की मनाई गई जयंती



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। संयंत्र एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एस सी, एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में डॉ. आम्बेडकर प्रेरणा स्थल सेक्टर-6 में आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू महाराज की जयंती समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राजेन्द्र परगनिहा थे। उन्होनें कहा कि गुलाम भारत में सामाजिक आरक्षण के जनक, छत्रपति शाहू महाराज ने 26 जुलाई 1902 को 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किये थे। आज से लगभग 123 वर्ष पहले उन्होने भारत के लिए घोर अभिशाप जाति व्यवस्था के खिलाफ निर्णायक एवं महत्वपूर्ण कदम उठाये थे। उन्होंने आरक्षण के संबंध में जो आदेश जारी किये थे। उसमें ब्राम्हण, प्रभु, शेवाई और पारसी को छोडकर सभी शामिल है। छत्रपति शाहू महाराज के द्वारा असमानता को खत्म करने एवं न्याय और सब को समान अवसर देने के लिए उठाए गये इस आरक्षण के कदम का अनुसरण करते हुए सन 1918 में मैसूर राज्य ने, सन 1921 में मदास जस्टिस पार्टी ने तथा सन 1925 में बाम्बे प्रेसीडेंसी ने आरक्षण लागू किया था, जो भारतीय संविधान के

# पुलिस विभाग के मेघावी बच्चो का एसपी ने किया सम्मान



भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। आज शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के पुत्र, पुत्रियों द्वारा नीट, जेईई मेन्स, 10वीं, 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक एवं नेशनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले मेघावी छात्रध्छात्राओ का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा निम्नांकित सभी छात्रध्छात्राओं को मोमेंटों एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं अपने उदबोधन में कहा गया कि आपके द्वारा नीट, जेईई मेन्स, 10वीं ,12वीं परीक्षा में 90 प्रतिषत से अधिक अंक एवं नेषनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर सफ्लता हासिल की है। देश का नाम, अपने संस्था का नाम रोशन किया गया। उसके लिए मैं आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं चाहता हूँ कि आने वाले समय में और अच्छा परफार्मेश कर आगे बढ़ायेगें, ये आपके जीवन की सफ्लता है, बच्चों का बहुत अच्छा परसेटेंज पाना व कंम्पटेटीव परीक्षा में जाना बाकी सब से बहुत ही अलग होता है। ये आपकी डेस्टिनेशन है, वो अलग है ये सिर्फ माईलस्टोन थी और आपके 10 वीं एवं 12वीं में जितना मेहनत किया है उससे और ज्यादा मेहनत करें। उनके उक्त कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी गई। उपुअ श्रीमती ममता अली शर्मा आयान अली फुटबाल में 5वीं नेशनल लेबल क्लब चैंपियनशीप छावनी उपुअ श्रीमती नवी मोनिका पाण्डेय अभिनव पाण्डेय जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई निरीक्षक कैलाशनाथ मिश्रा कुमारी विद्या मिश्रा 10वीं 96 प्रतिशत, रानीतराई उनि. पुरूषोत्तम कुर्रे वेलिना कुर्रे जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई स उ . नि . प्रहलाद बंछोर कुमारी लिपिका बंछोर 10वीं 90 प्रतिशत, नपुअ कार्यालय छावनी प्र.आर.1510 कौशल कुमार साहू कुमारी नेहा साहू सीबीएससी 10वीं बोर्ड में 92.8 प्रतिशत विशेष शाखा भिलाई प्र.आर. 457 हरीश कुर्रेप्रवेश कुर्रे जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, कुम्हारी प्र.आर. 1441 रोशन बंछोर देवांशी बंछोर सीबीएससी 10वीं बोर्ड में 91. 2 प्रतिशत आर. 1694 ललित साहू मोनिका साहू सीबीएससी 10वीं बोर्ड में 95.2 प्रतिशत, यातायात आर. 40 जितेन्द्र मारकण्ड पीयुष मारकण्डे जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण हुए है।

# घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग से घर भी आया चपेट में



भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। नंदिनी थाना अंतर्गत अज्ञात तत्वों ने एक घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे आग ने घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है, कि वीति रात जिस वक्त वाहनों में आग लगाई उस समय घर में पति, पत्नि व उनके दो बच्चे घर में सो रहे थे। बताया जा रहा है, कि जब घर बालों को घर में आग लगने का ऐहसास हुआ तो उन्होनें आस-पास रहने वालों को चिल्लाकर बुलाया। आस-पास घर बालों ने हल्ला सुनकर जब घर के बाहर आकर देखा तो पड़ोसी घर में आग की चपेट मे है। व उस घर वाले घर के अन्दर है। तब आस-पड़ोस में रहने वालों ने घर की खिड़की तोड़कर घर वालों को घर से बाहर निकाला। इस घटना को लेकर काफी रोष है। इस आगजनी में कितने रुपये का नुकसान हुआ है। जिसका अनुमान नही लगाया गया है। इस घटना में आस-पास के लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### शिक्षा सत्र में स्कूल भवनों, शौचालय...

अभिलेख आधुनिकीकरण, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जैसे केंद्र सरकार प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा किया गया । बैठक में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का तीसरा चरण के तहत 86 ग्राम पंचायत में शुभारंभ के तहत सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में प्रतीकात्मक रूप से धोबीगुड़ा, धनपूंजी, परपा और आमागुड़ा पंचायत के साथ एमओयू किया गया। जिले के 208 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र स्थापित किया जा रहा है ।

### जेम पोर्टल संबंधी संभाग...

एवं उद्यमी उपस्थित थे। संभाग स्तरीय कार्यशाला में क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

### महाप्रभु जगन्नाथ को लगा...

का अर्पण करना होता है। पहले दिन ग्राम मटनार, मंगनार, बकावण्ड, कौवडावण्ड, कोलावल, पाहुरबेल मईलबेड़ा, करपावण्ड तालूर- बारदा, करंजी, करमरी, किंजोली, बस्तर, भाटपाल, ईच्छापुर, रेटावण्ड., बोदागुड़ा, चोलनार, करहाभाटा के 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के ब्राह्मणों ने भगवान जगन्नाथ को अमनिया भोग का अर्पण किया।

# मानसून सक्रिय तापमान में गिरावट

भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। नगर में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के बाद मानसून सक्रिय हो गया है। भिलाई सहित आस-पास पिछले दो दिनों से हो रही बारिश का बाद तापमान में गिरावट आई है। लोगों को उमस से राहत मिली है। वही किसानों के चेरहे भी खेल गये है। वीति रात से लेकर सुबह तक रुक रुक कर तेज बारिश होती रही। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए हैंए जिससे मौसम सुहावना हो गया है। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश के लिए अगले 5 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज दिन भर हल्की बारिश के कारण लोगों को राहत मिली है। आने वाले दिनों में बारिश से किसानों को काफी राहत मिल सकता है।

# तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। संयंत्र के संपर्क व प्रशासन राजभाषा विभाग मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल सभागार में संयंत्र के हिंदी समन्वय अधिकारियों एवं तिमाही रिपोर्ट भरने वाले कार्मिकों के लिए तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सौमिक डे महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन जनसंपर्क कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कार्यों को संपादित करना हमारे देश की प्रगति में सहायक है। हिंदी में किए गए कार्यालयीन कार्यों के आधार पर गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा हमारा मूल्यांकन किया जाता है। हम सब हिंदी भाषी क्षेत्र के निवासी हैं। हमारा समस्त वार्तालाप हिंदी में ही होता है, आवश्यकता केवल हिंदी में लिखने, पत्राचार, नोटशीट एवं टिप्पण लेखन आदि हिंदी में करने की है। तिमाही रिपोर्ट प्रविष्टि की प्रक्रिया को त्वरित रूप से और समय पर संपन्न भी कर सकते हैं। इसकी सहायता से राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में संयंत्र के प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा किए संयंत्र के समन्वय अधिकारी कार्यक्षेत्र के अपने महत्वपूर्ण दायित्वों के साथ ही साथ हिंदी के प्रचार.प्रसार का कार्य भी कर रहे हैं। तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रणाली में प्रविष्टियाँ करने का प्रशिक्षण सेक्शन एसोसिएट धनंजय कुमार मेश्राम ने दिया। प्रतियोगिता का आयोजन में प्रथम पुरस्कार धनराज कुमार साहू, सहायक प्रबंधक राजहरा खदान, द्वितीय मयंक कुमार कर्महे, सहायक प्रबंधक तृतीय संजीव कुमार, इंजीनियरिंग एसोसिएट तथा प्रोत्साहन पुरस्कार सीमा शर्मा, इंजीनियरिंग एसोसिएट संजय कुमार डोकानिया, महाप्रबंधक भृगुनाथ यादव, प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक संपर्क जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

# देवेन्द्र नें महाप्रभू से मांगा नगरवासियों के लिये आर्शीवाद



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। भगवान श्रीजगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव इस वर्ष सेक्टर 6 एवं सेक्टर 4 मंदिर से प्रारंभ हुई इस रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने रथ यात्रा में भाग लेते हुए प्रभु श्रीजगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा.अर्चना की और रथ खींचा। जनप्रतिनिधियों की उपस्थित थे। रथ यात्रा का आयोजन युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा किया गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल, छाया, स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया गया था। भव्य रथ यात्रा में रंग बिरंगी झांकियाँ, भजन कीर्तन और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ मुख्य आकर्षण रही। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने जगह जगह भंडारा, प्रसाद वितरण और स्वागत द्वार की व्यवस्था की। पूरा मार्ग पुष्प वर्षा से सुसज्जित किया गया था। जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि रथ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक एकता, शांति और सद्भावना का प्रतीक है। यह आयोजन भिलाई नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रमाण है। रथ यात्रा ने लोगों में भक्ति, सेवा और परस्पर सहयोग की भावना को प्रबल किया। आयोजन की सफ्लता में प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिकों का विशेष योगदान रहा। समाप्ति पर आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ रथ यात्रा का समापन किया गया। भिलाई वासियों के लिए यह दिन आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण रहा।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत गोलावण्ड में शिविर

# अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने में कारगर साबित हो रही धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष योजना: केदार कश्यप



**कोण्डागांव** 28 जून (देशबन्धु)। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं से जनजातीय परिवारों को लाभान्वित किये जाने हेतु जिले के सभी विकास खंड में क्लस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 जून को कोण्डागांव विकास खण्ड के ग्राम गोलावण्ड में आयोजित शिविर में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उक्त शिविर में गोलावंड, कारसिंग, कुसमा, कचोरा, इसलनार, चमई, हंगवा, तोतर, बोरगांव, झारा, पोलंग, खंडाम, खचगांव, बालासार, मड़ानार और नगरी गांव के ग्रामीणजन सम्मिलित होकर अपनी समस्याएं बताई।

शिविर को संबोधित करते हुए वन मंत्री ने कहा कि जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुण्डा के नाम से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की गई, जिसके माध्यम से केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनजातीय ग्रामों में अंतिम व्यक्ति तक शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई इस अभियान से जनजातीय समाज के कल्याण के साथ ही गांव के उत्तरोत्तर प्रगति की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पहुंचाया जा रहा है, ताकि कोई भी व्यक्ति वंचित न रह पाए। उन्होंने शिविर के माध्यम से सभी के आयुष्मान कार्ड और बुजुर्गों के वय वंदना कार्ड बनाने, सभी किसानों को प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना से जिले के शिल्पकारों को जोड़ने को कहा। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सेवकराम नेताम ने भी संबोधित किया।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड और 05 जन्मप्रमाण पत्र वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को धान बीज और सहकारिता विभाग द्वारा 06 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। इसी प्रकार शिक्षा विभाग द्वारा 06 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही वन विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 300 ग्रामीणों को पौधे वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में वन मंत्री ने सभी उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा कश्यप व श्रीमती रामदई नाग, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती अनिता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र सिंह ठाकुर, दीपेश अरोरा सहित जनपद सदस्यगण एवं सरपंचगण उपस्थित थे।

# बड़बत्तर जामपारा का पुलिया क्षतिग्रस्त, हो सकता है हादसा




**कोण्डागांव** 28 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के विकास खंड बड़ेराजपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बड़बत्तर के जामपारा में बना पुलिया विगत कई माह से क्षतिग्रस्त है और इस जर्जर हो चुके पुलिया के कारण हादसा हो सकने की आशंका से लोगों में भय है। जिस मार्ग पर जर्जर पुलिया है, वहां से ग्रामीणजनों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी प्रतिदिन आना-जाना करते हैं। पुलिया के क्षतिग्रस्त व जर्जर होने के बावजूद इस पुलिया में सावधानी बरतने या चेतावनी का कोई संकेतक लगा नजर नहीं आ रहा है।

ग्रामीणजनों द्वारा बताया गया कि विगत साल बारिश के दिनों में पुलिया क्षतिग्रस्त हुआ था, साल पूरा होने को आया है, शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को बताने के बाद भी सम्बन्धित विभाग, जर्जर पुलिया का मरम्मत कराने का प्रयास नहीं कर रही है। वहीं जर्जर पुलिया कभी भी अचानक टूट जाने से होने वाले हादसे से जनधन की हानि होने की सम्भावना है।

### महत्वपूर्ण है बड़बत्तर जामपारा में बना यह पुलिया

*ग्राम पंचायत बड़बत्तर जामपारा के जिस सड़क पर यह पुलिया बना है, उससे कुल्दाडिही, पीढ़ापाल, तितरवंड, गम्हरी पिटीसपाल, हरवेल, धामनपुरी, किबड़ा सहित अन्य गांवों तक पहुंचने के लिए उपयोग किया जाता है। यह पुलिया मुख्यालय विश्रामपुरी से बडबत्तर को भी जोड़ती है और बडबत्तर चौक केशकाल, विश्रामपुरी, रांधना और माकडी को जोड़ता है, शनिवार साप्ताहिक बाजार होने से दो पहिए से लेकर चार पहिया वाहनों की आवाजाही इस सड़क से होती है, जिससे वाहन चालकों को हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है।*

# पैरालीगल वालिंटियर्स के एक दिवसीय मासिक प्रशिक्षण का आयोजन



**कोण्डागांव** 28 जून (देशबन्धु)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव श्रीमती किरण चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव गायत्री साय की अध्यक्षता में जिला कोण्डागांव एवं जिला नारायणपुर के समस्त थाना में पदस्त पैरालीगल वालिंटियर्स एवं समस्त लीगल एड कीनिक, प्रबंध कार्यालय में कार्यरत पैरालीगल वालिंटियर्स का 27 जून को एक दिवसीय कार्यशाला/बैठक रखा गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य, पीएलव्ही की क्षमता वृद्धि विधिक सेवाओं की पहुंच और न्याय तक सबकी समान पहुंच सुनिश्चित करना नालसा द्वारा 'संचालित जागृति, डान, संवाद, आवाज उठाओ, नालसा/30' के संबंध में ग्रामीण स्तरों एवं अंदरूनी स्तर तक प्रचार-प्रसार कर उनकी सहायता करना रहा। इस अवसर पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिकार मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पीएलव्ही समाज के उन अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में सेतु का कार्य करते हैं, जिन्हें विधिक जानकारी या सहायता की आवश्यकता होती है, यह कार्य सेवा और सर्मपण का परिचायक होता है। साथ ही सचिव ने अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में विधिक साक्षरता शिविर के माध्यम से व्यापक रूप से विधिक जागरूकता शिविर आयोजन करने का निर्देश दिया गया तथा नालसा एवं सालसा के समस्त योजनाओं से आमजनों को लाभ दिलाने में मदद करते हुए, उन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, विशेष दिवसों पर अनिवार्य रूप सामुदायिक स्तरों, ग्राम पंचायतों एवं हाट बाजारों में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने हेतु समस्त पैरालीगल वालिंटियर्स को निर्देशित किया गया। ताकि कोई भी व्यक्ति न्याय पाने से वंचित ना रहे। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार भट्ट प्रतिधारक अधिवक्ता समस्त पैरालीगल वालिंटियर उपस्थित थे।

### महिलाओं ने माता से की सुख-समृद्धि और रक्षा की कमना

# बोरगांव दुर्गा मंदिर में मां विपदतारिणी व्रत पर उमड़ा आस्था का सैलाब





**फरसगांव** 28 जून (देशबन्धु)। बोरगांव दुर्गा मंदिर में बंगाली समुदाय के महिलाओं द्वारा शनिवार को मां विपदतारिणी व्रत कथा का आयोजन किया गया।

यह पूजा विशेष रूप से महिलाओं द्वारा परिवार की सुख-समृद्धि और सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति पाने के लिए किया गया। इस पूजा में 13 तरह के फल, फूल और मिष्ठान्न अर्पित किए जाते हैं। इस दिन महिलाएं सुबह से निर्जला उपवास रखकर भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर श्रद्धालु ने अपने परिवार की सुख, शांति व सुरक्षा की कामना की। मंदिर में पुजारी सुभाष भौमिक द्वारा मां विपदतारिणी की व्रत कथा सुनाया गया, जिसे उपस्थित व्रतीयों ने श्रवण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मा विपदतारिणी के जयकारे भी खूब लगाए। जय मां विपदतारिणी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।

उल्लेखनीय है कि मां विपदतारिणी की पूजा रथ यात्रा के बाद शनिवार व मंगलवार को होती है। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार मंगलवार या शनिवार को पूजा करते हैं। इस पूजा के पीछे ऐसी मान्यता है कि परिवार में आने वाले हर संकट को मां विपदतारिणी टाल देती हैं। इसलिए मां विपदतारिणी को संतुष्ट करने के लिए महिलाएं उपवास रखकर 13 तरह के फल, फूल, मिष्ठान आदि का चढ़ावा चढ़ाकर पूजा-अर्चना करती हैं। वहीं, रक्षा सूत्र के रुप में लाल रंग के धागे को मंदिर में पूजा कराने के बाद बांह में बांधा गया। इस धागे पर भी 13 गांठ लगाए जाते हैं। पूजा के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच मिष्ठान फल, खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

# कृषि केंद्रों में बीज एवं खाद की जांच, नियमों के उल्लंघन पर नोटिस



**कोण्डागांव** 28 जून (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले में अमानक बीज एवं खाद की बिक्री पर निगरानी और रोकथाम हेतु कृषि विभाग की टीम द्वारा कोंडागांव स्थित अम्बिका कृषि संसार एवं प्रयाग कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया।

कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.टांडे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों प्रतिष्ठानों के पास आवश्यक लाइसेंस तो मौजूद थे, किंतु मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं थी तथा स्टॉक रजिस्टर का संधारण अद्यतन रूप में नहीं पाया गया। नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए दोनों केंद्रों को नोटिस जारी कर तीन दिवस के भीतर संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित समयावधि में उत्तर प्राप्त न होने या उत्तर असंतोषजनक पाए जाने की स्थिति में संबंधित दुकानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में मनाया गया मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम

**खरोरा,** 28 जून (देशबन्धु) ।विकासखंड तिल्दा नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को डायरिया जैसे संक्रामक रोग की रोकथाम एवं सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान ओ.आर.एस. घोल के उपयोग, उसकी विधि एवं महत्व को सरल भाषा में समझाया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि गर्मी एवं बरसात के मौसम में किस प्रकार स्वच्छता और पोषण के माध्यम से बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। इस जागरूकता कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में हुआ।

# प्रधान मंत्री आवास योजना के कार्यों में प्रगति लाने जिला पंचायत सीईओ ने ली समीक्षा बैठक



**कोण्डागांव** 28 जून (देशबन्धु)। प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने समीक्षा बैठक में कहा कि प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत शेष आवासों का निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण किया जाए। साथ ही मनरेगा के तहत मजदूरी भुगतान एवं आवास की किश्तों का भुगतान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त फील्ड विजिट कर कार्यों की भौतिक सत्यापन कम प्रगति वाले ग्राम पंचायत में नियमित रूप से भ्रमण किया जाना अनिवार्य बताया गया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि कार्य में लापरवाही या अनुपस्थित पाए जाने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें ताकि प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत जिले के सभी पात्र हितग्राही शीघ्र अपना पक्का मकान प्राप्त कर सकें। बैठक में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उप अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, विकास खण्ड समन्वयक (आवास), तकनीकी सहायक एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# इंग्लिश मीडियम स्कूल भवन में अधूरा, शिक्षकों की भारी कमी- पालकों में नाराजगी

◆ **कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन, सोमवार को**



**कोण्डागांव** 28 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय कोण्डागांव में संचालित शासकीय इंग्लिश मीडियम प्राथमिक शाला ब्लॉक कॉलोनी कोण्डागांव का भवन निर्माण कार्य अधूरा होने के साथ-साथ शिक्षकों की कमी को लेकर पालकों, शाला प्रबंधन समिति एवं एमसी सदस्यों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में षिक्षाविद डीएस साहू, धन्सराज टण्डन सहित अन्य कई पालकों ने चिंता जताया कि विद्यालय का पुराना भवन अत्यंत जर्जर अवस्था में है और नया भवन वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है।

डीएस साहू ने बताया कि लगातार आवेदन देकर निवेदन करने के बावजूद निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। वर्तमान में 100 से अधिक विद्यार्थीगण विद्यालय में अध्ययनरत हैं और प्रवेश प्रक्रिया जारी है। अनुमान है कि यह संख्या जल्द ही 250 पार कर सकती है।

बारिश के दिनों में जर्जर भवन में बच्चों को पढ़ाई कराना न केवल असुविधाजनक है, बल्कि उनकी सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करना है। पालकों ने यह भी शिकायत की है कि अंग्रेजी माध्यम के लिए पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो पाई है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पालकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य को पूरा कराया जाए और अंग्रेजी माध्यम के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल सके।

# शाला प्रवेशोत्सव के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम

## वितरित किया गया पाठ्य-पुस्तक, गणवेश, खेल सामग्री, जाति प्रमाण पत्र, ट्रायसिकल, श्रवण यंत्र, पौधे




**कोण्डागांव** 28 जून (देशबन्धु)। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामदई नाग व कार्यक्रम अध्यक्ष जनपद पंचायत अध्यक्ष अनिता कोर्राम की उपस्थिति में कोण्डागांव विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दहीकोंगा में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत की सदस्य मोमबती बघेल, संतोष पात्रे, प्रेम सिंह नाग, लूभा सिंह नाग पूर्व जिला पंचायत सदस्य, प्रेम नेताम सरपंच दहिकोंगा, सायमन कश्यप सरपंच सुकुरपाल, गेंदावती चंदेल सरपंच माकड़ी, सकीला पोयम सरपंच बनियागांव, उपसरपंच मनोज देहारी एवं मीना कश्यप, भारती प्रधान जिला शिक्षा अधिकारी, मनोज दूबे विकास खंड शिक्षा अधिकारी सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण करके एवं समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। पूर्व माध्यमिक शाला दहिकोंगा, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा एवं उच्च प्राथमिक शाला पुसावण्ड के विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों को उत्साहपूर्वक तिलक लगाकर एवं मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया और नि:शुल्क गणवेश, पाठ्य-पुस्तक, जाति प्रमाण पत्र, समावेशी शिक्षा अन्तर्गत दिव्यांग बच्चों को ट्रायसिकल, वाकर, व्हील चेयर, एम आर कीट, लो विज़न कीट, श्रवण यंत्र, विद्यालय स्तर पर खेल सामग्री, 'एक वृक्ष मां के नाम' के तहत 450 बच्चों को पौधा वितरण, बोर्ड परीक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं एवं 12 वीं के प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का सम्मान, राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के अतिथि प्रेमसिंह नाग, अनिता कोर्राम एवं टोमेन्द्र सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में बच्चों को नवीन शिक्षण सत्र में प्रवेश की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत एवं लगन से पढ़ाई करने की आवश्यकता है। बच्चें अपने शिक्षकों का सम्मान करें उनके मार्गदर्शन मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए अपने स्कूल, परिवार और जिले का नाम रोशन करें। अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी, नवाचार एवं कबाड से जुगाड़ पर आधारित मॉडल का निरीक्षण किया एवं 'एक पेड़ मां के नाम' मिशन में शामिल होकर वृक्षारोपण का कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में नेवता भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी अतिथियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, संकुल समन्वयकों एवं पालकगणों ने भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, विकास खंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी शीला शार्दुल, खंड स्त्रोत समन्वयक मालती ध्रुव, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दहिकोंगा के प्राचार्य त्रिनाथ प्रसाद जोशी प्राचार्य, व्यायाम शिक्षक ऋषिदेव सिंह, बीआरपी अशोक साहू, निर्मल शार्दूल, साक्षरता बीपीओ डी.एस.पोटाई, राज्य पुरस्कृत शिक्षक पवन साहू, संकूल समन्वयक रविंद्र नेताम, राजू राम दीवान, रामूराम सिंहा, मयाराम उसरे, बलई दास, बृजलाल कोर्राम, अमलेश बारले, कमलेश्वर कमेटी, आसमन सोड़ी, काशीनाथ पांडे, जब्बर डहरिया सहित समस्त संकुल समन्वयक, सेजस के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे और शिक्षकगण उपस्थित थे।

# रूद्र चंडी यज्ञ कराने असम से पहुंचे वैदिक पंडित

**जगदलपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। मोतीतालाब पारा स्थित छिंदवाली महाकाली मंदिर में सात दिवसीय रूद्र चंडी किया गया है। इसके लिए विशेष तौर पर असम से आमंत्रित 10 वैदिक पंडित अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं। यह अनुष्ठान 3 जुलाई तक चलेगा और आमंत्रित पंडित प्रतिदिन लगभ 8 घंटे वेदों की ऋचाओं का पाठ कर रहे है। बताते चले कि यह अनुष्ठान मां छिंदवाली महाकाली मंदिर समिति द्वारा आयोजित किया गया है। मोती तालाब पारा स्थित मां महाकाली मंदिर में 27 जून से 3 जुलाई तक रूद्र चंडी महायज्ञ आयोजित किया गया है। इस अनुष्ठान के लिए गुवाहाटी असम से वैदिक मंत्रोच्चार करने वाले 10 पंडितों को आमंत्रित किया गया है। प्रतिदिन 11ः36 से लेकर रात 8 बजे तक यह पंडित अनुष्ठान और हवन के संपन्न करा रहे हैं। संपूर्ण अनुष्ठान यज्ञ वैदिक आचार्य पं. हेमंत शर्मा और असम से आमंत्रित 10 पंडित दयाराम कटेल, अनुप शर्मा, गोविन्द घिमिरे, हरि घिमिरे, घनश्याम घिमिरे, हरेकृष्ण शर्मा, लखन दास, जय प्रकाश, हिरथ शर्मा,प्रियवर शर्मा के द्वारा विधि विधान से संपन्न हो रहा है। इस पंच कुंडीय रूद्र चंडी महायज्ञ के मुख्य यजमान भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन, राजेंद्र धीवर जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर, हरि शंकर निषाद जिला पंचायत सदस्य रायपुर, तथा जगदलपुर के नितिन तिवारी, पुखराज राठी, डॉ. व्हीएल सोनी, वैदिक चंदन कारिया, हरीश साहू और श्रीमती विजयलक्ष्मी वर्मा हैं।

# प्राइवेट स्कूलों को झटका, रायपुर में निजी प्रकाशकों की किताबों पर प्रतिबंध

## यूनिफॉर्म से जुड़े जूते, मोजे, बेल्ट की बिक्री भी प्रतिबंधित

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) ने एक सख्त आदेश जारी करते हुए जिले के सभी निजी स्कूलों में प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबों के उपयोग पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। आदेश के मुताबिक, अब सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों को केवल एन सी आर सी टी की किताबों से ही पढ़ाई करानी होगी। वहीं छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा निर्धारित किताबें पढ़ानी होंगी। इस आदेश का उल्लंघन करने पर शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।




आदेश में यह भी साफ किया गया है कि निजी स्कूल यूनिफॉर्म से जुड़े किसी भी वस्तु जैसे जूते, मोजे, टाई, बेल्ट, बैग, नोटबुक आदि की बिक्री परिसर में नहीं कर सकेंगे और न ही किसी खास दुकान से खरीदने के लिए पालकों को बाध्य किया जाएगा। बीते कुछ समय से इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई निजी स्कूल इन सामानों को खुद बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। अब इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे सत्र के शुरुआत में सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करें और नोडल प्राचार्य के माध्यम से डी ई ओ को प्रमाण पत्र सौंपें।

**प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की आपत्ति**

इस आदेश के जारी होते ही छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने इसका विरोध किया है। एसोसिएशन ने डीईओ कार्यालय को पत्र लिखते हुए आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि कई स्कूलों में एन सी ई आर टी की किताबें समय पर उपलब्ध नहीं हो पातीं। जिस कारण वैकल्पिक रूप में प्राइवेट पब्लिशर्स की किताबों का सहारा लिया गया था। लेकिन इस आदेश से निजी स्कूलों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि सभी निजी विद्यालय उस बोर्ड की किताबें ही पढ़ाएं जिससे उन्हें मान्यता प्राप्त है।

सी बी एस ई और आईसीएसई स्कूलों के लिए एन सी ई आर टी पुस्तकें और छत्तीसगढ़ बोर्ड स्कूलों के लिए पाठ्य पुस्तक निगम की किताबें ही मान्य हैं। इन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, छात्रों के हित में केंद्रीयकृत परीक्षाओं में सम्मिलित होना भी अनिवार्य किया गया है।

# पटवारी आत्महत्या मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए

## मानसून सत्र में कानून व्यवस्था, रेत खनन पर सरकार को घेरेंगे

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। भारतमाला प्रोजेक्ट घोटाला मामले में निलंबित पटवारी के आत्महत्या मामने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा, इस मामले की सीबीआई या ई डी से जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार बड़ी मछलियों को बचाने छोटी मछलियों का शिकार कर रही है। मौत है या आत्महत्या ये जांच का विषय है, लेकिन उनके सुसाइड नोट से पता चलता है कि बड़े-बड़े अधिकारी और भाजपा के नेता इस घटना में शामिल हैं। मामले की जांच हाईकोर्ट के जज की निगरानी में होनी चाहिए।



**राशन कार्ड सत्यापन समयावधि बढ़ाने मांग**

श्री बैज ने राशन कार्डों का के वाय सी से लिंक करने का समय बढ़ाने की मांग सरकार से की है। बैज ने कहा, 30 लाख से अधिक राशन कार्ड धारियों का सत्यापन नहीं हो सका है। इस महीने में अंतिम 3 दिन में सभी कार्डधारियों का सत्यापन संभव नहीं है। राशन कार्ड सत्यापन की समयावधि बढ़ाया जाए, ताकि प्रदेश में कोई गरीब हितग्राही राशन से वंचित न हो।

**मानसून सत्र में कानून व्यवस्था, रेत खनन पर सरकार को घेरेंगे**-विधानसभा का मानसून सत्र 14 जुलाई से शुरू होगा। इस पर दीपक बैज ने कहा, कानून व्यवस्था, पेड़ों की कटाई, रेत खनन जैसे मुद्दों को सदन में उठाएंगे। इस मामलों को लेकर कांग्रेस फिर से सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।

पंकज झा के हाल ही में किए पोस्ट का जिक्र करते हुए दीपक बैज ने कहा कि क्या इंसान को भगवान कहना सनातनियों का अपमान नहीं।

क्या गृह मंत्री सीएम साय को भगवान मानते हैं या उन पर फूल चढ़ाते हैं। वाराणसी के दौरे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम योगी आदित्यनाथ और यूपी बीजेपी अध्यक्ष से मुलाकात की और वहां की तस्वीर साझा की थी, जिसे री-पोस्ट कर पंकज झा ने तीनों नेताओं को च्ब्रह्म विष्णु महेश च्बताया था। इसे लेकर दीपक बैज ने भाजपा पर धर्म का सबसे ज्यादा अपमान करने का आरोप लगाया है।

# सांसद बृजमोहन अग्रवाल व रेलवे जीएम की बैठक कल

## यात्री सुविधाओं और विकास कार्यों पर होगी चर्चा



**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। रायपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल 30 जून को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। यह बैठक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय रायपुर के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसमें रेल विकास और यात्री सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी।

**बीते साल कई मांगों पर हुई कार्रवाई**

पिछले वर्ष हुई बैठक में सांसद द्वारा उठाए गए विषयों पर रेलवे प्रशासन ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कई कार्य पूरे किए हैं। रायपुर मंडल में कुंभ स्पेशल, होली स्पेशल, छठ स्पेशल और दीपावली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उरकुरा, भिलाई और भानुप्रतापपुर स्टेशनों का कायाकल्प कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उनका वर्चुअल उद्घाटन किया गया। अन्य रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य भी तेजी से चल रहे हैं। डब्ल्यूआरएस रेलवे कॉलोनी में सोलर प्लांट लगाने, राजिम गुड्स शेड का निर्माण मार्च 2026 तक पूरा करने, बंद ट्रेनों को नियमित करने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी ठोस कार्रवाई हुई है।

**रायपुर स्टेशन पर डॉक्टर की सुविधा पर भी चर्चा**

सांसद अग्रवाल ने रायपुर स्टेशन पर आपातकाल में डॉक्टर उपलब्ध कराने की मांग की थी। रेलवे प्रशासन ने बताया कि अब तक 8 बार निविदा प्रकाशित की गई, लेकिन किसी अस्पताल ने रुचि नहीं दिखाई। अब 9वीं बार निविदा प्रकाशित की गई है, जो 4 जुलाई को खोली जाएगी.।

**सरोना को सब अर्बन स्टेशन बनाने पर जोर**

सरोना स्टेशन को सब-अर्बन स्टेशन के रूप में विकसित करने, पार्किंग ठेकेदारों के पुलिस वेरिफिकेशन, खारुन रेल विहार में उद्यान निर्माण और वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल बढ़ाने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की जाएगी.।

**आज की बैठक में होंगी कई अहम चर्चाएं**

आज आयोजित बैठक में सांसद बृजमोहन अग्रवाल यात्री सुविधाओं में सुधार और रायपुर संसदीय क्षेत्र के रेल विकास से जुड़े अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि लंबित मांगों के शीघ्र समाधान के लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे।

# राजधानी में ट्रैफिक दबाव से निपटने नए फ्लाईओवर, सड़क पर मंथन

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बढ़ती आबादी और भविष्य के ट्रैफिक दबाव को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों का दौरा कर संभावित विकास स्थलों का निरीक्षण किया।

■ कलेक्टर और एसएसपी ने किया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मठपुरैना, भाटागांव, उरकुरा, एक्सप्रेस-वे सहित अन्य महत्वपूर्ण इलाकों में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण, नए एक्सप्रेस वे, फ्लाईओवर और रेलवे अंडरब्रिज/ओवरब्रिज की संभावनाओं का गहन अवलोकन किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि, च्आने वाले 4 से 5 वर्षों में रायपुर की जनसंख्या और ट्रैफिक में वृद्धि होगी। इस चुनौती का सामना करने के लिए अभी से रणनीतिक तैयारी की जा रही है।

कलेक्टर डॉ सिंह ने कहा कि शहर में यातायात सुगमता हेतु नई सड़कों का निर्माण, एक्सप्रेस वे और फ्लाईओवर की योजना बनाना आवश्यक है। इस दौरान पहले से प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन, एडीएम देवेंद्र पटेल, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर सहित पुलिस, रेलवे और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।

# डॉक्टरों को कोर्ट जाने की झंझट से मिली मुक्ति

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। प्रदेश में अब डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ को अदालत में पेश होकर गवाही देने की जरूरत नहीं होगी। राज्य के सभी 33 जिला अदालतें और जिला अस्पताल अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आपस में जुड़ गए हैं। अब मेडिकल रिपोर्ट और डॉक्टरों के बयान वर्चुअली लिए जा सकेंगे। इस नई सुविधा की शुरुआत हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने वर्चुअल तरीके से की।



■ वीडियो कॉल से दे सकेंगे गवाही

**कार्यवाही में तेजी और बढ़ेगी पारदर्शिता**

इस कदम से अदालत की कार्यवाही न सिर्फ तेज होगी, बल्कि पेपरलेस और पारदर्शी भी बनेगी। अब डॉक्टरों को दूर-दराज से कोर्ट आने की जरूरत नहीं होगी, वे अपने अस्पताल से ही वीडियो कॉल के जरिए अदालत की प्रक्रिया में शामिल हो सकेंगे। इसके साथ ही रायगढ़, जांजगीर-चांपा, कोरबा और बेमेतरा जिला अदालतों में डिजिटाइजेशन और स्कैनिंग सेंटर भी शुरू कर दिए गए हैं। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने कहा कि इन सेंटरों के शुरू होने से अब पूरे छत्तीसगढ़ में अदालतों का डिजिटलीकरण पूरा हो गया है, जो न्याय व्यवस्था के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

चीफ जस्टिस ने खुशी जताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ अब ई-कोर्ट मिशन में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। खास बात ये है कि अब अदालतों से जारी समन भी ई-समंस के जरिए भेजे जाएंगे। इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि केस की सुनवाई में बार-बार तारीख टलने की परेशानी भी कम होगी। अब मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर कोर्ट से सीधे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये जुड़कर गवाही दे सकेंगे। इससे मेडिकल स्टाफ की सुविधा बढ़ेगी और अदालत की प्रक्रिया भी पहले से ज्यादा आसान और तेज होगी।

# डीकेएस अस्पताल के 2 करोड़ टर्नओवर और 5 करोड़ नेटवर्थ वाले टेंडर पर बवाल

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर स्थित डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लांड्री सेवा के लिए निकाले गए टेंडर ने विवाद खड़ा कर दिया है। टेंडर में रखी गई 2 करोड़ रुपये के वार्षिक टर्नओवर और 5 करोड़ रुपये की नेटवर्थ की अनिवार्यता को लेकर स्थानीय व्यवसायियों, धोबी समाज और लांड्री कर्मचारी संगठन ने गहरी नाराजगी जताई है। इन संगठनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने जानबूझकर ऐसी शर्तें रखी हैं, जिससे स्थानीय और मध्यम स्तर के व्यवसायी इस प्रक्रिया से बाहर हो जाएं और लाभ बड़ी फर्मों को मिले। इसी के विरोध में प्रदेश धोबी समाज के महामंत्री हेमंत निर्मलकर ने अस्पताल प्रबंधन को पत्र भेजकर टेंडर निरस्त करने की मांग की है। महामंत्री हेमंत निर्मलकर ने कहा — सेवा की वास्तविक आवश्यकता की तुलना में यह शर्तें अत्यधिक और असंगत हैं। रायपुर में कार्यालय अनिवार्यता भारतीय प्रतिस्पर्धा नियमों के खिलाफ है। यदि टेंडर वापस नहीं लिया गया तो समाज न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को बाध्य होगा।

**धोबी समाज और लांड्री संगठन ने उठाई आपत्ति**

इधर, शहर धोबी समाज के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर ने भी मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर टेंडर रद्द करने की मांग की है। उनका कहना है कि यह पूरी साजिश लघु व्यवसायियों और स्व सहायता समूहों को बाहर करने के लिए रची गई है। विवादित शर्तों में 2 करोड़ वार्षिक टर्नओवर, 5 करोड़ नेटवर्थ, 18 लाख रुपये परफॉर्मेंस गारंटी, 15 दिन में उपकरण स्थापना की अनिवार्यता के साथ रायपुर में कार्यालय को अनिवार्य बताया गया है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रबंधन टेंडर निरस्त नहीं करता तो कोर्ट में मामला ले जाया जाएगा।

# रायपुर विमानतल में शुरु हुई ऑटोमेटेड पार्किंग

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट, रायपुर पर ऑटोमेटेड पार्किंग की शुरुआत हो चुकी है। इस सिस्टम से अब पार्किंग एंट्री पर स्वचालित सिस्टम से पर्ची निकलेगी, जिसमें वाहन का नंबर और प्रवेश का समय स्वत: अंकित रहेगा। पर्ची लेने के साथ ही बैरियर अपने आप खुल जाएगा और वाहन पार्किंग क्षेत्र में प्रवेश कर सकेगा।




■ अपने आप कटेगी पर्ची
■ फास्ट टैग से होगा भुगतान

एयरपोर्ट पर पार्किंग की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑटोमेटेड हो गई है, जिसमें किसी भी तरह का मानवीय हस्तक्षेप नहीं होगा। इस व्यवस्था से उन विवादों पर भी लगाम लगेगी, जो पहले पार्किंग शुल्क को लेकर अक्सर सामने आते थे। ड्रॉप या पिकअप के बाद जब वाहन चालक बाहर निकलेंगे तो एग्जिट प्वाइंट पर फास्टैग के जरिए ऑटोमेटिक भुगतान हो जाएगा।

विमानपत्तन निदेशक रायपुर ने शुक्रवार रात में इस सिस्टम की शुरूआत की। अब यात्रियों के वाहन से ड्रॉप और पिकअप समय के तयशुदा दर के अनुसार पैसा कटेगा, लेकिन पार्किंग के दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

# मृत कर्मचारी का अन्य विभाग में तबादला

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। सरकारी विभाग के कामकाज में भर्राशाही के मामले तो देखते सुनते ही है लेकिन जिस काम में विभाग के मंत्री से लेकर सीएम तक का नाम रहे उस काम में भी किरकिरी करा दे तो फिर क्या ही कहा जाए। हद तो तब हो गई जब एक मृतक कर्मचारी और एक दूसरे विभाग में कार्यरत अधिकारी तक का ट्रांसफर आदेश जारी कर दिया गया।

मामला छत्तीसगढ़ के वाणिज्य कर विभाग के ट्रांसफर ऑर्डर से जुड़ा है। कल यहां से कई ट्रांसफर ऑर्डर जारी हुए लेकिन लापरवाही का ऐसा आलम था कि विभाग के उस कर्मचारी का भी ट्रांसफर कर दिया गया जिसका 6 महीने पहले निधन हो चुका है। इतना ही नहींए एक ऐसी महिला अधिकारी का भी ट्रांसफर किया गया जो वाणिज्य कर विभाग को छोड़ अब महिला बाल विकास विभाग में नौकरी कर रही हैं। भर्राशाही की ऐसी मिसाल शायद ही मिले। अब जब जमकर किरकिरी हुई तो विभाग के अधिकारियों की नींद टूटी और फिर संशोधन आदेश जारी करना पड़ा लेकिन अधिकारियों ने अपनी कारगुजारियों से विभाग के मंत्री से लेकर प्रदेश के सीएम तक का नाम भी धूमिल कर दिया।

**ट्रांसफर में कई गड़बड़ी उजागर**

दरअसल इन दिनों प्रदेश में जो ट्रांसफर हो रहे हैंए वो ट्रांसफर पॉलिसी के अनुसार हो रहे हैं। इस ट्रांसफर पॉलिसी में वाणिज्यकर विभाग का नाम नहीं है। ऐसे वाणिज्यकर का जो ट्रांसफर हुआ हैए उसे सीएम समन्वय से ओके कराया गया था। बताते हैं कि इस ट्रांसफर में कई और गड़बड़ी की गई हैं। जहां विभाग का कार्यालय नहीं खुला हैए वहां भी ट्रांसफर कर दिया गया है। 10 फीसदी की सीमा को भी इसमें पार कर दिया गया है। खबर है कि नाराज कर्मचारी इसके खिलाफकोर्ट जाने की भी तैयारी में हैं। बहरहाल जो भी हो सरकारी कामकाज के इस तरीके से सवाल तो उठा ही दिया है।

# प्रदेश में झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। प्रदेश के सारागांव जिले के आसपास अंचल में बीती रात्रि झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है। जहां एक ओर भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली है वहीं लंबे समय से वर्षा का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे भी खिल उठेहैं। बीती रात्रि वर्षा ने जहां आम जनजीवन को राहत दी है वहीं कृषि गतिविधियों में भी नई जान फूंक दी है। बुधवार रात्रि और सुबह रिमझिम बारिश के बाद से तापमान में करीब 5.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई हैए जिससे लोगों को गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। साथ ही सारागांव और आसपास अंचल में भी अच्छी बारिश हुई है।

■ किसानों के चेहरे में आई ख़ुशी



बारिश का सबसे बड़ा फायदा किसानों को हुआ है। खरीफसीजन की बुआई लगभग पूर्ण हो गई थीए किसानों को बारिश का इंतजार था। बोआई के बाद लंबे समय से पानी नहीं गिरने से बीज खराब होने की चिंता सता रही थी। लेकिन बीती रात्रि हुई बारिश से किसानों को काफी राहत मिली है। किसानों ने कहा कि रुक रुक कर ऐसी ही बारिश होने की जरूरत है।

# पैकरा हत्याकांड : मृतक की प्रापर्टी पर थी अंकित की नजर

**रायपुर**, 28 जून (देशबन्धु)। इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में किशोर पैंकरा हत्याकांड मामले में आरोपी वकील अंकित उपाध्याय से पूछताछ में कई जानकारियां सामने आई है। बताया गया कि रिटायर्ड एएसआई के बेटे अंकित की नजर मृतक की प्रापर्टी पर थी। पुलिस के मुताबिक अंकित उपाध्याय भी पहले हांडीपारा में निवासरत था। उस समय अंकित के पिता आरएन उपाध्याय आजाद चौक थाने में ही पदस्थ थे। तब से अंकित की किशोर पैकरा से पुरानी जान-पहचान थी।

सूत्रों के मुताबिक मृतक किशोर पैकरा एक संपन्न परिवार से ताल्लुक रखता था। उनके पिता एनपी पैकरा अविभाजित मध्यप्रदेश में विद्युत मंडल में सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर के पद से रिटायर हुए थे। उनका काफी समय पहले निधन हो गया था। किशोर की शादी सफल भी नहीं रही। परिवार में दो बहनें भी है जिनका विवाह हो चुका है। लेकिन किशोर का किसी से वास्ता नहीं रह गया था। पैंकरा परिवार की धरसीवां विधानसभा के सिलयारी के पास गांव में काफी जमीन है।



सूत्रों के मुताबिक आरोपी, मतृक किशोर पैंकरा की पारिवारिक पृष्ठभूमि से वाकिफ था। और उसकी प्रापर्टी पर नजर थी। किशोर अकेले रहता था, और खाने-पीने का न्योता देकर उसका विश्वास हासिल कर लिया था। मृतक की एक प्रापर्टी बिकवाकर आरोपी वकील अंकित उपाध्याय ने दो लाख रुपए कमीशन के रूप किशोर से लिए थे। यही नहीं, 30 लाख रुपए उधारी भी लिए थे। उधारी की रकम वापस करने के लिए किशोर दबाव भी बना रहा था। अंकित को किशोर की पूरी प्रापर्टी की जानकारी है, और कहा जा रहा है कि हत्या कर प्रापर्टी हड़पने की कोशिश में था। फिलहाल पुलिस इसको लेकर जानकारी जुटा रही है।

आरोपियों ने अपने परिचित सूर्यकांत यदु, और विनय यदु को लाश को ठिकाने लगाने में सहयोग लिया। बाद में ये सभी सूटकेस लेकर रायपुरा वाटरवर्ल्ड के पीछे छोड़कर भाग गए। आरोपी दंपत्ति अंकित उपाध्याय, और शिवानी शर्मा फ्लाइट से दिल्ली गए थे, और वहां उतरते रनवे पर गिरफ्तार किया गया। रायपुर आईजी अमरेश मिश्रा, दिल्ली पुलिस और एयरपोर्ट अथॉरिटी के संपर्क में रहे। उन्हें रायपुर लाया गया, और फिर आरोपी दंपत्ति से पूछताछ के बाद सूर्यकांत, और विनय यदु भी पकड़े गए। हत्या के लिए प्रयुक्त औजार की बरामदगी नहीं हो पाई है।



# रासायनिक खादों की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं : केदार

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डीएपी खाद की कमी को देखते हुए प्रदेश में डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई नहीं हो पा रही है तो डीएपी के वैकल्पिक खादों के प्रति किसानों को जागरूक करें और जो वैकल्पिक खाद उपलब्ध है किसानों को दिया जाए। उन्होंने बैठक में कहा कि किसानों को सहुलियतें प्रदान करना हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। मंत्री केदार कश्यप आज अपने नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सहकारिता और उर्वरक कंपनियों के अधिकारियों की बैठक में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखने के संबंध में समीक्षा कर रहे थे।

सहकारिता मंत्री कश्यप ने कहा कि रासायनिक खाद की कालाबाजारी बर्दास्त नहीं की जाएगी। ऐसे गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों व केन्द्र संचालकों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने सहकारिता विभाग के



## सहकारी समितियों में खाद का हो पर्याप्त भण्डारण

अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में 2058 सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में रासायनिक खाद का भण्डारण हो और किसानों की मांग के अनुरूप खाद मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नैनो यूरिया, नैनी डीएपी के छिड़काव के प्रति भी किसानों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**किसानों को मांग के अनुरूप मिले रासायनिक खाद**

बैठक में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि डीएपी खाद की आपूर्ति के संबंध में कंपनी के प्रतिनिधियों से समन्वय कर खाद सप्लाई के लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में डीएपी खाद सप्लाई की संभावना है।

अधिकारियों ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025 के लिए किसानों के मांग के अनुरूप विभाग 10.73 लाख मीट्रिक टन रासायनिक खाद का लक्ष्य निर्धारित किया है। लक्ष्य के विरूद्ध 5.85 लाख मीट्रिक टन का भण्डारण किया जा चुका है तथा किसानों को 4.37 लाख मीट्रिक टन खाद वितरित किए जा चुके हैं। वर्तमान में समितियों में 1.18 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध है।

अधिकारियों ने बताया कि डीएपी का लक्ष्य 78 हजार 331 मीट्रिक टन है। इसके विरूद्ध अब तक 75 हजार 428 मीट्रिक टन डीएपी का भण्डारण किया जाकर किसानों को 61 हजार 137 मीट्रिक टन खाद वितरण किया जा चुका है। समितियों में 14 हजार 291 मीट्रिक टन डीएपी खाद शेष है। डीएपी खाद की कमी के कारण एनपीके का लक्ष्य बढ़कर 3 लाख 16 हजार मीट्रिक टन हो गया है। लक्ष्य के विरूद्ध 93 हजार 467 मीट्रिक टन एनपीके का भण्डारण किया जाकर किसानों को 74 हजार 545 मीट्रिक टन एनपीके खाद का वितरण किया जा चुका है। समितियों में 18 हजार 922 मीट्रिक टन एनपीके शेष है। ज्यादा से ज्यादा एनपीके के सप्लाई के लिए कंपनियों के साथ निरंतर समन्वय किया जा रहा है।

# शिक्षाविद व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर विजय चोपड़ा का प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने किया अभिनन्दन

## अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा 30 वर्षों तक शिक्षा की अलख जगाने का सम्मान है

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने समारोह पूर्वक शिक्षाविद व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर श्री विजय चोपड़ा का अभिनन्दन किया । जे डी डागा स्कूल में आयोजित समारोह में विगत 30 वर्षों से अनवरत शिक्षा के क्षेत्र में किये गए योगदान के मद्देनजर श्री चोपड़ा का सम्मान किया गया । ज्ञात हो कि विगत 30 वर्षों से विजय चोपड़ा जैन समाज द्वारा निर्धन तबके के लिए संचालित श्री आदिश्वर जैन कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं । साथ ही विजय चोपड़ा वर्द्धमान इंग्लिश मीडियम स्कूल सदर बाजार व वर्द्धमान दी स्कूल के संस्थापक हैं व सफलतापूर्वक संचालन कर रहे हैं । श्री चोपड़ा ने अनेक वर्षों तक सर्वोदय विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बूढ़ापारा एवं सन्तोषीनगर में भी अध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं । अभिनन्दन समारोह में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के कहा कि एसोसिएशन के संस्थापक सदस्यों में एक विजय चोपड़ा का जीवन बच्चों में शिक्षा की अलख जगाने में समर्पित रहा है । चोपड़ा ने विगत 30 वर्षों में प्रारंभ से ही विपरीत परिस्थितियों में वंचित बच्चों को शिक्षा देने उल्लेखनीय योगदान दिया है । चोपड़ा का अभिनन्दन शिक्षा के क्षेत्र में व मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में उनके योगदान का सम्मान है । समारोह में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता , महासचिव मोती जैन , उपाध्यक्ष मनीष डागा , संस्थापक सदस्य अशोक शिवहरे सहित सदस्यगण , शिक्षक व छात्रगण उपस्थित थे ।



# खौली में शराब दूकान विरोधी धरना चौथे दिन महिलाओं ने संभाला मोर्चा

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। ग्राम खौली में खुलने जा रहे शराब दूकान के विरुद्ध जारी धरना चौथे दिन शनिवार को महिलाओं ने मोर्चा संभाला। ग्राम खौली के महिलाओं सहित आसपास के ग्रामों के महिलाओं ने इसमें शिरकत की और शासन - प्रशासन को समय रहते चेत जाने का आग्रह किया । इधर ग्राम पलौद में भी ग्रामीण सभा व पंचायत की आहूत बैठक में शराब दूकान न खुलने देने का निर्णय लिया गया है व? इस संबंध में वे कल क्षेत्रीय सांसद व विधायक से मुलाकात करेंगे ।

ज रायपुर जिले में शासन ने 7 शराब दूकान खोलने का निर्णय ले



**राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ज्ञापन सौंपने का निर्णय**

चयनित ग्रामों के इच्छुक ग्रामीणों से जगह मुहैया कराने आसन्न 2 जुलाई तक निविदा आमंत्रित की है । इन 7 में से 5 दूकान आरंग विधानसभा क्षेत्र में ?खुलने जा रहा है जिसमें खौली व? पलौद भी शामिल है । शराब दूकान खुलने के सुगबुगाहट के समय से ?ही खौली वासी इसके विरोध में उतर आये थे और एकदिनी धरना - प्रदर्शन करने के साथ - साथ शासन - प्रशासन सहित क्षेत्रीय सांसद बृजमोहन अग्रवाल व क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत सिंह सहित पूर्व में विधानसभा व संसद में इस ग्राम को भी प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व राज्यपाल रमेश बैस को ज्ञापन सौंप ध्यानाकर्षण कराया था। कथित आश्वासन मिलने के बाद धरना - प्रदर्शन को स्थगित कर दिया था। पर प्रशासन की खौली में शराब दूकान खोलने की हठधर्मिता व इस हेतु जगह मुहैया कराने निविदा आमंत्रित किये जाने से खौली के ग्रामीणों का आक्रोश एक बार फिर उभर आया है और वे बीते 25 जून से धरना - प्रदर्शन कर रहे हैं जिसे की भट्ठी से प्रभावित होने वाले ग्रामों के ग्रामीणों का भी समर्थन मिल रहा है । आज शुक्रवार को खौली में आहूत ग्रामीणों की बैठक में एक बार फिर किसी भी कीमत में शराब दूकान न ?खुलने देने का संकल्प दुहराया गया व जगह मुहैया न कराने ताकीद करने के साथ - साथ ?ग्रामीण फरमान का अवहेलना करने वाले पर ?ग्रामीण व्यवस्था के तहत कार्यवाही झेलने तैयार रहने के प्रति आगाह किया गया व निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 2 जुलाई के ठीक एक दिन पूर्व ग्रामीणों द्वारा राज्यपाल के नाम जिलाधीश को ?ज्ञापन सौंपने

# आपातकाल कांग्रेस के कुकृत्यों की निशानी - बृजमोहन

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। भाजपा रायपुर जिला द्वारा शनिवार को जिला कार्यालय एकात्म परिसर में आपातकाल की 50 वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी एवं लोकतंत्र के प्रहरियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सर्वप्रथम भारत माता और महापुरुषों के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्दे मातरम् गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रमुख सच्चिदानंद उपासने के रूप में शामिल हुए

मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमें उस दौर की याद दिलाता है जब 1975 में देश की लोकतांत्रिक आत्मा को कुचलने की साजिश रची गई थी। जनता की आवाज़ दबा दी गई, संविधान को ताक पर रखकर सत्ता ने तानाशाही का रूप ले लिया। प्रेस की स्वतंत्रता, नागरिक अधिकार और न्यायपालिका की गरिमा - सब कुछ खतरे में पड़ गया था।

लेकिन यह देश झुका नहीं। लोकतंत्र के रक्षकों ने संघर्ष किया, जेलें भरीं, और अंतत: जनशक्ति ने सत्ता के अहंकार को पराजित किया। मुख्य वक्ता सच्चिदानंद उपासने ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को लोकतंत्र पर काला धब्बा बताते हुए कांग्रेस की आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नागरिक अधिकारों का हनन कर लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला 1975 में कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल को देश पर थोपा गया। उन्होंने इसे कुशासन करार दिया और कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र पर काला धब्बा था ।जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि किस प्रकार डॉ. मुखर्जी को कांग्रेस सरकार ने नजरबंद किया और यातनाएं दीं। उन्होंने कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों पर भी प्रकाश डाला।



*अपातकाल की 50वीं स्मृति दिवस पर रायपुर जिला में संगोष्ठी एवं लोकतंत्र प्रहरियों का सम्मान समारोह का आयोजन*

## निधन

### नरसिंह ताम्रकार

नवापारा राजिम ,28 जून देशबंधु । ग्राम मन्दलोर के नरसिंह



ताम्रकार 89 वर्षीय का निधन दिनांक 27 जुन को हो गया है। उनका हाल निवास लीली चौंक पुरानी बस्ती रायपुर में था । वे संजय अजय राजेश व हितेंद्र ताम्रकार के पिता थे। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरसिंह दाऊ एक सफल और सम्पन्न कृषक के साथ एक निष्ठावान जनसंघी कार्यकर्ता थे। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके साथ लम्बे समय तक कार्य करने का मुझे अवसर मिला है जिसे भुलाए नहीं भूला जा सकता । उनका जाना हम सबके लिए अपुर्णीय क्षति है। ईश्वर सद्गति प्रदान करें।

### अमित बैद*



हनुमान नगर रायपुर निवासी अमित बैद सुपुत्र छगन लाल बैद का दुखद निधन शुक्रवार 27/06/2025 को प्रात: 3.30 बजे हो गया है. वे छगन लाल बैद के पुत्र, खेमराज का भतीजा, नीरज, रोहित, राहुल, ऋषभ बैद के भाई थे उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार साय 4 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट मे किया गया.

### भवानी प्रसाद शर्मा

**भिलाई,** 28जून( देशबन्धु)। कल्याण



महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो भवानी प्रसाद शर्मा (संडी वाले) का आज 89 वर्ष आयु में निधन हो गया है द्य वे उर्वशी शर्मा के पति, आशीष शर्मा, स्मृति गौरहा व प्रीति शर्मा के पिता तथा पुत्रवधु स्वर्निता शर्मा एवम् ब्रजेश गौरहा व प्रदीप शर्मा के ससुर थे द्य उनकी अंतिम यात्रा हरनाबांधा (दुर्ग) मुक्तिधाम के लिए उनके प्रोफ़ेसर कॉलोनी (नेहरूनगर) प्लॉट नंबर-15 स्थित निवास से रविवार, 29 जून को प्रात: 10 बजे निकलेगी ।

# गजानन मंदिर में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। संत श्री गजानन महाराज मंदिर तात्यापारा रायपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र तथा समर्पण हॉस्पिटल एवं मेडिकेयर नी जॉइंट हॉस्पिटल एवं गजानन महाराज मंदिर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार दिनांक 29 जून को प्रात÷ 10 बजे से मंदिर परिसर में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में डॉ. गंभीर सिंह (शल्य चिकित्सक), डॉ. मंजू सिंह (स्तन कैंसर विशेषज्ञ), डॉ. सुमी अग्रवाल (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. संजय नाहर (हड्डी रोग विशेषज्ञ) तथा डॉ. नवीन गुप्ता (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. संतोष कुमार. एमएस (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. सी. रेड्डी. एमएस (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ प्रभात पांडे (हड्डी रोग विशेषज्ञ), शैलेश खंडेलवाल (जनरल फिजिशियन) तथा डॉ. प्रतीक शर्मा. (जनरल फिजिशियन) पंजीकृत मरीजों को परामर्श देने उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक परामर्श व फिजियोथैरेपिस्ट भी मौजूद रहेंगे। शिविर में ब्लड शुगर टेस्ट, ब्लड प्रेशर, ग्लाइकोसीलेटेड हीमोग्लोबिन ( ।ड्ड1ष्), घुटने का एक्सरे जैसी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाएगी।

# कांग्रेस सभा के लिए तैयारी तेज

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी के साइंस कॉलेज मैदान में 7 जुलाई को कांग्रेस की बड़ी सभा होगी। जिसमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे शामिल होंगे। किसान-जवान-संविधान जनसभा को सफल बनाने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने विधायकों और पूर्व विधायकों को जिम्मेदारी सौंपी है। सभी जिलों के लिए जिलेवार कार्यक्रम प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। जिलेवार कार्यक्रम प्रभारियों को जल्द अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर, ब्लॉक, नगर और जिला कांग्रेस कमेटी सहित सभी मोर्चा संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महिला मरीज के ब्लाउज से पर्स चोरी, गार्ड गिरफ्तार

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी के बड़े अंबेडकर अस्पताल में चोरी करने वाले सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित नेहा सेन ने मौदहापारा थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। नेहा श्याम नगर निंगियाडीह सरकड़ा बिलासपुर की रहने वाली है। वह अपनी मां के इलाज के लिए रायपुर आई है। उसने मां को आंबेडकर अस्पताल में भर्ती करवाया है। वह 26 जून की रात अंबेडकर अस्पताल परिसर के कार्डियोलाजी आईसीयू रूम के बाहर बरामदे में पर्स एवं मोबाइल रखकर सोई थीं। रात करीब 11.30 बजे नेहा को महसूस हुआ कि कोई मोबाइल और पर्स निकाल रहा है। उसने देखा कि एक सिक्योरिटी गार्ड मोबाइल व पर्स लेकर भाग रहा है। उसने अपने पति और पिता को बताया तब तक आरोपी भाग गया।

# ग्रीन आर्मी ने पॉलीथिन मुक्त के लिए शीतला बाजार में जन जागरूकता रैली निकाली

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए, ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ ने आज शीतला बाजार, पुरानी बस्ती में एक व्यापक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। यह रैली बूढ़ा गार्डन गेट से शुरू होकर, बुद्धेश्वर मंदिर और पूरे बाजार से होते हुए, महामाया मंदिर से वापस बूढ़ा गार्डन गेट पर समाप्त हुई। जिसका उद्देश्य क्षेत्र को पॉलीथिन मुक्त बनाने के लिए स्थानीय समुदाय को प्रेरित करना था। प्रकृति के लिए हानिकारक पॉलीथिन के खिलाफ मुखर होते हुए, रैली में च्च्प्रकृति दुश्मन तीन - पाउच, पन्नी, पॉलीथिनज्ज, च्च्पॉलीथिन जहर है, पृथ्वी पर कहर हैज्ज, और च्च्गौ माता करे पुकार, पॉलीथिन मुक्त हो संसारज्ज जैसे नारों ने राहगीरों, व्यापारियों और आसपास के निवासियों का ध्यान आकर्षित किया। संस्था द्वारा मार्मिक अपील वाले पैम्फलेट भी वितरित किए गए, और साथ ही दुकानदारों एवं खरीदारों को 200 से अधिक पेपर के थैले भी वितरित किए गए।




इस महत्वपूर्ण पहल में छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया, जो पॉलीथिन मुक्ति के संदेश को फैलाने में ग्रीन आर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले। बच्चों की उपस्थिति ने अभियान को और भी सशक्त बना दिया।

ज्ञात हो कि ग्रीन आर्मी संस्था कुछ वर्षों पहले भी रायपुर के प्रत्येक बाजार में ऐसे सफल अभियान चला चुकी है। अपने अनुभव और समर्पण के साथ, संस्था ने अब शीतला बाजार को पॉलीथिन मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, संस्था के दो जोन - ब्राह्मण पारा जोन और पुरानी बस्ती जोन - को विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्रीन आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने इस अवसर पर कहा, च्च्शीतला बाजार सिर्फ एक शुरुआत है। हमारा लक्ष्य है कि ग्रीन आर्मी शासन-प्रशासन के साथ मिलकर रायपुर के सभी बाजारों को पॉलीथिन मुक्त बनाएगी।ज्ज रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के विरोध पर जोर देते हुए कहा, च्च्आज शीतला बाजार में पॉलीथिन मुक्त अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक का पुरजोर विरोध किया गया।

# गर्मी में पहले आता था 8 हजार रुपए का भारी भरकम बिल, इस बार एक भी रुपए नहीं चुकाना पड़ा अतुल को

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सोलर पैनल लगवा लिया और अब गर्मी में बिजली बिल हुआ जीरो

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित च्च्प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाज्ज आज आम नागरिकों की जिंदगी में उजाला ही नहीं, सुकून भी भर रही है। यह योजना सिर्फ बिजली संकट का समाधान नहीं, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता की और बढ़ाया ठोस कदम है। इस योजना के एक सफल लाभार्थी में से एक रायपुर के डॉ. दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी अतुल तिवारी भी है। तिवारी ने बीते वर्ष अपने घर की छत पर 5 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया। उन्हें सरकार की ओर से 78,000 रुपए की सब्सिडी मिली,



जिससे लागत बेहद कम हो गई और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया जल्द शुरू हो गई। पहले हर गर्मी में बिजली का बिल 7,000 से 8,000 रुपए तक आता था। लेकिन इस बार मेरा पूरा बिल 'शून्य' आया है,ज्ज तिवारी ने उत्साह से बताया। अब उनके घर में बिजली निरंतर और मुफ्त मिल रही है। सिर्फ उनका बिजली खर्च ही नहीं घटा है, बल्कि अब उन्होंने ग्रीन एनर्जी की ओर कदम भी बढ़ाया है। वे कहते हैं, च्च्यह योजना गर्मी के मौसम में किसी वरदान से कम नहीं है।ज्ज बिजली की निर्बाध आपूर्ति से उनका परिवार न केवल आरामदायक जीवन जी रहा है, बल्कि भविष्य की ऊर्जा बचत में भी भागीदार बन चुका है। अब अन्य लोग भी अपने छतों में सोलर पैनल लगा रहे है और योजना का लाभ उठा रहे हैं।तिवारी ने इस पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का हृदय से आभार जताया। उन्होंने कहा÷

च्च्यह योजना केवल आज की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण का मजबूत आधार है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत शासन द्वारा उपभोक्ताओं को अपने घरों की छतों पर सोलर प्लाण्ट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है। इस योजना में 30 हजार रूपये से लेकर 78 हजार रूपये तक अनुदान भी दिया जाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा भी कैबिनेट की बैठक में हितग्राहियों को 30 हजार तक की सब्सिडी दिए जाने का निर्णय लिया है। इसमें 1 किलो वॉट पर केंद्र से 30 हजार और राज्य से 15 हजार कुल 45 हजार, 2 किलो वॉट पर केंद्र से 60 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 90 हजार, 3 किलो वॉट पर केंद्र से 78 हजार और राज्य से 30 हजार कुल 1 लाख 08 हजार की सब्सिडी दी जा रही है। 3 किलो वॉट उससे अधिक क्षमता पर 1 लाख 08 हजार की सब्सिडी स्थिर रहेगी। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ता पीएम सूर्यघर डॉट जीओव्ही डॉट इन वेब पोर्टल अथवा पीएम सूर्यघर एप्प में पंजीयन करा सकता है।

# टी गोल्ड जिम का उदघाटन विधायक सुनील सोनी ने किया



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। 27 जून को टी गोल्ड जिम अश्वनी नगर में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सुनील सोनी ने उदघाटन किया साथ में महंत लक्ष्मी नारायण वार्ड के पार्षद अम्बर शुक्ला और सुंदर नगर वार्ड के सरिता आकाश दुबे भी उदघाटन मे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जिम के उदघाटन के उपरांत सुनील सोनी को जिम के कोच मानिक ताम्रकार ने बताया कि जिम में वेट लिफ्टिंग सीखने के लिए महिलाओं को निशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा साथ ही महिला स्टेट और नेशनल बॉडी बिल्डर के लिए जिम निशुल्क रहेगा। विकलांग महिला पुरुष भी नि:शुल्क जिम कर सकते है।

भारतमाला परियोजना में घोटाला

# भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने वाले निलंबित एसडीएम, तहसीलदार समेत 6 आरोपी फरार



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। भारतमाला परियोजना में धांधली कर भूमाफियाओं को कई गुना ज्यादा मुआवजा दिलाने के मामले में निलंबित आरोपी एसडीएम तहसीलदार नायब तहसीलदार समेत तीन पटवारी फरार चल रहे हैं एसीबी ने इनके विरुद्ध मामला दर्ज किया है पर अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है एसीबी.ईओडब्ल्यू द्वारा पूछताछ के लिए बार.बार बुलाने पर भी सभी आरोपी उपस्थित नहीं हुए। गिरफ्तारी वारंट के बाद भी सभी आरोपी उपस्थित नहीं हुए अब विशेष न्यायाधीश ने आदेश जारी कर सभी 6 अरोपियों को 29 जुलाई को कोर्ट में हाजिर होने के निर्देश दिए हैं भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी को लेकर आरोपी निर्भय कुमार साहू एसडीएम शशिकांत कुर्रे तहसीलदार लखेश्वर किरण नायब तहसीलदार जितेंद्र साहू बसंती धृतलहरे लेखराम देवांगन तीनों पटवारियों के विरुद्ध राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो एवं एंटी करप्शन ब्यूरो में अपराध दर्ज किया गया है उक्त अपराध के आधार पर विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम रायपुर की अदालत ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए वारंट जारी किया था पर वारंट को यह कह कर लौटा दिया जाता है कि आरोपी मिल नहीं रहे हैं और फरार हो गए हैं इसके चलते विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम रायपुर नीरज शर्मा ने सभी आरोपियों को 29 जुलाई को अदालत में पेश होने का आदेश जारी किया है भारतमाला परियोजना के तहत विशाखापट्टनम रायपुर तक बन रही कॉरिडोर में एसडीएम निर्भय साहू एवं अन्य राजस्व विभाग के अधिकारियों ने भूमाफियों को कई गुना ज्यादा मुआवजा राशि दिलवाया है इससे सरकार को 600 करोड़ की हानि हुई है मामला संज्ञान में आने पर मार्च में तत्कालीन एसडीएम निर्भय कुमार साहू एवं दो तहसीलदार और तीन पटवारी को निलंबित कर दिया गया था निलंबन के समय निर्भय कुमार साहू जगदलपुर नगर निगम आयुक्त थे सरकार ने घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है ईओडब्ल्यू आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था पर अब तक सभी आरोपी फरार चल रहे हैं

**कोर्ट ने आरोपियों को हाजिर होने का जारी किया आदेश**

# फैक्ट्री में जिंदा जला मजदूर



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। फोम फैक्ट्री में भीषण आग लगने से एक मजदूर की जिंदा जलने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बचने के लिए मजदूर चीखता.चिल्लाता रहा लेकिन साथी मजदूर उसे बचा नहीं पाए। मामला मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के कुटेसर गांव का है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक का नाम त्रिलोचन धुव्र ;18 है। मजदूर धमतरी के मगरलोड का रहने वाला था। उसके साथ फैक्ट्री के अंदर 17 अन्य मजदूर काम कर रहे थे जिन्होंने आग लगते ही फैक्ट्री से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। दरअसल 27 जून की शाम 7 अचानक फोम फैक्ट्री में आग लग गई। इस दौरान फैक्ट्री में अफ्रा.तफ्री मच गई। आग लगने की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।

बताया जा रहा है कि घटना की सूचना मिलने के बाद एक निजी फैक्ट्री से दमकल की गाड़ी मंगवाई गई। वहीं 2 दमकल वाहन रायपुर से बुलाए गए। करीब 3 घंटे तक फैक्ट्री जलती रही। इसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

**फोम फैक्ट्री को लाखों का नुकसान :** मिली जानकारी के मुताबिक फेम फैक्ट्री में 12 से ज्यादा कर्मचारी बाहर के हैं जबकि 7 कर्मचारी स्थानीय हैं। इनमें से ही एक जिंदा जल गया। वहीं आग लगने से फैक्ट्री मालिक मुकेश अग्रवाल को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। मंदिर हसौद थाना प्रभारी अविनाश सिंह के मुताबिक कुटेसर गांव में फेम फैक्ट्री है जो 5 एकड़ में फैली हुई है। यहां पर गद्दा बनाया जाता है। शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग भड़की है। केमिकल और फेम जैसे ज्वलनशील पदार्थ की वजह से लपटें तेज हो गई। मामले में फैक्ट्री मालिक से पूछताछ कर आगे की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक कुछ ही मिनटों में आग की लपटें पूरी फैक्ट्री में फैल गई। इस दौरान आग में मजदूर त्रिलोचन धुव्र का शव पूरी तरह जल गया। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

- फोम फैक्ट्री में लगी भीषण आग
- 3 घंटे तक जलता रहा कारखाना, 16 वर्कर्स जान बचाने भागे

# सड़क की जमीन पर बना रहे थे बाउंड्री, चला प्रशासन का जेसीबी



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में भू-माफिया के हौसले इतने बुलंद है कि दूसरे की जमीन के सामने ही बाउंड्री करके कब्जा करने में जुटे हैं ताजा मामला माना-धनेली क्षेत्र का है। जहां बाउंड्री की गई जमीन के सामने ही भू-माफिया रोड की जमीन पर बाउंड्री खड़ी कर बंद कर रहे थे। लेकिन इस बात की शिकायत मिलते ही प्रशासन ने फिर कार्रवाई की है

माना-धनेली क्षेत्र में भू-माफिया की मनमानी की लगातार शिकायत के बाद पहले भी एसडीएम नंदकुमार चौबे और तहसीलदार ने जेसीबी भेजकर कार्रवाई की थी लेकिन प्रशासनिक कवायद के बाद भी भू-माफिया पर कोई खास असर नहीं हुआ।

आज सुबह जमीन मालिक ने जब अपनी जमीन जाकर देखी तो कुछ मजदूर उसकी जमीन के सामने बाउंड्रीवॉल खड़ी करते नजर आए। मजदूरों से पूछने पर कहा की बाउंड्री करने कहा गया है।इस बात की शिकायत उन्होंने प्रशासन तक की, जिसके बाद एक बार फिर जेसीबी चलाकर बाउंड्रीवाल को तोड़ा गया।

इस क्षेत्र में लगातार चल रही अवैध प्लाटिंग को लेकर स्थानीय लोगों की शिकायतें मिल रही थी। शिकायतों के बाद एसडीएम नंद कुमार चौबे ने मामले को संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।और पटवारी राजा जोशी को कार्रवाई करने के कहा है।

# रायपुर में स्कूल के बाहर बच्चों के धर्मांतरण की कोशिश



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। रायपुर में माधव राव सप्रे स्कूल के बाहर बच्चों के धर्मांतरण की कोशिश की गई। आरोप है कि तीन महिलाओं ने स्कूल के बाहर छुट्टी के बाद बच्चों को बरगलाने की कोशिश की। उन्होंने बच्चों से बातचीत करते हुए कहा किए चर्च जाओगे तो पढ़ाई में होशियार बनोगे। सभी बीमारियां भी दूर होंगी। इस दौरान बच्चों ने महिलाओं से बातचीत करने से मना किया महिलाओं ने हिंदू देवी देवताओं को अपमानित करना शुरू कर दिया। घटना की भनक लगते ही हिंदू संगठनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तीनों महिलाओं के खिलाफथ्स् दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। माधव राव सपे शास उच्च माध्य विद्यालय बूढ़ापारा स्थापित सन् 1913 1912 सप्रे स्कूल के बाहर ये घटना हुई है

**पीड़ित बोला- हमारा पीछा कर रहीं थी महिलाएं :** मामले में सप्रे स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों ने बताया कि शनिवार को स्कूल से छुट्टी होने के बाद 9वीं.10वीं कक्षा के तीन.चार दोस्त बाहर निकले तभी तीन महिलाएं ऑटो से उतरकर उनके पास आ गई। महिलाओं ने कहा कि वह ईसाई धर्म को मानती हैं तुम लोग चर्च जाते हो की नहीं।

जब बच्चों ने कहा कि वह चर्च नहीं जाते हिंदू धर्म से हैं। तब महिलाओं ने उन्हें ईसाई धर्म में जुड़ने की बात कही।

- महिलाएं बोली- चर्च जाओगे तो पढ़ाई में होशियार बनोगे, बीमारी दूर होगी
- देवी-देवताओं के अपमान का आरोप

बच्चों ने जब मना किया तो महिलाएं उनका पीछा करने लगी। छात्रों के मुताबिक महिलाओं का नाम ममता चौहान नम्रता चौहान और विभा मसीह है।

हिंदू देवी देवताओं के अपमान का आरोप

पीड़ित छात्र ने बताया किए महिलाओं ने कहा कि जो लोग चर्च जाते हैं वो पढ़ाई में होशियार होते हैं। हिंदू धर्म मानने वाले लोग बीमार और परेशान रहते हैं। साथ ही ईसाई धर्म को जो अपनाता है उसकी आर्थिक रूप से मदद करते हैं। ऐसा कहते हुए वह लालच देने लगे। बच्चों का कहना है कि उन्हें अपने देती देवताओं को छोटा बताने से अपमानित महसूस हुआ है। मामले में बच्चों ने अपने परिवार के लोगों को बात बताई। इसके बाद बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता पुलिस थाने पहुंच गए ।पुलिस ने तीनों महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## हिंदू संगठन के लोग थाने पहुंचे

बजरंग दल के कार्यकर्ता पंकज ने बताया कि उन्होंने महिलाओं को रोकने की कोशिश कीए लेकिन वह बहसबाजी करने लगी। इसके बाद महिला पुलिस की मदद से महिलाओं को थाने लाया गया। फ्लिहालए मामले में आगे की जांच जारी है।

# ओला की तर्ज पर बाइक बोट स्कीम चलाने का झांसा देकर ठगी



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। थानो मे एक वर्ष से अधिक अवधि के लंबित प्रकरण को संज्ञान में लेते हुये श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह द्वारा रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारियों को इस प्रकार के प्रकरणों में आरोपियों को पकड़ने एवं प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा मुखबीर लगाकर पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर इस संबंध में सूचना एकत्रित करने के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपनेण्अपने थाना क्षेत्र में आरोपियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रार्थी अखिल कुमार बिसोई पिता बल्लभ बिसोई उम्र 36 साल पता लक्ष्मी नगर बीरगांव थाना उरला रायपुर द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेसर्स गर्विट इनोवेटिव प्रमोटर्स लिमिटेड चीति जनपद गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश के डायरेक्टर व मालिक संजय भांटी सचिन भाटी एवं अन्य लोगो के द्वारा ओला की तर्ज पर बाईक बोट स्कीम के तहत एक बाईक में 62 100६. रूपये जमा कराकर लाभ के रूप में प्रति बाईक में हर माह 9ए 765 रूपये देने का झांसा देकर प्रार्थी एवं अन्य लोगों से करोड़ो रूपये लेकर धोखाधड़ी किया गया है। रिपोर्ट पर थाना सिविल लाईन में धारा 420ए 406 34 भादविण् दर्ज कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हूए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के द्वारा आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन के सुपरविजन में थाना प्रभारी सिविल लाईन के नेतृत्व में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर पुलिस टीम गौतमबुद्ध नगर रवाना किया गया जहां ज्ञात हुआ कि आरोपी संजय भाटी राजेश भारद्वाज करणपाल सिंह केन्द्रीय कारागार भरतपुर जयपुर राजस्थान में निरूद्ध है। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध माननीय न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी कराया जाकर गिरफ्तारी संबंधी कार्यवाही कर पुलिस रिमांड लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

**अंतर्राज्यीय गिरोह के 3 आरोपी गिरफ्तार**

# 68 वर्षों का विश्वास, समर्पण और सौहार्द अब 69वें वर्ष में आपके साथ एक नया अध्याय



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा. लि. एटी पैलेस, कोतवाली चौक, रायपुर ने आपके अमूल्य सहयोग, प्रेम और भरोसे के साथ सफलता के 68 स्वर्णिम वर्ष पूरे कर लिए हैं।

यह यात्रा केवल वर्षों की गिनती नहीं, बल्कि हर उस रिश्ते और मुस्कान की कहानी है, जब आपने हमें अपने जीवन के सबसे अनमोल पलों का हिस्सा बनाया। आपकी खुशियों में हमारे आभूषणों की चमक जुड़ गई, और हर अवसर को हमने आपके साथ मिलकर खास बनाया।

हम अपने सभी सम्मानित ग्राहकों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। आपका अडिग विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत और प्रेरणा रहा है। हम वचन देते हैं कि आने वाले वर्षों में भी अनोपचंद तीलोकचंद ज्वेलर्स उत्कृष्टता, गुणवत्ता और सच्चाई के साथ आपकी सेवा करता रहेगा।

हमारी पहचान ही हमारा गर्व है।'खरा सोना, सच्चा हीरा, भरोसा और विश्वास 'सिर्फ एटी पर।'

आपकी पसंद और विश्वास को अनमोल बनाने का हमारा संकल्प निरंतर जारी रहेगा। साथ ही, हम जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के पावन अवसर की हार्दिक शुभकामनाएं भी समर्पित करते हैं। यह उत्सव सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और मंगलमय ऊर्जा का संचार करे ङ्क यही कामना करते हैं। आपके अपार स्नेह और सहयोग के साथ 69वें वर्ष में कदम रखते हुए हम फिर से प्रणाम करते हैं ।

# जीएसटी छापों से तंग फुटवियर एसोसिएशन ने चेंबर से लगाई गुहार



**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। राज्य जीएसटी विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए लगातार छापेमार की कारवाई की जा रही है। जीएसटी के छापों से तंग आकर शनिवार को छग फुटवियर एसोसिएशन ने चेंबर अध्यक्ष से मिलकर इससे निजात दिलाने गुहार लगाई है।

चेंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने फुटवियर व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि चेंबर उनकी इन चिंताओं को उचित मंचों पर उठाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारिक समुदाय के सामने आ रही इन समस्याओं का समाधान सरकार के साथ मिलकर निकालने का हर संभव प्रयास किया जाएगा ।उन्होंने व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। श्री थौरानी ने जल्द ही एक हेल्प डेक्स बनाने का व्यापारियों को आश्वासन दिया जिसके अंतर्गत जीएसटी एवं इनकम टैक्स से संबंधित परेशानियों का समाधान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ फुटवियर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शिव गंगवानी के नेतृत्व में चेंबर अध्यक्ष से मुलाकात की। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य माल और सेवा कर (जीएसटी) के लगातार होते छापों पर चिंता व्यक्त की एवं छोटे छोटे दुकानदारों से जबरदस्ती रकम जमा करवाने का दबाव बना रहे हैं ।जिस पर व्यापारियों ने बड़ा रोष व्यक्त किया है एवं प्रदेश बंद का आवाहन चेंबर से किया है। इस अवसर पर चेंबर कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, वाइस चेयरमेन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, राधा किशन सुंदरानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, दिलीप इसरानी, छत्तीसगढ़ होलसेल फुटवियर एसोसिएशन के रमेश गंगवानी, इंदर गुरबानी, प्रभाकर मोटवानी, भजनलाल नागपाल शिव कुमार गंगवानी, नितेश अग्रवाल, रायपुर तनेश आहूजा एवं रितेश गंगवानी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

**उचित मंच पर उठाएंगे मामला : सतीश थौरानी**

# भामाशाह जयंती को व्यापारी दिवस के रूप में मनाया




**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। दानवीर भामाशाह की जयंती को कैट ने राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में पूरे प्रदेश में मनाया गया। इसी कड़ी में आज कैट के प्रदेश कार्यालय में दानवीर भामाशाह की जयंती को राष्ट्रीय व्यापारी दिवस के रूप में मनाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी थे।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने कहा कि भामाशाह (1547-1600) बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। जब एक समय में महाराणा प्रताप अपना किला हार गए थे। इस समय महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ जंगल मे रह रहे थे। तब भामाशाह ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करने के लिए भामाशाह ने अपनी सारी धन दौलत महाराणा प्रताप को दे दी थी। इसके बाद महाराणा प्रताप ने एक नया सैन्य सगठित किया। सैन्य पूरी तरह तैयार होने के बाद महाराणा प्रताप ने फिर से अपना गंवाया हुआ राज्य पर हमला किया और मुगलो को हरा के वापस लिया। इस दरमियान भामाशाह जीवन में दानवीर के रूप में लोगो के दिलो में बस गए। भामाशाह इस दानवीरता के कारण इतिहास में अमर हो गए। करोना काल के जिस दौर से हम सभी व्यापारी गुजरे है, उसे भुलाना शायद मुश्किल है। उस कठिन समय में हम सभी व्यापारी ने अपने देश के लिए जो बना पड़ा वो सहयोग किया। उस समय को याद करते हुए आज मुझे हर व्यापारी मे दानवीर श्री भामाशाह नजर आता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेन्द्र दोशी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्र सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, मनमोहन अग्रवाल, शंकर बजाज, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, अमर धिंगानी, नरेश गंगवानी, नागेन्द्र तिवारी, मोहन वर्ल्यानी राजेन्द्र खटवानी, विक्रांत राठौर, दीपक विधानी, अनिल केवलानी, रतनदीप सिंह, राकेश लालवानी, यश पटेल, रोहित पटेल, नरेश माखीजा, अमित गुप्ता, बीएस परिहार, प्रकाश कोसाकर, भरत भूषण गुप्ता, महावीर मालू एवं अन्य उपस्थित थे।

**आने वाले समय में कैट प्रदेश के भामाशाह रूपी व्यापारियों का सम्मान करेगा : कैट**

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म दोषी को 20 साल की कैद

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। नाबालिग को बहला फुसलाकर उसके साथ रेप करने वाले को फस्ट टेक अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान की अदालत में पॉक्सो मामले में आरोपी धनेश्वर घृतागाहरे को बीस साल कठौर करावास की सजा सुनाई है। आरोपी के विरूद्ध धारा 361 366 3५5;3 506 दर्ज हुआ था। विशेष लोक अभियोजक विमला ताण्डी ने बताया कि 6 साल पहले बलौदाबाजार के फ्लारी निवासी पीडिता के साथ गांव के रहने वाले प्रमेश्वर धृतलहरे ने 16 साल से कम उथ के नाबालिग को बहताफ्सल उसके साथ दुष्कमें किया था। उस नाते में पीड़िता की शिवरायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363 366 376177 506 44 अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया था। पुलिस ने पीडिता सहित अत्या लोग 1 से ऊताछ कर आरोपी की गिरफ्तार कर रायपुर अदालत में पेश किया गया। जहां पर गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर विनय कुमार प्रधान की अदालत ने आरोपी धनेश्वर धृतलहरे को पौक्सी मामले में बीस साल कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया है।

## जमीन बंटवारे पर विवाद, जानलेवा हमला

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। जमीन बटवारे, पुराने विवाद और बहन के साथ बातचीत करने को लेकर मारपीट और जानलेवा हमले की घटनाएं दर्ज की गई। विधानसभा पुलिस ने कल रात मडु निवासी सीताराम साहू ;50 की रिपोर्ट पर मारपीट का मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार दुष्चत साहू व अन्य ने सीताराम के पति के साथ जमीन करतारे के तिताद में गाली.गलौच हाथापाई की। कुरा गरसीता के मनील साहू ने पुरानी बातों को लेकर राकेश साहू के साथ गाली.गलौच गरपीट की मंदिर हसीद से बाहनाकाली में काल रात दो युवकों कन्हैया चौहान और स्पथीने पुरानी रंजिश पर सागर चौहान 18 के साथ गाली.नालीच कर रहे से हमला किया। गोबरा नवापारा निवासी जनक साहू को अपनी बहन से गांव के ही तरूण साहू की बातचीत से एतराज था। इसे लेकर जनक ने आपत्ति करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट कर हथेली में पहने चूडे से वार किया। नवागारा के ही सोमवारी बाजार में दयालु निषाद नाम का युवक गाली.गलौच हर रहा था।

# फर्म में बिना सूचना दिए निकाले 45 लाख

**रायपुर,** 28 जून (देशबन्धु)। आजाद एक इलाके में गबन का मामला सामने आया है है साल पहले फर्म के सहोदर नगर केड़िया ने बगैर सूचना दिए बगैर बैंक से 45 लाख रूपए निकाल निजी योग के लिए रख लिए। फर्म के साडोदर हेमन्त भारद्वाज ने आजाद चौका में गबन का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने नेरज केडीया के खिलाफ409 का अपराध दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक हेमंत भारतद्वाज निवासी रीजन 13 हाउसिंग बोर्ड कलोनी वीरिया रिपोर्ट कराई कि नीरज केरिया के द्वारा अपने स्नेह इनफ्रस्टकर लास्टिक एल्‌ एपीए की अमा पुत्री 45000 को अपने खाते धारण कार उपयोग कर जिया गयाए इस बीच नीर ने फर्म के साझेदन की किती भी प्रकार की सूचना नहीं है। और नीर केडिया ने 2012 में से इनकार जिबिक एली नाम से पत्र एनाले थे। जिसका कार्यलय चीनकालीन समपुर में है। जिसमें कुल 2022 को मनोज सिंह निवारी उम्र 47 साल निवासी एसईजी 22 सहरीबाद रायपुर भी उसमें बराबरका माटी बनाया गया फर्म केल पर बैंक खाता बैंक जीरो माया गाना तीतों के बीच फर्म के काम कोयारी हुई पी नीरज ने फर्म के गठन के कुछ समय पक्षात ही यह तहा कि सिमित निर्माण से बात पेट बचे है और उसका न आनी नहीं है। नर्मदा पर स्टेटमेंट में जानकारी मांगी।

उल्टा पुल्टा

पति- मैं अखबार में ईश्तहार दूंगा।
पत्नी- तुम कितने अच्छे हो। क्या लिखोगे?

# महावीर कालोनी स्थित कांकरिया परिवार में 50 लाख की चोरी के 5 आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गये

## 332 ग्राम सोना, 3 किलो 3 सौ ग्राम चांदी एवं 9 लाख 76 हजार नकद बरामद

**दुर्ग**, 28 जून (देशबन्धु)। दुर्ग नगर स्थित महावीर कालोनी में ज्वेलर्स शांतिलाल कांकरिया के निवास में चार दिनों पूर्व हुई लगभग 50 लाख रूपयों के सोने चांदी के जेवरात एवं नकद की चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इन आरोपियों के पास से लगभग 332 ग्राम सोना, 3 किलो 3 सौ ग्राम चांदी एवं 9 लाख 76 हजार रूपये नकद के साथ ही एक मोटर साइकिल बरामद की गई है। इन सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।



कोतवाली पुलिस तथा डीएसपी पद्मश्री तंवर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गत 24 जून की रात महावीर कालोनी निवासी शांतिलाल कांकरिया के निवास की खिड़की तोड़कर आरोपियों ने घर में प्रवेश कर वहां आलमारी में रखे 332 ग्राम सोना, 3 किलो 3 सौ ग्राम चांदी 9 लाख 76 हजार रूपये नकद राशि गायब कर दी। इस चोरी की रिपोर्ट 25 जून को गृह स्वामी शांतिलाल कांकरिया द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज करा दी गई। रिपोर्ट दर्ज कराते ही हरकत में आ गई चोरी का सुराग पाने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी के फुटेज खंगाले गये। सायबर टीम की भी मदद ली गई ।

सीसीटीवी के फुटेज के अनुसार दो संदेही घटनास्थल के पास एक स्प्लेंडर मोटर साइकिल में घूमते नजर आये। ये आरोपी रंजीत डहरे एवं रोशन मारकंडे के रूप में पहचाने गये। ये दोनों आरोपी केकराजबोड़ जिला खैरागढ़ के होना पाये गये। इस आधार पर दुर्ग पुलिस टीम केकराजगढ़ पहुंचे व दोनों आरोपियों को पकड़कर रंजीत डहरे एवं रोशन मारकंडे को हिरासत में लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने महावीर कालोनी दुर्ग में चोरी करना स्वीकार कर लिया। इन्होंन् पुलिस को बताया कि चांदी के आभूषण इन्होंने मिनीमाता नगर नागपुर निवासी आकाश सोनी को बेचना तथा सोने के आभूषणों एवं नगदी रकम को केकराजबोड़ निवासी योगेश्वरी उर्फ जोगेश्वरी मारकंडे एवं लखौली निवासी रविशंकर बंजारे के पास रखवाने की जानकारी दी। आरोपी योगेश्वरी उर्फ जोगेश्वरी ने चोरी की संपत्ति को जमीन में गड़ा दिया था जिसका पता पुलिस ने डीएसएमडी का उपयोग कर पता लगा लिया। पुलिस ने इस तरह कुल चोरी की रकम 9 लाख 76 हजार रूपये नकद, 332 ग्राम सोने के जेवरात, कुल मिलाकर 50 लाख रूपये व चोरी में प्रयोग की गई मोटर साइकिल बरामद कर ली गई।

इस तरह पूरे मामले में आरोपी रंजीत डहरे (30) लिटिया थाना लालबाग राजनांदगांव, रोशन मारकंडे (23) मिनी माता नगर थाना कलमना नागपुर, योगेश्वरी उर्फ जुगरी मारकंडे (32) केकराबोड़ थाना जालबांधा खैरागढ़, रविशंकर बंजारे (32) लखौली थाना राजनांदगांव एवं आकाश मनवलि सोनी (28) मिनी माता नगर थाना कलमना नागपुर है। इन सभी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

# निगम ने मेहता काम्पलेक्स से मध्यानी चौक तक के अतिक्रमण को फिर हटाया



**दुर्ग**, 28 जून (देशबन्धु)। नगर निगम द्वारा आज एक बार फिर इंदिरा मार्केट में मेहता काम्पलेक्स से लेकर मध्यानी चौक तक दोनों तरफ की 20 दूकानों को जेसीबी की सहायता से हटाया गया। इस अभियान में नगर निगम के राजस्व व बाजार विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं पुलिस बल भी बड़ी संख्या में तैनात था। प्रभारी बाजार अधिकारी शुभम गोईर ने कहा है कि नगर निगम अतिक्रमण हटाकर इस रिक्त स्थान का जनहित में उपयोग करने के लिये कटिबद्ध है।

उल्लेखनीय है कि लगभग डेढ़ माह पहले ही नगर निगम द्वारा मेहता काम्पलेक्स से लेकर मध्यानी चौक तक तथा मध्यानी चौक से मोती काम्पलेक्स तक के अतिक्रमण लगातार 4 दिनों तक अभियान चलाकर हटाये गये थे। विगत लगभग 15 दिनों से फिर यहां व्यापारियों ने चलित ठेले, स्टूल टेबिल इत्यादि लगाकर दूकानें लगानी शुरू कर दी थी। इसे लेकर नागरिकों द्वारा नगर निगम आयुक्त को शिकायतें मिलने लगी थी। अतिक्रमण हटाने की मांग की जाने लगी थी। इसे देखते हुए नगर निगम द्वारा पुलिस प्रशासन से पुलिस बल की मांग की गई थीं। आज पुलिस बल मिलते ही सुबह 11 बजे नगर निगम का बाजार विभाग तथा अतिक्रमण दस्ता प्रभारी बाजार अधिकारी शुभन गोईर के नेतृत्व में मौके पर पहुंचा और लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटा लेने को कहा गया। इस पर कुछ लोगों ने जल्दी जल्दी अपने अतिक्रमण हटा लिये किंतु कतिपय लोग मौके पर अड़े रहे। ऐसे लोगों की दूकानें जेसीबी की सहायता से हटाया गया। निगम प्रशासन के अनुसार यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बाल श्रम रोकथाम के लिए चलाये विशेष अभियान : कलेक्टर

## जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में दिए निर्देश



**दुर्ग**, 28 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने एजेंडावार चर्चा की एवं संबंधित विभागों को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। बाल श्रम रोकथाम हेतु सघन अभियान चलाये जाने हेतु संबंधित विभागों को आदेशित किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत वर्ष 2025.26 से वर्ष 2028.29 तक के लिये लक्ष्यों का निर्धारण शासन द्वारा किया गया है। तद्नुसार वर्ष 2025.26 के लिये जिले की कुल ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में से 40 प्रतिशत् ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने संबंधित विभागों तथा ग्रामसभा के माध्यम से प्रस्ताव प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ड्रग्स एवं अन्य स्वापक औषधियों के प्रयोग तथा बच्चों के अवैध तस्करी की रोकथाम हेतु एक युद्ध नशे के विरूद्ध् विषय पर ज्वाइंट एक्शन प्लान एवं सड़क जैसी परिस्थितियों में रहने वाले बालकों हेतु जिले में चिन्हांकित हॉट स्पॉट जगहों पर सघन अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए।

जिला स्तरीय निरीक्षण समिति को जिले में संचालित शासकीय व अशासकीय बाल देख.रेख संस्थाओं का निरीक्षण करने एवं उनके सुचारू संचालन के लिए अधीक्षक व बाल देख.रेख संस्थाओं को निर्देशित किया गया। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, जिला पंचायत, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, आयुक्त नगर निगम, जिला योजना अधिकारी रोजगार कार्यालय, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति, सदस्य, किशोर न्याय बोर्ड, अधीक्षक, बालगृह, बाल सम्प्रेषण गृह, विशेष गृह, प्लेस ऑफसेफ्टी, संरक्षण अधिकारीए नवा विहान, मातृछाया सेवा भारती, दत्तक ग्रहण एजेंसी, खुला आश्रय गृहण् तथा डॉ.सुधीर हिशीकर एवं रीता मेश्राम मनोनीत सदस्य उपस्थित थे।

# जिले में अब तक 66.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग**, 28 जून (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से 27 जून तक 66.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 167.2 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 17.8 मिमी तहसील बोरी में दर्ज की गई है।

इसके अलावा तहसील धमधा में 25.3 मिमी, तहसील अहिवारा में 48.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 72.2 मिमी और तहसील दुर्ग में 69.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 27 जून को तहसील दुर्ग में 3.2 मिमी, तहसील धमधा में 1.1 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 0.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 20.0 मिमी और तहसील अहिवारा में 3.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# दैवेभो कर्मचारियों को सम्मान राशि का भुगतान नहीं मिल रहा : गुप्त

**दुर्ग**, 28 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच के संयोजक राजकुमार गुप्त एवं अध्यक्ष सहदेव साहू ने मुख्यमंत्री, श्रममंत्री एवं मुख्य सचिव एवं श्रम सचिव को पत्र लिखकर राज्य के सभी कर्मचारियों एवं श्रमिकों को 4 हजार रूपये प्रतिमाह की सम्मान राशि के भुगतान की मांग की है। मंच के पदाधिकारी पूर्व में भी इसी मांग को लेकर राज्य शासन को पत्र लिख चुके है। इसके अलावा 1 अगस्त 23 में एरियर्स राशि के भुगतान की भी मांग की है।

श्री गुप्त ने बताया कि पिछली सरकार के वित्त विभाग ने राज्य के दैनिक पारिश्रमिक व मासिक वेतन पर कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रतिमाह 4 हजार रूपये सम्मान निधि देने का आदेश जारी किया था। यह राशि 1 अगस्त 23 से दी जानी थी। बाद में प्रदेश में सत्ता बदलते ही राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों श्रमिकों को सम्मान राशि का भुगतान ही नहीं किया है।

# छग सर्वसमाज संगठन का संभागीय महासम्मेलन कल पोटियाकला में

दुर्ग, 28 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन दुर्ग का संभागस्तरीय सामाजिक सद्भावना महासम्मेलन 30 जून को मां कर्मा भवन पोटियाकला में मनाया जायेगा। महासम्मेलन सुबह 11 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी महासम्मेलन के संयोजक दुर्ग संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरूप साहू ने दी है। इस महासम्मेलन में दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, खैरागढ़. कबीरधाम, बेमेतरा मोहला मानपुर जिला इकाइयों के प्रतिनिधिगण बड़ी संख्या में शामिल होगें। महासम्मेलन के दौरान पर्यावरण संरक्षण हेतु एक वृक्ष मां के नाम रोपित किया जायेगा। इसके अलावा सामाजिक समरसता में विशिष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जायेगा। महासम्मेलन में समाज के प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रम्हदेव पटेल, प्रदेश महामंत्री लखन लाल साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष संत कुमार केसकर, अनुरूप देवांगन, घनश्याम देवांगन, भोजराम डड़सेना, कोषाध्यक्ष जीवनलाल सिन्हा, मुख्य सलाहकार रमेश साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रांताध्यक्ष भानुप्रताप यादव, साहित्य एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रांताध्यक्ष भानुप्रताप यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल होगें।

# सखी वन स्टाप सेंटर से महिलाओं को सभी सुविधा होगी उपलब्ध

**दुर्ग**, 28 जून (देशबन्धु)। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वैशाली नगर, भिलाई में किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षित कर उन्हें समाज में सम्मान दिलाना, लिंगानुपात में सुधार लाना तथा उनके भविष्य के लिए वित्तीय एवं शैक्षणिक सुरक्षा सुनिश्चित करना था।




बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं स्कूल चलो अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला

कार्यशाला में बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं के अधिकारए शिक्षा और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया गया। सुकन्या समृद्धि योजना के माध्यम से बालिकाओं की वित्तीय सुरक्षा और भविष्य की शिक्षा को लेकर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि कोई भी महिला जो घरेलू या बाहरी संकट से जूझ रही हो, वह सखी वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से एक ही छत के नीचे परामर्श, चिकित्सा, विधिक सहायता, पुलिस सहायता एवं आश्रय जैसी सेवाएं प्राप्त कर सकती है। महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर 181 और बच्चों के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी भी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाएं जैसे महतारी वंदन योजनाए नोनी सुरक्षा योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना की भी विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी गई।

इस अवसर पर परियोजना अधिकारी पद्मजा सिन्हा, शिल्पा श्रीवास्तवए सुश्री कविता साहू, दीपशिखा नायक (पर्यवेक्षकगण), जिला मिशन समन्वयक विनिता गुप्ता एवं वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ शिल्पी उपाध्याय, सखी वन स्टॉप सेंटर से केस वर्कर हिना खान, विद्यालय की प्राचार्या संगीता बघेल, शिक्षिकाएं विद्या, आर.रानी, एच.भाटिया एवं अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गोपालपुर में विक्रांत ने 20 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन




**खैरागढ़**, 28 जून (देशबन्धु)। छुईखदान विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर मे 20 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। विकास कार्यों में सीसी रोड निर्माण के लिए 5 लाख, नाली निर्माण के लिए 5 लाख, भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं वहीं आश्रित ग्राम कोड़का में बोर खनन के लिए 2 लाख और मंच निर्माण के लिए 3 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह उपस्थित रहे। ग्राम में पहुँचने पर ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में पिछले 5 सालों में छत्तीसगढ़ में विकास केवल कागजों पर हुआ। नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के नाम पर ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बड़ी लापरवाही के चलते हुई बड़ी दुर्घटना

**परपोड़ी**, 28 जून (देशबन्धु)। थान खम्हरिया से महज 5 कि.मी.की दूरी पर थानखम्हरिया मार्ग पर ग्राम पंचायत गड़ुवा के नजदीक दो युवक अपनी कार से अपने घर रायपुर से कोसमंदा जा रहे थे युवक का नाम पहचान हेमंत साहू उम्र 35 उसी दौरान उनकी कार सडक किनारे छ्ष्ट्क्क से हुए खुदाई कर पाइप लाइन बिछा रहे थे रात के अंधेरे मे रखे पाइप के से टकराकर अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया , गनीमत यह रही की युवक सीट बेल्ट लगाकर सावधानी से गाड़ी चला रहा था गाड़ी टकराने से एयर बैग खुल गया उसके चलते युवकों को चोटे कम आई बाल बाल बचे ।





उक्त घटना का मुख्य कारण विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य को बताया जा रहा है, जिसके लिए मुख्य सड़क मार्ग पर पगडंडी को खोदकर उसमें पाइप डालने का कार्य चल रहा है। दिन में कार्य करने के बाद रात्रि के समय में सड़क किनारे पगडंडी को खोदकर मुरूम नुमा मिट्टी का ढेर और पाइप को मेन डामर रोड पर ही इकठ्ठा करके रख दिया गया था ना ही कोई बोर्ड लगाया गया जिसमें यह कार सवार नवयुवक ने अपनी गाड़ी मतिभ्रम होने से ऊपर चढ़ा दिए , परिणाम स्वरूप कार अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गया और 2 युवक को चोट आया है घटना के बाद ग्रामीण इक्क्ठा हुए और गाड़ी को छ्ष्ट्क्कमशीन के माध्यम से बाहर निकाले और युवकों को उनके स्वयं के निजी वाहन के द्वारा सरकारी अस्पताल में ले जाया गया।

अब देखना यह है कि इस दुर्घटना के लिए क्या लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की बड़ी लापवाही है या फिर विभाग के द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करने वाले ठेकेदार की गलती है बिना ह्लह्ष्ट लिए हो रहा कार्य सरासर विभाग की लापरवाही है,जिनके चलते यह समय ओर स्थिति उत्पन्न हुआ है।

बार बार खबर प्रसारित के बावजूद दोनों विभाग द्वारा कार्यों मे सुधार नहीं की जा रही और न ही किसी के ऊपर कार्यवाही हो रही, आखिर कब तक लोगो के साथ खिलवाड़ होता रहेगा आए दिन दुर्घटना हो रही है, शासन प्रशासन इसपर ध्यान नहीं दे रहे।

# रथयात्रा : यशोदा वर्मा ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र की पूजा अर्चना



**खैरागढ़**, 28 जून (देशबन्धु)। रथ यात्रा के अवसर पर भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना कर खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा ने प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना करते हुए सभी को रथ-यात्रा पर्व की बधाई एवँ शुभकामनाएं दी। सबसे पहले विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा जगन्नाथ मंदिर पहुंची जहां भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर महाप्रभु जगन्नाथ के चरणों मे पुष्प अर्पित कर हाथ जोड़ कर खैरागढ़ सहित पूरे प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि प्राचीन काल से ही छत्तीगढ़वासियों की भगवान जगन्नाथ के प्रति गहरी आस्था रही है। भगवान ➢➢ शेष पृष्ठ 9 पर ➢

# डीपीएस की बास्केटबॉल टीम सिंगापुर में आयोजित एनबीए राइजिंग स्टार टूर्नामेंट के क्वालिफिकेशन रांउड के लिए क्वालिफाई

**राजनांदगांव**, 28 जून (देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिकाओं के बास्केटबॉल टूर्नामेंट 24 से 29 जून 2025 तक सिंगापुर में आयोजित हो रहे है जहां एनबीए राइजिंग स्टार को आमंत्रित किया गया है। यह टूर्नामेंट एनबीए सिंगापुर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। एशिया प्रशांत देशों से 12 लड़कों और 12 लड़कियों की हाई स्कूल टीम को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान, चीन, मंगोलिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड, सिंगापुर और राष्ट्रीय ए डिवीजन विजेता टीम की सर्वश्रेष्ठ हाई स्कूल टीम को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। डीपीएस राजनांदगांव की बालिका टीम ने सिंगापुर की टीम को 34-20 अंको से परास्त किया । टीम एक जीत एवं एक हार के पश्चात चालिफिकेशन रांउड के लिए चालिफाई कर गई है। चालिफिकेशन राउंड में डीपीएस की टीम का मुकाबला मंगोलिया की चिनिल कुंद्रा स्कुल की टीम से होगा। आज के मैच में अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, रूमी कोनवर, श्वेता सिंह, अंजनी, काम्या झा, सोफी सिका, आर्या अवारे एवं केथरीना नाजारथ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की 12-12 देशों की सर्वश्रेष्ठ हाईस्कूल की बालक बालिका टीम भाग ले रही है। यह राजनांदगांव और छतीसगढ प्रदेश के लिए गर्व का पल है कि राजनांदगांव दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है ।



डीपीएस की टीम डीपीएस खेलो इंडिया बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव और सर्वज्ञ राव बास्केटबॉल अकादमी राजनांदगांव के खिलाड़ियों से सज्जीत है। सिंगापुर में भाग लेने जा रही टीम के मुख्य कोच कालवा राजेशवर राव जबकि कालवा राधा राव (कोच) हैं जबकि मेनेजर मुन्ना लाल जायसवाल है।

टीम में-अंजली कोडापे (कप्तान), अदिति कोडापे, काम्या झा, रूमी कोनवर , श्वेता सिंह, अंजनी, सोफी सिका, अनुष्का बेनर्जी, केथरिना नाजारथ, एवं आर्या विजय अवारे है।

# मां गौ रक्षक सेवा समिति को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु) । भिलाई दुर्ग शहर के आस पास गौ माता की सड़क दुर्घटना या बीमार गायों को इलाज के साथ उनकी देख भाल करने ने आभाव मे गौ वश सड़कों में घायल अवस्था में अपनी जन दे देती थी । भिलाई खुर्सीपार के युवकों ने पिछले 5 वर्षों से गौ माता रक्षक सेवा समिति का गठन कर इन बेजुबानों को सेवा करने का बीड़ा उठाया है। इस पुनीत कार्य हेतु पुलिस अधीक्षक विजय गुप्ता ने गौ सेवा रक्षक समिति के अध्यक्ष सुनील यादव और उनके साथियों का प्रमाण के साथ पुरस्कार देकर सम्मान किया। मां लक्ष्मी गौ रक्षक सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि खुसीपार क्षेत्र के यूको द्वारा वर्ष 2020 में कोरोना कल में गौ रक्षक सेवा समिति का गठन कर घायल और सड़क दुर्घटना में गंभीर अवस्था में पड़े गौ वंशों की सेवा के साथ उन्हें आश्रय दिया जा रहा है। समिति द्वारा दुघटना में घायल अब तक सैकड़ों गौ वंशों का इलाज कर उनकी जन बचा कर सेवा कार्य किया जा रहा है। समिति को घायल गाय की जानकारी मोबाइल पर मिलने पर उनका इलाज किया जाता है। नि:शुल्क रूप से गौ रक्षक सेवा समिति द्वारा आवश्यक जगहों पर औषधि रोटी का वितरण किया जा रहा है। सड़क दुर्घटना रोकने गौ वंशों के गले में रेडियम पट्टी बांधा जा रहा है । इस कार्य मां लक्ष्मी गौ रक्षक सेवा समिति के पदाधिकारी अध्यक्ष सुनील यादव, सचिव मनीष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष रविशंकर साहू, एम डी सूर्यवंशी, पंकज नौरंगे, अजय सोनी, महेश सिन्हा, अनिल विश्वकर्मा, संतोष मंडल, प्रकाश कुमार तिवारी, रितिक पटेल, त्रिभुवन यादव, वंश यादव, विकाश साव, करण गोयल, घनश्याम सिंह सहित अन्य शामिल है।

# संपत्ति कर जांच एवं कर वृद्धि को लेकर विशेष पहल

## 4 जोन में आवासीय, व्यवसायिक, आवासीय व्यवसायिक, औद्योगिक में वर्गीकरण किया



**भिलाईनगर,** 28। नगर पालिक निगम भिलाई सभागार कक्ष में संपत्तिकर स्व विवरणी जांच के संबंध में आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के उपस्थिति में प्रशिक्षण आयोजित हुआ। आयुक्त पांडेय ने बताया कि संपत्तिकर निर्धारण के लिए शहर को 4 जोन आवासीय, व्यवसायिक, आवासीय व्यवसायिक, औद्योगिक में वर्गीकरण किया गया है। जिसका संपत्ति कर का दर अलग.अलग है। भूमि स्वामी द्वारा स्वविवरणी भरकर जमा किया गया है तो 60 दिवस के अंदर जांच नहीं किया जाता है। तत्पश्चात जांच अनुसार क्षेत्रफ्ल में 10 प्रतिशत से अधिक का अंतर आने पर 5 गुना पेनाल्टी का प्रावधान है। पेनाल्टी से बचने के लिए निर्मित मकान, दुकान, उद्योग के संपत्ति कर का सुधार नगर निगम भिलाई से करा लेवे। डायवर्टेड खुली भूमि, अवैध निर्मित मकान, दुकान का भी संपत्ति कर का प्रावधान है। निशक्तजन हेतु 25 प्रतिशत का छूट है साथ ही विधवा, परित्यक्ता और तलाकशुदा महिलाओं हेतु 50 प्रतिशत का छूट प्रावधानित है। बीएसपी द्वारा स्वविवरणी प्रस्तुत किया गया है। जहां भी संशय की स्थिति होगी जांच किया जाएगा। स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति एवं अन्य आवश्यक कार्य में संलग्न कर्मचारियों को छोड़कर शेष लोगों की ड्यूटी संपत्ति कर वसूली हेतु लगाई जाएगी। आम नागरिकों से अपील है जांच के पूर्व अपना संपत्तिकर संबंधी त्रुटि सुधार करा लेवेए जिससे आप पेनाल्टी से बच सके । उप अभियंता सिद्धार्थ साहू एवं संपत्तिकर प्रभारी बी एल असाटी द्वारा संपत्तिकर निर्धारण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई । प्रशिक्षण में मुख्य रूप से सभी जोन आयुक्त अजय राजपूत, सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ता, प्रोगामर दीप्ति साहूए राजस्व अधिकारी जेपी तिवारी, धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे। बताया जा रहा है, कि निगम के राजस्व को बढ़ाने में विशेष कार्य किया जा रहा है। निगम में कर बसूली को लेकर आयुक्त प्रयासरत है।

# गणेश पंडाल का अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। सेक्टर.7 हाई स्कूल दशहरा मैदान में श्रीगणेश महोत्सव पंडाल के भूमि.पूजन किया गया। पंडितों के मंत्रोच्चार के साथ किया गया। जिसम 1947 से लेकर आज तक सीमाओं की रक्षा में शहीद हुए वीरों की झांकियाँ, तिरंगे से सुसज्जित 40 फीट ऊँचा प्रवेश द्वार, नेवी, एयरफोर्स और सेना के साहसिक अभियानों की प्रस्तुतियाँ तथा प्रतिदिन सुबह शाम झण्डा वन्दन और राष्ट्रगान की अनिवार्य परम्परा शामिल होंगी। आयोजन समिति ने घोषणा की कि महोत्सव के दौरान हर आगंतुक को तिरंगा बैज मुफ्त दिया जाएगा ताकि श्हर हृदय तिरंगाश् का संकल्प जगे। समिति.अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने कहा यह पंडाल हमारे सैनिकों के त्याग को नमन करता है। हम चाहते हैं कि हर बच्चा, हर युवा यहां आकर न सिर्फ गणेश भक्ति करे, बल्कि देश के लिए कुछ कर गुजरने का प्रण भी ले। उपाध्यक्ष सुदीपधर दीवान ने बताया कि पंडाल में संविधान.सभा का दृश्य, कारगिल विजय दिवस और चन्द्रयान 3 की झांकी भी दिखाई जाएगी। भूमि पूजन में रविन्द्र सिंह, पद्मनाभन, टी. शंकर, जी. अमर, ब्रह्मा नायडू, प्रीतम साहू, मरिया दास, वेंकट, जगीरे सिंह, करण सिंह, रमेश कुहीकर, बी. प्रसाद, जे.पी. राजू, आदित्य गावले, राहुल, मदन राय उपस्थित थे।

# लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। लायन्स क्लब भिलाई ग्रेट का शपथ ग्रहण समारोह निजी होटल के सभागार में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में लायन रंजना क्षेत्रपाल पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशेष अतिथि लायन अनिता अग्रवाल चार्टर प्रेसिडेंट उपस्थित थीं। ध्वज वंदना लायन मंजू शर्मा ने की। स्वागत भाषण लायन ऊषा अग्रवाल ने दिया तथा स्वागत गीत लायन लता अग्रवाल ने प्रस्तुत किया। शपथ अधिकारी लायन रंजना क्षेत्रपाल ने क्लब के पदाधिकारियों को उनके दायित्वों का लगन एवं निष्ठा पूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि हमे कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। जिस तरह एक बच्चा बार बार गिरकर भी उठ जाता है और धीरे धीरे अच्छे से चलना सीख जाता है। उसी प्रकार हमें भी असफलता से घबराना नहीं चाहिए। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। लायन अध्यक्ष लायन बबीता सोनी ने अपनी कार्य योजना को विस्तार से बताया। लायन अनिता अग्रवाल ने नई टीम को बधाई देते हुए कहा किए किसी भी प्रकार की सेवा के लिए ममता, नमता और समता का भाव जरूरी है, तभी सेवा में सुगंध आती है। जरूरी नहीं है कि, हम आर्थिक रूप से ही किसी की मदद करें। कई बार हमारा आत्मीयता भरा स्पर्श भी किसी को जीवनदान दे जाता है। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब भिलाई ग्रेट के नव नियुक्त पदाधिकारियों सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन लायन अर्चना गुप्ता ने किया तथा आभार प्रदर्शन मंजू बंसल ने किया।

# संयंत्र के कर्मियों को मिला कृत्रिम बुद्धिमत्ता सम्मान

भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। संयंत्र एवं रिफ्रैक्ट्री यूनिट के पाँच कर्मियों को एआई एंड यु मिशन प्रतियोगिता के तहत उत्कृष्ट कृत्रिम बुद्धिमत्त नवाचारों के लिए सम्मानित किया गया। सेल स्तर पर आयोजित इस आंतरिक पहल का उद्देश्य कर्मचारियों में डिजिटल सृजनशीलता को प्रोत्साहित करना और कार्यस्थल पर एआई के व्यापक उपयोग को बढ़ावा देना है। निदेशक तकनीकीए परियोजनाएँ एवं कच्चा माल एवं निदेशक प्रभारी अतिरिक्त प्रभार संयंत्र मनीष राज गुप्ता ने इस्पात भवन में आयोजित एक समारोह में पांचों पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। सम्मानित कर्मियों में वरिष्ठ प्रबंधक एसएमएस-3 संतोष कुमार ने डीपसीक एआईए क्लाउडएआई एवं चैटजीपीटी जैसे प्लेटफॉर्म्स की सहायता से एक एआई.सक्षम वेब एप्लिकेशन विकसित किया है, जो साप्ताहिक शिफ्ट रोस्टर को स्वत: तैयार करता है। इस नवाचार ने न केवल समय और श्रम की बचत की है, बल्कि त्रुटियाँ कम कर, त्वरित और अधिक सटीक शेड्यूलिंग को संभव बनाया है। प्रबंधक मैकेनिकल रिफ्रैक्ट्री यूनिट शुभम किशोर मिश्रा को रिफ्रैक्ट्री ईंटों में सर्फेस डिफेक्ट्स का पता लगाने हेतु विकसित एआई मॉडल के लिए सम्मानित किया गया। उनके इस नवाचार में डीप लर्निंग एवं कंप्यूटर विज़न तकनीकों का उपयोग किया गया है, जो निर्माण प्रक्रिया में गुणवत्ता नियंत्रण को सशक्त बनाता है। सहायक प्रबंधक इंस्ट्रूमेंटेशन धर्म राजू बाच्चू को सुरक्षा रिपोर्टिंगए प्रलेखन और कार्यप्रवाह अनुकूलन के लिए एआइ आधारित टूल्स के सफ्ल प्रयोग हेतु सम्मानित किया गया। उन्होंने चैटजीपीटी, एक्सल वीबी एवं ऑटोमेशन फ्रेमवर्क्स के माध्यम से इंस्ट्रूमेंटेशन से जुड़ी प्रक्रियाओं में उत्पादकता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार किया।

# सीए ब्रांच के 5 दिनी रजत जंयती का शुरु आज



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। भिलाई सीए ब्रांच द्वारा ब्रांच की रजत जयंती के अवसर पर 5 दिवसीय कार्यक्रम पंचविषम सिल्वर स्पेक्ट्रम का आयोजन सीए भवन में किया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम दिवस एमएसएमई दिवस पर औद्योगिक नीति व सब्सिडी पर सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें सीए अरिहंत बोथरा शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन उपस्थित रहे। ब्रांच चेयरमेन सीए राजेश बाफना ने बताया कि समारोह के पहले दिन को एमएसएमई दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर अरिहंत बोथरा ने छत्तीसगढ़ शासन की नवीन औद्योगिक नीति को मिलने वाली विभिन्न प्रकार की सब्सिडी व प्रोत्साहनों की जानकारी दी। विधायक रिकेश सेन सीए सदस्यों को ब्रांच के रजत जयंती पूर्ण होने पर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमएसएमई उद्यमियों के मार्गदर्शन हेतु स्टेट बैंक, डीआईसीए एवं अन्य संस्थानों द्वारा सहायता काउंटर भी स्थापित किए गए। इस कार्यक्रम के डायरेक्टर सीए अजय गुप्ता रहे। पांच दिवसीय कार्यक्रम में 28 जून को सीए सदस्यों के साथ पिकनिक दिवस मनाया जाएगा। वहीं 29 जून को मैराथन एवं स्वास्थ्य शिविरए 30 जून को दिव्यांग बच्चों एवं सीए सदस्यों के साथ फिल्म की स्क्रीनिंग एवं 1 जुलाई को सीए दिवस व रजत जयंती समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन शिवानी ओस्तवाल ने किया इस अवसर पर ब्रांच सचिव प्रभजीत जग्गी सहित मैनेजिंग कमेटी के सदस्य अनिल जैन, प्रतीक अग्रवाल, सीए तलविंदर, सुखदेव राठी, दिलीप जैन अमित राय, सुरेश गांधी, अजय सिंघी, विनोद सदानी, राकेश डोडी, हर्ष जैन, जितेंद्र गोयल एवं बड़ी संख्या में सीए सदस्य उपस्थित रहे।

# आरक्षण के जनक छत्रपति महाराज की मनाई गई जयंती



**भिलाईनगर,** 28 जून (देशबन्धु)। संयंत्र एससी, एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेल एस सी, एसटी फेडरेशन के उपाध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता में डॉ. आम्बेडकर प्रेरणा स्थल सेक्टर-6 में आरक्षण के जनक छत्रपति शाहू महाराज की जयंती समारोह का आयोजन सम्पन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि राजेन्द्र परगनिहा थे। उन्होनें कहा कि गुलाम भारत में सामाजिक आरक्षण के जनक, छत्रपति शाहू महाराज ने 26 जुलाई 1902 को 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किये थे। आज से लगभग 123 वर्ष पहले उन्होने भारत के लिए घोर अभिशाप जाति व्यवस्था के खिलाफ निर्णायक एवं महत्वपूर्ण कदम उठाये थे। उन्होंने आरक्षण के संबंध में जो आदेश जारी किये थे। उसमें ब्राम्हण, प्रभु, शेवाई और पारसी को छोडकर सभी शामिल है। छत्रपति शाहू महाराज के द्वारा असमानता को खत्म करने एवं न्याय और सब को समान अवसर देने के लिए उठाए गये इस आरक्षण के कदम का अनुसरण करते हुए सन 1918 में मैसूर राज्य ने, सन 1921 में मदास जस्टिस पार्टी ने तथा सन 1925 में बाम्बे प्रेसीडेंसी ने आरक्षण लागू किया था, जो भारतीय संविधान के माध्यम से स्वतंत्र भारत में भी लागू है। हमें अपने हक अधिकार के लिये सजग होकर, संगठित तरीके से आगे आना होगा। समारोह की अध्यक्षता कर रहे कोमल प्रसाद ने कहा कि छत्रपति शाहू महाराज कुर्मी मराठा भोंसले राजवंश के सम्राट थे, आपको प्रजापालक राजा होने की महान विरासत हासिल हुई थी। आपने डॉ आम्बेडकर के सामाजिक अभियान में भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सन 1890 में महात्मा ज्योतिबा फुले के महापरिनिर्वाण के बाद, जब छत्रपति शाहू महाराज ने सन 1894 में अर्थात 20 वर्ष की अवस्था में कोल्हापुर राज्य की बागडोर संभाली थी। ज्योतिबा फुले के बाद उनके मानवतावादी विचारों को जनमानस में पहुंचाने की जिम्मेदारी छत्रपति शाहू महाराज ने तब तक उठाई जब तक डॉ आम्बेडकर का भारतीय राजनीति में पदार्पण नहीं हो गया। इस प्रकार हम पाते हैं कि सामाजिक परिवर्तन के इस महान आंदोलन में छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुल एवं डॉ. आम्बेडकर के बीच की महत्त्वपूर्ण कड़ी थे। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथिगण विजय कुमार रात्र-महासचिव भिलाई इस्पात संयंत्र एस.सी., एस.टी. एम्पलाईज एसोसिएशन, दशरथ प्रसाद अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा, गौतम दास साहू को फाउंडर ओबीसी महासभा, छत्तीसगढ़, चंद्रकला तारम, अध्यक्ष मातृ शक्ति संगठन, भिलाई नगर, भूषण नादिया, रेशमा आनंद ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में सुरेश बंजार, कुमार भारद्वाज, ज्ञानू मैत्रेय एवं उनकी टीम ने सामाजिक उत्थान से सबंधित मधुर गीतो से लोगों में चेतना जगाये। चेतन लाल राणा, कार्यकारी अध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी उपाध्यक्ष, अनिल कुमार खेलवार, कोषाध्यक्ष, त्रिलोचन डहरे सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां उपस्थित थीं।

# पुलिस विभाग के मेघावी बच्चो का एसपी ने किया सम्मान



भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। आज शनिवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी के पुत्र, पुत्रियों द्वारा नीट, जेईई मेन्स, 10वीं, 12वीं परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक एवं नेशनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले मेघावी छात्रध्छात्राओ का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा निम्नांकित सभी छात्रध्छात्राओं को मोमेंटों एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया एवं अपने उदबोधन में कहा गया कि आपके द्वारा नीट, जेईई मेन्स, 10वीं ,12वीं परीक्षा में 90 प्रतिषत से अधिक अंक एवं नेषनल खेलों में गोल्ड मेडल प्राप्त कर सफ्लता हासिल की है। देश का नाम, अपने संस्था का नाम रोशन किया गया। उसके लिए मैं आप सभी को बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। मैं चाहता हूँ कि आने वाले समय में और अच्छा परफार्मेंश कर आगे बढ़ायेगें, ये आपके जीवन की सफ्लता है, बच्चों का बहुत अच्छा परसेटेंज पाना व कंम्पटेटीव परीक्षा में जाना बाकी सब से बहुत ही अलग होता है। ये आपकी डेस्टिनेशन है, वो अलग है ये सिर्फ माईलस्टोन थी और आपके 10 वीं एवं 12वीं में जितना मेहनत किया है उससे और ज्यादा मेहनत करें। उनके उक्त कार्य की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी गई। उपुअ श्रीमती ममता अली शर्मा आयान अली फुटबाल में 5वीं नेशनल लेबल क्लब चैंपियनशीप छावनी उपुअ श्रीमती नवी मोनिका पाण्डेय अभिनव पाण्डेय जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई निरीक्षक कैलाशनाथ मिश्रा कुमारी विद्या मिश्रा 10वीं 96 प्रतिशत, रानीतराई उनि. पुरूषोत्तम कुर्रे वेलिना कुर्रे जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, विशेष शाखा भिलाई स उ . नि . प्रहलाद बंछोर कुमारी लिपिका बंछोर 10वीं 90 प्रतिशत, नपुअ कार्यालय छावनी प्र.आर.1510 कौशल कुमार साहू कुमारी नेहा साहू. सीबीएससी 10वीं बोर्ड में 92.8 प्रतिशत विशेष शाखा भिलाई प्र.आर. 457 हरीश कुर्रेप्रवेश कुर्रे जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण, कुम्हारी प्र.आर. 1441 रोशन बंछोर देवांशी बंछोर सीबीएससी 10वीं बोर्ड में 91. 2 प्रतिशत आर. 1694 ललित साहू मोनिका साहू सीबीएससी 10वीं बोर्ड में 95.2 प्रतिशत, यातायात आर. 40 जितेन्द्र मारकण्ड पीयुष मारकण्डे जेइई मेन्स 2025 उत्तीर्ण हुए है।

# घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में आग से घर भी आया चंपेट में



भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। नंदिनी थाना अंतर्गत अज्ञात तत्वों ने एक घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जिससे आग ने घर को भी अपनी चपेट में ले लिया। बताया जा रहा है, कि वीति रात जिस वक्त वाहनों में आग लगाई उस समय घर में पति, पत्नि व उनके दो बच्चे घर में सो रहे थे। बताया जा रहा है, कि जब घर बालों को घर में आग लगने का ऐहसास हुआ तो उन्होनें आस-पास रहने वालों को चिल्लाकर बुलाया। आस-पास घर बालों ने हल्ला सुनकर जब घर के बाहर आकर देखा तो पड़ोसी घर में आग की चपेट मे है। व उस घर वाले घर के अन्दर है। तब आस-पड़ोस में रहने वालों ने घर की खिड़की तोड़कर घर वालों को घर से बाहर निकाला। इस घटना को लेकर काफी रोष है। इस आगजनी में कितने रुपये का नुकसान हुआ है। जिसका अनुमान नही लगाया गया है। इस घटना में आस-पास के लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है।

# मानसून सक्रिय तापमान में गिरावट

भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। नगर में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के बाद मानसून सक्रिय हो गया है। भिलाई सहित आस-पास पिछले दो दिनों से हो रही बारिश का बाद तापमान में गिरावट आई है। लोगों को उमस से राहत मिली है। वही किसानों के चेरहे भी खेल गये है। वीति रात से लेकर सुबह तक रुक रुक कर तेज बारिश होती रही। सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए हैंए जिससे मौसम सुहावना हो गया है। बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश के लिए अगले 5 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज दिन भर हल्की बारिश के कारण लोगों को राहत मिली है। आने वाले दिनों में बारिश से किसानों को काफी राहत मिल सकता है।

# तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। संयंत्र के संपर्क व प्रशासन राजभाषा विभाग मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल सभागार में संयंत्र के हिंदी समन्वय अधिकारियों एवं तिमाही रिपोर्ट भरने वाले कार्मिकों के लिए तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक सौमिक डे महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन जनसंपर्क कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कार्यों को संपादित करना हमारे देश की प्रगति में सहायक है। हिंदी में किए गए कार्यालयीन कार्यों के आधार पर गृह मंत्रालय राजभाषा विभाग द्वारा हमारा मूल्यांकन किया जाता है। हम सब हिंदी भाषी क्षेत्र के निवासी हैं। हमारा समस्त वार्तालाप हिंदी में ही होता है, आवश्यकता केवल हिंदी में लिखने, पत्राचार, नोटशीट एवं टिप्पण लेखन आदि हिंदी में करने की है। तिमाही रिपोर्ट प्रविष्टि की प्रक्रिया को त्वरित रूप से और समय पर संपन्न भी कर सकते हैं। इसकी सहायता से राजभाषा नीति के कार्यान्वयन में संयंत्र के प्रदर्शन को और भी बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा किए संयंत्र के समन्वय अधिकारी कार्यक्षेत्र के अपने महत्वपूर्ण दायित्वों के साथ ही साथ हिंदी के प्रचार.प्रसार का कार्य भी कर रहे हैं। तिमाही रिपोर्ट ऑनलाइन प्रविष्टि प्रणाली में प्रविष्टियाँ करने का प्रशिक्षण सेक्शन एसोसिएट धनंजय कुमार मेश्राम ने दिया। प्रतियोगिता का आयोजन में प्रथम पुरस्कार धनराज कुमार साहू, सहायक प्रबंधक राजहरा खदान, द्वितीय मयंक कुमार कर्महे, सहायक प्रबंधक तृतीय संजीव कुमार, इंजीनियरिंग एसोसिएट तथा प्रोत्साहन पुरस्कार सीमा शर्मा, इंजीनियरिंग एसोसिएट संजय कुमार डोकानिया, महाप्रबंधक भृगुनाथ यादव, प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक संपर्क जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

# देवेन्द्र नें महाप्रभू से मांगा नगरवासियों के लिये आर्शीवाद



भिलाईनगर, 28 जून (देशबन्धु)। भगवान श्रीजगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव इस वर्ष सेक्टर 6 एवं सेक्टर 4 मंदिर से प्रारंभ हुई इस रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल ने रथ यात्रा में भाग लेते हुए प्रभु श्रीजगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा की विधिवत पूजा.अर्चना की और रथ खींचा। जनप्रतिनिधियों की उपस्थित थे। रथ यात्रा का आयोजन युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल द्वारा किया गया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पेयजल, छाया, स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षा व्यवस्था का समुचित प्रबंध किया गया था। भव्य रथ यात्रा में रंग बिरंगी झांकियाँ, भजन कीर्तन और लोक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ मुख्य आकर्षण रही। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं ने जगह जगह भंडारा, प्रसाद वितरण और स्वागत द्वार की व्यवस्था की। पूरा मार्ग पुष्प वर्षा से सुसज्जित किया गया था। जिससे माहौल और भी भक्तिमय हो गया। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि रथ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक एकता, शांति और सद्भावना का प्रतीक है। यह आयोजन भिलाई नगर की धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रमाण है। रथ यात्रा ने लोगों में भक्ति, सेवा और परस्पर सहयोग की भावना को प्रबल किया। आयोजन की सफ्लता में प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर निगम, स्वयंसेवी संस्थाओं और नागरिकों का विशेष योगदान रहा। समाप्ति पर आरती और महाप्रसाद वितरण के साथ रथ यात्रा का समापन किया गया। भिलाई वासियों के लिए यह दिन आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण रहा।

## एस एम सी बैठक सह शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

पिथौरा, 28जून( देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम परसापाली के प्राथमिक शाला में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के सुचारू रूप से शाला संचालन हेतु शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के शत प्रतिशत नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, नवीन कार्ययोजना,शासन से मिलने वाले सुविधाएं जैसे माध्यान्ह भोजन निःशुल्क पाठ्यपुस्तक गणवेश छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी गई।



### मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डायग्नोस्टिक सेंटर का किया शुभारंभ

# विधानसभा अध्यक्ष ने 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**राजनांदगांव** , 28जून( देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी प्रांगण में 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण तथा मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में सीटी स्केन, डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी कक्ष का अवलोकन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव, सांसद श्री संतोष पाण्डेय उपस्थित थे।



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि आज डोंगरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्य के लिए 39 करोड़ 23 लाख 11 हजार रूपए की लागत के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्य किया गया है। इससे क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वायशेप ओवरब्रिज के निर्माण से नागरिकों को बहुत सुविधा मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र का विकास कर पूरा देश विकास की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है। भारत 2 से 3 वर्ष में दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाला है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीगसढ़ में 21 चिंटल धान की खरीदी, दो वर्ष का बोनस, 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने डोंगरगढ़ क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के ईलाज के लिए आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर की शुरूआत की है। इससे ईलाज के लिए अब रायपुर और राजनांदगांव जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सेवा एवं पुनीत का कार्य है। उन्होंने कहा कि मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। धर्मार्थ चिकित्सालय में आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू करना बहुत अच्छा कार्य किया है। इससे आस-पास के क्षेत्र के लोगों को कम खर्च में चिकित्सा सुविधा मिल जाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि माँ बम्लेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में आधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू होने से क्षेत्रवासियों को सस्ते दर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ा कार्य ट्रस्ट ने किया है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार मोदी एक-एक गारंटी को पूरा करने का कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक शहर सुंदर, स्वच्छ और सुविधापूर्ण बने इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी निकायों को बराबर रूप से विकास के लिए राशि का वितरण कर रही है।

### विधानसभा अध्यक्ष ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की



विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान माँ बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद संतोष पाण्डेय ने भी पूजा-अर्चना की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, संतोष अग्रवाल, पूर्व विधायक विनोद खाण्डेकर, दिनेश गांधी, सौरभ कोठारी, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के उपाध्यक्ष अनील गट्टानी, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राजहरा पुलिस द्वारा किया जा रहा अवैध शराब बिक्री जुआ सट्टा पर कार्यवाही

◆ अवैध शराब जुआ सट्टा में लगे अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा थाना प्रभारी पाण्डेय



दल्लीराजहरा,28 जून (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक महोदय दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के आदेश पर योगेश पटेल पुलिस अधीक्षक बालोद तथा मोनिका ठाकुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निर्देशन में एवं डा0 चित्रा वर्मा नगर पुलिस अधीक्षक राजहरा के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूध्द चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना प्रभारी ? रविशंकर पाण्डेय द्वारा राजहरा क्षेत्रांर्गत अवैध जुआ, सट्टा, शराब के विरूध्द लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। थाना प्रभारी द्वारा 4 दिवस में आबकारी एक्ट के तहत कुल 7 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसमें अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब परिवहन करने वाले के विरूद्ध 1 प्रकरण, अवैध शराब ? बिक्री करने के ?विरूद्ध 3 प्रकरण ,अवैध रूप से शराब बिक्री हेतू ? परिवहन के 1 प्रकरण तथा अवैध रूप से शराब पीने पिलाने की सुविधा प्रदान करने वाले के विरूद्ध 1 प्रकरण एवं सार्वजनिक जगह पर बैठ कर शराब पीने वालों के विरूद्ध 1 प्रकरण दर्ज किया गया है । पुलिस द्वारा जिन आरोपियों पर अवैध शराब को लेकर कार्यवाही की गई उनके नाम मनोज कुमार,नेमीन बाई साहू,प्रमोद कुमार सिन्हा,ओम बाई,मोहनीश राजभोज बिहारी लाल चतुर्वेदी,विजय सिंह राजपूत पर कार्यवाही की गई ।थाना प्रभारी द्वारा राजहरा नगर के निगरानी गुण्डा बदमशों की चेकिंग कर उन पर जिला बदर की कार्यवाही किया जा रहा है तथा प्रतिबंधित करने लगातार 129 बीएनएस के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर पुलिस अधीक्षक चित्रा वर्मा ने कहा की आम जनता के लिए के लिए पुलिस 24 घंटा मुस्तेदी से तैनात रहती है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा की अवैध कार्य शराब जुआ सट्टा गुण्डगर्दी के विरूद्ध अभियान निरंतर आगे भी जारी रहेगा ।थाना प्रभारी पाण्डेय ने यह भी कहा की अवैध कार्य में लिप्त लोग चाहे वह विशेष संस्था हो य व्यक्ति विशेष सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी ।उक्त कार्यवाही में सउनि विजय जगत, सउनि हिरामन मंडावी, प्र0आर0 बालाराम मरकाम , संजय देशमुख, म0प्र0आर0 नर्मदा कोठारी, आर0 छन्नु बंजारे, योगेन्द्र सिन्हा, यादव , झामसिंग कोमरे का प्रमुख भूमिका रही ।

# गुरुर में हर्शोल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**गुरुर,** 28जून( देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा को खींचने के लिए तथा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की दर्शन हेतु गुरुर नगर सहित आसपास दर्जनों गांव से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे, क्षेत्र की विधायक संगीता सिन्हा, सहित नगरवासी, दुकानदार एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भी पूजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि के लिए मंगल कामना की।



यह रथयात्रा नगर के श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से निकाली गई, जो बाजार चौक, नेशनल हाइवे, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक सहित अन्य मार्गो से होकर गुजरी। रथयात्रा के दौरान आवागमन प्रभावित न हो, ऐसे में स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा मार्ग को डायवर्ट किया गया था, देर शाम तक भगवान जगन्नाथ की रथ को खींचने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचते रहे। बता दे कि जगन्नाथ रथयात्रा का उद्देश्य भगवान जगन्नाथ को उनके मौसी के घर ले जाना होता है। हर साल आषाढ़ महीने की द्वितीया तिथि को यह रथयात्रा निकाली जाती है। इस दिन भगवान जगन्नाथ उनके भाई बलभद्र और सुभद्रा मंदिर से बाहर निकलते हैं ,मान्यता है कि रथ खींचने से व्यक्ति के सभी पाप मिट जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों की पूर्ति हेतु पात्र.अपात्र सूची जारी

**बालोद,** 28जून( देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों की पूर्ति हेतु पात्र.अपात्र सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बालोद अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर प्रारंभिक पात्र.अपात्र सूची जारी की गई है। जिसे जिले के वेबसाईट बालोद डाट जीओवी डाट इन पर अलवोकन किया जा सकता है। इसके साथ ही उक्त संबंध में किसी भी अभ्यर्थी को आपत्ति होने की स्थिति में 03 जुलाई 2025 को शाम 05:30 तक कार्यालयीन समय में अभ्यर्थी स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि

# धर्मनगरी में धूमधाम से निकली जगन्नाथ रथ यात्रा

डोंगरगढ , 28जून( देशबन्धु)। धर्म नगरी में जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन धूम धाम से संपन्न हुआ सर्व प्रथम महा प्रभु के रथ को सजाया गया ततपश्चात जगन्नाथ, सुभद्रा माता,बलभद्र महराज को रथ में विराजमान करा कर नगर भ्रमण कराया गया जगह जगह जगत नाथ भक्तो द्वारा रथ का स्वागत व पूजा अर्चना की गई वर्षो से चली आ रही परम्परा को पूर्ण किया प्रतिवर्ष ग्राम गाजमर्रा से 3 पीढ़ी से ग्रामवासी दे रहे है सेवा नगर भ्रमण कर पुनः महावीर मन्दिर प्रांगण पहुची जहां यात्रा का समापन हुआ मुख्य मार्गो में रथ का पुष्प वर्षा कर व स्वल्पाहार वितरण कर स्वागत किया गया। रथ यात्रा नगर महावीर मंदिर प्रागण से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए महावीर मंदिर में रथ यात्रा का समापन हुआ पर्व में महावीर मंदिर के महंत श्री साकेत बिहारीदास ,महंत श्याम सुंदर दास ,प.आशीष शुक्ला, श्रेयस भैया , महराज चंदन वैष्णव , संध्या देशपांडे ,रामजी तराने ,हनी गुप्ता, रजत देशपांडे ,हिमाशु गुप्ता ,शुभम निर्मलकर, गोलू चौधरी, कमल किशोर शर्मा, अभिषेक साहू, पुष्प तराने ,वरुण अग्रवाल ,ओम देशमुख ,शुभम देशमुख ,पमु नामदेव, राजा अवधिया, आशु सेन, पिंकू राजपूत सुजल सेन वेदनस ताम्रकर युवराज सिंह,ओम अग्रवाल, प्रवीण नामदेव गोविंद यादव इशांत राजपूत ,एकेश राजपूत ,आशु घिन्दौडे ,शिवम यादव ,प्रिंस नामदेव, आयु नामदेव ,हिमांशु शुक्ला, हरि साहू ,तेजस नामदेव छगन लाल,गंगा राम बखरू, सुनील, मन्नु,जय प्रकाश, रामप्रसाद ,मनोज कृष्णा, रिचन्द, जयप्रकश दुर्गा प्रसाद मंहगू ,सुखराम, जगदीश अन्य भक्त उपस्थिति रहे।



## निधन

### नरसिंह ताम्रकार

नवापारा राजिम ,28 जून देशबंधु । ग्राम मन्दलोर के नरसिंह ताम्रकार 89 वर्षीय का निधन दिनांक 27 जुन को हो गया है। उनका हाल निवास लीली चौंक पुरानी बस्ती रायपुर में था । वे संजय अजय राजेश व हितेंद्र ताम्रकार के पिता थे। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरसिंह दाऊ एक सफल और सम्पन्न कृषक के साथ एक निष्ठावान जनसंघी कार्यकर्ता थे। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके साथ लम्बे समय तक कार्य करने का मुझे अवसर मिला है जिसे भुलाए नहीं भूला जा सकता । उनका जाना हम सबके लिए अपुर्णीय क्षति है। ईश्वर सद्गति प्रदान करें।



### अमित बैद*

हनुमान नगर रायपुर निवासी अमित बैद सुपुत्र छगन लाल बैद का दुखद निधन शुक्रवार 27/06/2025 को प्रात: 3.30 बजे हो गया है. वे छगन लाल बैद के पुत्र, खेमराज का भतीजा, नीरज, रोहित, राहुल, ऋषभ बैद के भाई थे उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार साय 4 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट मे किया गया.



### भवानी प्रसाद शर्मा

**भिलाई** , 28जून( देशबन्धु)। कल्याण महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रो भवानी प्रसाद शर्मा (संडी वाले) का आज 89 वर्ष आयु में निधन हो गया है द्य वे उर्वशी शर्मा के पति, आशीष शर्मा, स्मृति गौरहा व प्रीति शर्मा के पिता तथा पुत्रवधु स्वर्निता शर्मा एवम् ब्रजेश गौरहा व प्रदीप शर्मा के ससुर थे द्य उनकी अंतिम यात्रा हरनाबांधा (दुर्ग) मुक्तिधाम के लिए उनके प्रोफ़ेसर कॉलोनी (नेहरूनगर) प्लॉट नंबर- 15 स्थित निवास से रविवार, 29 जून को प्रात: 10 बजे निकलेगी ।



# आदिवासी समाज को अधिकारों की जानकारी देकर किया जागरूक

डोंगरगढ , 28जून( देशबन्धु)। नव अभिलाषा शिक्षण संस्थान डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के कई ग्रामों में जनजाति समुदाय के बीच जाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही योजनाओं को पर्चे के माध्यम से कैंपेन चलाया गया ग्रामीणों की समस्या भी सुनी गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य अंतिम हितग्रहियों तक उनके व्यक्तिगत अधिकारों के परिपूर्ण करना और जागरूकता पैदा करना है भारत सरकार आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण एवम् समयबद्ध मिशन चल रही है पी एम जनमन और धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान द्य यह अभियान ग्राम स्तर क्लस्टर स्तर शिविरों के माध्यम से आधिकारों को जमीनी स्तर पर पहुंच सुनिश्चित करेगा जिसमें विभिन्न कार्य संपादित किए जाएंगे द्य आधार कार्ड,राशन कार्ड,आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र,मूल निवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पी. एम . खाता, जनधन खाता,बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन योजना, आजीविका एवं रोजगार योजनाएं,महिला एवं बाल कल्याण आदि मुद्दों पर ग्रामीणों की बैठक लेकर अन्य महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया ।



# रथ यात्रा धूमधाम से मनाया गया

छुईखदान, 28जून( देशबन्धु)। श्री जगन्नाथ रथोत्सव के पावन पवित्र प्राचीन परंपरानुसार संपूर्ण विश्व के साथ ही महंतो वैष्णव राजाओ,स्वतंत्राता संग्राम सेनानीयो, भजनी भक्तो की इस शहीद नगरी मे भी प्रभु जगन्नाथ पूरे शाही शानो-शौकत गौरव के साथ अपने भक्तो से मिलने उनके घरों तक अपने रथ से निकले रियासत कालीन बड़े जमात जगन्नाथ मंदिर मे छुईखदान रियासत के उत्तराधिकारी राजा गिरिराज किशोर दास के पूजा अर्चना के पश्चात नगर में अपने श्रद्धालुओं को दर्शन देन के लिए निकले बैरागी पारा जैन मोहल्ला ब्राह्मण पर महोबिया पर जमुना चौक होते हुए बस स्टैंड बाजार लाइन करणा पारा होते हुए अपने स्थान बड़े जमात जमात मंदिर में पहुंचे रास्ते में श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह भंडारा प्रसाद वितरण का व्यवस्था किया गया था पिछले कुछ वर्षों से नगर की अग्रणी संस्था जय जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से भी इस अवसर पर दूर ग्रामीण अंचल से प्रभु के दर्शन और प्रसाद पाने के लिए पूरे परिवार के साथ भक्तजनो का हजारो की तादाद मे आना होता है की सेवा स्वरूप विशाल भंडारे(खिचड़ी, पूडी, सब्जी, हलुआ, बूंदी, आदि)का वितरण किया जाता था। इस रथ यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में पिंटू दुबे आलोक यादव शरद श्रीवास्तव आलोक बक्शी मंदिर के पुजारी विनय तिवारी मनोज चौबे, संदीप महोबिया संजय लल्ला योगेंद्र महोबिया आदि का सहयोग रहा।



# पर्यावरण संरक्षण हेतु दिल्ली पब्लिक स्कूल में विशेष आयोजन



**कवर्धा** , 28जून( देशबन्धु)। दिल्ली पब्लिक स्कूल, कवर्धा में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु थीम निर्धारित की गई थी, जिसे ध्यान में रखते हुए ग्रीन हाउस के विद्यार्थियों द्वारा प्रभावशाली विशेष प्रार्थना सभा प्रस्तुत की गई। सभा में विद्यार्थियों ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए एक लघु नाटक प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने विषय से संबंधित अंग्रेज़ी भाषण, कविता पाठ, तथा ग्रीन प्लेज (हरित संकल्प) के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

साथ ही विद्यालय के अंतर्गत कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों को समाज से जोड़ने हेतु शैक्षणिक भ्रमण भी आयोजित किया गया — कक्षा 6 के छात्र-छात्राओं ने स्थानीय डाकघर का भ्रमण कर वहाँ की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने राइस मिल (धान प्रसंस्करण इकाई) जाकर धान से चावल बनने की प्रक्रिया को देखा।

कक्षा 8 के छात्रों ने ग्राम पंचायत कार्यालय का दौरा कर पंचायत की योजनाओं एवं प्रशासनिक प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

## प्रादेशिकी का शेष...

### गोपालपुर में विक्रांत ने ...

भ्रष्टाचार हुआ। नकली शराब के गोरखधंधे ने छत्तीसगढ़ को बर्बाद किया लेकिन अब भाजपा की सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर सुशासन तिहार के माध्यम से गाँव-गाँव में शिविर लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। गोपालपुर में 20 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन यह दर्शाता है कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह ने महिलाओं से 'महतारी वंदन योजना' के लाभ की जानकारी ली, जिसमें महिलाओं ने बताया कि उन्हें हर माह 1 हजार रुपये उनके खातों में नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य ललित चोपड़ा, छुईखदान मंडल भाजपा अध्यक्ष भावेश कोचर, राजू जंघेल, संदीप वैष्णव, ज्ञान यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### रथयात्रा : यशोदा वर्मा ने...

जगन्नाथ ओडिशा और छत्तीसगढ़ की संस्कृति से समान रूप से जुड़े हुए हैं। रथयात्रा का यह त्यौहार ओडिशा की तरह छत्तीसगढ़ की संस्कृति का भी अभिन्न हिस्सा है। आज के दिन भगवान जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा निकालने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीलांबर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, पुरन सारथी, रविन्द्र सिंह गहरवार, नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पुलिस द्वारा स्कूली बच्चों को दी गई गुड टच-बैड टच के बारे में जानकारी

**गुरुर** , 28जून( देशबन्धु)। बालोद जिला मे पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर महिलाओं व बालिकाओं को लैंगिक समानता, हिंसा की रोकथाम व पीड़ित को सामाजिक प्रतिष्ठा दिलाने के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान दुर्ग रेंज आईजी के निर्देश पर, बालोद पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तथा गुरुर थाना प्रभारी के नेतृत्व पर चलाया जा रहा है। शुक्रवार को गुरुर विकासखंड के ग्राम कुलिया में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों को, शिक्षकों को एवं उपस्थित पालकों को विभिन्न विषयों पर जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# विधानसभा अध्यक्ष रमन के हाथों करोड़ों के विकास कार्यों का हुआ भूमि पूजन व लोकार्पण

**डोंगरगढ,** 28जून( देशबन्धु)। नगर के मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में शनिवार को प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के हाथों करोड़ों रुपए के कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, सांसद संतोष पांडे , विधायक हर्षिता स्वामी बघेल , जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष किरण साहू ,जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल ,भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ,नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे ,जनपद अध्यक्ष लता सिंहा उपस्थित थे ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने कहा कि जिस कल्पना के साथ गरीब लोगों की चिंता करते हुए मां बमलेश्वरी मंदिर के ट्रस्टी मानवता की सेवा का काम कर रहे हैं यह सबसे बड़ा पुनीत काम है जिसका आने वाले समय में क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलना चाहिए ।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक-एक क्षेत्र का विकास ,पूरा देश विकास के क्षेत्र में आगे बढ़कर विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने वाला है छत्तीसगढ़ में जो विकास कार्य हुए आने वाले समय में प्रदेश भी दूसरे नंबर पर रहेगा । इस अवसर पर जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ,प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी ,लाल बहादुर नगर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू, मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ,वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल ,सुनील जैन ,हरविंदर सिंह मगे , सुरेंद्र सिंह बनोवाना , महेंद्र भाई पटेल ,नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ,शहर भाजपा अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोवाना ,महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़ ,एल बी नगर भाजपा अध्यक्ष मनोज कांडे, ,नपा सभापति रेखा राघवते, सुमित ताम्रकार, देवेंद्र साखरे, हरीश मोटघरे, शिवांगी साखरे ,बबीता मलगार ,शारदा यादव, महेंद्र अग्रवाल ,लक्ष्मी यादव ,विनय बंसल ,विनीत यादव ,सुरेश सिंहा , तरुण हत्थेल ,भागवत नामदेव ,सौमित्र सोनी विजेंद्र सिंह ठाकुर अलका जयश सहारे, अंचला सिंह ठाकुर, अमित छाबडा ,वीरेंद्र साहू ,सुषमा कोठारी ,नीरज यादव ,सरफराज नवाज, असीम मलिक ,संतोष राव ,अनिल पांडे ,अनीता इंदुरकर सहित अन्य उपस्थित थे ।



# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के तत्वाधान में होगा शिक्षक प्रशिक्षण एवं प्रतिभा सम्मान

- जिले के 500 से अधिक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे
- राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक देंगे प्रशिक्षण



**बेमेतरा,** 28 जून (देशबन्धु)। आज समाधान महाविद्यालय बेमेतरा में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन जिला बेमेतरा की आवश्यक बैठक संपन्न हुई जिसमें आर टी ई पोर्टल के संबंध में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के सदस्य संचालकों एवं संचालक प्रतिनिधियों को दिया गया यह प्रशिक्षण संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी के सहसचिव कृष्ण कुमार सोनी द्वारा प्रदान किया गया जो रॉयल पब्लिक स्कूल के संचालक हैं। इस अवसर पर महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर आरटीई पोर्टल और उसमें आ रही त्रुटि को सुधारने संबंधी प्रश्नोत्तरी भी किया गया इस आज के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अवधेश पटेल ने बताया कि आज संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि आगामी जुलाई माह में 20 जुलाई, रविवार को एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण 500 से अधिक शिक्षकों को एलंस पब्लिक स्कूल बेमेतरा में संगठन के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में बेमेतरा जिले के एसोसिएशन से जुड़े 500 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में दिल्ली मुनि इंटरनेशनल स्कूल के संचालक डॉक्टर अशोक ठाकुर जो एक इंटरनेशनल शिक्षाविद एवं लेखक हैं जिनके स्कूल को यूनेस्को ने वर्ल्ड स्टार के रैंकिंग में सातवां नंबर का अवार्ड प्रदान किया है जो देश में बजट स्कूल में सीबीएसई में पिछले 8 वर्षों से लगातार नंबर वन स्कूल बना हुआ है और जापान सरकार का एकमात्र भारत देश का पार्टनर स्कूल है आप संगठन के सदस्य शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, एवं इनके अलावा श्री मुकेश शाह, शिक्षाविद डायरेक्टर शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल, गोविंद मुदलियार, शिक्षाविद, डॉ अवधेश पटेल, नेशनल मेमोरी एंड माइंड पावर ट्रेनर, एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविदों से प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन में बेमेतरा जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी संगठन के माध्यम से किया जाएगा एवं प्रत्येक स्कूल से एक बेस्ट टीचर का भी सम्मान प्रदान किया जाएगा। आज इस मीटिंग में समूचे बेमेतरा जिले के लगभग 30 से अधिक संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिसमें मुख्य रूप से इंडियन पब्लिक स्कूल से संगठन के सचिव रामकुमार भारती न्यू गुरुकुल स्कूल नवागढ़ के संचालक गजपाल सिंह खुराना, गुरुकुल स्कूल से राजेशधर दीवान, विवेकानंद पब्लिक स्कूल से जितेंद्र सिंह राजपूत, दीक्षा पब्लिक स्कूल से मालिक राम वर्मा, बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा से डॉक्टर रेवाराम पाल, स्वामी विवेकानंद गुरुकुल विद्यालय से दिलहरण कुमार साहू, जय हिंद पब्लिक स्कूल खाती से विवेक तिवारी, समर्थ पब्लिक स्कूल से नोहर साहू, गुरु कृपा पब्लिक स्कूल से श्रीमती श्रीपति साहू, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, बेमेतरा, सृजन पब्लिक स्कूल से राम सर, एवं माइंड्स आई इंटरनेशनल स्कूल, ललित विद्यालय नवागढ़, संस्कार पब्लिक स्कूल, सरस्वती ज्ञानदीप मंदिर वेदिता पब्लिक स्कूल, सूर्या पब्लिक स्कूल, गुरु कृपा पब्लिक स्कूल, रॉयल पब्लिक स्कूल, ज्ञानोदय विद्या निकेतन, सरस्वती ज्ञान मंदिर स्वामी विवेकानंद विद्यालय नवागढ़, आइडियल पब्लिक स्कूल, इंडियन पब्लिक स्कूल विभिन्न स्कूलों से संचालक गण एवं उनके प्रतिनिधि गण सम्मिलित हुए सभी ने संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने विचार साझा किया एवं पाठ्य पुस्तक को अति शीघ्र प्रदान करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को एवं पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखने की सहमति बनी।

# एक पेड़ माँ के नाम थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

## विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप मे हुए शामिल



**बेमेतरा,** 28 जून (देशबन्धु)। आज शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा के परिसर में च्एक पेड़ माँ के नामज्ज अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए द्य जिनके मार्गदर्शन में कुल 175 पौधे महाविद्यालय परिसर में रोपे गए।

इस अभियान में सामाजिक संस्था च्सहयोग बेमेतराज्ज के सदस्यों ड्ड डॉ. सुभाष चौबे, सुशील शर्मा, संजय त्रिपाठी, पद्म जैन, डॉ. अविनाश त्रिपाठी, बंटी अरोरा, धर्मेंद्र शर्मा, पार्षद नीतू कोठारी ड्ड ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्या डॉ. वीणा त्रिपाठी सहित डी.आर. साहू, राजकुमार त्रिपाठी, देवेंद्रधर द्विवेदी, जितेंद्र बारले, भोलाराम साहू, डी.पी. जंघेल, श्वेता साहू और आशुतोष शुक्ला सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर विधायक श्री दीपेश साहू ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण करते हुए कहा यह मेरा सौभाग्य है कि मैं इसी महाविद्यालय का पूर्व छात्र हूं। इस महाविद्यालय की समग्र उन्नति के लिए किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में बेमेतरा महाविद्यालय प्रदेश ही नहीं, देश में भी कीर्तिमान स्थापित करेगा।ज्विधायक श्री साहू ने उल्लेख किया कि बेमेतरा महाविद्यालय परिसर में वर्ष 2010 में माननीय पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के करकमलों से 11 एकड़ भूमि पर 10,000 वृक्षों का रोपण किया गया था, जिससे आज शहरवासियों को स्वच्छ एवं प्राकृतिक वायु का लाभ मिल रहा है।

# बेमेतरा जिला जेल में विचाराधीन बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**बेमेतरा,** 28 जून (देशबन्धु)। जिला जेल बेमेतरा में राष्टीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (ह्वष्टह्र) तहत छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (ष्टत्रस्ष्टस् )के अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी के आदेशानुसार कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम (ष्ठष्टस्) रणबीर शर्मा ,सीएमएचओ के निर्देशन व जिला एड्स नियंत्रण नोडल अधिकारी डॉ खगदेव साहू के मार्गदर्शन में जिला जेल बेमेतरा में स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने सभी बंदियों का स्वास्थ्य जांच ,परीक्षण ,परामर्श देते,रक्त जांच सुविधा प्रदान तहत 28 जून 2025 को जिला जेल बेमेतरा में 174 विचाराधीन बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

यह स्वास्थ्य परीक्षण जिला जेल बेमेतरा स्वास्थ्य प्रभारी डॉ पवन वर्मा , दीपांजलि डेनियल नर्सिंग ऑफिसर द्वारा किया गया और सभी विचाराधीन बंदियों का जिला चिकित्सालय बेमेतरा ॥ष्टञ्जस् (एच आई वी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सर्विस) के परामर्शदाता पुरानिक नायक परामर्शदाता द्वारा स्वास्थ्य परामर्श के साथ एचआईवी /एड्स फैलने के कारण और बचाव,यौन रोग, सिफीलिस,हेपेटाइटिस पर जानकारी देते हुए काउंसलिंग किया गया एवं ॥ष्टञ्जस् एमएलटी संजय तिवारी द्वारा रक्तजांच किया गया , उक्त अवसर पर जिला जेल बेमेतरा के जेल अधीक्षक ,फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे, जेल स्टाफ के साथ जेल प्रहरी उपस्थित रहे।

# खण्डसरा स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव

**बेमेतरा,** 28 जून (देशबन्धु)। बच्चों को बेहतर अध्ययन करने किया प्रोत्साहित बेमेतरा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल का संयुक्त प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 का आयोजन मुख्य अतिथि बेमेतरा जिला पंचायत सदस्य बाल कुमारी ध्रुव,ग्राम प्रमुख शरद जोशी के प्रतिनिधि, सरपंच प्रतिनिधि देवेन्द्र मार्कण्डेय, शाला प्रबंधन समिति के अमरनाथ चक्रधारी, पूनम चौहान गोकुल जायसवाल,अशोक जायसवाल, बुधराम रजक, राजकुमार सिंहा, रविन्द्र जायसवाल,तोरण सिंहा, योगी साहू, रामानंद निषाद, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी बैनर्जी, सी ए सी लहर सिंह नेताम पंचगण, पलकों की आतिथ्य में आयोजित हुई।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना, सरस्वती वंदना के साथ छात्रों ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किए वहीं



शिक्षकों ने अतिथियों पलकों को पुष्प मालाओं से स्वागत कर किया। अतिथियों , पलकों को प्राचार्य महेश साहू ने गतवर्ष की परीक्षा परिणाम, छात्रों के हित में शासन की योजनाओं एवं युक्तियुक्तकरण से अवगत करते हुए स्कूल संचालन व्यस्था से संबंधित विषयों से अवगत कराया,

तत्पश्चात् अतिथियों ने कक्षा 1ली, 6वी 9वी के नव प्रवेशी छात्रों को गुलाल चन्दन, मिष्ठान खिला कर माला पहनाकर गणवेश और पाठ्यपुस्तकें प्रदान कर प्रोत्साहित करते नियमित स्कूल आने की सिख दिये। नव प्रवेशी छात्रों को संबोधित करते जिला पंचायत सदस्य बाल कुमारी ध्रुव ने कहा की आप अभी से ही अपना लक्ष्य बना कर पढाई करे सफलता प्राप्त होगी ही। सफलता पर सब का अधिकार होता है बस इसे प्राप्त होने की मजबूत इरादा होना चाहिए। अमरनाथ चक्रधारी जी ने सभी जनों को संबोधित करते हुए कहा की शिक्षकों के साथ ही पालक भी अपने बच्चों के प्रति सतत् जगरूप रहे नियमित स्कूल स्वयं लेकर आए अपने बच्चों के बारे में शिक्षकों से जानकारी लेते रहे। उपस्थित सभी अतिथियों ने अपने अपने विचारों से पलकों ,छात्रों को संबोधित किए।

कार्यक्रम का समन्वयक शिक्षक अजय शर्मा थे व संचालन महादेव कौशल , आभार प्रदर्शन नीलम तिवारी ने किया इस दौरान श्रद्धा चंद्राकर,अरविंद सोनी, रोहित वर्मा, खोवाराम धीवर , तीरथ राम डहरे , नीरज साहू ग्रेवेंद्र , सनत मृतचंडे , गोदावरी प्राथमिक, माध्यमिक ,हाई स्कूल के सभी शिक्षकगण , ग्रामीणजन उपस्थित थे

# पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को दी गई श्रद्धांजलि

## रायपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार

**थानखम्हरिया,** 28 जून (देशबन्धु)। देश के सुप्रसिद्ध हास्य कवि पद्मश्री सम्मान से सम्मानित डॉ. सुरेन्द्र दुबे के ह्रदयघात से आकस्मिक निधन से साहित्य बिरादरी शोकमग्न है. सांस्कृतिक संस्था श्री साईनाथ फाउंडेशन के संस्थापक व लोकप्रिय युवा संस्कृतिकर्मी आशीष राज सिंघानिया ने रायपुर स्थित मारवाड़ी शमशान घाट में उनके अंतिम संस्कार में सम्मिलित होकर नगर की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित किया।



उनके साथ बिताए के कई संस्मरणों को साझा करते हुए श्री सिंघानिया ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला. उन्होंने बताया कि काव्य यात्राओं व मंचीय कार्यक्रमों के दौरान जीवन के तमाम पहलुओं पर अनेक बातें उनसे सीखने को मिली व उनके व्यक्तित्व से साहित्य को समझने में आसानी हुई।

अंतिम संस्कार के अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम व ओपी चौधरी सहित साहित्य क्षेत्र के शिखर पुरुष डॉ. कुमार विश्वास व प्रदेश भर से साहित्यकार व उनके चाहने वालों ने अपनी भावांजलि अर्पित की।

# युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ियों से आक्रोशित शिक्षक साझा मंच ने 1 जुलाई को ब्लॉक मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन की दी चेतावनी

**बालोद,** 28 जून (देशबन्धु)। युक्तियुक्तकरण में ढेरों विसंगतियां और गड़बड़ियों से आक्रोशित शिक्षक साझा मंच के जिला संयोजक देवेन्द्र हरमुख ने बताया कि शिक्षक युक्तियुक्तकरण में प्रदेश भर से भारी गड़बड़ियों की शिकायते मिल रही है अतिशेष शिक्षकों को न ही दावा आपत्ति का समय दिया गया और ना ही अभ्यावेदन का उचित निराकरण ही हो पाया है। सभी विकासखंडों व जिलों में अपने चहेते शिक्षकों और कनिष्ठ शिक्षकों को बचाने का खेल विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा खेला गया। इससे शिक्षक आक्रोशित हैं और बड़ी संख्या में युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों ने कोर्ट में याचिका दायर की है। लगातार मिल रही शिक्षकों की शिकायतों को लेकर शिक्षक साझा मंच के प्रतिनिधियों ने शिक्षा सचिव एवं लोक शिक्षण संचालक से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण में हुई गड़बड़ी और विसंगतियों से उन्हें अवगत कराया गया था। लेकिन आज पर्यंत तक सरकार की तरफ से सुधार हेतु किसी भी प्रकार की प्रयास नहीं किया गया। जबकि शिक्षक साझा मंच ने बार बार सबूत के साथ इन गड़बड़ियों को उजागर किया तथा युक्तियुक्तकरण को एक सिरे से खारिज करने की मांग भी की गई। अलबत्ता शासन द्वारा एक दो विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को निलंबित कर पल्ला झाड़ने का काम किया है। इस पर जिला संचालक देवेन्द्र हरमुख ने बताया कि बार बार निवेदन करने के पश्चात भी शासन से कोई उचित जवाब व कार्यवाही ना होने से शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। दोषी अधिकारियों पर उचित कार्यवाही तथा त्रुटियों का निराकरण 30 जून तक ना होने की दशा में 1 जुलाई को सभी ब्लाक मुख्यालयों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा स्कूल सेटअप 2008 में परिवर्तन नहीं करने पूर्व सेवा अवधि की गणना कर क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ देने की मांग की गई। मांग करने वालों में जिला संचालक देवेन्द्र हरमुख के साथ जिला उपाध्यक्ष एलेन्द्र यादव, जिला सचिव अश्विनी सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष दयाराम चुरेन्द्र, ब्लाक अध्यक्ष बालोद खिलानंद साहू, डौण्डी ब्लाक अध्यक्ष प्रहलाद कोसमार्य, लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष अनिल दिल्लीवार, गुण्डरदेही ब्लाक अध्यक्ष छबिलाल साहू, गुरुर ब्लाक अध्यक्ष धनेश यादव, मीडिया प्रभारी हेमंत देशमुख, संदीप दुबे, दुलार सिंह कौशिक, उमेश साहू, मदन लाल साहू, नकुल एलेन्द्र, खेमंत साहू, संभव देवांगन, शिवकुमार चौरके आदि उपस्थित थे।




# छत्तीसगढ़ सिंगरौर कुर्मी (क्षत्रिय) समाज जिला नवनिर्वाचित पदाधिकारी का होगा शपथ ग्रहण

**बेमेतरा,** 28 जून (देशबन्धु)। सिंगरौर कुर्मी (क्षत्रिय) समाज जिला बेमेतरा में दिनांक 29 जून रविवार को बेमेतरा मैं प्रातः सुबह 10ः00 बजे से संध्या 6ः00 बजे तक नवनिर्वाचित अधिकारियों को प्रमाण पत्र का वितरण एवं शपथ ग्रहण तथा सिंघरौंर कुर्मी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है कांतेली के कुर्मी भवन मे रखा गया है अध्यक्ष श्री राजेंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह 10ः00 से दोपहर 2ः00 बजे तक नवनिर्वाचित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र वितरण एवं शपथ ग्रहण किया जाएगा और दोपहर 2ः00 बजे से 3ः00 तक भोजन अवकाश रहेगा उसके बाद दोपहर 3ः00 बजे से संध्या 6ः00 बजे तक सिंघरौंर कर्मी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजित रखा गया है इसके विवरण (1) प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान (2) नये पंचायत प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों का सम्मान (3) सम्मानित एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान और उपाध्यक्ष हेम सिंह वर्मा ने बताया कि हमारे मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्री विजय बघेल जी सांसद एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ कुर्मी क्षत्रीय समाज, अध्यक्षता माननीय श्री डॉक्टर प्रवीण वर्मा जी सदस्य छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, विशिष्टअतिथि माननीय श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर जी राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी (क्षेत्रीय) महासभा और इन्हीं के साथ मोहित राम वर्मा (अधिवक्ता) मुख्य निर्वाचन अधिकारी, घासीराम वर्मा सहायक निवास अधिकारी, निर्वाचन अधिकारी समस्तगढ़, कोषाध्यक्ष हेम सिंह वर्मा सचिव ललित वर्मा और सभी ग्रामीण सिंगरौर कुर्मी समाज परीक्षेत्रीय पदाधिकारी ग्रामीण पदाधिकारी और समस्त कुर्मी समाज एकत्रित होकर कार्यक्रम को सफल करें ।

# आयुर्वेदाचार्य गुरूदेव बिरेन्द्र देशमुख स्वास्थ्य मंत्री के हाथों हुए सम्मानित

**बालोद,** 28 जून (देशबन्धु)। जिले के प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य व आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में ख्याति नाम आयुर्वेदाचार्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख का बीते दिनों रोमन पार्क दुर्ग में आयोजित एक कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सम्मानित किया। गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक नाम हैं बल्कि समाज सेवा के रूप में भी उनकी ख्याति है। खास तौर पर अभावग्रस्त स्कूलों में पहुंचकर वे मदद करने की कोशिश में लगे रहते हैं। गुरुदेव को सम्मान मिलने पर क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। ज्ञात हो कि भेड़ी ;सुरेगांवद्ध निवासी प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य आयुर्वेदाचार्य व समाजसेवी गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख को मिले अनेकों सम्मान की कड़ी में एक और कड़ी जुड़ गई। छत्तीसगढ़ में आयुर्वेद के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों उन्हें सम्मानित किया गया। नाड़ी वैद्य गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख विभिन्न जगहों में अपने क्लीनिक के माध्यम से आयुर्वेद जड़ी बूटियों के जरिए ऐसे ऐसे असाध्य रोगों को ठीक करते हैं जिसका इलाज कराते कराते लोग थक चुके होते हैं। अब तक हजारों लोगों को उन्होंने स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया है। इसी के चलते उन्हें सम्मान दिया गया। गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख न केवल बेहतर आयुर्वेदाचार्य हैं बल्कि समाज सेवा में भी अग्रणी हैं। गुरुदेव आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में नाड़ी वैद्य के रूप में तो प्रसिद्ध हैं ही लेकिन समाजसेवी के रूप में भी वे क्षेत्र में जाने जाते हैं। अपने चिकित्सालय में आने वाले गरीब लोगों का वे मुफ्त में इलाज करते हैं इसके अलावा असहाय गरीबों की मदद करने के लिए भी वे हमेशा आगे रहते हैं। इसी तारतम्य में ग्राम भंडेरा में एक गरीब परिवार के आशियाना जलने के बाद उन्होंने एक लाख रुपए की मदद पहुंचाई थी। इसी प्रकार एक पीड़ित परिवार को उन्होंने 50 हजार की मदद की थी। इसके अलावा अनेक लोगों को छोटी.मोटी मदद पहुंचाते रहते हैं।



गुरुदेव गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख शिक्षा को जीवन में सबसे महत्वपूर्ण मानते हैं उनका मानना है कि बिना शिक्षा के व्यक्ति का समाज का देश का विकास नहीं हो सकता। इसलिए वे ऐसे स्कूलों में पहुंच जाते हैं जहां सुविधाओं की कमी होती है और उन्हें मदद पहुंचाते हैं। ग्राम नवागांव में स्कूल को उन्होंने एक कमरा बनवा कर दिया है। इसी तरह माहुद स्कूल में उन्होंने मंच में टिन शेड बनाकर दिया है। गुरुदेव बिरेंद्र देशमुख बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम लिमोरा में भव्य 64 योगिनी मंदिर बनवा रहे हैं। इस मंदिर की कई विशेषताएं होंगी। खास बात यह है कि यहां कोई दान पेटी नहीं रखी जाएगी। प्रतिदिन भोजन भंडारा भी दिया जाएगा। मंदिर के निर्माण में गुजरात से कारीगर आए हुए हैं और युद्धस्तर पर इसका निर्माण किया जा रहा है। संभवत: प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का यह पहला 64 योगिनी मंदिर होगा।

# अरिहंत एकेडमी में हुआ रथयात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन

**बालोद,** 28 जून (देशबन्धु)। शुक्रवार को अरिहंत एकेडमी बालोद में रथ यात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसमें समस्त छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों ने भाग लिया। रथ यात्रा का शुभारंभ विद्यालय परिसर में स्थित मंदिर के समक्ष विधिवत पूजा.अर्चना के साथ हुआ। इसके पश्चात भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा छात्रो द्वारा निर्मित रथ में पूरे विद्यालय परिसर में बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। छात्र.छात्राओं ने भजनए नृत्य एवं झांकियों के माध्यम से इस पर्व की गरिमा को बढ़ाया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन ने अपने संदेश में कहा कि ष्ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति आस्था और सम्मान की भावना जागृत होती है।ष् प्रधानाचार्य आलोक श्रीवास्तव ने अपने वक्तव्य में कहा रथ यात्रा एक आध्यात्मिक यात्रा है जो जीवन में समर्पण, सेवा और विश्वास का प्रतीक है। विद्यालय का प्रयास रहेगा कि छात्रों को ऐसी सांस्कृतिक धरोहरों से लगातार जोड़ा जाए। विद्यालय के डायरेक्टरों ने इस पावन अवसर पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि अरिहंत एकेडमी न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को भी समान रूप से महत्व देता है। कार्यक्रम का समापन गुड़मूँग प्रसाद वितरण के साथ हुआ।



# प्रभु जगन्नाथ बलभद्र देवी सुभद्रा की रथ यात्रा लौह नगरी में धूम धाम से मनाया गया

## रथ यात्रा में आए हुए सभी भक्तजनों को दिये साधुवादमोनू चौधरी

**दल्लीराजहरा,** 28 जून (देशबन्धु)। लौह नगरी में उड़ीसा के पुरी के तर्ज पर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा बड़ी धूमधाम से मनाया गया ।आज सुबह से ही बारिश ने रथ यात्रा में खलल डाली लेकिन भक्तों के हौसला के सामने बरसात भी नतमस्तक हो गए द्य और रथ यात्रा पूरी होने तक ठहर सा गए द्यरथ यात्रा का प्रारंभ मंदिर परिसर से भगवान जगन्नाथ बलभद्र और देवी सुभद्रा को विधि विधान से पूजा अर्चना कर रथ की ओर उड़ीसा से आए हुए पंडित जी उत्कल समिति के पदाधिकारी मातृ शक्तियों के द्वारा जय जगन्नाथ की उद्घोष और बाजे गाजे के साथ झूला झुलाते हुए लाया गया द्यइस अवसर पर छेरा पहुरा का परंपरा लौह अयस्क खान समूह के मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार, जयप्रकाश , विपिन कुमार यस के बास्के,डीके सिंह मंगेश सेलकर एसपी सिंह प्रवीण कुमार राय साथ में उत्कल समिति के पदाधिकारी राजेंद्र बेहरा मोनू चौधरी विजय भंज टूटू मोहंती मौजूदगी में निभाया गया। दोपहर प्रसाद ग्रहण के बाद रथ यात्रा प्रारंभ हुआ द्य रथ यात्रा में शामिल होने सांसद भोजराज नाग कलेक्टर दिव्या मिश्रा अपर कलेक्टर चंद्र वाल कौशिक यस पी योगेश पटेल विशेष तौर पर रथ यात्रा में शामिल होने के लिए दल्ली राजहरा आए द्य नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ,रामेश्वर साहू के साथ हज़ारों के संख्या में शहरवासी भगवान जगन्नाथ के रथ का रस्सा खींचने में सम्मलित हुए द्य आज इस रथ यात्रा में पुरी लौह नगरी भक्तिमय हो गया था द्य रथ के आगे लोगों की रस्सी खींचने की होड़ बस्तरिया राउत नाचा के साथ नृत्य करते लोग डीजे में नृत्य करते लोग बहुत आकर्षक लग रहा था। पूरा लौह नगरी इसमें समाहित होकर महाप्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा का आनंद ले रहे थे द्य उड़ीसा से विशेष रूप से आए दिव्यांग कलाकारों का भक्तिमय गीत ने भी मन को मोह लिया दिव्यांग होने के बावजूद इन्होंने जो लए और सुर के साथ भक्ति गीत प्रस्तुत किया। महाप्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को रथ में सवार कर पुरे नगर में भ्रमण करते हुए भगवान जगन्नाथ मंदिर स्थल पहुंचा द्य वहाँ पर समिति के सदस्यों एवं नागरिकों के द्वारा 9 दिन तक महाप्रभु जगन्नाथ भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा अर्चना किया जाएगा द्य जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष मोनू चौधरी ने जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से दल्ली राजहरा के समस्त नागरिकों का , समिति के सदस्यों ,जनप्रति निधियों ,विभिन्न समाज के सदस्यों को भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में सम्मिलित होने और सहयोग करने के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर राजेंद्र बेहरा विजय भंज राजकिशोर मोहंती सुरेंद्र बेहरा एम सुधार दशरथ महंत राकेश नायक रिपु चंद नायक सुशांत नाथ अशोक बेहरा सरिता चौधरी द्यभाजपा पूर्व मंडल अध्यक्षों में गोविंद वाधवानी महेश पांडे राजू कुकरेजा वर्तमान मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू उपाध्यक्ष मुकेश खस सुरेंद्र बेहरा उपस्थित रहे।



**उल्टा पुल्टा**

पड़ोसन- फोन बहुत अच्छा है तुम्हारा।
श्रीमति- भाई ने लेकर दिया है। 40 हजार का पड़ा।
पड़ोसन- नेकलेस भी अच्छा है तुम्हारा
श्रीमति- उन्होंने लेकर दिया, डेढ़ लाख का पड़ा।
पड़ोसन- पति भी अच्छे हैं तुम्हारे।
श्रीमति- पिताजी ने लेकर दिया। 40 लाख में पड़े।

# डायरिया प्रभावितों का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे सीएचसी पलारी

## घर-घर सर्वे करने, सैंपल जांच व सतत निगरानी के निर्देश



**विधायक संदीप साहू भी किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा**

**पलारी/बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को पलारी के उन वार्डों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया जहाँ उल्टी दस्त के कुछ प्रकरण सामने आए हैं। उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में ईलाज हेतु भर्ती मरीजों का भी जायजा लिया और चिकित्सकों को पर्याप्त दवाई की उपलब्धता व बेहतर ईलाज के निर्देश दिये। इसके साथ वार्डो में बनाए गए मेडिकल कैम्प का भी निरीक्षण कर मरीजों का हाल-चाल जाना। वहीं क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू भी डायरिया प्रभावितों का जायजा लेने पलारी सीएचसी के अलावा वार्डो में बनाये गये मेडिकल कैम्प भी पहुंचे। इसके अलावा संबंधित अन्य ग्राम भी पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधा की जानकारी ली। विधायक संदीप साहू के साथ जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, मनीष चंद्राकर, एवं अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थें।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ नगरीय निकाय, पीएचई और राजस्व विभाग को समन्वय बना कर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने डायरिया नियंत्रण के लिए वार्डो का सर्वे करने, जल स्त्रोतों का शुद्धिकरण सहित सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने, प्रकरण के सम्बंध में निगरानी बढ़ाये जाने के भी निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार अवस्थी ने बताया कि बारिश के मौसम में साफ-सफाई के अभाव, दूषित खान-पान के कारण उल्टी-दस्त की शिकायत होती है। पलारी के कुछ वार्डों में इसके प्रकरण सामने आए हैं। इसमें वार्ड क्रमांक नंबर 4 मे 86घरों के सर्वे में 48, वार्ड क्रमांक 2 में 60 घरों के सर्वे में 12, वार्ड क्रमांक 5 में 50 घरों के सर्वे में 8 लोग लक्षण वाले प्रकट हुए हैं। सभी को उपचार दिया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इन क्षेत्रों में कैंप लगाया गया है जिसमें कर्मचारियों की शिफ्ट अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। सीएचसी पलारी में उल्टी-दस्त के 29 मरीज भर्ती हैं जिनका ईलाज जारी है। इसके साथ ही कैम्प में भी मरीजों का ईलाज जारी है। मौके पर उपस्थित आईडीएसपी के नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि पलारी में मरीजों के उपचार हेतु पर्याप्त व्यवस्था है। भर्ती में से ऐसे मरीज जिनका यूरिन आउट पुट कम हैं एवं बच्चे और गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जा रही है। स्टाफके अवकाश भी निरस्त कर दिए गए हैं। वार्डों में ओआरएस सहित जरूरी दवाइयों का भी वितरण किया गया है। पानी जाँच हेतु भी भेजा गया है। लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा भी प्रदान की जा रही है। इस दौरान एसडीएम दीपक निकुंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# पारागांव में छापा, लखना को छोड़ा जबकि घाट की दूरी मात्र 2 किमी




**लखना में भी अवैध उत्खनन चरम पर, लोगों में आक्रोश**

**नवापारा राजिम,** 28 जून (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम लखना मे अवैध रेत उत्खनन जारी है बीती रात महज लखना से पारागांव 2 किलोमीटर की दूरी पर खनिज विभाग में देर रात्रि छापा मारा मगर इससे लगा ग्राम 2किलो मीटर की दूरी पर लखना को छोड़ दिया गया जिससे ग्राम वासी अधिकारियों को संदेह की नजर से देख रहे हैं ।

ग्राम लखना में भी अवैध रेत उत्खनन का बड़ा मामला है. जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन करीब 50 ट्रैक्टर वाहन ग्राम में नर्सरी के आसपास और महानदी से सैकड़ों ट्रिप रेत निकालकर बाहर भेज रहे हैं. यह रेत भंडारण कर हाईवा मालिकों को बेचा जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की भारी क्षति हो रही है.इस पूरे खेल में ग्राम के ही एक युवक की केंद्रीय भूमिका सामने आ रही है, जिस पर अब कार्रवाई की मांग तेज हो गई है. स्थानीय ग्रामीणों ने खनिज विभाग से लखना में भी तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है.

खनिज विभाग का कहना है कि अवैध उत्खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जहां भी अवैध रेत खनन और परिवहन की जा रही है, वहां कार्रवाई की जाएगी.

# खैरवारडीह वन क्षेत्र के सड़क गड्ढों में तब्दील होकर हुआ जलमग्न




**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से दक्षिण में 9 किलोमीटर की दुरी पर स्थित बलौदाबाजार सिमगा मार्ग से खैरवारडीह वन क्षेत्र के बीचोबीच 3 किलोमीटर की यह कच्ची सड़क 20 वर्षों से अपनी जीर्णोदधार की बाट जोहता गड्डों में तब्दील होकर हुआ जलमग्न हुआ है। 3 किलोमीटर की यह कच्ची सड़क बलौदाबाजार भाटापारा मार्ग को भी जोडता है। इस मार्ग से अपने भविष्य को गढ़ने वाले स्कूलों के बच्चे और गुजरने वाले राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर जनप्रतिनिधियों को इस मार्ग की दुर्दशा पर कोसते हुए रास्ते तय करते हैं। वहीं यहां के ग्रामीण कहते हैं कि प्रत्येक चुनाव में नेताओं के झुठे वादों से हम ठगे जा रहे हैं।

# रथयात्रा में शामिल हुए नपाध्यक्ष, मांगी नगर की खुशहाली का आशीर्वाद



**महासमुंद,** 28 जून (देशबन्धु)। श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण से महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा नगर में भक्तिमय माहौल में 27 जून को निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र, बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए पूरा नगर उमड़ पड़ा। नगर वासियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी रथयात्रा में शामिल हुए। श्री साहू ने भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ खींचकर उनकी पूजा की तथा नगर व क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। उन्होंने कीर्तन मंडलियों के साथ मंजीरा बजाते हुए भगवान के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि रथयात्रा का पर्व भगवान के प्रति भक्तों का प्रेम व आस्था का प्रतीक है। हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि जगन्नाथ भगवान स्वयं दर्शन देने अपने भक्तों के बीच आते हैं। उन्होंने रथयात्रा पर्व की समस्त नगर जनों को शुभकामनाएं दी।

# माउजर गन के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे ये युवक**

**नवापारा राजिम,** 28 जून (देशबन्धु)। नवापारा अभनपुर मार्ग पर कठिया मोड़ पर सेलेरियो कार क्रमांक सीजी 04 एमडी 7067 की जांच की जहां कार में माउजर पिस्टल के साथ दो आरोपी पकड़े गए । पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे।

मिली जानकारी के अनुसार नवापारा अभनपुर मार्ग पर कठिया मोड़ के पास पुलिस ने एक संदिग्ध सेलेरियो कार क्रमांक सीजी 04 एमडी 7067 से माउजर पिस्तौल के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि संदिग्ध कार में सवार युवक पिस्टल लेकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं।

सूचना के बाद पुलिस सतर्क हो गई। पुलिस ने कठिया मोड़ स्थित शासकीय महाविद्यालय के पास लाल रंग की सेलेरियो कार क्रमांक सीजी 04 एमडी 7067 को रोका और उसकी तलाशी ली ।कार में दो युवक सवार थे, जिसमें एक युवक नीलकंठ साहू के पास से माउजर पिस्तौल बरामद हुई।

तलाशी के दौरान कार में पिस्तौल के अलावा एक कुल्हाड़ी और एक क्लीवर चाकू भी मिला है। पुलिस ने हथियार के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन युवक कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल साईं नगर कॉलोनी निवासी नीलकंठ साहू और उसके साथी को हिरासत में ले लिया और उनसे पूछताछ कर रही है।

# सरकार की बदहाल पीडीएस व्यवस्था से जनता त्रस्त : राकेश



**समस्याओं का समाधान नही हुआ तो आंदोलन करेगी आप**

**महासमुंद,** 28 जून (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन कार्डधारियों को तीन महीने का एकमुश्त चावल बांटने की योजना में अव्यवस्था देखने को मिल रही है। बिना किसी पूर्व तैयारी के 30 जून तक तीन महीने का एकमुश्त चावल देने का निर्णय ले लिया गया है, जबकि प्रदेश की 13 हजार से अधिक राशन दुकानों में चावल रखने के लिए गोदाम नहीं है। वहीं उचित मूल्य की दुकानों में चावल लेने हितग्राहियों की भीड़ भी उमड़ रही है। जून महीने के तीसरे सप्ताह गुजर जाने के बाद भी केवल 40 प्रतिशत चावल बटा है, उसमें भी अधिकांश कार्डधारियों को तीन महीने के बदले एक.दो महीने का ही चावल वितरण हुआ है। झाबक ने कहा कि जब महासमुंद जिले में वितरण में इतनी लापरवाही है तो सोचिये प्रदेश के हर जिले में क्या गंभीर स्थिति होगी। महासमुंद जिले में तीन माह का राशन एक साथ गोदामों से अनाज उठाने पर्याप्त गाड़िया तक नहीं हैं, स्थिति इतनी चिंताजनक है नान गोदाम से सरकारी राशन दुकानों तक चावल नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में सार्वजानिक राशन वितरण प्रणाली में घोर खामियाँ हैं जिसे राज्य का खाद्य विभाग संभाल नहीं पा रहा है। कुछ दिन पहले ही सरगुजा जिले में कई महीनों से मृत लोगों के नाम से राशन कार्ड पर राशन उठाया जा रहा था। सारंगढ़ ;बलौदाबाजार में कई राशन दुकानों से खराब स्तरहीन चावल की पैकेजिंग वितरण की शिकायतें प्राप्त हुई। रायगढ़ जिले के जबगा ब्लॉक में एक दूध समिति द्वारा संचालित राशन दुकान पर नियमित वितरण नहीं होने और सामग्री की कमी के आरोपों पर एफआईआर दर्ज की गई। दुर्ग जिले के कुम्हारी में एक सरकारी राशन दुकान से लगभग 15 क्विंटल पीडीएस चावल जब्त हुआ। दुकान को सील कर दोषियों के खिलाफ पुलिस व खाद्य विभाग द्वारा एफआईआर दर्ज की गई। श्री झाबक ने कहा कि खाद्य विभाग कुंभकर्णी नींद में सोया हुआ है। छत्तीसगढ़ में पीडीएस सिस्टम में कई जगहों पर गड़बड़ियां और लापरवाही पकड़ी गई है, कुछ मसले अभी जांचाधीन हैं, कुछ जगह कार्रवाई भी हुई है। लेकिन यह स्पष्ट है कि सिस्टम में पारदर्शिता, जिम्मेदारी और तकनीकी नीतियों को मजबूती की बहुत जरूरत है, ताकि वास्तविक लाभ सही लोगों तक पहुंचे और भ्रष्टाचार में कमी आए। श्री झाबक ने कहा कि समस्याओं का समाधान जल्द नही हुआ तो आप पार्टी जिले में आंदोलन करेगी।

# खाद- बीज की किल्लत को लेकर कांग्रेस करेगी धरना-प्रदर्शन

**महासमुंद,** 28 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में किसान खरीफफसल की तैयारी प्रारंभ कर चुके हैं मगर राज्य सरकार किसानों को खाद बीज की उपलब्धता समय पर सुनिश्चित नहीं कर पा रही है। सहकारी समितियां में खाद एवं बीज की उपलब्धता कम होने के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों को हो रही इस समस्या को लेकर कांग्रेस संगठन गंभीर है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा प्रदेश भर के सहकारी समितियों में एक दिवसीय धरनाध्प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष के निर्णय अनुसार जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने महासमुंद जिला अंतर्गत धरना प्रदर्शन करने हेतु ब्लॉक स्तर पर प्रभारीयो की नियुक्ति की है। प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे की ब्लॉक स्तर पर यह प्रदर्शन पूरे दम.खम के साथ हो। साथ ही रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि हम धरना प्रदर्शन करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे की किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो, इसके लिए किसानों को भटकने की आवश्यकता ना पड़े। खाद एवं बीज की किल्लत को लेकर सोसाइटी घेराव हेतु ब्लॉक वार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी प्रभारियों में महासमुंद शहर . अजय नंद, महासमुंद ग्रामीण गणेश शर्मा ,झलप पटेवा ब्लॉक . सुरेंद्र वैष्णव ,खल्लारी ब्लॉक . प्रदीप चंद्राकर ,बागबाहरा शहर . एडवोकेट भरत ठाकुर ,कोमाखान ब्लॉक . हुलास गिरी गोस्वामी ,पिथौरा ब्लाक .द्रोण चंद्राकर ,सांकरा ब्लॉक . अरविंदर सिंह छाबड़ा ,बसना ब्लॉक . राजेश जैन ,भंवरपुर ब्लॉक . मंजीत सलुजा ,सरायपाली शहर . मुकेश यादव ,सरायपाली ग्रामीण . इस्तियाक खैरानी ,छुईपाली ब्लॉक . श्रीमती मंदाकिनी साहू शामिल है।

# शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास



**राजिम,** 28 जून (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत के सरपंच अंजनी ध्रुव अध्यक्षता छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संभाग के अध्यक्ष एवं संस्था प्रमुख रामनारायण मिश्रा ने की विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती कुमारी ध्रुव वरिष्ठ शिक्षक रूपलाल साहू पुरुषोत्तम साहू नेमूराम साहू, नोहर साहू ,श्रीमती कुसुम यादव ,श्रीमती हेमीन साहू उपस्थित थे, सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों को गणवेश वितरण किया गया संस्था प्रमुख रामनारायण मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास होता है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है, इसलिए हमें शिक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए सभी पलक गण अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय जरूर भेजें ,सरपंच ने कहा कि सभी विद्यार्थी मन लगाकर विद्याध्ययन करें ।तथा अपने घरों में भी जाकर नियमित रूप से अध्ययन करें। बच्चों को मध्यान्ह भोजन भी परोसा गया ।कार्यक्रम का संचालन नेमू साहू ने किया तथा आभार प्रदर्शन रूपलाल साहू ने किया।

# नपाध्यक्ष अशोक जैन ने किया दशहरा मैदान में उत्सव मेला का शुभारंभ



**बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। नगर के स्थानीय दशहरा मैदान में उत्सव मेला का नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केशरवानी प्रदेश उपाध्यक्ष भारत स्काउट एण्ड गाइड, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद लोकेश चेलक, गौतम सिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, जिला भाजपा की उपाध्यक्ष श्रीमती नीलम सोनी ने उत्सव मेला शुभारंभ के अवसर पर पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने आयोजक गणो को उत्सव मेला की शुभकामनाएं देते हुए नगर वासियों के लिए अच्छे मनोरंजन के खेल व अलग-अलग किस्म के झुला लगाए गए है झूलों से परिवार के स्वस्थ्य मनोरंजन का माध्यम बताया गया। संचालनकर्ता दीपक मौर्य ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन को उत्सव मेला शुभारंभ के अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट की व अतिथि गणों को झूला व उत्सव मेला स्थल का अवलोकन भी कराया गया। जहां कुछ मनोरंजन झूले का आनंद भी अतिथियों ने उठाये व उत्सव मेला में लगाए गए झूले टोरा टोरा, आकाश झूला, ड्रैगन ट्रेन, ब्रेक डांस झुला, बच्चों के मनोरंजन झूलों के साथ-साथ आकर्षक खरीदी हेतु सामग्री की दुकान, कॉटन कपड़े, साड़ियां, शर्ट, क्रांकरी, फैंसी, एवं गृहस्थी की सामग्री, अचार पापड़, कारपेट व अन्य खेल मनोरंजन के स्टाल लगाए जाने की जानकारी दी गई। उत्सव मेला मीना बाजार मनोरंजन प्रदर्शनी आयोजन के शुभारंभ के अवसर पर पार्षद मनोज कान्त पुरैना, रवि फेकर भाजपा नेता योगेश अग्रवाल, के. के. वर्मा, राहुल सोनी, उमा शंकर सोनी, जितेंद्र जैन, रवि साहू, अरुण माहेश्वरी, सूरज सराफ दिलीप केशरवानी, भारत भूषण साहू, मीना बाजार स्टाल मैनेजर आजाद, मैनेजमेंट श्रीधन, सहित अन्य नागरिक गण एवं उत्सव मेला के स्टाफउपस्थित थे।

# ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी : मंत्री टंकराम



**नवप्रवेशी छात्रों का किया गया अभिनन्दन, गणवेश व पाठ्यपुस्तक बांटे**

**बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खजुरी में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर व मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया गया। इसके साथ ही प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालय के छात्रों को गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरित किया गया। मंत्री श्री वर्मा ने शासकीय हाई स्कूल खजुरी के खेल मैदान समतलीकरण हेतु 2 लाख एवं स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु 35 हजार देने की घोषणा की।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का जीवन में विशेष महत्त्व है ईमानदारी, निष्ठा व लगन से मेहनत करने पर सफलता जरूर मिलती है। इस स्कूल के विद्यार्थी मेहनती है। विगत वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं का उत्कृष्ट परिणाम रहा ।संसाधन व शिक्षकों की कमी रहते हुए भी बेहतर करने की कोशिश की है। उन्होने कहा कि सरकार गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी सरकार ने 18 महीने में विकास की रफ्तार को बढ़ाई है। शिक्षा व्यस्था बेहतर करने तथा संतुलन हेतु युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया अपनाई गई। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में नई शिक्षा नीति की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने भी सम्बोधित किया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने स्कूल परिसर में पीपल के पौधे का रोपण किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य चंद्रशेखर ध्रुव, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, ग्रामींण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा, सुनीता वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, डी ईओ हिमांशु भारतीय, बीईओ राजेन्द्र टंडन, प्राचार्य, शिक्षक, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# नपं अध्यक्ष की तत्परता से मिला नया बोर मशीन, पानी की समस्या का होगा समाधान



**राजिम,** 28 जून (देशबन्धु)। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव की तत्परता से वार्ड क्रमांक 3 और वार्ड क्रमांक 8 को नई मशीन मिल गई। विदित हो कि बार्ड क्रमांक 3 और-8 में गुप्ता मद्रू मिल के पास बोर मशीन है, वह लंबे समय से मशीन जल गयी थी जिससे दोनों वार्ड के निवासियों को पानी की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई थी।

नगर अध्यक्ष महेश यादव ने गंभीरता से लेते हुए नया बोर मशीन उपलब्ध कराया। जिसका आज पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल के द्वारा पूजा अर्चना कर विधिवत शुभारंभ किया गया।

नगर पंचायत के कर्मचारी सुबह से ही बोर मशीन को व्यवस्थित करने में लग रहे और पानी की समस्या को दूर किया गया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने बताया कि नगर विकास के लिए हमारे अध्यक्ष और पार्षद गण संकलपित है, नगर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयास किया किया जा रहा है,

आने वाले समय मे नगर का विकास कुम्भ नगरी के अनुरूप होगा। साथ ही दोनों वार्ड के नागरिकों द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल का शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**फिंगेश्वर,** 28 जून (देशबन्धु)। शासन द्वारा नव प्रवेश करने वाले बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों में साला प्रवेश उत्सव मनाया जाना प्रारंभ किया गया इसी परिपेक्ष में आज आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों को मिठाई खिलाकर गुलाल लगाकर फूल माला पहनकर उनका स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष धनराज राजेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि सभी नन्हे मुन्ने बच्चे खूब पढ़ाई करें अपने शहर का मां-बाप का प्रदेश का शिक्षकों का नाम रोशन करें इसी उद्देश्य से अंग्रेजी माध्यम स्कूल का शुभारंभ 2021 में किया गया था जो कि आज पांचवें वर्ष शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है सभी शिक्षकों से उच्च शिक्षा गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समर्पण भाव से बच्चों को दे वरिष्ठ नेता बिसौहा हरित ने आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरीब एवं मिडिल वर्ग के बच्चों के लिए वरदान के रूप में है आत्मानंद जी के नाम से खोली गई यह संस्था हर वर्ष प्रगती उन्नती की ओर अग्रसर है उन्होंने सभी को बधाई दी।



भागीदारी समिति के अध्यक्ष युवा नेता मनीष हरित ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके शारीरिक मानसिक रूप से भी शिक्षक उन्हें तैयार करें ताकि वे हर क्षेत्र में उन्नति और प्रगति करें अपने मां-बाप का नाम रोशन करें उन्होंने शिक्षक समुदाय की भी तारीफ की पूर्व नगर अध्यक्ष पार्षद अनिल चंद्राकर ने कहा कि बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा भी होनी चाहिए ताकि वह अच्छे नंबर ला सके मेरे छोटे भाई भूपेंद्र चंद्राकर की स्मृति में मेरे परिवार के द्वारा प्रवीण सूची में आने वाले सबसे अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को ?5000 की राशि प्रोत्साहन स्वरूप देने की घोषणा की वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू ने साला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सभी बच्चों को संस्था के शिक्षक गणों को हार्दिक शुभकामनाएं दी उन्होंने हमारे क्षेत्र के ऐसे गरीब बच्चे जिन्हें अंग्रेजी स्कूल में पढ़ने का सौभाग्य शासन की दूरगामी सोच के कारण सुलभ हो पाया है शिक्षकों के द्वारा बच्चों के भविष्य के लिए मेहनत की जाती है साथ ही उनके माता-पिता भी जिम्मेदारी के साथ बच्चों को घर में अध्ययन कराए।

कार्यक्रम के शुरुआत में बच्चों ने सभी अतिथियों का ताली बजाकर स्वागत सम्मान किया अतिथियों द्वारा मां सरस्वती छत्तीसगढ़ महतारी एवं आत्मानंद जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना मातृशक्ति की उपस्थिति में की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना के साथ कीअतिथियों के सम्मान में स्कूल में घंटी बजी सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया मंच में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष धनराज राजेंद्र सूर्यवंशी अध्यक्षता जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष हरित वरिष्ठ नेता बिसौहा हरित रामू राम साहू अनिल चंद्राकर कमलेश यादव शुभम जैन केडी सोनवानी कमलेश कश्यप जुगल किशोर साहू साला प्राचार्य मनोज निर्मलकर पत्रकार साथी जितेंद्र शर्मा योगेश सिंह ठाकुर मातृ शक्ति संतोषी श्रीवास्तव अनीता शर्मा सुमन श्रीवास श्रीमतीश्वास्तव ,ज्योति ठाकुर, रामनारायण टांडेकर सभी ने नव प्रवेश बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की संचालन संस्था योगेश यादव शिक्षक द्वारा किया गया।

# भाजपाईयों ने दिव्या रंगारी का किया सम्मान

**महासमुंद** 28 जून (देशबंधु)। स्थानीय वार्ड क्र.10 इमलीभाठा निवासी सुश्री दिव्या रंगारी भारतीय बास्केट बॉल टीम का प्रतिनिधि करते हुये अण्डर 16 एशियन इन्टरनेशन चैम्पययनशिप में श्रीलंका को हराकर स्वर्णपदक दिलाने पर उनके ईमलीभाठा निवास पहुंचकर न.पा. उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र शिक्का, न.पा. में नेता प्रतिपक्ष एवं पार्षद नानू भाई, वार्ड क्र. 10 पार्षद माखन पटेल पार्षदगण सुनैना पप्पु ठाकुर, कल्पना सूर्यवंशी, भाजपा शहर मंत्री मीना वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकरी सुजाता विश्वनाथन, भाजपा नेता हनीष बग्गा, जिला मिडिया प्रभारी गोपाल वर्मा, खिलावन यादव, समीर करकसे, वर्षा चन्द्राकर ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। उक्त नताओं ने कहा कि भारत की ओर से छत्तीसगढ़ के तरफ से केवल एक दिव्या रंगारी ने प्रतिनिधित्व कर छत्तीसगढ़ सहित महासमुन्द का गौरव बढ़ाया है। होनहार दिव्या का हौसाला बुलंद है। उन्होने बताया कि भारत की टीम मालदीप में फायनल मैच में श्रीलंका को हराकर एशियन चैम्पियनशीप मलेशिया के लिए क्वालीफाइड हुई है जो कि मलेशिया में 14 से 20 सितम्बर तक मैच होंगे जिसमें महासमुन्द छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी पंहुचकर भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होने इस स्थान पर पहुंचने के लिए अपने कोच अभिषेक अम्बिलकर, सुभम तिवारी तथा अपने पिता विनोद रंगारी एवं माता सपना रंगारी को अपना आदर्श बताई। प्रारम्भिक शिक्षा महासमुन्द के गुडसेफर्ड में ग्रहण करने बाद 10वीं की पढ़ाई बम्बई के कोरवस एकेडमी अमेरिका संस्था से कर रही है । कु. दिव्या छत्तीसगढ़ के लिए सात बार नेशनल बास्केट बॉल मैच खेल चुकी है । 9 अगस्त 2023 के पांडीचेरी में गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ था । बास्केट बॉल फेडरेशन आफइंडिया में प्रशिक्षित हुई है । और हमेशा प्रशिक्षण जारी है। उनके पिता विनोद रंगारी अपनी बेटी दिव्या के प्रदर्शन से बहुत खुश है उन्होने कहा कि उनकी बेटी उनके लिए कभी बोछ नही रही कम पैसे में भी इस ऊंचाई पर पंहुची है जो हमारे लिग गर्व की बात है ।



# जिले को मिले चार नए एमबीबीएस डॉक्टर

**गरियाबंद,** 28 जून (देशबन्धु)। जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से चार नए एमबीबीएस डॉक्टरों की दो वर्षीय अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट बेस) पर नियुक्ति की गई है। यह डॉक्टर जिले के अलग-अलग अस्पतालों में अपनी सेवाएं देंगे, जिससे मरीजों को प्राथमिक और आवश्यक चिकित्सा सुविधा सुलभ हो सकेगी। इसमें डॉ. सोनल मिश्रा और डॉ. नीतीश कुमार साहू को जिला अस्पताल गरियाबंद में पदस्थ किया गया है। वहीं डॉ. मुस्कान तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग और डॉ. स्वर्णदीप सिंह चांवला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ेली में पदस्थ किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी नियुक्त डॉक्टरों को जल्द कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। दो साल के अनुबंध पर नियुक्त ये डॉक्टर फिलहाल जिले में चिकित्सा स्टाफ की कमी को पूरा करेंगे और ग्रामीण अंचलों को राहत देंगे। प्रशासन को उम्मीद है कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा और मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा।




■ दो साल के लिए कॉन्ट्रैक्ट बेस पर की गई नियुक्ति, स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा सुधार

## जबलपुर और भगत सरायपाली में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत

# जनजातीय जागरूकता शिविरों का हुआ आयोजन

**महासमुंद** 28 जून (देशबंधु)। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के चयनित जनजातीय बहुल क्षेत्र पिथौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जबलपुर और सरायपाली ब्लॉक ग्राम पंचायत भगत सराईपाली में शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित हैए जिसका उद्देश्य अनुसूचित जनजाति समुदायों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ से जोड़ना तथा उनके सामाजिक.आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को आयुष्मान भारत कार्ड, राशन कार्ड, जाति.निवास.आय प्रमाण पत्र, श्रम कार्ड, स्वरोजगार योजनाएं, कृषि व उद्यानिकी से जुड़ी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं, स्वास्थ्य जांच तथा पोषण से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, स्थानीय प्रशासन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की सक्रिय उपस्थिति देखने को मिली। सरायपाली विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत भगत सरायपाली शिविर में 198 विभिन्न योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। जिसमें आधार कार्ड के लिए 10, राशन कार्ड के लिए 6, आयुष्मान कार्ड के लिए 10, जाति प्रमाण पत्र के लिए 35, निवास प्रमाण पत्र के लिए 20, पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत 2 कृषक, जॉब कार्ड के लिए 10 श्रमिक एवं पीएम मातृत्व वंदन योजना के तहत 7 गर्भवती महिलाओं का पंजीयन किया गया। वहीं 3 पात्र हितग्राहियों का पेंशन के लिए स्वीकृति दी गईं।



स्वास्थ्य विभाग द्वारा 65 लोगों का स्वास्थ्य जांच एवं सिकल सेल जांच किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जबलपुर शिविर में 86 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के तहत पंजीयन किया गया। जिसमें 06 हितग्राहियों का आधार कार्डए 05 का राशन कार्ड, 05 आयुष्मान कार्ड, 27 का जाति प्रमाण पत्र, 27 का निवास प्रमाण पत्र, 2 कृषकों का केससी, 2 श्रमिकों का जॉब कार्ड के लिए एवं दो गर्भवती महिलाओं का पीएम मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत पंजीयन किया गया। साथ ही 4 हितग्राहियों का जनधन खाता खोला गया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। इस अवसर पर जबलपुर शिविर में किसान बोधराम भोई को किसान क्रेडिट का वितरण किया गया। श्री भोई ने केसीसी पाकर खुशी जाहिर करते हुए शासन के इस पहल को सराहनीय बताया तथा इस पहल के लिए उन्होंने शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# शासी परिषद की बैठक में 23 करोड़ के विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**गरियाबंद,** 28 जून (देशबन्धु)। जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। अध्यक्षता कलेक्टर बी.एस. उइके ने की। बैठक में 23 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी गई। इसमें सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू, विधायक जनकराम ध्रुव और जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप मौजूद रहे। कलेक्टर ने सभी जनप्रतिनिधियों को प्रस्तावित कार्यों की जानकारी दी। नए प्रस्ताव भी मांगे। उन्होंने बताया कि उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में 60 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में 40 प्रतिशत राशि खर्च की जाएगी। मंजूर कार्यों में पेयजल आपूर्ति, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों का सुदृढ़ीकरण, जीर्णोद्धार, उपकरण खरीद और मानव संसाधन की नियुक्ति शामिल है। शैक्षणिक संस्थाओं, आदिवासी आश्रम और छात्रावासों का उन्नयन भी किया जाएगा। कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में सब्जी मिनी किट, स्प्रेयर, प्लास्टिक मल्चिंग शीट, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली, कृषि संयंत्रों का वितरण होगा। पोषक तत्व प्रबंधन और पौध संरक्षण उपाय भी किए जाएंगे। महिला और बाल सुपोषण के तहत प्रसूता और शिशु स्वास्थ्य, कुपोषण और संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए विशेष कार्यक्रम चलेंगे। प्रत्येक विकासखंड में दो या तीन ड्रोन से बिहान दीदियों और स्व सहायता समूह की महिलाओं को दवाई छिड़काव के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। कौशल विकास, स्वच्छता और सतत जीविकोपार्जन से जुड़े कार्य भी किए जाएंगे।

# रंगोली, डॉक्यूमेंट्री, रैली, फोटो प्रदर्शनी के माध्यम से मनाया गया संविधान हत्या दिवस

**बिलाईगढ़,** 28 जून(देशबंधु)। लोकतंत्र की हत्या आपातकाल तथा संविधान की हत्या आपातकाल के दंश को सहन करने वाले को स्मरण करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को पुनस्थापित करने के लिए संघर्ष करने वाले लोगों के सम्मान में



संविधान हत्या दिवस पर रैली का आयोजन किया गया। रैली कृषि उपज मंडी सारंगढ़ से मुख्य सड़क मार्ग होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। इस अवसर पर संविधान की हत्या आपातकाल पर आधारित फोटो प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसका स्कूली बच्चों ने अवलोकन किया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, नोडल अधिकारी अनिकेत साहू, एसडीओपी स्नेहिल साहू, सहायक नोडल अधिकारी नरेश चौहान, तोषी गुप्ता एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

अतिथियों के द्वारा स्कूली बच्चों को जानकारी दी गई कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1975 से 1977 की समयावधि में आपातकाल लागू कर संविधान की हत्या की थी। 1971 के आम निर्वाचन में इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री बनी। तत्कालीन जननेता जयप्रकाश नारायण ने उच्च न्यायालय में इस निर्वाचन के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। उच्च न्यायालय द्वारा यह निर्णय लिया गया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जय प्रकाश नारायण को निर्वाचन में हराने के लिए सरकारी तंत्र का दुरूपयोग किया था तथा उन्हें दोषी पाया गया। उन्हें 6 साल के लिए किसी भी निर्वाचित पद पर आसीन होने से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 352 अंतर्गत राष्ट्र में आपातकालीन परिस्थितियों में आपातकाल लगाया जा सकता है, लेकिन अपने पद का दुरूपयोग करते हुए व अपनी सत्ता बचाने के लिए उन्होंने देश में आपातकाल की घोषणा की थी। इस दौरान नागरिकों के विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा मौलिक अधिकारों का हनन किया गया। आपातकाल के दौरान लोगों में भय एवं असुरक्षा का माहौल रहा तथा देश के बड़े नेताओं एवं नागरिकों ने आपातकाल के खिलाफ संघर्ष किया। 1977 की आम निर्वाचन में देश की जनता ने वोट के माध्यम से आपातकाल का विरोध किया। आपातकाल के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों, पत्रकारों, नेताओं को मीसा में बंद किया गया था। उनके स्मरण में लोकतंत्र की हत्या आपातकाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संविधान की हत्या आपातकाल को घटना क्रम को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने एवं संविधान के संरक्षण के लिए आपातकाल के दुष्परिणाम को बताया गया। आपातकाल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर आपातकाल से प्रभावित जन नेताओं, पत्रकारों एवं नागरिकों के सम्मान में उस कालखंड को याद करते हुए यह दिन मनाया गया।

# गणवेश, पाठ्यपुस्तक,दियांग को ट्रायसिकल वितरण



**महासमुंद** 28 जून (देशबंधु)। स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम आदर्श विद्यालय में 26 जून को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। अन्य अतिथियों में पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर चंद्राकर, पूर्व सभापति जिला पंचायत अमर अरुण चंद्राकर, मुन्ना साहू, शिक्षकगण हेमेंद्र आचार्य प्राचार्य, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, गोविंद सिंहा आदि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष श्री साहू ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने, माता पिता, गुरु जनों का सम्मान करने तथा प्रतिदिन स्कूल आने प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री साहू समेत समस्त अतिथियों ने बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक का वितरण किया। साथ ही एक दियांग बालक को ट्रायसिकल प्रदान किया।

# भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती, पीजी कॉलेज और पॉलीटेक्निक में आयोजित की गई कार्यशाला

**धमतरी,** 28 जून (देशबन्धु)। जिला प्रशासन और जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी एवं विंग कमांडर, कमांडिंग ऑफिसर एयर फोर्स भोपाल द्वारा संयुक्त रूप से 25 जून को बी.सी.एस. शासकीय पीजी कॉलेज धमतरी में और भोपाल राव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज, रूद्री में अग्निपथ योजना के तहत् अग्निवीर वायु सेना भर्ती प्रक्रिया के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज में सुबह 11 बजे और पॉलीटेक्निक में दोपहर 3 बजे से आयोजित इन कार्यशालाओं में जूनियर वारट ऑफिसर सुशांत सिंग एवं सार्जेंट 15 एयरमेन सेंटर भोपाल श्री डी. एस. राणा द्वारा अग्निवीर वायुसेना भर्ती की विस्तृत जानकारी आवेदकों को दी गई।



उन्होंने बताया कि अग्निवीर वायुसेना की भर्ती विज्ञापन या ओपन रैली के माध्यम से होता है। जिसमें शैक्षणिक योग्यता. आयु, वेतनमान, भत्ता एवं अन्य सुविधओं के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि अग्निवीर वायुसेना के लिए चार वर्ष की सेवा पश्चात् उत्कृष्ट 25 प्रतिशत आवेदकों को वायुसेना में नियमित किया जाता है। चयन प्रक्रिया के तीन चरणों में प्रथम ऑनलाईन लिखित परीक्षा, द्वितीय शारीरिक दक्षता परीक्षा अनुकूलन परीक्षा एवं अंतिम चरणों में चिकित्सा परीक्षण किया जाता है। चयन के बाद 6 माह का प्रशिक्षण तथा सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। ऑफिसर्स ने बताया कि 4 वर्ष की सेवा के बाद केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न विभागों में भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता है। कार्यशाला में बी.सी.एस. शासकीय पी.जी कॉलेज धमतरी में 60 छात्र-छात्राओं और भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, रुद्री में 80 छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया। वायुसेना वक्ताओं ने प्रश्नावली के माध्यम से दोनों ही संस्थाओं में प्रतिभागियों के शंकाओं का समाधान किया। कार्यशाला में वायुसेना अधिकारियों के साथ उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र धमतरी पुष्पा चौधरी, बीसीएस शासकीय पी.जी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक एवं भोपाल राव पवार पॉलीटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य जे.आर. साहू उपस्थित रहे।

# लीना ने बढ़ाया प्रदेश का मान



**महासमुंद** 28 जून (देशबंधु)। बागबाहरा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुसदा स्कूल में कक्षा 9वीं में अध्यनरत लीना पटेल अंडर.14 बालिका वर्ग कुरास राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता जिसका आयोजन रायपुर में किया गया था। लीना ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ब्रोंज मेडल प्राप्त किया। लीना की इस उपलब्धि में उनकी व्यायाम शिक्षिका अंजू प्रजापति, जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज घृतलहरे, तुसदा स्कूल के प्राचार्य महेंद्र सिंह मरकाम शाला के समस्त शिक्षक गण भार्गव मैंम, साहू मैंम, सिंह मेम, नंदे मेम, वंदना मैंम, पटेल सर, चक्रधारी सर, चौधरी सर, देहारी सर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

# पर्यावरण हो रहा सुरक्षित, बिजली बिल में भी आ रही कमी, भूपेन्द्र साहू को बिजली बिल से मिल रही राहत

**धमतरी,** 27 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। इस योजना से न सिर्फ हमारा पर्यावरण सुरिक्षत हो रहा है, बल्कि इसकी मदद से लोगों के घरों में आने वाले अधिक बिजली के बिल में भी कमी आयी है। धमतरी के समीप कोलियारी गांव के भूपेन्द्र ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी समाचार पत्र-पत्रिकाओं के जरिए प्राप्त हुई। इस बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यालय से सम्पर्क किया तथा योजना का लाभ लेने आवेदन दिया और एक माह में ही उनका सौर पैनल लग गया। वे बताते हैं कि उन्होंने तीन किलोवॉट का पैनल लगवाया है, इससे अब बिलकुल बिजली बिल नहीं पटाना पढ़ रहा।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सौर पैनलों के माध्यम से घरेलू उपयोग के लिए ऊर्जा उत्पन्न करने पर जोर देती है। इससे न केवल बिजली की कमी को दूर किया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। सस्ती बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस योजना के तहत सौर पैनल इंस्टॉलेशन और मेंटेनेंस के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। योजना का एक अन्य लाभ है कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की पहुंच बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे वहां की जीवनशैली में सुधार होगा। सौर ऊर्जा का उपयोग न केवल पर्यावरण के लिए बल्कि आर्थिक दृष्टिकोण से भी फायदेमंद है।



प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट या मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण सात प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# पूर्व विधायक रंजना साहू ने कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे के निधन पर शोक व्यक्त किया

**धमतरी,** 28 जून (देशबन्धु)। देश विदेश में छत्तीसगढ़ को अपनी हास्य कविताओं से विशिष्ट पहचान दिलाने वाले हास्य कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे के निधन से पूरे देश के साहित्य जगत में शोक की लहर व्याप्त है,अपनी अनूठी हास्य रचनाओं से श्रोताओं को हंसाने वाले कवि का जाना सभी को अखर गया,वहीं धनतरी की पूर्व विधायक प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रंजना साहू ने कवि डॉ सुरेंद्र दुबे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा हास्य कवि डॉ सुरेन्द्र दुबे ने छत्तीसगढ़ की भाधा और संस्कृति का देश विदेश में परचम लहराया,उनकी रिक्तता को पूरा प्रदेश महसूस करेगा,उनकी रचनाएँ ना केवल हास्य का माध्यम थी,बल्कि समाज को आईना दिखाने का कार्य भी करयी थी,उनका जाना साहित्य जगत एवं उनके श्रोताओं के साथ साथ प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी के लिए अपूर्णीय क्षति है। उनके निधन का गहरा शोक व्यक्तिगत रूप से मुझे भी लगा है,प्रभु डॉ सुरेंद्र दुबे जी की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और उनके परिवार सहित प्रदेश के तमाम उनके श्रोताओं चाहने वालों को इस दुख की घड़ी में संबल दें।



## एस एम सी बैठक सह शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया

पिथौरा, 28जून( देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम परसापाली के प्राथमिक शाला में नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के सुचारू रूप से शाला संचालन हेतु शाला प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यार्थियों के शत प्रतिशत नियमित उपस्थिति, स्वच्छता, नवीन कार्ययोजना,शासन से मिलने वाले सुविधाएं जैसे माध्यान्ह भोजन निश्शुल्क पाठयपुस्तक गणवेश छात्रवृत्ति योजना की जानकारी दी गई।



# विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**सरायपाली** 28जून( देशबन्धु)विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला मोखापुटका में आयोजन किया गया मुख्य अतिथि के रुप में सांसद महासमुंद लोकसभा रूप कुमारी चौधरी,कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक चातुरी नंद, अध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद मोंगरा किशन पटेल, सदस्य जिला पंचायत कुमारी भास्कर, अध्यक्ष जनपद पंचायत लक्ष्मी हरिश्चंद्र पटेल, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मुकेश धर्मेंद्र चौधरी, सदस्य जनपद पंचायत अनीता, सरपंच ग्राम पंचायत मोखापुटका लोचन भावना पटेल, प्रदेश भाजपा प्रतिनिधि संजय शर्मा,जिला उपाध्यक्ष भाजपा विपिन उबोवेजा,डॉ. प्रकाश पटेल जनपद सदस्य उद्धव नंद, एसडीएम नम्रता चौबे,अतिरिक्त तहसीलदार मनीषा देवांगन, तहसीलदार श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार हरि भोय, बी ई ओ प्रकाश चंद्र मांझी ए बी ई ओ डीएन दीवान, बी आर सी सतीश स्वरूप पटेल एवं पंच गण उपस्थित थे। अतिथियों का आत्मीय स्वागत रोवर कलर पार्टी के द्वारा किया गया। विकासखंड स्तरीय प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में प्राथमिक शाला में 9 नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मुंह मीठा करने के बाद बैग एवं पाठ्यपुस्तक वितरण कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही कक्षा नवमीं में नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं को भी मीठा खिलाकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया एवं साथ ही सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पालक ,ग्रामीण एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया साथी एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मोखापुटका के सरपंच,पंच गणों के विशेष सहयोग से 1000 पौधे का रोपण किया गया।

उक्त कार्यक्रम में शिक्षा विभाग का प्रतिवेदन वाचन बी ई ओ प्रकाश चन्द्र मांझी द्वारा किया गया ।उन्होंने बताया कि विकासखंड सरायपाली प्रतियोगी एवं बोर्ड परीक्षा दसवीं में कु. आरती भोई 6वां, कु.सिमरन कश्यप 7 वां स्थानटाप टेन में बनाया ।प्रयास विद्यालय में 51 छात्रों ने अपना नाम दर्ज कराया है साथ ही नवोदय विद्यालय में 25 छात्रों का चयन हुआ, राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य परीक्षा में 27 छात्र ,इस्पायर अवार्ड में 30 छात्र,सैनिक स्कूल में 16 बच्चों का एकलव्य आवासीय विद्यालय में विकासखंड से 68 बच्चों का चयन हुआ है। सात बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया वर्तमान में विकास खंड सरायपाली का कोई भी स्कूल शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय नहीं है । शासन के योजना के तहत नि:शुल्क पाठ्यपुस्तक,नि:शुल्क मध्यान्ह भोजन, नि:शुल्क सरस्वती साइकिल योजना, राज्य छात्रवृति योजनाओं का लाभ बच्चों को मिल रहा है एवं बलवाड़ी का संचालन हो रहा है जिसमें 5 से 6 वर्ष के बच्चे खेल-खेल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मुख्य अतिथि चौधरी ने उद्बोधन में बच्चों का स्वागत करते हुए बच्चों की प्रथम पाठशाला घर और प्रथम शिक्षिका मां को बताया, गुरु की महिमा का बखान करते हुए गुरु को श्रेष्ठ बताया। साथ ही सभी गणमान्य नागरिकों को प्रवेश उत्सव की बधाई दी। विधायक नंद ने छत्तीसगढ़ी भाषा अपने अंदाज़ मे स्वागत करते हुए। बेटियों को शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने एवं अधिक से अधिक पढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मोखापुटका नाला से कौहाकुड़ा पहुंच मार्ग में जमीन दान दाताओं का भी सम्मान किया गया जिसमें चंदराम चौधरी, नवरतन साहू, मुरलीधर चौधरी, रूप सिंग सिदार, जनक राम सिदार, गंगाधर सिदार,लक्षमन सिदार, रूपधर चौधरी,चैतराम चौधरी,नवरतन चौधरी, दिलचंद चौधरी, दुखी लाल सिदार, भरत दास, जमुना प्रसाद का अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जादुई पिटारा, चिट उठाओ,जोड़ी बनाओ, टीएलएम प्रदर्शनी एवं नई शिक्षा नीति पर कठपुतली नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्वागत नृत्य,छत्तीसगढ़ी नृत्य, देश भक्ति नृत्यों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य खीरसागर कनकेवा,प्राचार्य टीकाराम चौधरी बांझापाली, संकुल समन्वयक किशोर पटेल,प्रधान पाठक उच्च प्राथमिक प्रधान पाठक घनश्याम पटेल प्राथमिक शाला अंजू पटेल मोखापुटका, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति चैन कुमार चौहान, शिवकुमार पटेल मोखापुटका, संकुल समन्वयक रविशंकर आचार्य,किशोर पटेल गिरधारी पटेल,लाल भूषण पाढ़ी, पुरुषोत्तम पटेल, सुशील चौधरी, नरेश नायक,जयनारायण पटेल, कौशल प्रधान, पाल सिंह बंजारे, श्रवण प्रधान, कामता पटेल, मुकेश बारीक, छबिलाल पटेल, राजेश पटेल,बिंदु प्रकाश चौधरी,हारून गार्डियां, प्रभात मांझी, घनश्याम दास, दुष्यंत पटेल,खिरोद सोनी,किशोर पंडा,अरुण विशाल, भिखारी चरण साहू,तुलसी वर्गे, सच्चिदानंद भोई,गिरधारी हेमचंद पटेल,शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी, सरपंच कनकेवा, परसदा एवं संकुल के समस्त शिक्षक,शिक्षिका उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता शैलेंद्र कुमार नायक ने किया। आभार प्रदर्शन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक( समग्र शिक्षा) सतीश स्वरूप पटेल ने किया।

## गरियाबंद में कल इण्डस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन

**गरियाबंद,** 28जून( देशबन्धु)। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों एवं बैंक अधिकारियों के बीच बेहतर संवाद स्थातिप करने के उद्देश्य से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र गरियाबंद द्वारा इण्डस्ट्री और बैंकर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। यह मीट 30 जून को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा। मीट में उद्यमियों को बैंकिंग सेवाओं, ऋण योजनाओं और वित्तीय सहायता की उपलब्धता से अवगत कराने के साथ ही इसमें आने वाले वित्तीय चुनौतियों का समाधान किया जाएगा। इसके अलावा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के तहत दी जाने वाली सुविधाओं, रियायतों और अनुदानों की जानकारी भी दी जाएगी। मीट में सभी उद्योगपति, संभावित उद्यमी और इच्छुक व्यक्ति इस आयोजन में भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं।

# चाकू मार कर नाबालिक की हत्या

## बेल्दार सिवनी में मिली नाबालिक लड़की की शव

**खरोरा** 28 जून (देशबन्धु)। खरोरा के समीप ग्राम बेल्दार सिवनी के टोर्रा तालाब के पास एक युवती की लाश मिलने से सनसनी फैल गई किसी ने युवती की लाश होने की पुलिस को सुचना दी पुलिस मौके पर पहुंची जहां जांच के दौरान पाया कि किसी ने धारदार हथियार से वार कर सिर पर पत्थर पटक कर हत्या होना पाया पुलिस अब इस हत्याकांड के मामले के जांच मे जुटी है ।



नाबालिक की बेरहमी से हत

प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को सूचना मिली की बेल्दार सिवनी गांव के टोर्रा तलाब के पास एक युवती मृत हालत मे पडी हुई है सूचना पाकर पुलिस पहुची तो देखा कि किसी ने युवती को पत्थर व किसी धारदार हथियार से वार कर मौत के घाट उतार दिया । पुलिस सर्व प्रथम मृतका के पहचान के किये तो पता चला कि नाबालिग युवती ग्राम बेल्दार सिवनी की रहने वाली थी जो कल से घर से लापता थी जिसे परिजन तलाश रहे थे ,कुछ ग्रामीणों ने बताया कि युवती को अन्य युवक के साथ कल मोटर सायकल मे जाते हुए देखा गया इन सब के बीच मामले की गंभीरता को देखते हुए खरोरा पुलिस ने रायपुर के फारेसिंक टीम को बुला कर मदद ली ,मृतका के सिर पर व अन्य जगहो पर धारदार हथियार के निशान है वही सिर पर पत्थर से वार करने की बात कही जा रही है इन सब के बीच जहां पुलिस आरोपी को जल्द ही पकडे जाने की दावे कर रही है वही मृतका लाश का जांच उपरांत पंचनामा कार्यवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया ।गांव में लगे सीसी टीवी कैमरे की जांच में नाबालिक 16 सालों के साहिल धीवर पिता राजेश धीवर के साथ बाइक पर बैठी नजर आ रही है । नाबालिक के सिर चेहरे शरीर पर चोट के निशान हैं शव के पास चाकू , दो जोड़ी चप्पल एक भगवा रंग का गमछा भी पड़ा था प्रथम दृष्टिया पुलिस संदिग्ध साहिल धीवर के द्वारा बच्ची को मार कर शव खेत में फेंका जाना मान रही है पुलिस प्रहार आरोपी की तलाश कर रही है।

# समाज कल्याण विभाग ने जनपद में किया दिव्यांग शिविर का आयोजन

**फिंगेश्वर,** 28जून( देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग जनों में शिकल सेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने एवं यु डी ई डी कार्ड बनाने सिवीर आयोजित किया गया था, शिविर में 156 दिव्यांग जनों ने रजिस्ट्रेशन कराया आयोजित दिव्यांग शिविर में जिले के दिव्यांग छोटे-छोटे बच्चे बच्चियों युवा बुजुर्ग दूर दराज से किसी न किसी की सहायता लेकर बड़े ही उम्मीद के साथ शिविर परिसर जनपद पहुंचे वहां नाक कान गला दृष्टि बाधित हाथ पैर से दिव्यांग हजारों की तादाद में पहुंचे थे किंतु अस्थि रोग विशेषज्ञ के नहीं आने से पूरे दिन इंतजार करने के बाद हताश होकर दिव्यांग जनों को लौटना पड़ा जबकि स्वयं जिला के कलेक्टर अचानक शिविर में पहुंचे थे प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही की वजह से अस्थि रोग से संबंधित दिव्यांग जनों को शिविर का लाभ नहीं मिल पाया जिससे दिव्यांग जनों में काफी आक्रोश था उनके द्वारा जन प्रतिनिधियों को एवं पत्रकारों को बुला बुलाकर दिखाया गया और अपनी परेशानी बताई गई इस संबंध में विभागीय जानकारी लेने पर पता चला जो डॉक्टर गजेंद्र आने से उनके स्थान पर किसी और डॉक्टर चौहान को नियुक्त किया गया था किंतु समय पर वह भी नहीं पहुंचे जिससे दिव्यांग जनों को परेशानी का सामना करना पड़ा जिला अध्यक्ष जागेश्वर साहू जो स्वयं विकलांग है एवं अध्यक्ष होने के नाते जिले के अपने सहपाठी भाई बहनों के तकलीफ में हमेशा सहयोग करते हैं जिला अध्यक्ष द्वारा भी उपस्थित अधिकारी कलेक्टर साहब एसडीएम महाराणा तहसीलदार फिंगेश्वर जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी समाज कल्याण विभाग के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सभी से जमकर शिकायत की उपस्थित अन्य डॉक्टरों द्वारा आंख कान गला का जांच कर रिपोर्ट तैयार की गई सभी दिव्यांग जनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी शिविर में डॉक्टरों की टीम टी सी पात्रे, के के सहारे अमन हुमने अंकुश वर्मा विपिन बिहारी अग्रवाल वीरेंद्र हीरोनदीया गजेंद्र सिहं ध्रुव नरेंद्र साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।



# बाहर गए नागरिक के लिए कल तक होगा राशनकार्ड ई-केवायसी

**बिलाईगढ़,** 28 जून(देशबंधु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राशनकार्ड ई-केवायसी में डिजिटलीकरण को अपनाया है, इससे रोजगार, मेडिकल, शिक्षा, यात्रा, पलायन आदि के लिए बाहर गए छत्तीसगढ़ के नागरिकों को सुविधा मिलेगा। वे अपने मोबाइल में ऐप के माध्यम से अपने परिवार के सदस्यों का केवायसी कर सकते हैं। भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड (वन नेशन वन राशनकार्ड) योजनांतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। भारत सरकार द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से भी राशनकार्डधारी परिवार ई-केवायसी कर सकते है। मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर, आधार ओटीपी के माध्यम से चेहरे का ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डो में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून 2025 तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें। सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा भी उपलब्ध है।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सुखीपाली में भाजपा मंडल पिथौरा द्वारा चौपाल का आयोजन

**पिथौरा**, 28जून( देशबन्धु)। । नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा मंडल पिथौरा द्वारा ग्राम सुखीपाली में एक विशेष चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और ऐतिहासिक उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत भवन के सामने बने मंच पर किया गया, जिसमें भारी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने स्वागत भाषण से किया। उन्होंने कहा, च्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है ।ज्ञ उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।



वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप अग्रवाल ने मोदी सरकार द्वारा आर्थिक, रक्षा, विदेश नीति और डिजिटल इंडिया जैसे क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि देश आज 'विकास और विश्वास' की नई ऊँचाइयों को छू रहा है।

जिला महामंत्री (पिछड़ा वर्ग मोर्चा) दुलीकेशन साहू ने पिछड़े वर्गों के हित में चलाई जा रही योजनाओं जैसे मुद्रा योजना, स्किल इंडिया मिशन, छात्रवृत्ति, रोजगार सहायता केंद्र आदि का उल्लेख किया। प्रेम प्रधान, सुधीर प्रधान और शिवचरण नायक ने ग्राम स्तर पर हुए विकास कार्यों की जानकारी दी—जैसे सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, सीसीटीवी कैमरे, महिला स्व-सहायता समूहों का गठन और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थिति में रहे —

आशीष शर्मा, कुलदीप अग्रवाल, दुलीकेशन साहू, सुधीर प्रधान, प्रेम शंकर प्रधान, कन्हैया प्रधान, शिवचरण नायक, हरिहर बर्मा, परशुराम पटेल, मालिकराम पटेल, आलेख पटेल, निर्मल सेठ, राजेश साहू, सुरेंद्र सेठ, वीरेंद्र कहरी, संजय प्रधान, चंद्रमणि प्रधान, भागवत साहू, शंभु शंकर प्रधान, प्रहलाद प्रधान, शेष कुमार प्रधान, नंदकुमार प्रधान, नरोत्तम प्रधान, संकल्पना प्रधान, सुलेजा बधाई, कविता दास, सरोजिनी बधाई, आकाश प्रधान, मानो प्रधान, गंगाबाई, सुखवंती नंद, सुदामा बधाई, अशोक प्रधान, सीताराम यादव, मनोहर पटेल सहित सैकड़ों ग्रामीण।

# आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया



फिंगेश्वर, 28जून( देशबन्धु)। शासन द्वारा नव प्रवेश करने वाले बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए सभी शैक्षणिक संस्थानों में साला प्रवेश उत्सव मनाया जाना प्रारंभ किया गया इसी परिपेक्ष में आज आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में बच्चों को मिठाई खिलाकर गुलाल लगाकर फूल माला पहनकर उनका स्वागत सम्मान किया गया इस अवसर पर नगर अध्यक्ष धनराज राजेंद्र सूर्यवंशी ने कहा कि सभी नन्हे मुन्ने बच्चे खूब पढ़ाई करें अपने शहर का मां-बाप का प्रदेश का शिक्षकों का नाम रोशन करें इसी उद्देश्य से अंग्रेजी माध्यम स्कूल का शुभारंभ 2021 में किया गया था जो कि आज पांचवें वर्ष शाला प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा है सभी शिक्षकों से उच्च शिक्षा गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समर्पण भाव से बच्चों को दे वरिष्ठ नेता बिसौहा हरित ने आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरीब एवं मिडिल वर्ग के बच्चों के लिए वरदान के रूप में है आत्मानंद जी के नाम से खोली गई यह संस्था हर वर्ष प्रगती उन्नती की ओर अग्रसर है उन्होंने सभी को बधाई दी

भागीदारी समिति के अध्यक्ष युवा नेता मनीष हरित ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उनके शारीरिक मानसिक रूप से भी शिक्षक उन्हें तैयार करें ताकि वे हर क्षेत्र में उन्नति और प्रगति करें अपने मां-बाप का नाम रोशन करें उन्होंने शिक्षक समुदाय की भी तारीफ की पूर्व नगर अध्यक्ष पार्षद अनिल चंद्राकर ने कहा कि बच्चों में अच्छी शिक्षा के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा भी होनी चाहिए ताकि वह अच्छे नंबर ला सके मेरे छोटे भाई भूपेंद्र चंद्राकर की स्मृति में मेरे परिवार के द्वारा प्रवीण सूची में आने वाले सबसे अधिक नंबर लाने वाले बच्चों को ?5000 की राशि प्रोत्साहन स्वरूप देने की घोषणा की वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू ने साला प्रवेश उत्सव के अवसर पर सभी बच्चों को संस्था के शिक्षक गणों को हार्दिक शुभकामनाएं दी उन्होंने हमारे क्षेत्र के ऐसे गरीब बच्चे जिन्हें अंग्रेजी स्कूल में पढ़ने का सौभाग्य शासन की दूरगामी सोच के कारण सुलभ हो पाया है शिक्षकों के द्वारा बच्चों के भविष्य के लिए मेहनत की जाती है साथ ही उनके माता-पिता भी जिम्मेदारी के साथ बच्चों को घर में अध्ययन कराऐ

कार्यक्रम के शुरुआत में बच्चों ने सभी अतिथियों का ताली बजाकर स्वागत सम्मान किया अतिथियों द्वारा मां सरस्वती छत्तीसगढ़ महतारी एवं आत्मानंद जी के छायाचित्र की पूजा अर्चना मातृशक्ति की उपस्थिति में की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना के साथ कीअतिथियों के सम्मान में स्कूल में घंटी बजी सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया मंच में मुख्य अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष धनराज राजेंद्र सूर्यवंशी अध्यक्षता जन भागीदारी समिति अध्यक्ष मनीष हरित वरिष्ठ नेता बिसौहा हरित रामू राम साहू अनिल चंद्राकर कमलेश यादव शुभम जैन केडी सोनवानी कमलेश कश्यप जुगल किशोर साहू साला प्राचार्य मनोज निर्मलकर पत्रकार साथी जितेंद्र शर्मा योगेश सिंह ठाकुर मातृ शक्ति संतोषी श्रीवास्तव अनीता शर्मा सुमन श्रीवास श्रीमतीश्वास्तव ,ज्योति ठाकुर, रामनारायण टांडेकर सभी ने नव प्रवेश बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित की संचालन संस्था योगेश यादव शिक्षक द्वारा किया गया

# समय को नियोजित कर अध्ययन करने से सफलता मिलेगी :सविता भीम यादव

### ◆शा उच्च माध्य.विद्या.गोडा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया

**पलारी** 28 जून (देशबन्धु)पलारी विकास खंड की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोंडा में साला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता भीम यादव के मुख्य अतिथि एवं श्रीमती उषा जागेश्वर दिवस सरपंच ग्राम पंचायत गोड़ा के अध्यक्षता एवं जनपद सदस्य टिकेश्वरी कुंदन साहू व तेजराम वर्मा पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, महेंद्र साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पलारी खिलेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति गोड़ा ,डायमंड साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति नोहर वर्मा उपसरपंच के विशेष आतिथ्य में रखा गया था। अतिथियों द्वारा सरस्वती के छायाचित्र में पुजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया ।कक्षा नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक प्रदान कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा मुंह मीठा कराया गया




। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिसमें कक्षा 10 वीं 12 ?वी बोर्ड परीक्षा सहित स्थानीय परीक्षा 9वीं 11वीं में कक्षा में प्रथम द्वितीय आने वाले छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।शा उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर नवप्रवेशी बच्चों एवं अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन किये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सविता भीम यादव ने शाला प्रवेशोत्सव में छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहीं कि विद्यार्थी कक्षा नवमी से लक्ष्य निर्धारित कर ले कि आगे चलकर क्या बनना है और उसके लिए किस विषय का चयन करना है। इसके लिए सभी विषयों के समय नियोजन करना जरूरी है ।तभी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम को तेजराम वर्मा, महेंद्र साहू, सरपंच उषा धीवर, जनभागीदारी अध्यक्ष खिलेन्द्र साहू, डायमंड साहू ने भी संबोधित करते हुए अनुशासन में रहकर शाला के नियमों का पालन करते हुए अपने भविष्य गढ़ने का आह्वान किया।

## निधन

### नरसिंह ताम्रकार

नवापारा राजिम ,28 जून देशबंधु । ग्राम मन्दलोर के नरसिंह ताम्रकार 89 वर्षीय का निधन दिनांक 27 जुन को हो गया है। उनका हाल निवास लीली चौंक पुरानी बस्ती रायपुर में था । वे संजय अजय राजेश व हितेंद्र ताम्रकार के पिता थे। पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि नरसिंह दाऊ एक सफल और सम्पन्न कृषक के साथ एक निष्ठावान जनसंघी कार्यकर्ता थे। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनके साथ लम्बे समय तक कार्य करने का मुझे अवसर मिला है जिसे भुलाए नहीं भूला जा सकता । उनका जाना हम सबके लिए अपुर्णीय क्षति है। ईश्वर सद्गति प्रदान करें।



### अमित बैद*

हनुमान नगर रायपुर निवासी अमित बैद सुपुत्र छगन लाल बैद का दुखद निधन शुक्रवार 27/06/2025 को प्रात: 3.30 बजे हो गया है. वे छगन लाल बैद के पुत्र, खेमराज का भतीजा, नीरज, रोहित, राहुल, ऋषभ बैद के भाई थे उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार साय 4 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट मे किया गया.



# आदिवासी गोंड समाज का वार्षिक सम्मेलन आज

कुरूद 28 जून (देशबन्धु)। ग्राम कुहकुहा में आज आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज का तहसील कुरुद का वार्षिक सम्मेलन आयोजित है जिसमें प्रदेश के आदिम जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री राम विचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। और कुरूद विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। नीलकंठ टेकाम विधायक केशकाल, नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग, विकाश मरकाम अध्यक्ष औषधि पादम बोर्ड, और आर एन ध्रुव अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10ः00 बजे ध्रुव गोड़ सामुदायिक भवन पंचायत परिसर कुहकुहा में प्रारंभ होगा। माधव सिंह ठाकुर, झागेश्वर ध्रुव, बसंत पडोटी ,देवेंद्र दीवान, रूपेश निर्मलकर, जयपाल ठाकुर, नारायण ध्रुव, सुरेंद्र ध्रुव, ठाकुर राम नेताम, कुलंजन सिंह मंडावी ,लाकेश्वर नेताम, ईश्वरी नेताम, राजकुमारी छेदैया, गायत्री मंडावी ,किरण छेदैया, श्यामलाल नेताम ,और पोखराज नेताम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समाज के अध्यक्ष ललित ठाकुर, कार्यवाहक अध्यक्ष तेजराम छेदैया ,ने सामाजिक बंधुओ से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है।

## दिव्यांगता स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सिकल सेल 156 दिव्यांगजन की जांच

**गरियाबंद ,** 28जून( देशबन्धु)। समाज कल्याण विभाग ने शुक्रवार को फिंगेश्वर में दिव्यांगता स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। शिविर में सिकल सेल की जांच के साथ दिव्यांगजनों का चिकित्सा परीक्षण किया गया। जनपद पंचायत परिसर में लगे इस शिविर में कुल 156 दिव्यांगजन पंजीकृत हुए। शिविर में अस्थि रोग, नेत्र रोग और मानसिक रोग विशेषज्ञों ने जांच की। डॉक्टरों ने जांच के बाद जरूरी सलाह दी और उपचार भी किया। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड भी बनाए गए।

# अवैध रेत परिवहन और खनन के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई

### ◆ गरियाबंद में अवैध रेत परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई, राजिम-कोपरा में पकड़े गए 6 वाहन

**गरियाबंद**, 28जून( देशबन्धु)। जिले में अवैध रेत परिवहन और खनन के खिलाफ प्रशासन का सख्त एक्शन लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। शनिवार सुबह 6 बजे जिला प्रशासन की संयुक्त टीमों ने ताबड़तोड़ दबिश देकर 6 रेत से भरे वाहन जब्त किए। इनमें राजिम क्षेत्र से 2 हाइवा और कोपरा से 4 ट्रैक्टर शामिल हैं। सभी वाहनों को जप्त कर नजदीकी थाना में सुरक्षित रखा गया है।



इधर, चार दिन से चल रही खनिज, राजस्व, पुलिस और परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई ने खनिज माफियाओं में खलबली मचा दी है। आम जनता भी इससे संतुष्ट बजा आने लगी है। वहीं दूसरी ओर अचानक रेत माफियाओं पर शिकंजा कसने की कार्रवाई राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुई है। क्यों कि कुछ दिन पहले जब पत्रकारों पर हमला हुआ था तब प्रशासन ने इतनी सजगता नहीं दिखाई थी। फिलहाल प्रशासन की टीम ने हर रेत घाट, स्टोरेज प्वाइंट और मुख्य मार्गों पर निगरानी बढ़ा दी है। मौके पर जाकर वाहनों की जांच की जा रही है, परिवहन की अनुमति और दस्तावेजों की वैधता की पुष्टि की जा रही है। विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक् जिले में बीते चार दिनों से ऑपरेशन सख्ती के तहत रेत और गिट्टी के अवैध माफियाओं पर दबिश दी जा रही है। अब तक कुल 11 प्रकरण सामने आए हैं, जिनमें 10 मामले अवैध परिवहन के और एक मामला अवैध भंडारण का है। खनिज विभाग की जानकारी के अनुसार, लचकेरा क्षेत्र में 75 ट्रिप रेत का अवैध भंडारण पकड़ा गया है। इसके अलावा गिट्टी से लदे 4 हाइवा वाहनों को भी जब्त किया गया है। तीन वाहन गरियाबंद पुलिस लाइन में तथा एक वाहन पांडुका थाना क्षेत्र में रखा गया है। शनिवार को हुई कार्रवाई में पकड़े गए 6 वाहनों को मिलाकर अब तक कुल 11 वाहन प्रशासन की गिरफ्त में आ चुके हैं।

# पुलिस द्वारा करोड़ों रुपयों की ठगी करने वाले प्रकरण में की जा रही है आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी

## ग्राम महकम निवासी 2 और आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। पुलिस द्वारा करोड़ों रूपयों की ठगी करने वाले प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी लगातार की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण में ग्राम महकम निवासी 2 और आरोपियों को गिफ्तार किया गया। आरोपियों द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कर दोगुना रकम वापस करने का झांसा देकर ठगी की गई। अभी तक की जांच कार्यवाही में आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में 3 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। अब तक शासकीय शिक्षक आरोपी रामनारायण साहू सहित 04 आरोपियों को गिफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु, उनकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। किसी भी व्यक्ति के साथ शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर आरोपियों द्वारा ठगी की गई है, तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करे।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर 2 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य द्वारा विभिन्न लोगों से करोड़ रूपयों की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर थाना कसडोल में आरोपियों के विरुद्ध अब तक 3 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय में पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के संबंध में जानकारी मिल रही है, जिसके संबंध में जांच तस्दीक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा गहन जांच तस्दीक एवं विवेचना करते हुए ठगी करने वाले सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित करते हुए प्रकरण में संपूर्ण जांच, पीड़ितों से आवेदन लेने, आरोपियों की पता तलाश करने, संबंधित आरोपियों की संपत्ति जप्ती, कुर्की की कार्यवाही करने एवं उच्चतम विवेचना हेतु एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आज ग्राम महकम निवासी रूपेश कुमार साहू एवं तुलेश्वर प्रसाद साहू को हिरासत में लिया गया। उक्त दोनों आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य के साथ मिलकर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के बैंक अकाउंट, संपत्ति की जानकारी एकत्र की जा रही है तथा साइबर सेल की टीम द्वारा प्रकरण के समस्त बिंदुओं का अवलोकन कर तकनीकी विश्लेषण भी किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में 28 जून 2025 को दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में पुलिस द्वारा अब तक थाना कसडोल में तीन अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ ही कुल 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों में- रूपेश कुमार साहू उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम महकम चौकी सोनाखान, तुलेश्वर प्रसाद साहू उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम महकम चौकी सोनाखान शामिल है।



**आरोपियों द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कर दोगुना रकम वापस करने का झांसा देकर की गई ठगी**

# घर बना नागलोक, ग्राम देवरी के एक घर में नाग देवता का पूरा परिवार

**आरंग,** 28 जून (देशबन्धु)। कल्पना कीजिए कि आप जिस घर पर रह रहे हैं वहां एक दो नहीं बल्कि सांप का भरा पूरा परिवार भी है वो भी नाग नागिन और उसके लगभग 35 छोटे छोटे बच्चे तो आपको कैसा लगेगा..?? जी हां ये हम आपके साथ कोई मजाक नहीं कर रहे है बल्कि ये एक सच्ची घटना है।

आरंग से मात्र 12 किमी दूर स्थित ग्राम देवरी में इंद्रकुमार साहू का घर है इस घर में वे अपने परिवार के साथ रहते है।कुछ दिन पहले घर के अंदर से उन्हें दो छोटे छोटे नाग सांप मिले,जिसे उन्होंने घर से बाहर निकालकर छोड़ दिया।बरसात का समय है इस कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सांप बिच्छू का निकलना स्वाभाविक है।फिर अगले दिन यही स्थिति रही।इंद्रकुमार ने इसकी जानकारी गांव वालों को दी।गांव के ही एक व्यक्ति को बुलाया गया जो सांप को पकड़ने में माहिर है।घर के अंदर से लगातार सांप निकलने की घटना सामान्य नहीं हो सकती इसलिए घर के कमरे में लगे टाइल्स पत्थर को ठोक ठोककर चेक किया गया।इस दौरान एक स्थान पर टाइल्स पत्थर के नीचे गड्ढे होने आशंका हुई।घर वालों ने जब उस कमरे के टाइल्स को निकाला तो घर वालों के होश उड़ गए।यहां पर पूरा नागलोक समाया हुआ था।नाग नागिन और लगभग 35 छोटे छोटे बच्चे सांप घर के दो कमरों में अपना कब्जा कर चुके थे।आनन फानन में घरवालों ने घर के फर्श में लगे टाइल्स पत्थर को तोड़ा और जहां जहां सांप के बिल थे उसकी खोदाई कर सांपों को बाहर निकाला।घटना की जानकारी डायल 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई।आरंग पुलिस भी मौके पर पहुंची और सांपों का रेस्क्यू कर सभी सांपों को जंगल में छोड़ा गया।



**नाग नागिन के साथ लगभग 35 बच्चे, गांव में मचा हड़कंप**

# धमनी में ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

**राजिम,** 28 जून (देशबन्धु)। राजिम के निकटवर्ती ग्राम धमनी के मटासी खार में सिंचाई पम्प हेतु लगे ट्रांसफार्मर जल गया है जिसे नए लगाने हेतु उप यंत्री बसीन को ग्राम के किसानों ने कई बार गुहार लगाई हैं किंतु उप यंत्री इस और तनिक भी ध्यान नहीं दे रहे हैं ट्रांसफार्मर नहीं लगने के कारण किसान धान की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं एवं विलंब हो रहा है किसानों ने काफी आक्रोश है एवं कार्यपालन यंत्री नवापारा तथा क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू से मांग की है कि अभिलंब ट्रांसफार्मर लगाने के लिए उप यंत्री बासीन को निर्देशित करने का कष्ट करेंगे मांग करने वाले किसानों में प्रमुख रूप से राजेंद्र शर्मा प्रफुल्ल दुबे ओमप्रकाश धांसू ढीमर भीष्म तारक गोपाल साहू रतन ढीमर रघुनाथ कनोजे के अलावा ग्राम के पंच सरपंच एवं जनपद सदस्य शामिल हैं ।

# शाला प्रवेश उत्सव एवं मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन



**पीएम श्री आत्मानंद विद्यालय तुमगांव बना ऐतिहासिक शिक्षा उत्सव का साक्षी**

**बागबाहरा,** 28 जून (देशबन्धु)। जिले में शिक्षा को नई दिशा देने वाले जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन पीएम श्री आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तुमगांव में संपन्न हुआ। यह समारोह जिलेभर के नवप्रवेशी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शैक्षणिक नवाचारों को सम्मान देने का अवसर बना।

इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं अति विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर मंच में विराजमान थे। साथ ही राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, कलेक्टर महासमुंद विनय कुमार लंगेह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस आलोक, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के अलावा जनप्रतिनिधि, पालक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य शिक्षा को उत्सव का रूप देना है। ताकि बच्चे गर्व के साथ विद्यालय की ओर अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में शिक्षा को लेकर क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। छत्तीसगढ़ में जनहित के विकास कार्य सांय- सांय हो रहा है। डबल इंजन की सरकार से लोगों में खुशी है।

# ई-रिक्शा बनी बिहान दीदी के परिवार की खुशहाली की सवारी

**बागबाहरा,** 28 जून (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बागबाहरा में युवा दबंग कांग्रेस नेता केशव नायक राम चंद्राकर के जनपद अध्यक्ष बनते ही विकास की गति जोरों से बढ़ने लगी है। विकासखंड के ग्रामीण उनके ऑफिस में आकर समस्याओं से रोजाना सैकड़ों लोग अवगत कराकर उनसे भेंट मुलाक़ात कर रहे हैं। तथा उन लोगों की छोटी मोटी समस्याएं यूँ ही दूर होने लगी है। जिससे ग्रामीण खुश नजर आ रहे हैं। जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर के ऑफिस में हर दिन क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण भेंट मुलाक़ात कर अपनी समस्याओं से अवगत करा रहे हैं। ग्रामीणों की समस्याओं को वे गंभीरता से लेते हुए निराकरण करने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं।

बिहान योजना ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यदि इच्छाशक्ति हो तो कोई भी साधन आजीविका का मजबूत आधार बन सकता है। वनांचल ग्राम पंचायत धरमपुर (तमोरा) की निवासी श्रीमती मिनेश्वरी साहू ने इसी योजना से जुड़कर न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया। बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा की मिसाल बन गईं।

जय कर्मा माता महिला स्व सहायता समूह की सदस्य मिनेश्वरी साहू एक गरीब परिवार से हैं। लेकिन पढ़ी-लिखी, जागरूक और साहसी महिला हैं। शादी के तुरंत बाद वह बिहान योजना से जुड़ीं। समूह में उनकी सक्रियता, पुस्तक संधारण में रुचि और कार्यशैली को देखते हुए उन्हें क्लस्टर लेखापाल की जिम्मेदारी सौंपी गई।

मिनेश्वरी ने अपने पति को भी बिहान योजना से जोड़ा। और शुरुआत में समूह के हिसाब-किताब में उनसे सहायता ली। बाद में पति को आरबीके (राजीव गांधी भारत ज्ञान मिशन केंद्र) में पदस्थ कराने के लिए प्रेरित किया। दोनों 2018 से बिहान से जुड़े हुए हैं। और आवश्यकता पड़ने पर लोन लेकर धीरे-धीरे अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करते रहे।



**दबंग युवा जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने किया शुभारंभ**

**ई-रिक्शा से मिली नयी रफ्तार:** परिवहन की क्षेत्रीय आवश्यकता को समझते हुए मिनेश्वरी ने वन देवी महिला क्लस्टर, खम्हरिया से 1 लाख 70 हजार रुपए का लोन लेकर एक ई-रिक्शा खरीदा। यह निर्णय उनके जीवन में एक बड़ा मोड़ साबित हुआ। ई-रिक्शा मिलते ही उन्हें स्कूल के बच्चों को लाने-ले जाने का काम मिलने लगा। इसके अलावा समूह की दीदियों को क्लस्टर मुख्यालय, जनपद और जिला कार्यालय लाने-ले जाने के आर्डर भी मिलने लगे।


इस उपलब्धि को साझा करने और शासन-प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए मिनेश्वरी जनपद कार्यालय पहुंचीं। जहां बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर और जनपद पंचायत के सीईओ मनहरण लाल मंडावी ने पूजा करके, फीता काटकर ई-रिक्शा का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर केशव नायक राम चंद्राकर ने मिनेश्वरी साहू के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि ङ्कबिहान योजना से जुड़ी ऐसी जागरूक बहनों से प्रेरणा लेकर अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनें। सशक्त महिला ही सशक्त देश की आधारशिला हैं। उन्होंने दीदी को शुभकामनाएं देते हुए और भी महिलाओं को सक्षम बनाने की बात कही।

इस दौरान प्रमुख रूप से सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष व ग्राम पंचायत बाघामुड़ा के सरपंच एडिशन ठाकुर, खल्लारी के पूर्व सरपंच रामजी लाल सिन्हा एवं ग्राम पंचायत एम के बाहरा के पूर्व सरपंच रिंकू चेतन चंद्राकर, सरपंच दीपक ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश यादव, सचिव बालेश्वर चंद्राकर ब्लॉक के अधिकारी डीईओ जी.आर. बरिहा, एडीओ एकलदेव निषाद, पीआरपी यशवंत ध्रुव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# 21वीं छत्तीसगढ़ स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शुभारंभ

**भाटापारा,** 28 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित 21वीं स्टेट सीनियर पुरुष महिला खेल 2025 का भव्य शुभारंभ रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एथलेटिक स्टेडियम कोटा रायपुर में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि माननीय राजेश मूणत जी विधायक रायपुर पश्चिम छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के चैयरमैन श्री जीएस बाम्बरा छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स एसोसिएशन अध्यक्ष श्री महेंद्र आहूजा जी सह सचिव रवि शंकर धनकर जी खेल विभाग से वरिष्ठ प्रशिक्षक टी निंगराज रेड्डी जी श्रीमती रितिका यादव आदित्य सिंह जी के अतिथि में संपन्न हुआ जिसमें पूरे प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 300 से अधिक खिलाड़ी एवम 60 से अधिक कोच मैनेजर ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश मूणत जी ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलायी और शुभकामनाएं प्रेषित की वह विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनकर उन्हें सम्मानित किया और नेशनल चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी ,कार्यक्रम में प्रथम दिवस 10 किलोमीटर दौड़ लंबी कूद 100 मीटर दौड़ 110 वन 100 मीटर बाधा दौड़ गोला फेक भला फेक 400 मीटर दौड़ आयोजित की गई और अन्य विधाएं दूसरे दिवस सुबह 7ः00 से आयोजित की जाएगी कल समापन समारोह में संध्या 4ः00 बजे आयोजित की जाएगी जिसमें मुख्य अतिथि टँकराम वर्मा जी खेल एवम युवा कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन होंगे साथ ही विशेष अतिथि श्री रिकेश सेन जी विधायक वैशाली नगर के आतिथ्य में कार्यक्रम का समापन किया जाएगा ।



# मंदिरहसौद क्षेत्र में गद्दा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, एक कर्मचारी की मौत

**आरंग,** 28 जून (देशबन्धु)। मंदिरहसौद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुटेसर स्थित गद्दा फैक्ट्री में बीती रात भयानक आग लग गई।आग लगने से फैक्ट्री के अंदर मौजूद एक कर्मचारी की जलकर दर्दनाक मौत हो गई है।मंदिरहसौद थाना प्रभारी अविनाश सिंह ने बताया कि ग्राम कुटेसर स्थित गद्दा फैक्ट्री है जो लगभग 06 एकड़ में फैला हुआ है।घटना के समय कुल 17 वर्कर काम कर रहे थे तभी अचानक फैक्ट्री में आग लग गई।इस दौरान फैक्ट्री में कार्यरत त्रिलोचन ध्रुव उम्र 18 वर्ष की जलकर मौत हो गई है।मृतक धमतरी जिले के मगरलोड का रहने वाला था।मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने भेज दिया गया है।आपको बता दे कि फैक्ट्री में कैमिकल और फोम जैसे पदार्थ होने के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री आग के चपेट में आ गई।03 दमकल की गाड़ियों से आग पर काबू पाया गया।इस दौरान फैक्ट्री में लाखों का नुकसान हो गया।फैक्ट्री मुकेश अग्रवाल का बताया जा रहा है।वही फैक्ट्री के बाकी कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।फिलहाल मंदिरहसौद पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।



# कसडोल में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई



**नगर का माहौल रहा भक्तिमय**

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रा समिति द्वारा श्री जगन्नाथ भगवान की रैली निकालकर बड़े धूमधाम से पर्व मनाया गया। महाप्रभु जगन्नाथ जी के रथयात्रा की एक झलक पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रति वर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष के द्वितीया से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की रथयात्रा निकाली जाती है। उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी में रथयात्रा महोत्सव को पर्व के रूप में मनाया जाता है तथा यह पर्व 10 दिनों का होता है। पुरी के बाद कसडोल नगर में भी मनाए जाने वाले रथयात्रा काफी ख्याति प्राप्त है क्योंकि यहाँ पर भी रथयात्रा देखने क्षेत्र के अलावा आसपास के क्षेत्रों से भी लोग आते हैं। ज्ञात हो कि प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा शुक्रवार को शाम 4 बजे पैराडाइज हॉटल आलोक मिश्रा के निवास से निकालकर बजरंग चौक, यूको बैंक, बाजार चौक, गायत्री चौक, सिरपुर रोड, बगदेवी पारा होते हुए सुभाष चंद्र दुबे के निवास तक निकाली गई। निकले रैली में लोग घरों के बाहर भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान नगर का माहौल भक्तिमय के साथ भगवान का झलक पाने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी।

# जगत के नाथ जगन्नाथ का रथयात्रा ग्राम तुरमा में मनाया

**अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जिले के भाटापारा क्षेत्र के ग्राम तुरमा में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जगत के पालनहार जगन्नाथ जी के नाम से रथ यात्रा पर्व मनाया गया। यह कार्यक्रम गांव में एकता एवं अखंडता, अपने संस्कृति की प्रति समर्पण की भावना को प्रकट करता है। जय जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव समिति ग्राम तुरमा के युवा साथियों के पहल से लगातार 2013-14 से जगन्नाथ रथयात्रा का यह पर्व मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की शोभा पारंपरिक भजन कीर्तन से और भी बढ़ गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तुरमा सरपंच श्रीमती लीलाबाई मनहरे, उपसरपंच जीवराखन यदु, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष श्री भारत ध्रुव, श्रीमती तीजन बाई निषाद, कीर्ति बघेल, जय मां महायोग युवा प्रभाग के अध्यक्ष छबिराम पाल एवं परस मनहरे, संस्थापक तीजराम पाल, दौलत जगत, सचिव गोपाल निषाद,वेद प्रकाश पाल तथा जय जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव समिति तुरमा के सदस्यगण ओमप्रकाश विश्वकर्मा, बिंदा प्रसाद पाल, रूपचंद पाल, हेमंत पाल खेमराज पाल, नरेश निषाद, योगेश निषाद, परस निषाद, राकेश ध्रुव, विष्णु यादव, दयाराम यादव, भीमसेन यादव, हेमराम पाल, संतराम पाल, संतराम यादव, शेखर चौबे इन सभी आयोजक मंडल ने भरपूर मेहनत किया एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। पारंपरिक वेशभूषा के साथ में भजन कीर्तन करने वालों में फिरंताराम पाल, हीराराम पाल मदनपाल, चिंताराम पाल, श्रीराम पाल, झाडूराम यादव, ललित यादव लालाराम पाल आदि शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम की पंचायत प्रतिनिधियों, युवा प्रभाग के साथियों ने एवं ग्राम के समस्त नागरिकों ने भरपूर प्रशंसा किया।



# रथयात्रा में शामिल हुए पार्षद भाऊराम



**महासमुंद,** 28 जून (देशबन्धु)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊ राम साहू शहर में निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ जी की पूजा कर आशीर्वाद लिया तथा शहरवासियो की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

# कदाचरण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, रोजगार सहायक बर्खास्त

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 28 जून (देशबन्धु)। कदाचरण और कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कठोर करवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियो से जिओ टैगिंग व मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने की शिकायत जांच में पुष्टि होने पर रोजगार सहायक को बर्खास्त कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत बिलारी (क) में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से जिओ टैगिंग व मस्टर रोल प्रस्तुत करने के एवज में राशि लेने एवं अभद्र व्यवहार करने की शिकायत प्राप्त हुई थी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा शिकायत जांच कराई गई। जांच में रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा के विरुद्ध शिकायत सही पाए जाने तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के अनुमोदन उपरांत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कसडोल द्वारा ग्राम पंचायत बिलारी (क) के रोजगार सहायक गौरीशंकर पैकरा को संविदा पद से पृथक कर दिया गया है।